RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 215
लखनऊ, शुक्रवार, 27 मई, 2022
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
लखनऊ नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





अब सेट पर सहज महसूस करती हूं
राष्ट्रीय-9


# महिला, युवा, किसान, हर वर्ग का रखा ध्यान

## ● वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने पेश किया 6,15,518.97 करोड़ रुपए का बजट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने अपने दूसरे कार्यक्राल का पहल बजट गुरुवार को विधान सभा में पेश किया। वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए छह लाख 15 हजार 518 करोड़ रुपए का यह बजट प्रदेश का अब तक का सबसे बड़ा बजट है। बजट विधानसभा में वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने प्रस्तुत किया। यह पिछले वित्त वर्ष के लिए पारित 5,50,270 करोड़ रुपए के बजट के मुकाबले 65 हजार 249 करोड़ रुपए अधिक है।

बजट में 39 हजार 181 करोड़ 10 लाख रुपए की नई योजनाएं शामिल की गई हैं। बजट में कुल पांच लाख 90 हजार 951 करोड़ 71 लाख रुपए की कुल प्राप्तियां अनुमानित हैं। इनमें चार लाख 99 हजार 951 करोड़ 71 लाख रुपए की राजस्व प्राप्तियां और 91 हजार 739 करोड़ रुपए की पूंजीगत प्राप्तियां शामिल हैं। बजट में मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के लिए 1000 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। इसके अलावा 15,000 सोलर पम्पों की स्थापना और 60.20 लाख कुंन्टल बीजों का वितरण किया जाना प्रस्तावित है। महिला उत्थान के लिए सूक्ष्म एवं लघु उद्योग क्षेत्र में मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तीकरण तथा कौशल विकास के लिए 20 करोड़ रुपए का प्रावधान प्रस्तावित है। स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण योजना के तहत 2022-2023 के लिए 1500 करोड़ रुपए की बजटीय व्यवस्था प्रस्तावित है। प्रतियोगी छात्रों को उनके घर के पास ही कोचिंग की सुविधा उपलब्ध कराने के उददेश्य से राज्य सरकार द्वारा सभी मण्डल मुख्यालयों में चलाई जा रही मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना का विस्तार प्रदेश के सभी जिलों में करने के लिए 30 करोड़ रुपए के प्रावधान का प्रस्ताव है। बजट में, वाराणसी में अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की स्थापना के लिए जमीन खरीदने के वास्ते 95 करोड़ रूपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। खेल के विकास एवं उत्कृष्ट कोटि के खिलाड़ी तैयार करने के लिए मेरठ में मेजर ध्यानचन्द खेल विश्वविद्यालय के निर्माण पर 700 करोड़ रुपए की धनराशि व्यय की जाएगी। वहीं विवि के लिए 50 करोड़ रुपए की व्यवस्था का प्रावधान प्रस्तावित है।



विधानसभा में बजट प्रस्तुत करने जाते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना। साथ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

- उज्जवला योजना के तहत मिलेंगे दो मुफ्त गैस सिलेंडर
- बीज, खाद, पानी के साथ किसानों की आर्थिक व सामाजिक सुरक्षा पर ध्यान
- निजी ट्यूबवेल उपभोक्ताओं के बिजली बिलों पर 50 प्रतिशत छूट का प्रावधान
- किसानों को आलू, टमाटर और प्याज आदि फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य के रूप में राहत दिलाने के लिए भामाशाह भाव स्थिरता कोष की स्थापना
- प्रदेशवासियों की सेहत का रखा गया खास ख्याल, ग्रामीण व शहरी इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओं में होगी बढ़ोत्तरी
- 14 जनपदों में नए मेडिकल कॉलेजों के लिए 2100 करोड़ रुपए का प्रावधान
- समग्र शिक्षा अभियान पर 18670 करोड़ खर्च करेगी सरकार
- संस्कृत पाठशालाओं के अनुदान के लिए 324 करोड़ 41 लाख आवंटित
- संस्कृत पाठशालाओं का होगा कायाकल्प
- पर्यटन के समग्र विकास में अयोध्या-काशी का खास ख्याल
- युवाओं को रोजगार सृजन की क्षमता देगी सरकार
- विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में 112 करोड़ 50 लाख रुपए का प्रस्ताव
- स्मार्ट शहरों वाला राज्य बनेगा यूपी, सरकार ने खोला खजाना
- स्वच्छ भारत मिशन योजना के लिए 1353 करोड़ 93 लाख रुपए का बजट प्रस्तावित, बजट में अमृत योजना को मिले 2200 करोड़ रुपए
- प्रत्येक परिवार को नौकरी व स्वरोजगार से जोड़ने के लिए सरकार कराएगी सर्वे



**भाजपा** सरकार यह छठा बजट भी आंकड़ों का मकड़जाल है। यह बजट तो छठा है लेकिन इस बजट में सब कुछ घटा है

**अखिलेश यादव, सपा प्रमुख**



**प्रदेश** सरकार का बजट प्रथम दृष्टया घिसा पिटा और जनता की आंख में धूल झोंकने वाला है:

**मायावती, बसपा प्रमुख**

## जन आकांक्षाओं के अनुरूप है बजट: योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2022-23 के लिए बृहस्पतिवार को विधानसभा में पेश बजट को राज्य की जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप करार देते हुए कहा कि यह सरकार के अगले पांच वर्षों का दृष्टिकोण है जो प्रदेश के सर्व समावेशी समग्र विकास के साथ-साथ एक उज्ज्वल भविष्य की रूपरेखा भी तैयार करेगा।

विधान भवन स्थित तिलक हाल में पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने विधान सभा में प्रस्तुत बजट को प्रदेश की 25 करोड़ जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप करार देते हुए कहा कि यह बजट प्रदेश के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिलाओं और श्रमिकों समेत समाज के हर तबके का ख्याल रखते हुए बनाया गया है। यह बजट अगले पांच वर्षों का एक विजन भी है जो प्रदेश के सर्वसमावेशी और समग्र विकास के साथ-साथ एक उज्ज्वल भविष्य की रूपरेखा भी तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव के पूर्व एक लोक कल्याण संकल्प पत्र जारी किया था। उसमें लिए गए कुल 130 संकल्पों में से 97 को इस पहले बजट में ही स्थान दिया गया है और इसके लिए 54,883 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थी परिवारों को वर्ष में दो रसोई गैस सिलेंडर मुफ्त उपलब्ध कराने की घोषणा को बजट में स्थान दिया गया है। किसानों को आलू, टमाटर और प्याज आदि फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य के रूप में राहत दिलाने के लिए भामाशाह भाव स्थिरता कोष की स्थापना की गई है। बजट में इसके लिए भी ( शेष पेज 4 )

# परिवारवादी दल देश के सबसे बड़े दुश्मन: मोदी

**भाषा।** हैदराबाद

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि परिवार द्वारा चलाए जा रहे दल हमेशा अपने फायदे के बारे में सोचते हैं और ए देश के सबसे बड़े दुश्मन हैं। यहां बेगमपेट हवाईअड्डे पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि तेलंगाना में भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध से कार्रावाई की जा रही है। उन्होंने परिवारवादी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि वे न केवल भारत की राजनीतिक समस्या हैं बल्कि परिवारवाद और परिवारवादी दल देश के लोकतंत्र और उसके युवाओं के सबसे बड़े दुश्मन हैं।

उन्होंने राज्य में सत्तारूढ़ तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) का प्रत्यक्ष जिक्र करते हुए कहा, परिवारवादी दल न केवल राजनीतिक समस्या हैं...वे लोकतंत्र और युवाओं के सबसे बड़े दुश्मन हैं। मोदी ने आरोप लगाया कि तेलंगाना के लोग यह देख रहे हैं कि कैसे परिवार द्वारा चलाए जा रहे दल



अपने भले में लगे हुए हैं और ए दल कभी गरीब लोगों की समस्याओं की परवाह नहीं करते। उन्होंने कहा कि देश ने देखा है कि कैसे भ्रष्टाचार एक परिवार को समर्पित राजनीतिक दलों का चेहरा बन गया है। उन्होंने कहा कि अलग राज्य की मांग को लेकर दशकों तक चले आंदोलन के दौरान तेलंगाना के उज्ज्वल भविष्य की खातिर हजारों लोगों ने जान की बाजी लगाई। गौरतलब है कि तेलंगाना को 2014 में आंध्र प्रदेश से अलग करके एक राज्य का दर्जा दिया गया। प्रधानमंत्री आज यहां इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) के 20वें वर्षगांठ समारोह में भाग लेने पहुंचे।

## जयंत चौधरी राज्यसभा के लिए सपा-रालोद के संयुक्त उम्मीदवार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राष्ट्रीय** लोक दल (रालोद) प्रमुख जयंत चौधरी उत्तर प्रदेश से राज्यसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी (सपा) और रालोद के संयुक्त प्रत्याशी होंगे। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को संवाददाताओं को बताया कि रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी राज्यसभा चुनाव में सपा और रालोद के संयुक्त प्रत्याशी होंगे। इससे पहले सपा के आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर भी इसकी जानकारी दी गई। राष्ट्रीय लोक दल सपा का सहयोगी संगठन है और उसने हाल में संपन्न राज्य विधानसभा चुनाव सपा के साथ मिलकर लड़ा था और उसे आठ सीटें मिली थीं। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश से राज्यसभा की 11 सीटों के लिए आगामी 10 जून को मतदान होगा। सपा ने कांग्रेस के पूर्व वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल और सपा के पूर्व राज्यसभा सदस्य जावेद अली को बुधवार को ही अपना राज्यसभा प्रत्याशी घोषित किया था। दोनों ने कल ही ( शेष पेज 4 )

## डीएचएफएल के प्रमोटर कपिल व धीरज को सात दिन की सीबीआई की कस्टडी

**यूपीपीसीएल पीएफ घोटाला**

### ● नवी मुंबई की तलोजा से जेल से तलब दोनों को सीबीआई की विशेष अदालत में किया गया था पेश

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**सीबीआई** के विशेष जज अजय विक्रम सिंह ने यूपीपीसीएल पीएफ घोटाला मामले में निरुद्ध डीएचएफएल के प्रमोटर कपिल वधावन व धीरज वधावन को सात दिन के लिए सीबीआई की कस्टडी में सौंपने का आदेश दिया है। इन दोनों मुल्जिमों की कस्टडी रिमांड की अवधि 26 मई की दोपहर साढ़े तीन बजे से शुरु होगी।

उन्होंने यह आदेश इस मामले के विवेचक व सीबीआई के डिप्टी एसपी संदीप कुमार पांडेय की अर्जी पर दिया है। बीते 11 मई को विशेष अदालत ने विवेचक की अर्जी पर इन दोनों मुल्जिमों को प्रोडक्शन वारंट के माध्यम से नवी मुंबई की तलोजा जेल से तलब किया था। यह दोनों वहां दूसरे मामलो में न्यायिक हिरासत में थे। गुरुवार को सीबीआई की विशेष अदालत में इन्हें तलोजा जेल से पेश ( शेष पेज 4 )

**मामला...**

**दो** नवंबर 2019 को इस मामले की एफआईआर वर्तमान सचिव ट्रस्ट आईएम कौशल ने थाना हजरतगंज में दर्ज कराई थी। जिसकी विवेचना ईओडब्ल्यू कर रही थी। उसने इस मामले में यूपीपीसीएल के तत्कालीन आला अधिकारियों समेत 17 मुल्जिमों को गिरफ्तार किया था। मुल्जिमों पर एक साजिश के तहत भारत सरकार की गाइड लाइन का उल्लघंन कर सीपीएफ व जीपीएफ का कुल दो हजार 267 करोड़ की रकम प्राइवेट फाइनेंस कम्पनियों में गलत तरीके से निवेश करने का आरोप है। पांच मार्च 2020 को इस मामले की विवेचना सीबीआई को सौंप दी गई। सीबीआई की विवेचना अभी प्रचलित है।

## फर्जी एनकाउंटर मामले में 34 पुलिसकर्मियों की जमानत अर्जी की खारिज

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**वर्ष** 1991 में पीलीभीत के 10 सिखों का एनकाउंटर करने के मामले में 34 पुलिसकर्मियों की जमानत अर्जी हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने खारिज कर दिया है। पीठ ने इसके साथ ही उनकी अपीलों पर अंतिम सुनवाई के लिए 25 जुलाई की तारीख मुकर्रर की है। जस्टिस रमेश सिन्हा एवं जस्टिस बृजराज सिंह की खंडपीठ ने यह आदेश देवेंद्र पांडेय व अन्य की ओर से दाखिल जमानत अर्जियों को खारिज करते हुए दिया है। अभियोजन कथानक के अनुसार कुछ सिख तीर्थयात्री 12 जुलाई 1991 को पीलीभीत से एक बस से तीर्थयात्रा के लिए जा रहे थे। इसमें बच्चे और महिलाएं भी थीं। इस बस को रोक कर 11 लोगों को उतार लिया गया। इनमें से 10 की पीलीभीत के न्योरियाए बिलसांदा और पूरनपुर थाना क्षेत्रों के क्रमश: धमेला कुंआ, फगुनिया घाट व पट्टाभोजी इलाके में एनकाउंटर दिखाकर हत्या कर दी गई। आरोप है कि 11वां शख्स एक बच्चा था ( शेष पेज 4 )

## देशभर में होगा मोदी सरकार की 8वीं वर्षगांठ का जश्न

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

### ● राज्यों में होने वाले कार्यक्रमों को अंतिम रूप देने में जुटे तमाम केंद्रीय मंत्री

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में भारतीय जनता पार्टी सरकार के आठ अतुल्य वर्ष पूरे होने पर पूरे देश में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। ऐसे में जब धानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को दक्षिण भारत में सार्वजनिक रैली और रोड शो में व्यस्तत थे ठीक उसी समय केंद्रीय मंत्री आठवीं वर्षगांठ पर होने वाले जश्न व विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारी को अंतिम रूप दे रहे थे।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक, इस कार्यक्रम में 72 वर्षीय मोदी की राजनीतिक यात्रा की झलकियों के साथ प्रधानमंत्री के रूप में आठ वर्षों में देश सेवा के रूप में खुद को प्रधान सेवक के रूप में स्थापित करने से संबंधित विषयों को राष्ट्रीय प्रिंट और टेलीविजन मीडिया के माध्यम से प्रचारित व प्रसारित किया जाएगा। मोदी ने आठ साल पहले गुजरात से सत्ता के केंद्र को रायसीना हिल्स स्थानांतरित किया। मोदी के नेतृत्व में सरकार की नीतियों, विशेष रूप से प्रधानमंत्री की प्रमुख योजनाओं पर ध्यान केंद्रित करने और उसे जनता तक पहुंचाने के लिए पार्टी कार्यक्रमों के साथ जोड़ा गया है।

पिछले दो वर्षों के कोविड -19 महामारी से बाहर निकलते हुए भाजपा इस बार केंद्र सरकार के वर्षगांठ की थीम सेवा और समर्पण के साथ पिछले आठ वर्षों की प्रमुख नीतियों के लाभों के बारे में राष्ट्रव्यापी जागरूकता पैदा करना है। जिसके तहत सभी केंद्रीय मंत्रियों के अलग-अलग राज्यों का दौरा करने और सरकार की सफल नीतियों को उत्सव के रूप में पेश करने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा 30 मई से 'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण' (गरीबों की सेवा, सुशासन और कल्याण) की ( शेष पेज 4 )

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 54,252 | ↑ | 503 | |
| निफ्टी | 16,170 | ↑ | 177 | |
| सोना | 50,671 | ↓ | 241 | /10g |
| चांदी | 61,384 | ↑ | 87 | /kg |

## क्विक न्यूज

### घुसपैठ का प्रयास विफल तीन आतंकवादी मारे गए

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने बृहस्पतिवार को घुसपैठ की एक कोशिश नाकाम कर दी और इस दौरान उनकी कार्रवाई में लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादी मारे गए जबकि सेना के साथ काम करने वाले एक पोर्टर की भी मौत हो गई। यह जानकारी पुलिस ने दी। एक रक्षा प्रवक्ता ने कहा, सेना ने 26 मई, 2022 को केरन सेक्टर के अग्रिम इलाकों में घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया, जिसमें तीन आतंकवादी मारे गए और बड़ी मात्रा मे हथियार एवं गोला बारूद बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस सहित कई एजेंसियों की संयुक्त खुफिया जानकारी के आधार पर अभियान शुरू किया गया था। उन्होंने कहा, कई खोजी दलो का गठन किया गया था, जिन्होने तलाशी अभियान चलाया।

## नीतीश कुमार से कोई तालमेल नहीं होगा: तेजस्वी

**भाषा।** पटना

**बिहार** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बृहस्पतिवार को अपने पिता लालू प्रसाद यादव के घोर विरोधी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से तालमेल करने की लग रही अटकलों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने इसके साथ ही पटना और दिल्ली में अपने माता-पिता (राबड़ी देवी और लालू प्रसाद यादव) के आवासों पर हाल ही में सीबीआई द्वारा की गई छापेमारी की कार्वाई की निंदा करते हुए आरोप लगाया कि राजनीतिक प्रतिशोध का कायरतापूर्ण कार्य न तो पहली बार किया गया है और न ही यह आखिरी है। तेजस्वी ने ब्रिटेन से लौटने के बाद पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा, जब हम जातीय जनगणना की मांग को लेकर एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के ( शेष पेज 4 )

# यौनकर्मियों को मिला कानूनी सुरक्षा कवच

## सुप्रीम कोर्ट का सभी राज्यों की पुलिस को निर्देश, यौन कर्मियों से सम्मान के साथ व्यवहार करें

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**लाखों** यौनकर्मियों के लिए राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने अपने ऐतिहासिक फैसले में उन्हें कानूनी सुरक्षा कवच प्रदान कर दिया है। अदालत ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की पुलिस से कहा कि वे यौन कर्मियों से सम्मान के साथ व्यवहार करें। सर्वोच्च अदालत ने पुलिस से उनके साथ मौखिक या शारीरिक रूप से दुर्व्यवहार नहीं करने का भी निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यौनकर्मी कानून के अनुसार समान संरक्षण पाने के हकदार हैं।

न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव के नेतृत्व वाली तीन-न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि आपराधिक कानून सभी मामलों में आयु और सहमति के आधार पर समान रूप से लागू होना

**जब यह स्पष्ट हो कि यौनकर्मी वयस्क है और वह पूरी तरह सहमत है, तो पुलिस को हस्तक्षेप करने या कोई आपराधिक कार्रवाई करने से बचना चाहिए।**
**-उच्चतम न्यायालय**

चाहिए। जब यह स्पष्ट हो कि यौनकर्मी वयस्क है और वह पूरी तरह सहमत है, तो पुलिस को हस्तक्षेप करने या कोई आपराधिक कार्रवाई करने से बचना चाहिए। न्यायालय ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी विशेष शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह आदेश पारित किया। अदालत ने कहा कि अधिकारी इस देश में सभी व्यक्तियों को दी जाने वाली संवैधानिक सुरक्षा को ध्यान में रखें, क्योंकि उनके पास अनैतिक व्यापार (रोकथाम)



अधिनियम, 1956 के तहत कर्तव्य हैं। इसमें कहा गया है कि यौन उत्पीड़न की शिकार किसी भी यौनकर्मी को कानून के अनुसार तत्काल चिकित्सा सहायता सहित यौन हमले की पीड़िता को उपलब्ध सभी सुविधाएं मुहैया कराई जानी चाहिए। अदालत ने कहा कि एक सेक्स वर्कर के बच्चे को केवल इस आधार पर मां से अलग नहीं किया जाना चाहिए कि वह देह व्यापार में है। अदालत ने यह भी कहा कि अगर कोई नाबालिग वेश्यालय में या यौनकर्मियों के साथ रहती हैं, तो यह नहीं माना जाना चाहिए कि बच्चे की तस्करी की गई। पीठ ने कहा कि अमूमन यह देखा गया है कि यौनकर्मियों के प्रति पुलिस का रवैया क्रूर और हिंसक होता है।

ऐसा लगता है कि यौनकर्मियों के कोई अधिकार नहीं हैं। पुलिस और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों को यौनकर्मियों के अधिकारों के प्रति संवेदनशील होना चाहिए, जो सभी नागरिकों के लिए संविधान में गारंटीकृत सभी बुनियादी मानवाधिकारों और अन्य अधिकारों का भी आनंद लेते हैं। पुलिस को सभी यौनकर्मियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करना चाहिए और उन्हें मौखिक और शारीरिक रूप से दुर्व्यवहार नहीं करना चाहिए, उनके साथ हिंसा ( शेष पेज 4 )

## ज्ञानवापी प्रकरण में अधूरी रही मुस्लिम पक्ष की दलील अगली सुनवाई 30 को

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**वाराणसी** की जिला अदालत ने ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी मामले में मुकदमे की सुनवाई करने या नहीं करने के मसले पर बृहस्पतिवार को संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अगली सुनवाई के लिए 30 मई की तारीख नियत की है। शासकीय अधिवक्ता राणा संजीव सिंह ने बताया कि मुस्लिम पक्ष ने आज मुकदमे की पोषणीयता (मुकदमे की सुनवाई करने या नहीं करने) पर अपनी दलील रखी। हालांकि अभी दलील पूरी नहीं हो पाई, जिसके बाद अदालत ने अगली सुनवाई की तिथि 30 मई नियत कर दी है। उन्होंने बताया कि अगली सुनवाई के दिन अधूरी दलील को जारी रखा जाएगा। ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी मामले में मंगलवार को जिला जज ए. के. विश्वेश ने सबसे पहले मुकदमे की पोषणीयता से संबंधित मामले ( शेष पेज 4 )


विधान सभा में वित्तीय वर्ष 2022-23 का बजट प्रस्तुत करते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना


विधान सभा के बजट सत्र में अपने विधायकों के साथ भाग लेने जाते हुए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव

## प्रदेशवासियों की सेहत का रखा गया खास ख्याल

# स्वास्थ्य सुविधाओं में होगा इजाफा

● 16 आसेवित जिलों में मेडिकल कॉलेज किए जाएंगे स्थापित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** काल के बाद प्रदेश सरकार के छठवां बजट में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं में इजाफा करते हुए प्रदेशवासियों की सेहत का खास ख्याल रखा गया है। कोरोना मैनेजमेंट में नंबर वन होने के बावजूद भी योगी सरकार ने स्वास्थ्य सुविधाओं पर विशेष ध्यान देते हुए बजट में हेल्थ सेक्टर को ढेर सार सौगात दी है। वित्तीय वर्ष 2022-2023 के बजट ने हेल्थ सेक्टर को ढेर सारी सौगातें दी हैं।

योगी सरकार 2.0 के दूसरे कार्यकाल के पहले बजट में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा का विशेष ख्याल रखा गया है।



जिसके तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में अलग अलग योजनाओं के लिए धनराशि प्रस्तावित की गई है। राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के लिए 10547 करोड़ 42 लाख रूपए, प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत योजना के लिए 620 करोड़ रूपए, आयुष्मान भारत योजना के तहत 560 करोड़ रूपए, आयुष्मान भारत-मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के लिए 250 करोड़ रूपए, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के लिए 320 करोड़ 7 लाख रूपए की धनराशि प्रस्तावित की गई है। पन्द्रहवें वित्त आयोग की संस्तुतियों के अधीन विभिन्न योजनाओं के लिए 2908 करोड़ रूपएए राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के लिए 100 करोड़ रूपए की धनराशि प्रस्तावित की गई है। योगी सरकार 2.0 के पहले बजट में आशा कार्यकत्री व शहरी आशा संगिनियों के लिए बजट में 300 करोड़ रूपए व्यवस्था की गई है। प्रदेश में 9 से 14 वर्ष तक की एक लाख बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन की दोनों खुराक से कवर किए जाने के लिए 50 करोड़ रूपये की धनराशि को प्रस्तावित किया गया है। राज्य औषधि नियंत्रण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण के लिए खाद्य औषधि प्रयोगशालाओं एवं मंडलीय कार्यालयों के निर्माण के लिए 50 करोड़ रूपये की धनराशि प्रस्तावित की गई है। इसके साथ ही बेहतर हेल्थ इंफ्रा?ट्रक?चर के लिए प्रदेश के सीमावर्ती व अन्य क्षेत्रों में सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सालयों की स्थापना के लिए 25 करोड़ रूपए की धनराशि प्रस्तावित की गई है।

### 14 जिलों में नए मेडिकल कॉलेजों के लिए 2100 करोड़ का प्रावधान

**योगी** सरकार प्रदेश के सभी जनपदों में कम से कम एक मेडिकल कालेज स्थापित करने का कार्य तेजी से कर रही है। प्रदेश में 65 मेडिकल कॉलेज संचालितए वर्तमान में 45 जनपद मेडिकल कालेज की सुविधा से लाभांवित और 14 जनपदों मेडिकल कॉलेज निर्माणाधीन हैं। प्रदेश के 16 आसेवित जिलों में मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। प्रदेश के 14 जनपदों में नए मेडिकल कॉलेजों के लिए 2100 करोड रूपए का प्रावधान किया गया है। योगी सरकार 2.0 के लोक कल्याण संकल्प-पत्र 2022 के तहत एमबीबीएस व पीजी पाठ्यक्रमों में सीटों में वृद्धि के लिए 500 करोड़ रूपए की धनराशि प्रस्तावित किया गया है। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों के संचालन के लिए 50 करोड़ए नर्सिंग कॉलेज की स्थापना के लिए 25 करोड़ रूपए, लखनऊ में बन रहे अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विवि की स्थापना के लिए 100 करोड़ 45 लाख रूपए की धनराशि प्रस्तावित है।

# पर्यटन के समग्र विकास में अयोध्या-काशी का खास ख्याल

## चित्रकूट और विंध्याचल के विकास को भी तरजीह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**स्थानीय** स्तर पर रोजी-रोजगार के लिहाज से संभावनाओं के क्षेत्र पर्यटन के समग्र विकास को बजट में तरजीह दी गई है। साथ ही भगवान श्रीराम की अयोध्या और शिव की काशी का खास ख्याल रखा गया है। हर विधानसभा क्षेत्र में किसी एक पर्यटन स्थल के विकास के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री पर्यटन स्थल योजना के लिए बजट में सर्वाधिक 250 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है। उल्लेखनीय है कि इस योजना का मकसद ही स्थानीय स्तर पर किसी एक पर्यटन स्थल को विकसित करना था। इस योजना के लिए विधायकों से प्रस्ताव मांगे गए थे। पर्यटन के समग्र विकास के साथ ही बजट में अयोध्या और काशी का खास ख्याल रखा गया है। अयोध्या और काशी में पर्यटन सुविधाओं के विकास एवं सौन्दर्यीकरण के लिए 100-100 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। भगवान राम ने वनवास के दौरान जिस चित्रकूट में सीता एवं लक्ष्मण के साथ सर्वाधिक समय बिताया था उसके विकास के लिए बजट में 3 करोड़ 50 लाख रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित।

### महाकुंभ 2025 की तैयारी के लिए मिले 100 करोड़

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने 2025 में प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ की तैयारी के लिए 100 करोड़ रुपए के बजट की व्यवस्था की है। संगमनगरी में होने वोले इस आयोजन के लिए सरकार हर संभव प्रयास में जुटी हुई है। देश-विदेश से श्रद्धालु इस आयोजन में आएंगे। ऐसे में उनकी हर सुविधा का ध्यान रखकर योजनाओं को तेजी से पूरा किया जा रहा है। वर्ष 2025 में होने जा रहे महाकुंभ को लेकर योगी सरकार कोई कोर-कसर नहीं छोडना चाहती है। संगम तट पर पक्के घाटों का निर्माण कराया जाएगा। मेला स्थल पर स्वच्छता के प्रयास और शहर की सड़कों के चौड़ीकरण के कार्यों को पूरा किया जाएगा। सरकार की योजना मेला क्षेत्र में सालभर होने वाली गतिविधियां जैसे फूड कोर्ट, प्रदर्शनी, वाटर स्पोट्स आदि सुविधाओं को बढ़ाने की भी है। गौरतलब है कि वर्ष 2019 के कुंभ के सफल आयोजन से प्रदेश की पहचान समूचे देश-विदेश में हुई थी।

# समग्र शिक्षा अभियान पर 18670 करोड़ खर्च करेगी सरकार

● मिड-डे मील के लिए 3548.93 लाख रुपये की व्यवस्था

## संस्कृत पाठशालाओं के अनुदान के लिए 324 करोड़ 41 लाख आवंटित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** सरकार 2.0 के पहले बजट में शिक्षा पर खासा जोर दिया गया है। समग्र शिक्षा अभियान के लिए इस बार भी सरकार ने बजट में भारी भरकम राशि की व्यवस्था करते हुए 18670 करोड़ 72 लाख और मध्याह्न भोजन के लिए 3548.93 करोड़ तथा फल वितरण मद में 166.71 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। साथ ही कक्षा एक से आठ तक में अध्ययनरत विद्यार्थियों के निशुल्क यूनिफॉर्म, स्वेटर, बैग आदि मद में 370 करोड़ की व्यवस्था की गयी है। सरकार ने सैनिक स्कूलों के संचालन के लिए बजट में 98 करोड़ 38 लाख रुपये की व्यवस्था की है। संस्कृत पाठशालाओं को अनुदान के लिए 836 करोड़ 80 लाख रूपये की व्यवस्था की गयी है। परिषदीय विद्यालयों के कायाकल्प में जुटी योगी सरकार ने अपने पहले बजट समग्र शिक्षा अभियान को और मजबूत करते हुए 18670 करोड़ 72 लाख रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की है। वहीं आगे भी कक्षा एक से 8 तक में पढ़ने वाले



छात्र, छात्राओं को निःशुल्क ड्रेस, स्वेटर, स्कूल, बैग एवं जूता-मोजा की धनराशि उनके माता पिता के खाते डीबीटी के जरिये हस्तांतरित की जाएगी। इस मद में बजट में 370 करोड़ की व्यवस्था की गई है। सरकार ने सत्र 2022-23 में परिषदीय विद्यालयों में स्कूल चलो अभियान के तहत छात्र नामांकन का लक्ष्य दो करोड़ रखा गया है। परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को मिड-डे मिल के लिए 3548.93 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

### संस्कृत पाठशालाओं का होगा कायाकल्प

योगी सरकार ने संस्कृत की शिक्षा को बढ़ावा देने के की बड़ी पहल की है। संस्कृत में आधुनिक विषयों का समावेश करते हुए एनसीईआरटी का पाठ्यक्रम लागू किया गया है। संस्कृत पाठशालाओं को अनुदान के लिए बजट में 324 करोड़ 41 लाख रुपये की व्यवस्था की गयी है। संस्कृत को रोजगार से जोड़ने के लिए सरकार ने संपूर्णानंद संस्कृत विवि वाराणसी में निशुल्क आनलाइन संस्कृत प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किया है। इस केन्द्र के जरिये संस्कृत में रोजगार पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण देने की तैयारी है। इस प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना के लिए सरकार ने बजट में 1 करोड़ 16 लाख रुपये की व्यवस्था की है ।

### चार राजकीय आईटीआई माडल के रूप में विकसित होंगे

**बजट** में प्रदेश सरकार ने चार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को माडल आईटीआई के रूप में विकसित करने का निर्णय प्रस्तावित किया है। सरकार ने प्रदेश के विभिन्न जनपदों में स्थापित किये गये नवीन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में से 31 को पीपीपी माडल पर संचालित करने का लक्ष्य तय किया है। वहीं उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में लगभग 2 लाख युवाओं को पंजीकृत करते हुए प्रशिक्षण देने का लक्ष्य हासिल किया है। वहीं योगी सरकार ने वन ट्रिलियन डालर इकोनॉमी के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सत्र 2022-23 में न्यूज़ एज ट्रेडस के तहत 4 नये पाठ्यक्रम डाटा साइंस एवं मशीन लर्निंग इंटरनेट आफथिंग्स साइबर सेक्यूरिटी एवं ड्रोन टेक्नोलॉजी में शिक्षण और प्रशिक्षण कराने का निर्णय लिया है। इन पाठ्यक्रमों के जरिये विद्यार्थियों को रोजगार तथा इमर्जिंग टेक्नोलॉजी आधारित उद्योगों के लिए मैन पावर तैयार किये जाएंगे।

### निर्माणाधीन राजकीय महाविद्यालयों के लिए 200 करोड़

**योगी** सरकार ने बजट में उच्च शिक्षा के लिए बजट में काफी धनराशि की व्यवस्था की है। सरकार ने राजकीय महाविद्यालयों में स्मार्ट क्लासेज की स्थापना के लिए 10 करोड़ और राजकीय महाविद्यालय के निर्माणाधीन भवनों को पूरा कराने के लिए 200 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। बताते चलें कि प्रदेश में 75 नये राजकीय डिग्री कालेजों का निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है।

## केंद्र सरकार के सहयोग से शुरू होगी यूपी में 31000 करोड़ रुपए की रीवैम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम

# बाबू जी कल्याण सिंह ग्राम उन्नति योजना से रोशन होंगी गांव की सड़क

● बजट से 5530 करोड़ रुपए की व्यवस्था

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**ऊर्जा** सुधार को बढ़ावा देते हुए राज्य सरकार ने अपने बजट 2022-23 में एक महत्वाकांक्षी रीवैम्प्ड ड्रिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीमष् शुरू करने की घोषणा की है। केंद्र सरकार के सहयोग से सुधार आधारित और परिणाम परक इस योजना 31000 करोड़ का परिव्यय आयेगा। विद्युत वितरण के क्षेत्र में व्यापक सुधार किये जाने तथा हानियों में कमी लाये जाने के उद्देश्य से इस योजना को 3 वर्षों में पूरा किया जायेगा। योजना के अंतर्गत प्रदेश सरकार ने अपने बजट में 5530 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इस योजना का उद्देश्य वित्तीय रूप से टिकाऊ और परिचालन रूप से कुशल वितरण क्षेत्र के माध्यम से उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति की गुणवत्ताए विश्वसनीयता और सामर्थ्य में सुधार करना है। इसके साथ ही योगी सरकार ने शाम 7 बजे से सुबह 6 बजे तक ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 1000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। किसानों की मदद के लिए सरकार ने 1 जनवरी 2022 से निजी ट्यूबवेल उपभोक्ताओं के बिजली बिलों पर 50: छूट का प्रावधान भी किया है। इसके अलावा बाबू जी कल्याण सिंह ग्राम उन्नति योजना के तहत राज्य के सभी गांवों की सड़कों पर सोलर स्ट्रीट लाइट लगाई जाएंगी। इसके लिए 22 करोड़ 50 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है।

# योगी का आर्थिक विकास की तरफ मास्टर स्ट्रोक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● एक ट्रिलियन अर्थव्यवस्था की ओर मजबूत कदम

● साल दर साल बढ़ा है योगी सरकार का बजट

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार ने गुरुवार को वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए 615518.97 रुपये के विशाल बजट की घोषणा की। यह वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए अखिलेश यादव सरकार द्वारा प्रस्तुत 346935 करोड़ रुपये के बजट के आकार से लगभग दोगुना है। यह वित्त वर्ष 2021-22 के लिए योगी सरकार के 550270.78 करोड़ रुपये के बजट से भी काफी अधिक है जिसमें 27598.40 करोड़ रुपये की नई योजनाएं शामिल हैं। सीएम योगी ने प्रदेश के लिए एक ट्रिलियन अर्थव्यवस्था की ओर मजबूत कदम बढ़ाते हुए 2017 से साल दर साल प्रदेश बजट में बढ़ोत्तरी करते हुए एक आर्थिक प्रबंधन की दिशा में मास्टर स्ट्रोक दर्शाया है। सरकार के बजट में 39181.10 करोड़ रुपये की नई योजनाएं शामिल हैं जो अखिलेश यादव सरकार के 13842 करोड़ रुपये की नई विकास योजनाओं के प्रस्ताव से तीन गुना अधिक है। योगी सरकार ने राज्य में पुलिस को मजबूत करने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए करोड़ों रुपये के बजट प्रावधान की भी घोषणा की है। योगी सरकार ने गन्ना किसानों को 16 मई 2022 तक न केवल 172745 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड भुगतान किया है जो कि 77530 करोड़ रुपये के संचित भुगतान के पांच वर्षों से अधिक है। अखिलेश यादव की सरकार के दौरान 95215 करोड़ लेकिन शेष गन्ना किसानों को भुगतान के लिए 1000 करोड़ रुपये का भी प्रस्ताव किया है। बजट में राज्य के सिंचाई संबंधी मुद्दों को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के तहत 34307 सरकारी नलकूपों और 252 छोटी शाखा नहरों के साथ-साथ 1000 करोड़ रुपये के माध्यम से किसानों को मुफ्त सिंचाई सुविधा का भी प्रस्ताव है। इसके अलावा बजट में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत किसानों के लिए 650 करोड़ रुपये के दुर्घटना बीमा का प्रस्ताव है जबकि अखिलेश यादव के 2.50 करोड़ रुपये के बजट में किसानों के लिए दुर्घटना बीमा योजना है। योगी सरकार का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में 2 करोड़ स्मार्टफोन और टैबलेट वितरित करना है जिसमें मौजूदा वित्तीय वर्ष में ही12 लाख शामिल हैं जबकि अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी सरकार द्वारा पांच साल में एक करोड़ लैपटॉप वितरित किए गए हैं। योगी सरकार ने भी पीएम गति शक्ति योजना के तहत मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी परियोजनाओं के लिए 897 करोड़ रुपये और मेरठ से प्रयागराज तक 594 किलोमीटर लंबे 6-लेन गंगा एक्सप्रेसवे के लिए 34 करोड़ रुपये प्रस्तावित जबकि अखिलेश यादव सरकार ने लखनऊ-आजमगढ़-बलिया के लिए 1500 करोड़ रुपये प्रस्तावित किए। समाजवादी पूर्वांचल एक्सप्रेसवे जिसे आखिरकार योगी सरकार ने बनवाया था। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा विधानसभा में पेश किया गया बजट न केवल युवाओं की शिक्षा और उनके रोजगार पर केंद्रित है बल्कि इसमें किसानों के सशक्तिकरण के साथ-साथ राज्य के सर्वांगीण विकास और कानून व्यवस्था पर भी फोकस है।

# योगी सरकार ने बजट में महिलाओं व बेटियों को दी प्राथमिकता

● यूपीएसईई-2018 की 200 टॉपर छात्राओं को लैपटॉप

● मिशन शक्ति अभियान के लिए 20 करोड़

## महिला सामर्थ्य योजना के लिए 72 करोड़ 50 लाख

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** आदित्यनाथ सरकार 2-0 का बजट विधानसभा में गुरूवार को पेश किया गया। यह बजट प्रदेश की महिलाओं, बेटियों और बच्चों के लिए बेहद खास है। प्रदेश की महिलाओं और बेटियों के उत्थान के लिए योगी सरकार ने साल 2017 से ही जमीनी स्तर पर योजनाओं को लागू कर सीधे तौर पर उनको लाभ पहुंचाने का काम किया। ऐसे में एक बार फिर से सरकार बनने के बाद योगी सरकार ने अपने पहले बजट में महिलाओं और बेटियों को प्राथमिकता दी है। बजट में इस बार महिलाओं व बेटियों की सुरक्षा,



रोजगार, शिक्षा, स्वावलंबन पर जोर दिया है। जिसके तहत लखनऊ, गोरखपुर और बदायूं में 3 महिला पीएसी बटालियन का गठन किया जा रहा है। बजट में महिला सामर्थ्य योजना के लिए 72 करोड़ 50 लाख रूपये की धनराशि प्रस्तावित की गई है। इस योजना के तहत राज्य की महिलाओं को रोजगार के लिए प्रेरित किया जाएगा। इससे महिलाओ में उत्साह बढ़ेगा और वह सशक्त और आत्मनिर्भर रहेंगी।

बजट में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत यूपीएसईई-2018 की 100 टॉपर छात्राओं को लैपटॉप और 100 टॉपर एससी व एसटी छात्राओं को लैपटॉप का वितरण किया जाएगा। प्रदेश में चल रहे वृहद मिशन शक्ति अभियान के लिए 20 करोड़ रूपये की धनराशि प्रस्तावित की गई है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत पात्र बालिकाओं को 6 विभिन्न श्रेणियों में 15000 रूपये की सहायता पीएफएमएस के जरिए से प्रदान की जा रही है। इस वित्तीय वर्ष 2022-2023 के बजट में योजना के लिए 1200 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है। पुष्टाहार कार्यक्रम के तहत समन्वित बाल विकास योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा दिए जाने वाले पोषाहार के लिए 1675 करोड़ 29 लाख रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है। उत्तर प्रदेश सरकार ने बच्चों के मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया है। इसके ही परिणाम है कि पिछले कुछ वर्षों में एक ओर शिशु मृत्यु दर में तेजी से गिरावट आई है वहीं दूसरी ओर दस्तक कार्यक्रम के परिणामस्वरूप एईएस व जेई से प्रभावित सभी क्षेत्रों में बच्चों की मृत्यु में बड़ी कमी दर्ज की गई है। योगी सरकार के इस पहले बजट में बाल कल्याण पर विशेष ध्यान दिया गया है। जिसके तहत कुपोषण पुनर्वास केन्द्रों को जिलों से ब्लॉक तक ले जाने के लिए बजटीय प्रावधान किया गया है। उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत पात्र बच्चों को 4000 रूपए प्रतिमाह की आर्थिक सहायता दी जाएगी। उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य के तहत पात्र लाभार्थियों को 2500 रूपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता स्वीकृत है। इसके साथ ही ऑपरेशन विद्यालय कायाकल्प कार्यक्रम के तहत सरकारी स्कूलों में बच्चों के नामांकन में वृद्धि की जाएगी।

# बीज, खाद, पानी के साथ किसानों की आर्थिक व सामाजिक सुरक्षा पर ध्यान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**किसानों** की आय बढ़े। वह खुशहाल हों, पहले कार्यकाल से ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की यह प्राथमिकता रही है। योगी-02 में भी यह सिलसिला जारी है। योगी-02 का पहला बजट इसका प्रमाण है। किसानों के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण समय से कृषि निवेशों की उपलब्धता है। इसमें बीज, खाद और पानी सर्वाधिक जरूरी है। चूंकि खेती मौसम के प्रति बेहद संवेदनशील होती है। सब कुछ होने के बाद अगर मौसम प्रतिकूल हो तो किसानों की सारी मेहनत-मजदूरी बेकार हो जाती है। यहीं किसानों की आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा महत्वपूर्ण हो जाती है। बजट 2022-2023 में इन सभी बिंदुओं पर ध्यान दिया गया है। इसी सुरक्षा के मद्देनजर बजट में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से 42 हजार 565 करोड़ रूपये हस्तांतरित किए गए हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लिए बजट में 650 करोड़ रूपये की धनराशि प्रस्तावित की गई है। सिंचन क्षमता में विस्तार के लिए मुख्य मंत्री लघु सिंचाई योजना के 1000 करोड़ रूपये की धनराशि बजट में प्रस्तावित है।

इसी मकसद से प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान योजना के अन्तर्गत वर्ष 2022-2023 में 15000 सोलर पम्पों की स्थापना करायी जायेगी। रही गुणवत्तापूर्ण खाद और बीज उपलब्ध कराने की बात तो वर्ष 2022-2023 में 60.20 लाख कुन्टल बीज और 119.30 लाख मीट्रिक टन उर्वरक वितरण का लक्ष्य रखा गया है।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मेरे हाईस्कूल के अंक पत्र और प्रमाण पत्र में संगिता श्रीवास्तव लिखा है जबकि अन्य आफीशियल रिकार्ड में संगीता श्रीवास्तव है। संगिता श्रीवास्तव व संगीता श्रीवास्तव दोनों एक ही महिला है। संगीता श्रीवास्तव H.No-23,Sector-F, pocket-1 Sushant golf city Lucknow

सूचना

मेरे हाईस्कूल के अंक पत्र और प्रमाण पत्र में विपिन कुमार लिखा है जबकि आधार कार्ड व पैन कार्ड में विपिन कुमार श्रीवास्तव है। विपिन कुमार व विपिन कुमार श्रीवास्तव दोनों एक ही व्यक्ति है। विपिन कुमार श्रीवास्तव H.No-23, Sector-F, pocket-1 Sushant golf city Lucknow

सूचना

प्रार्थी रचना अग्रवाल जिसकी प्रॉपर्टी 583 ओबरी बाहरी सीमा नवाबगंज बाराबंकी में स्थित है वह प्रॉपर्टी राकेश कुमार शुक्ला पुत्र आदित्य प्रसाद शुक्ला से खरीदी गई थी जिसकी चेन डीड पृष्ठ संख्या 125 -150 डॉक्यूमेंट नंबर 2936 दिनांक 17/7/2001 है , यह डीड भूलवस कहीं खो गई है जिसकी सूचना प्रार्थी ने ई FIR से करवाई है प्रार्थी अपनी स्वतः इच्छा से इसको पब्लिश करना चाहता है।

कार्यालय ग्राम पंचायत छतौना, वि.ख. ऐलिया-सीतापुर
पत्रांक - मेमो/मनरेगा/नि. कार्य/2022-23 दिनांक 26.05.2022
अल्पकालीन निविदा सूचना
वि.ख. ऐलिया की ग्राम पंचायत छतौना में मनरेगा योजनान्तर्गत इशरार पुत्र मो0 हनीफ के पशुबाड़ा निर्माण हेतु पंजीकृत फर्मों से सीलबंद निविदाएं दिनांक 30.05.2022 की अपरान्ह 2 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं उसी दिन 3 बजे खोली जायेंगी।
लागत : 1,18,961/-
मटेरियल लागत (लगभग) : 16,600/-
कार्य की कुल लागत : 1,35,621/-
निविदा मूल्य :- 200/-
कार्य पूर्ण होने की अवधि - एक माह
आजाद मोहम्मद प्रधान
नन्हेलाल सचिव

कार्यालय ग्राम पंचायत छतौना, वि.ख. ऐलिया-सीतापुर
पत्रांक - मेमो/मनरेगा/नि. कार्य/2022-23 दिनांक 26.05.2022
अल्पकालीन निविदा सूचना
वि.ख. ऐलिया की ग्राम पंचायत छतौना में मनरेगा योजनान्तर्गत तारावती पत्नी बलिराम के पशुबाड़ा निर्माण हेतु पंजीकृत फर्मों से सीलबंद निविदाएं दिनांक 30.05.2022 की अपरान्ह 2 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं प्राप्त निविदाएं उसी दिन 3 बजे खोली जायेंगी।
लागत : 1,18,961/-
मटेरियल लागत (लगभग) : 16,600/-
कार्य की कुल लागत : 1,35,621/-
निविदा मूल्य :- 200/-
कार्य पूर्ण होने की अवधि - एक माह
आजाद मोहम्मद प्रधान
नन्हेलाल सचिव

कार्यालय ग्राम पंचायत छतौना, वि.ख. ऐलिया-सीतापुर
पत्रांक - मेमो/मनरेगा/नि. कार्य/2022-23 दिनांक 26.05.2022
अल्पकालीन निविदा सूचना
वि.ख. ऐलिया की ग्राम पंचायत छतौना में मनरेगा योजनान्तर्गत मो0 असलम पुत्र शौकत अली के पशुबाड़ा निर्माण हेतु पंजीकृत फर्मों से सीलबंद निविदाएं दिनांक 30.05.2022 की अपरान्ह 2 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं प्राप्त निविदाएं उसी दिन 3 बजे खोली जायेंगी।
लागत : 1,18,961/-
मटेरियल लागत (लगभग) : 16,600/-
कार्य की कुल लागत : 1,35,621/-
निविदा मूल्य :- 200/-
कार्य पूर्ण होने की अवधि - एक माह
आजाद मोहम्मद प्रधान
नन्हेलाल सचिव

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# कानून-व्यवस्था व महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष फोकस

## योगी सरकार ने पुलिस महकमे के बजट में की दोगुना बढ़ोत्तरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** सरकार ने वर्ष 2022-23 के बजट में प्रदेश की कानून-व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए पुलिस महकमे का बजट दोगुना कर दिया है। वर्तमान बजट में सरकार ने 3700 करोड़ से अधिक की धनराशि पुलिस सुदृढ़ीकरण, इंफास्ट्रक्चर के विकास, पुलिस इमरजेंसी प्रबंध प्रणाली में सुधार और अन्य प्रकार के सुधारों के लिए उपलब्ध कराए हैं। योगी सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष रूप से फोकस दिया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट में 3700 करोड़ से अधिक की धनराशि पुलिस सुदृढ़ीकरण, इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास और पुलिस सुधारों के लिए दी गई। बजट में विशेष सुरक्षा बल, पुलिस इमरजेंसी प्रबन्ध प्रणाली के सुदृढीकरण और सिटी योजना के तहत महिलाओं की सुरक्षा पर फोकस किया है। सरकार ने पुलिस महकमे में सबसे ज्यादा धनराशि आवासीय भवनों के लिए 800 करोड़ और अनावासीय भवनों के लिए 800 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। नवसृजित जिलों में पुलिस के आवासीय और अनावासीय भवनों के लिए 300 करोड़ और पुलिस लाईन निर्माण के लिए भूमि खरीद को 65 करोड़ 70 लाख रुपए की धनराशि प्रस्तावित की गई है। इसी तरह विशेष सुरक्षा बल के लिए 276 करोड़ 66 लाख रुपए, पुलिस इमरजेंसी प्रबन्ध प्रणाली के सुदृढीकरण के लिए 730 करोड़ 88 लाख रुपए, सेफसिटी योजना के तहत महिलाओं की सुरक्षा के लिए लखनऊ, गौतमबुद्धनगर, आगरा, वाराणसी, गोरखपुर और प्रयागराज में योजना लागू करने के लिए 523 करोड़ 34 लाख रुपए की धनराशि प्रस्तावित की गई है। जनपदीय थानों के लिए सुरक्षा उपकरणों और अस्त्र-शस्त्र के लिए 250 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। विभिन्न प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए गठित उत्तर प्रदेश सुरक्षा बल के लिए बजट में 276 करोड़ 66 लाख रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है।



सदन में जाने से पहले सीएम योगी आदित्यनाथ व वित्त मंत्री सुरेश खन्ना विधान भवन पोर्टिको में

### यूपी बनेगा देश का सांस्कृतिक हब

**लखनऊ।** प्रदेश की प्राचीन संस्कृति और सांस्कृतिक स्थलों के विकास के लिए योगी सरकार संकल्पित रही है। वर्ष 2022-23 के राज्य बजट में किये गए प्रावधानों से इस दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता नज़र आती है। सरकार ने बजट प्रस्तावों में वाराणसी में संत रविदास संग्रहालय एवं सांस्कृतिक केन्द्र की स्थापना के लिय 25 करोड़ रूपये तथा संत कबीर संग्रहालय की स्थापना के लिए 25 करोड़ रूपये की व्यवस्था की गयी है। इसके अलावा जनजातीय संग्रहालयों के निर्माण के लिए 60 करोड़ रूपये की व्यवस्था की गयी है। बजट में संग्रहालयों की स्थापना, निर्माण, विस्तार एवं उन्नयन के लिए 20 करोड़ रूपये की योजनाएं प्रस्तावित हैं। बजट में राम जन्म भूमि मन्दिर, अयोध्या धाम तक पहुँच मार्ग के निर्माण के लिए 300 करोड़, अयोध्या में जनसुविधाओं के विकास तथा पार्किंग के निर्माण के लिए 209 करोड़ 70 लाख की व्यवस्था प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त वाराणसी में निर्मल गंगा तट से काशी विश्वनाथ धाम तक के पहुँच मार्ग के विस्तारीकरण के लिए 77 करोड़ रूपये का बजट प्रस्तावित है।

# विधान परिषद में जातिगत जनगणना को लेकर नोंकझोंक

## ● सपा ने लगाया भाजपा पर पिछड़े वर्ग की उपेक्षा का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**विधान** परिषद में आज वित्तीय वर्ष 2022 का बजट पेश किये जाने के बाद समाजवादी पार्टी ने जातिगत जनगणना का मामला जोरदार तरीके से उठाया और केन्द्र की भाजपा तथा कांग्रेसी की सरकारों पर पिछडे वर्ग की उपेक्षा किये जाने का आरोप लगाया। इस मामले को लेकर सपा सदस्यों और सत्ता पक्ष के बीच तीखी नोंकझोक भी हुई, जिसे शांत कराने के लिये सभापति को हस्तक्षेप करना पडा। शून्यकाल के दौरान समाजवादी पार्टी के रणविजय सिंह ने नियम-105 के तहत जातिगत जनगणना कराये जाने की मांग करते भाजपा पर आरोप लगाया गया कि सरकार चुनाव से पूर्व लगातार समय-समय पर दलित, पिछडों तथा शोषित समाज की जातिगत जनगणना कराने की बात तो कहती है लेकिन अब जब 2022 की जनगणना होने जा रही है तो भाजपा जातिवार जनगणना कराने से किनारा कर रही है। जिससे भाजपा की दोहरी मानसिकता का पता चलता है। उन्होने कहा कि 2011 की जनगणना जातिवार करायी गई थी, लेकिन भाजपा सरकार ने जनगणना के आंकडे उजागर नही किये। चर्चा में शामिल होते हुये सपा के राज्यपाल कश्यप ने कहा कि सभी जातियों की गणना होनी चाहिए। उन्होने कहा कि बहूत सी जातियां तो ऐसी है जिनके बारे में सरकार को भी नही पता है। उन्होने आरोप लगाया कि केन्द्र की भाजपा सरकार मे मंत्री राजनाथ सिंह जातिगत जनगणना कराने की वकालत अनेकों बार कहते रहे है लेकिन मौका आने पर भाजपा पीछे हट रही है। इस पर नेता सदन की गैर मौजूदगी में जिम्मेदारी संभाल रहे दिनेश शर्मा ने आरोपों को सिरे से खारिज करते हुये कहा कि भाजपा सुबका साथ, सबका विकास के फार्मूले पर चलती है।

### विप के पूर्व सदस्यों को गनर दे सरकार

**लखनऊ।** विधान परिषद सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने आज सरकार को निर्देश दिये है कि अगर विधान परिषद के किसी पूर्व सदस्य को गनर की जरूरत है और उसका कोई अपराधिक इतिहास नही है तो उसे शासनादेश में दी गई व्यवस्था के अनुरूप 10 प्रतिशत धनराशि लेकर गनर की सुविधा दी जाये। सभापति ने सरकार को यह निर्देश कांग्रेस के सदस्य दीपक सिंह उठाये गये मामले पर दिये। कांग्रेस सदस्य ने वर्ष 2004 के एक मामले का जिक्र करते हुये कहा कि इस सदन के एक पूर्व सदस्य को गनर दिये जाने का निर्णय इस सदन ने लिया था लेकिन करीब 19 साल गुजरने के बाद भी सदन के निर्णय का पालन नही किया गया, जो सदन के आदेशों की सीधे अवहेलना है। इस पर नेता सदन की जिम्मेदारी संभाल रहे डाक्टर दिनेश शर्मा ने कहा कि शासनादेश के तहत कमेटी परीक्षण के बाद किसी पूर्व सदस्य को गनर देने या न देने के बारे में निर्णय लेती है। जिस पर सभापति ने कहा कि शासनदेश के हिसाब से गनर देने के बारे में सरकार जल्द निर्णय करने की व्यवस्था लागू कराये।

### इस सरकार में नहीं हो रहा जनता का कामः अंबेडकर

**लखनऊ।** विधान परिषद में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के संशोधन पर चर्चा करते हुए बृहस्पतिवार को बसपा सदस्य भीमराव अंबेडकर ने कहा कि इस सरकार में जनता का काम नहीं हो रहा है। शिक्षा परिषद् के आरक्षित वर्ग के छात्रों के साथ भर्ती में भेदभाव हुआ है। सरकार सूचनाओं के सही जवाब नहीं दे रही है। सरकार ने बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी को भुला दिया है, उनके विचारो को भुला दिया है। सरकार का सबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वास एक छलावा है। मैं इसका विरोध करता हूं। शिक्षक दल के सुरेश कुमार त्रिपाठी ने राज्यपाल के अभिभाषण पर कहा कि नई पेंशन योजना गलत है।

### किसानों को मुफ्त बिजली का ऐलान न होने से निराशा

**लखनऊ।** उप्र राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा प्रदेश सरकार के बजट में जहां ग्रामीण क्षेत्र में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा 1000 करोड़ की घोषणा की गई रेवम्प डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के लिए लगभग 5530 करोड की घोषणा की गई साथ ही 1 जनवरी 2022 से निजी नलकूप विद्युत उपभोक्ताओं के बीजको में 50 प्रतिसत छूट की बात कही गई निश्चित ही सरकार का यह उचित कदम है लेकिन वहीं दूसरी ओर प्रदेश के लगभग 13 लाख 16 हजार 399 कृषि क्षेत्र के ट्वेबल उपभोक्ताओं यानी कि किसानों को इस बजट में बहुत उम्मीद थी कि उत्तर प्रदेश सरकार अपने संकल्प पत्र के मुताबिक किसानों की बिजली फ्री करने के लिए बडा ऐलान करेगी लेकिन ऐसा नहीं किया गया जिससे किसानों में थोड़ा निराशा जरूर व्याप्त है। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना सौभाग्य के तहत गरीब परिवारों को निशुल्क कनेक्शन के लिए मासिक किस्तों की सुविधा से ही मात्र काम नहीं चलने वाला प्रदेश के गरीब घरेलू ग्रामीण क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं को इस बजट में उम्मीद थी कि उनकी बिजली दरों में सरकार कुछ राहत प्रदान करेगी लेकिन ऐसा नहीं किया गया जिससे भी थोडा निराशा सामने आई है।

# स्मार्ट शहरों वाला राज्य बनेगा यूपी, योगी सरकार ने खोला खजाना

## स्वच्छ भारत मिशन योजना के लिए 1353 करोड़ 93 लाख रुपए का बजट प्रस्तावित

### ● बजट में अमृत योजना को मिले 2200 करोड़ रुपए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में स्मार्ट शहरों की लम्बी श्रृंखला बनाने में जुटी योगी सरकार ने अपने द्वितीय कार्यकाल के पहले वित्तीय बजट में नगर विकास विभाग को बड़ी सौगात दी है। सरकार का मुख्य फोकस स्मार्ट सिटी योजना के तहत शहरों को सुंदरए स्वच्छ बनाने पर है। शहरों में बसने वाली जनता को मूलभूत सभी सुविधाएं उपलब्ध कराना भी सरकार का उद्देश्य है। इस कार्य को आगे बढ़ाते हुए गुरुवार को बजट सत्र के दौरान प्रदेश सरकार ने केन्द्र स्मार्ट सिटी के तहत चयनित 10 शहरों के लिए 2000 करोड़ रुपए और राज्य स्मार्ट सिटी में चयनित 7 शहरों के लिए 210 करोड़ रुपए की व्यवस्था की है। इसके साथ ही बजट में सरकार ने प्रदेश में नवसृजित उच्चीकृत और विस्तारित नगर निकायों में अवस्थापना सुविधाओं के विकास के लिए 550 करोड़ रुपए की भी व्यवस्था की है। नगर विकास विभाग को प्रधानमंत्री आवास योजना सबके लिये आवास, शहरी योजना के लिए 10,127 करोड़ 61 लाख रुपए का बजट प्रस्तावित किया है। योगी सरकार ने प्रदेश में मलिन बस्तियों के विकास और नगर पंचायतों में सुविधाओं को बढ़ाने के लिए बजट में प्राविधान किया है। नगर पंचायतों के विकास के लिए सरकार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना के तहत 200 करोड़ रुपए और मुख्यमंत्री नगरीय अल्प विकसित व मलिन बस्ती योजना के लिए बजट में 215 करोड़ रूपये की व्यवस्था की गई है।

### बजट से अवस्थापना व औद्योगिक विकास को मिलेगी मजबूती

**लखनऊ।** योगी सरकार ने आगामी 10 वर्षों में 10 लाख करोड़ रुपये के अभूतपूर्व स्तर पर औद्योगिक निवेश आकर्षित करने की योजना बनाई है। इस योजना के अंतर्गत, प्रदेश के जिलों के बीच व अन्य राज्यों से सड़क, वायु मार्गों से संपर्क को बेहतर व मजबूत करना, उच्च गुणवत्ता की औद्योगिक अवस्थापना सुविधाओं का विकासए और वृहद औद्योगीकरण के लिए सभी व्यवस्थाएं सुलभ करने की योजनाएं शामिल हैं। बजट में प्रदेश में पहली बार अवस्थापना को सुदृढ़ करने के लिए राष्ट्रीय स्तर की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में उत्तर प्रदेश की बड़ी हिस्सेदारी होने जा रही है। इस बजट में 39181 करोड़ रुपये से अधिक की नई योजनाएं शामिल हैं। राष्ट्रीय स्तर पर प्रधान मंत्री द्वारा क्रियान्वित की गई गति शक्ति नेशनल मास्टरप्लान में उत्तर प्रदेश में पहले चरण में 16 विभाग और दूसरे चरण में 11 विभागों को चिन्हित किया गया है। 2022-23 के बजट में मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी परियोजनाओं के लिए 897 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। अवसंरचना को मजबूत करने की दिशा में त्वरित संचार माध्यम की बड़ी भूमिका है, और वर्तमान में उपलब्ध आप्टिकल फाईबर केबल नेटवर्क को सुदृढ़ करने के लिए पर पूंजीगत परियोजनाओं के लिए बजट में 300 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। प्रदेश में सभी सेक्टर में डिजिटाईजेशन को बढ़ावा देने वाली पूंजीगत परियोजनाओं के लिए बजट में 200 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है। लोक कल्याण संकल्प पत्र 2022 की भावना के अनुसार राज्य सरकार द्वारा राज्य के सभी ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवेज के किनारे इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर विकसित करने का निर्णय लिया गया है तथा इसके लिए प्रथम चरण में 500 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

### लॉजिस्टिक्स पार्क और वेयर हाउसिंग का हब बनेगा यूपी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शहरी क्षेत्रों में रहने वाले गरीबों को बड़ी राहत दी है। शहरों में निजी डेवलपरों की ईडब्ल्यूएस इकाइयों के पंजीयन में अब मात्र पांच सौ रुपए स्टांप शुल्क देना होगा। इससे भवनों के पंजीयन में आवेदकों की काफी अधिक धनराशि की बचत होगी। इसके अलावा सरकार ने दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर, कानपुर, आगरा, वाराणसी, गोरखपुर और अन्य शहरों में मेट्रो परियोजनाओं के लिए 2750 करोड़ रुपए दिए हैं। सीएम योगी ने आवास एवं शहरी नियोजन विभाग को बजट में तीन हजार करोड़ रुपए से अधिक धनराशि प्रस्तावित की है। सरकार ने बजट में प्रदेश में निर्माणाधीन मेट्रो परियोजनाओं के अलावा नई परियोजनाओं के लिए भी 2750 करोड़ रुपए की धनराशि आवंटित किया है। सर्वाधिक दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के लिए 1306 करोड़ रुपए प्रस्तावित किया गया है। ऐसे ही कानपुर मेट्रो रेल परियोजना की लागत 11,076 करोड़ रुपए है और इस वित्त वर्ष में 747 करोड़ रुपए प्रस्तावित किए हैं। आगरा मेट्रो रेल परियोजना की लागत 8380 करोड़ रुपए है और 597 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तावित किया गया है। इसके अलावा वाराणसी, गोरखपुर सहित अन्य शहरों में मेट्रो रेल परियोजना के लिए सौ करोड़ रुपए प्रस्तावित किए गए हैं।

## युवाओं को रोजगार सृजन की क्षमता देगी सरकार

### ● विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में 112 करोड़ 50 लाख रुपए का प्रस्ताव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**योगी** सरकार युवाओं को जॉब सीकर के बजाय जॉब क्रिएटर बनाएगी। इसके लिए सरकार ने मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत 800 इकाइयों की स्थापना कराकर 16,000 लोगों को रोजगार दिलाने का लक्ष्य रखा है। इसके अलावा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में 112 करोड़ 50 लाख रुपए का प्रस्ताव है। इसके माध्यम से बढ़ई, दर्जी, टोकरी बुनकर, नाई, सुनार, लोहार, कुम्हार, हलवाई आदि व्यवसायों में लगे एक लाख से अधिक हस्त शिल्पियों और पारंपरिक कारीगरों को निःशुल्क प्रशिक्षण, टूल किट और बैंक ऋण से जोड़कर रोजगार दिलाया जाएगा। सरकार की ओर से औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देने के लिए चार जिलों में प्रयागराज, प्रतापगढ़, अलीगढ़ और महोबा में नए औद्योगिक आस्थान विकसित करने के लिए 50 करोड़ रुपए का प्रस्ताव रखा है। इसके अलावा अयोध्या में सीपेट केंद्र के निर्माण और संयंत्रों की खरीद के लिए 35 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग को बढ़ावा देने के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय खादी विपणन विकास सहायता योजना के तहत 15 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। अनुसूचित जाति के बुनकरों के स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से झलकारी बाई कोरी हथकरघा एवं पावरलूम विशेष घटक योजना संचालित करने के लिए आठ करोड़ रुपए दिए जाएंगे।

## किसानों को मिलेगी मुफ्त सिंचाई की सुविधा

### ● योगी सरकार देगी यूपी के किसानों को 15 हजार सोलर पंपों की बड़ी सौगात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** सरकार ने गुरुवार को द्वितीय कार्यकाल के पहले पेपरलेस वित्तीय बजट में यूपी के किसानों को 15 हजार नए सोलर पंप लगाए जाने की बड़ी सौगात दी है। सरकार के इस कदम से किसानों को निशुल्क सिंचाई में बड़ी सुविधा मिलेगी। प्रदेश में खेती लहलहाएगी और किसानों को लाभ होगा। प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान योजना से प्रदेश में 15 हजार नए सोलर पंप लगाए जाएंगे। योगी सरकार की ओर से जारी बजट में प्रदेश के 34307 सरकारी नलकूपों और 252 लघु डाल नहरों के माध्यम से किसानों को मुफ्त सिंचाई की सुविधा का प्राविधान किया गया है। सरकार प्रदेश में नाबार्ड की मदद से भी 2100 नये राजकीय नलकूपों का निर्माण कराएगी। इसके लिए 423 करोड़ रुपये एवं 6600 राजकीय नलकूपों के आधुनिकीकरण के लिए 150 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। 569 असफल राजकीय नलकूपों के पुर्ननिर्माण पर 130 करोड रुपये का बजट भी सरकार ने प्रस्तावित किया है। बाढ़ नियंत्रण एवं जल निकासी के लिए 2751 करोड़ का बजट जारी किया गया है। सरकार ने बजट में बाढ़नियंत्रण पर खास जोर दिया है। खराब नलकूपों की मरम्मत के लिए भी बजट जारी करने का प्रस्ताव है। प्रदेश सारकार तटबन्धों के निर्माण, उच्चीकरण, सुदृढ़ीकरण पर भी तेजी से काम करने जा रही है।

# शिवपाल ने योगी को बताया ईमानदार और मेहनती

## विपक्ष पर कसा तंज, मेरा सहयोग लेते ने सत्ता में बैठे होते

**लखनऊ।** प्रगतिशील समाजवादी पार्टी प्रमुख शिवपाल सिंह यादव ने बृहस्पतिवार को विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए उन्हें ईमानदार और मेहनती बताया। तो वहीं सपा मुखिया अखिलेश यादव का बगैर नाम लिए उन पर तंज भी कसा। शिवपाल ने कहा कि यदि हमारी राय से चुनाव लड़ा गया होता तो विपक्ष दल सत्ता पक्ष की जगह और सत्ता पक्ष का दल विपक्ष के स्थान पर बैठा दिखाई पड़ता। उन्होंने कहा कि मैंने तो चुनाव से पहले सौ ऐसे उम्मीदवार तैयार कर लिए थे जिन्हें यदि प्रत्याशी बनाया गया तो विपक्ष की सौ और सीटें बढ़ जाती और हम सभी सत्ता पक्ष में होते। उन्होंने कहा लेकिन हमें तवजो नही दी गई इसी का परितणाम है कि आज हम विपक्ष में बैठे है। शिवपाल ने विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ईमानदार और मेहनती हैं लेकिन अगर उन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान सदन के सभी सदस्यों तथा अन्य लोगों का सहयोग लिया होता तो स्थिति को बेहतर तरीके से संभाला जा सकता था। शिवपाल द्वारा मुख्यमंत्री की तारीफ किए जाने पर भाजपा सदस्यों ने मेज थपथपा कर उनका स्वागत किया। हालांकि इसी दौरान यादव ने भाजपा सरकार के नारे का हवाला देते हुए उस पर तंज भी किया। उन्होंने कहा कि वादे के मुताबिक तो सबका साथ और सबका विकास है लेकिन सरकार ने सबका सहयोग नहीं लिया।

# प्रभावी परिवर्तन लाने वाला बजट

**लखनऊ।** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने वर्ष 2022-23 के बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि 25 करोड़ प्रदेशवासियों की आकांक्षाओं की पूर्ति करने वाले इस ऐतहासिक बजट के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना एवं पूरी टीम बधाई की पात्र है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 21 वीं सदी के नए भारत का निर्माण हो रहा है। हमारे नए भारत का नया उत्तर प्रदेश कैसा हो उस दृष्टि से यह बजट प्रत्येक क्षेत्र में प्रभावी परिवर्तन लाने वाला साबित होगा। गत 5 वर्षों में प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के बाद अब आने वाले 5 वर्षों में



उत्तर प्रदेश को किस दिशा में लेकर जाना है यह बजट उसकी नींव है। गांव, गरीब, किसान, मजदूर इन सभी लोगों की आय कैसे बढ़े, कैसे वह गरिमापूर्ण व सम्मानजनक जीवन जीयें, कैसे वह सभी विकास की मुख्यधारा से जुड़े इसे सोच कर सभी नीतियां बनाई गई है। प्रदेश के विकास में अहम भूमिका निभाने वाले युवा, महिला, किसान, व्यापारी समेत समाज के समाज के सभी वर्गों को महत्व दिया गया है।

# विपक्षी दलों ने बजट को लेकर सरकार पर साधा निशाना, बताया जनविरोधी

### आंकड़ों का मकड़जाल है बजट



**लखनऊ।** नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने विधानसभा में पेश बजट को आंकड़ों का मकड़जाल करार देते हुए कहा कि भाजपा सरकार के इस छठे बजट में सब कुछ घटा है। प्रदेश की भाजपा नीत सरकार के पिछले पांच साल में जनता को सिर्फ धोखा मिला है। उसका यह छठा बजट भी आंकड़ों का मकड़जाल है। यह बजट तो छठा है लेकिन इस बजट में सब कुछ घटा (कम हुआ) है। हालांकि अखिलेश ने इसे गलत बताते हुए कहा कि तालियां तो बज रही हैं मगर यह दिल्ली के बजट को जोड़कर बनाया गया बजट है। अब भी सपा सरकार के काम ही दिख रहे हैं। जिस सरकार ने कहा था कि 2022 में किसानों की आय दोगुनी हो जाएगी, आज हम 2022 में हैं। छठवां बजट पेश हुआ है. क्या हमारे किसानों की आय दोगुनी हो जाएगी? उन्होंने कहा, जिस तरीके से महंगाई बढ़ी है और लगातार बढ़ रही है, उससे राहत के लिए इस बजट में कुछ भी नहीं है। इस बजट से गांवों में उदासी है। नौजवान जो उम्मीद लगा कर बैठा था कि उसे नौकरी और रोजगार मिलेगा। आंकड़ों में तो दिखाई दे रहा है कि नौकरी और रोजगार दिया गया है मगर जमीन पर गांव में अब भी बड़े पैमाने पर नौजवानों के पास रोजगार नहीं है।

### हवा-हवाई घोषणाओं पर आधारितः कांग्रेस

**लखनऊ।** केन्द्रीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने यूपी के बजट को जनता के साथ सरकार का छल और धोखा करार दिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की बीमारी यूपी के बजट में समा गयी है। अब तक केंद्र सरकार का बजट हवा हवाई घोषणाओं पर आधारित होता था। अब यूपी सरकार ने भी दिल्ली सरकार की राह पकड़ ली है। जब सरकार अपने ही संकल्प पत्र के वायदों को शत प्रतिशत पूरा नहीं कर रही तो इससे बड़ा छलावा जनता के साथ और क्या हो सकता है। सरकार ने चुनावी घोषणा पत्र में 130 संकल्प पूरा करने की बात की थी। बजट में इसमें केवल 97 को ही पूरा करने की बात कही है। बजट में गरीब, महिलाएं, युवा, बेरोजगार, किसान, दिव्यांग, निराश्रित वर्ग, बुजुर्ग के लिए ऐसा कुछ भी नहीं है जो उनके लिए खुशी ला सके। खासकर महिलाओं के लिए कुछ क्षेत्रों में आरक्षण देने की बात थी पर बजट में वह भी गायब है। बजट से यूपी की जनता ना केवल निराश है बल्कि सरकार के ऊपर से भरोसा उठ गया है। आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि एक दिशाविहीन सरकार का ये अब तक का सबसे निराशाजनक बजट है। जनता को सबसे अधिक अपेक्षाएं स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, कानून व्यवस्था, सड़क और नागरिक सुविधाओं से जुड़ी होती हैं। पर बजट में किसी भी क्षेत्र में ऐसा नजर नहीं आ रहा जो जनता की उम्मीदों पर खरा उतरे।

### जनता की आंख में धूल झोंकने वाला बजट



**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने गुरुवार को विधानसभा में पेश वर्ष 2022-23 के बजट को घिसा-पिटा और जनता की आंख में धूल झोंकने वाला करार दिया है। मायावती ने सिलसिलेवार ट्वीट कर बजट पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का बजट प्रथम दृष्टया घिसा पिटा है। ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि यूपी सरकार का बजट अविश्वनीय तथा जनहित एवं जनकल्याण में भी खासकर प्रदेश में छाई हुई गरीबी, बेरोजगारी व गड्ढायुक्त बदहाल स्थिति के मामले में अंधे कुएं जैसा है। जिससे यहाँ के लोगों के दरिद्र जीवन से मुक्ति की संभावना लगातार क्षीण होती जा रही है।

### किसानों के साथ धोखाः रालोद

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय सचिव अनिल दुबे ने यूपी सरकार के बजट को किसानों के साथ धोखा बताया है। गन्ना मूल्य भुगतान को लेकर सरकार पर आंकड़ों का मकड़जाल बुनने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि 2022 तक के गन्ना मूल्य भुगतान का दावा पूरी तरह से खोखला है। आज भी करीब तीन हजार करोड़ से अधिक का गन्ना मूल्य का भुगतान बाकी है। उनका कहना था कि किसान सम्मान निधि देने में भी किसानों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। सरकार ने खुद भी माना है कि किसान सम्मान निधि का लाभ अधिकांश किसानों तक नहीं पहुचा है। सरकार की बीज वितरण योजना भी कुप्रबंधन का शिकार है। करीब 90 प्रतिशत किसान को आज भी बीज बाजार से खरीदने को मजबूर है। सरकारी बीज वितरण कागजों पर ही होता रहता है। सोलर पम्प का अनुदान लेना किसान के लिए संजीवनी बूटी लाने से कम नहीं है।

### सभी वर्गों के लोगों को घोर निराशाः आप

**लखनऊ।** आप सांसद संजय सिंह ने यूपी सरकार के बजट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि यूपी का बजट लोक कल्याणकारी नहीं सब लो कल्याणकारी बजट है । संजय सिंह ने कहा कि बजट में स्कूल, अस्पताल, बिजली, पानी, सड़क, रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए कोई प्राविधान ही नहीं किया गया। किसान, नौजवान, महिलाएं, बच्चे किसी को बिना ध्यान में रखे सरकार ने बजट पेश कर दिया है। व्यापारियों को बजट में सरकार ने कोई राहत नहीं दी है। जो व्यापारी भाजपा के सबसे करीबी माने जाते हैं उनके लिए बजट में कुछ किया ही नहीं। व्यापारियों की अनदेखी की है। उन्होंने कहा कि व्यापिरयों ने सरकार से बाजारों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की थी जिसपर बजट में काई प्राविधान ही नहीं किया गया। इससे व्यापारियों में नाराजगी है।

### चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने किया बजट का स्वागत

**लखनऊ।** पीएचडीसीसीआई के यूपी स्टेट चैप्टर के अध्यक्ष डॉ ललित खेतान ने बजट की सराहना की और कहा कि बजट आत्मानबीरता उत्तर प्रदेश की दिशा में एक कदम है, जो स्पष्ट रूप से एक स्थायी आर्थिक गति और विकास के लिए आवश्यक हर अवसर प्रदान करता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बजट ने राज्य के भीतर हो रही अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और सुरक्षा और अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने और बनाए रखने के पर्याप्त अवसर प्रदान किए हैं। बजट में बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य सेवा, पूंजीगत खर्च, विनिवेश, मुद्रीकरण, रोजगार सृजन और कृषि पर जोर दिया गया है। उत्तर प्रदेश को ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर किया जाएगा। डॉ. खेतान ने कहा कि बजट राज्य की अर्थव्यवस्था को चलाने के लिए सुधारात्मक उपायों की निरंतरता है नौकरी, मांग और खर्च और यह व्यवसाय करने में आसानी, सरलीकरण, पारदर्शिता और प्रभावी वितरण के प्रबंधन के विषयों के अनुरूप भी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष आईआईए अशोक अग्रवाल ने कहा कि कृषि सेक्टर के बाद सबसे महत्वपूर्ण सेक्टर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) का है और देश में इन उद्यमों की दूसरे राज्यों की तुलना में सबसे अधिक संख्या है परन्तु इस बजट में एमएसएमई सेक्टर के लिए कोई भी बजट प्रावधान नहीं रखा गया है।

# जमीन के लालच में भाई ने कराई थी भाई की हत्या

## ● शूटर समेत दो गिरफ्तार, जेल में रची गयी थी हत्या की साजिश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नौ** माह पहले सरोजनीनगर इलाके में हुई महेश लोधी की हत्या किसी और ने नहीं बल्कि उसके सगे भाई नंदकिशोर ने 1 लाख रुपए की सुपारी देकर जमीन की लालच में कराई थी।

पुलिस ने 26 नवंबर को हुए महेश लोधी हत्याकांड का खुलासा करते हुए मृतक महेश लोधी के सगे भाई अमौसी बाजार सरोजनी नगर के रहने वाले नंदकिशोर और महेश की हत्या करने वाले उन्नाव के सोहरामऊ थाने के हिस्ट्रीशीटर बाबा खेड़ा सोहरामऊ उन्नाव के रहने वाले बूटा लोध को गिरफ्तार कर वारदात का खुलासा कर दिया। शातिर नंदकिशोर ने पुलिस के सामने अपने जुर्म का इकबाल करते हुए पुलिस को बताया कि उसका भाई महेश जमीनें बेच कर शराब में उड़ा रहा था। विरोध करने पर महेश उससे मारपीट और गाली गलौज करता था। नंद किशोर ने पुलिस को बताया कि उसने अपने दूर के रिश्तेदार और वीरपाल से अपने भाई की हत्या का 1 लाख रुपए में सौदा किया था जिसे हत्या से पहले 5 हज़ार रुपए दे दिए थे। नंदकिशोर ने अपने कुबूल नामे में पुलिस को बताया कि उसके रिश्तेदार वीरपाल की बूटा लोध से मुलाकात जेल में हुई थी जहां महेश की हत्या की साजिश रची गई थी। नंदकिशोर के द्वारा पुलिस को बताया गया कि 26 नवंबर को बूटा लोध अपने साथी राजू पासी के साथ उसके भाई महेश लोध के घर रात करीब 10 बजे आया और दोनों ने महेश लोधी की ईंट से कूच कर हत्या कर दी थी। इस सनसनीखेज वारदात के बाद सरोजनी नगर थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज था और पुलिस जांच कर रही थी। डीसीपी मध्य अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि महेश लोधी की हत्या की साजिश रचने वाले नंदकिशोर ने अपने भाई की सुपारी देकर हत्या किए जाने की बात को कुबूल किया है। एक लाख रुपए देकर महेश लोधी हत्या कराई गई थी। हत्यारोपी बूटा लोध ने पुलिस के सामने कुबूल किया है कि 1 लाख में हत्या का सौदा वीरपाल से हुआ था। वीरपाल ने उसे सिर्फ 70 हज़ार रुपए दिए थे, 70 हज़ार में 35 हज़ार उसने रखे और 35 हज़ार रुपए राजू पासी को दिए बाकी के 30 हज़ार रुपए उसे महेश लोधी की हत्या की सुपारी देने वाले नंदकिशोर के रिश्तेदार वीरपाल ने रख लिए थे।

# सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**मोहनलालगंज।** नई जेल रोड पर अलग-अलग सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर कार्रवाई शुरु कर दी है। मोहनलालगंज के बेलहिया खेड़ा निवासी रोहित राजपूत बुधवार की रात अपनी ससुराल गोपाल खेड़ा गांव से वापस लौट रहा था। तभी गनेश खेड़ा के एएनएम सेण्टर के निकट अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रुप से जख्मी रोहित को सीएचसी ले जाने पर डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पिता त्रिभुवन की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात ड्राइवर के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली है। इसी तरह रायबरेली के ठाकुर खेड़ा निवासी आशीष गुरुवार को बाइक से रायभान खेड़ा जा रहा था। मऊ पुल के निकट बेकाबू ट्रक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में आशीष ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरु कर दी है।

# पैर में फ्रैक्चर फिर भी नाला सफाई का निरीक्षण करने पहुंची महापौर



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मानसून** से पूर्व शहर में सुबह नाला सफाई की सच्चाई जांचने महापौर फैक्चर होने पर भी महानगर की विज्ञान पुरी कॉलोनी गई। नाली चोक होने और सफाई कराने की शिकायत के बाद भी सफाई नहीं होने की जानकारी दी थी। लापरवाही से नाराज महापौर ने अधिकारियों को फटकार लगाई। महापौर ने नाले से अतिक्रमण तोड़ कर तलीझाड़ नाला सफाई कराने के निर्देश दिए। महापौर महानगर की विज्ञान पुरी कॉलोनी पहुंच गई। जहा की निवासी वन्दना गुप्ता ने नाला सफाई को लेकर शिकायत महापौर से की थी। विज्ञानपुरी में अतिक्रमण के कारण नाला सफाई नहीं हो पा रही थी चूंकि विज्ञानपुरी नीचे इलाके में पड़ता है। इसलिए नाला सफाई नहीं होने से घरों में पानी भरता है। महापौर ने नाले के ऊपर से अतिक्रमण तोड़ कर तलीझाड़ सफाई कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही महापौर ने महानगर के सेक्टर-ए में चोक नाली को साफ करने के लिए निर्देशित किया। बीते बुधवार को महापौर ने अपर नगर आयुक्त अभय पाण्डेय को पत्र लिख कर नाली सफाई अभियान का निरीक्षण कराने के निर्देश दिए थे। इसी कड़ी में स्वयं महापौर संयुक्ता भाटिया निरीक्षण पर निकली थी।

## वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**लखनऊ।** इंटौजा थाना क्षेत्र के सीतापुर राष्ट्रीय मार्ग पर रेलवे स्टेशन के सामने गुरुवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन मृतक युवक की पहचान नहीं हो पायी है। पुलिस के मुताबिक युवक की उम्र करीब 30 वर्ष है। सड़क पार करते समय दुर्घटना हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। पारा थाना क्षेत्र के बुद्धेश्वर से ट्रक यूपी 42 सीटी 2566 दुबग्गा की ओर जा रही थी।

## युवती ने पड़ोसी पर दर्ज कराया छेड़छाड का मुकदमा

**लखनऊ।** युवती ने पड़ोसी के खिलाफ छेडख़ानी करने का मुकदमा गाजीपुर कोतवाली में दर्ज कराया है। आरोपी काफी दिनों से युवती पर शादी करने का दबाव बनारहा था। पुलिस केस दर्ज कर पूरे मामले की तफ्तीश कर रही है। महानगर निवासी युवती के मुताबिक मोहल्ले में ही लवली जायसवाल रहता है। आरोप है कि वह काफी समय से युवती का पीछा कर रहा था। पीड़िता के समझाने के बाद भी वह हरकतों से बाज नहीं आ रहा था। इतना ही नहीं वह युवती पर शादी करने का दबाव भी डालता है जबकि युवती और उसका परिवार लवली को मनाकर चुके हैं। युवती के मुताबिक वह गाजीपुर कुछ काम से गई थी। पीछा करते हुए लवली भी वहां पहुंच गया था। युवती बाइक टैक्सी से उतर कर पैदल जा रहीथी। यह देख लवली ने उसे जबरन कार में बैठाते हुए दोबारा से शादी की बात छेड़ दी थी। किसी तरह आरोपी के चंगुल से निकल कर पीड़िता कोतवाली पहुंची थी। गाजीपर इंस्पेक्टर रामेश्वर कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## बीओएस ने दी मनोविज्ञान के सह-पाठ्यक्रम को मंजूरी

**लखनऊ।** नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत लखनऊ विवि के मनोविज्ञान विभाग की बोर्ड आफ स्टडीज ने बीए थर्ड सेमेस्टर में सह-पाठ्यक्रम चलाने की मंजूरी दे दी है। पाठ्यक्रम का शीर्षक सेल्फएनहांसमेंट स्किल्स रखा गया है। इसमें छात्रों को दाखिला अगले सत्र से दिया जायेगा। मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ अर्चना शुक्ला ने बताया कि पाठ्यक्रम से छात्रों को पश्चिमी और पूर्वी दृष्टिकोण से अपने स्वयं के बारे में समझ के स्तर को बढ़ाने में मदद मिलेगी। इससे छात्रों का आत्मबल और आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। युवाओं में तनाव के बढ़ते स्तर की एक प्रमुख चिंता को संबोधित करते हुए पेपर तनाव प्रबंधन तकनीकों पर भी ध्यान केंद्रित करता है जो उन्हें दिन-प्रतिदिन के जीवन की विभिन्न कठिनाइयों से निपटने में मदद करेगा और उन्हें बेहतर मुकाबला तंत्र से लैस करेगा।

## बीडीएस के छात्रों को मिलेगी एनओसी

**लखनऊ।** बीडीएस के छात्रों को अब किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में इंटर्नशिप करने का मौका मिल सकेगा। इसके लिए कोर्ट ने चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक को आदेश जारी किया है। बता दें कि कोविड का प्रकोप कम होने के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग के महानिदेशक ने इंटर्नशिप के लिए एनओसी जारी करने से इनकार कर दिया था। इसके बाद छात्रों ने कोर्ट में गुहार लगाई थी।

## 9 से 14 साल की बालिकाओं को लगेगा सर्वाइकल कैंसर का टीका

**लखनऊ।** सर्वाइकल कैंसर के लिए ह्यूमन पैपलोमा वायरस (एचपीवी) जिम्मेदार है। महिलाओं में सबसे ज्यादा स्तन व सर्वाइकल कैंसर हो रहा है। बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर के खतरों से बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने वैक्सीन की सुरक्षा कवच देने का फैसला किया है। इसके तहत प्रदेश में नौ से 14 साल की बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई जाएगी। सीएमओ डॉ मनोज अग्रवाल ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन के टीकाकरण की तैयारी पूरी है। वैक्सीन मिलने ही टीकाकरण शुरू कर दिया जाएगा। वैक्सीन को लेकर एक लाख बालिकाओं के टीकाकरण के लिए सरकार ने 50 करोड़ रुपये बजट का प्रावधान किया है। वैक्सीन की दो खुराक बालिकाओं को कैंसर से लड़ने की ताकत देंगी। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि एचपीवी से बचाव की वैक्सीन के लिए समय-समय पर अभियान भी चलाया जाएगा। ताकि अधिक से अधिक बालिकाओं को समय पर वैक्सीन लगाई जा सके।

## संस्था का स्थापना दिवस कल

**लखनऊ।** संसद के अधिनियम 1959 के तहत स्थापित संविधानिक संस्था द इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउण्टेण्ट ऑफ इण्डिया का 63वां स्थापना दिवस 28 मई को मनाया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे जबकि कार्यक्रम के विभिन्न सत्र में वित्त एवं संसदीय मंत्री सुरेश खन्ना और डिप्टी सीएम बृजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य शामिल होंगे। इस सत्र में देश के आर्थिक विकास में लागत लेखाकारों की भूमिका पर भी विचार विमर्श किया जायेगा। यह जानकारी सीएमए सूर्या पाण्डेय ने दी है।

## बीबीएयू के पूर्व परीक्षा नियंत्रक कमान सिंह निलम्बित

**लखनऊ।** बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय विवि प्रशासन ने गुरुवार को अपने पूर्व परीक्षा नियंत्रक प्रो कमान सिंह को निलम्बित कर दिया है। उन पर उपकुल सचिव के साथ मारपीट करने का आरोप है। विवि प्रशासन का कहना है कि बोर्ड आफ मैनेजमेंट (बाम) द्वारा लिए गए निर्णय को लागू करते हुए उन्हें निलम्बित किया गया है। प्रो कमान सिंह जब विवि के परीक्षा नियंत्रक थे। उस समय कार के उपयोग को लेकर प्राक्टर से उनकी तनातनी हो गई थी। जिसको लेकर उन्होंने प्राक्टर सहित कई अधिकारियों द्वारा विवि की कार का दुरूपयोग का खुलासा करते हुए परीक्षा नियंत्रक की हैसियत से कार की मांग की थी। इसी बीच उनकी उप कुल सचिव रस्तोगी से मारपीट भी हुई थी। घटना को लेकर जांच कमेटी बनाई गई थी।

## फरार आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी के गुडम्बा इलाके में दबंग छात्रों द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर एक छात्र पर जानलेवाह हमले करने के मामले में फरार चल रहे शातिर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि घटना में शामिल दो अन्य आरोपियों को पहले से ही जेल भेजा जा चुका है। दिनों इंट्रीगल युनिवर्सिटी के एक छात्र उमंग सिंह पर उसी कालेज में पढ़ने वाले छात्रों आसिफ कामरान व बिहार निवासी मोहम्मद फैजल ने पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट गाली गलौज और जान से मारने की नियत से हमला कर घायल कर दिया था। घटना के बाद हरकत में आई पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था जबकि घटना में शामिल मुख्य आरोपी फैजल फरार था जिसको बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर जेल रवाना कर दिया गया है।

## एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**लखनऊ।** विकासनगर पुलिस ने एक ऐसे एटीएम चोर को गिरफ्तार करने का दावा किया है जो शहर में घूम घूमकर एटीएम पहुंचता था और फिर वहां मौजूद बुजुर्गो को अपनी बातों में फंसाकर उनका एटीएम बदलकर चोरी से पैसा निकाल लेता था। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार अभियुक्त के पास से करीब 63 एटीएम कार्ड व नकदी बरामद की गयी है। इंस्पेक्टर विकासनगर तेज बहादुर सिंह ने बताया कि इलाके में एटीएम व उसके पास पुलिस की एक टीम को संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश में लगाया गया था। पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी तभी एक युवक संदिग्ध दिखा जिसे पुलिस ने टोका तो वह गलियों की तरफ भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर भाग रहे शातिर को दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम प्रतापगढ़ निवासी संतोष कुमार पाठक उर्फ टप्पू बताया।

# एकेटीयू के इन्क्युबेशन सेंटर को मिला इन्क्युबेटर प्रमाणपत्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डॉ एपीजे** अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि इन्क्युबेशन सेंटर को उत्तर प्रदेश सरकार के यूपी स्टार्टअप नोडल एजेंसी से इन्क्युबेटर प्रमाणपत्र मिला। प्रमाण पत्र का फायदा यह होगा कि अब इन्क्युबेशन सेंटर यूपी स्टार्टअप की ओर से जारी होने वाले फंड को लेने के लिए आवेदन कर सकेगा। यही नहीं सेंटर में नवाचार करने वाले छात्रों को प्रदेश सरकार की ओर से सहायता राशि भी मिलने लगेगी। बता दें कि विवि कुलपति प्रो प्रदीप कुमार मिश्र के निर्देशन में विवि के इनोवेशन हब की ओर से नवाचार और स्टार्टअप के प्रति विद्यार्थियों को प्रेरित करने के लिए समय.समय पर उन्हें सहायता दी जा रही है। जिससे कि विद्यार्थी अपने नवाचार को स्टार्टअप में बदल कर उद्यमिता शुरू कर सकें और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में सहभागी बनें।

### विवि स्थापित कर सकेगा आईआईसी

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल और एआईसीटीई की ओर से एकेटीयू के इनोवेशन हब को इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल स्थापित करने की मंजूरी का प्रमाणपत्र मिल गया है। संबद्धता देने वाले किसी विश्वविद्यालय को यह पहला प्रमाण पत्र दिया गया है। इसका फायदा ये होगा कि अच्छी रैंकिंग आने पर विश्वविद्यालय को आर्थिक सहायता देंगे। साथ ही मेंटॉर विश्वविद्यालय बना देंगे। जिससे कि दूसरे कॉलेजेज को मेंटॉर करने का अधिकार मिल जाएगा। साथ ही एआईसीटीई की योजनाओं का भी लाभ विद्यार्थियों को मिलेगा।

# विप के नेता प्रतिपक्ष होंगे लाल बिहारी

**लखनऊ।** विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष रहे संजय लाठर का कार्यकाल खत्म होने के बाद अब आजमगढ़ के लाल बिहारी यादव नेता प्रतिपक्ष होंगे। इसके लिए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विधान परिषद को प्रस्ताव भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि लाल बिहारी वाराणसी शिक्षक क्षेत्र से एमएलसी हैं। संजय लाठर का कार्यकाल 26 मई को खत्म हो रहा है। संजय लाठर के साथ ही गुरुवार को सपा के तीन और सदस्य का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। 6 जुलाई को सपा के और 6 सदस्यों का कार्यकाल खत्म हो जाएगा। संजय लाठर का कार्यकाल नेता प्रतिपक्ष के पद पर सबसे कम समय के लिए रहा। लाठर केवल 60 दिन के लिए ही नेता प्रतिपक्ष रहे। अहमद हसन के निधन के बाद सपा ने संजय लाठर को नेता प्रतिपक्ष बनाया था।

# अवैध खनन पर एसडीएम का छापा चार डंपर और पोकलैण्ड सीज

संवाददाता। मोहनलालगंज

**चमरतलिया** और धौरहरा में गुरुवार को दिनदहाड़े पोकलैण्ड मशीनें गरज रही थीं। कार्यक्रम से लौट रही एसडीएम शुभी सिंह की नजर पड़ी तो खुदाई से तालाब बन चुकी जमीन देखकर दंग रह गईं। नाराज एसडीएम ने खनन परमीशन मांगी तो खनन करा रहे लोग टालमटोल करने लगे। जिस पर एसडीएम ने मिट्टी ढुलाई कर रहे चार डम्पर और पोकलैण्ड मशीन सीज कर गोसाईगंज पुलिस को सौंप दिए। एसडीएम ने खनन अधिकारी को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

मोहनलालगंज तहसील के गौरिया कला गांव से गुरुवार को एसडीएम शुभी सिंह अमृत सरोवर योजना के भूमि पूजन कार्यक्रम से वापस लौट रही थीं। रास्ते में चमरतलिया और धौरहरा गांव में एसडीएम को पोकलैण्ड मशीन से अवैध खनन होते दिख गया। लगातार हो रही खुदाई से बन चुके तालाब देखकर एसडीएम छापेमारी करने पहुंच गई। परमीशन मांगने पर खनन करा रहे लोगों ने आवेदन कर चुके होने का बहाना कर टालमटोल शुरु कर दी।

नाराज एसडीएम ने गोशाईगंज पुलिस को बुलाकर खनन में लगे चार डम्पर और एक पोकलैण्ड मशीन सीज करा दी। एसडीएम ने बताया बिना परमीशन अवैध खनन कराया जा रहा था। जिस पर कार्रवाई की गई है। किए गए खनन के बारे में लेखपाल से रिपोर्ट मांगी गई है। जिसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# बैंक ऑफ इंडिया ने 2021-2022 का वित्तीय परिणाम जारी किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बैंक** ऑफ इंडिया ने वित्तीय वर्ष 2021-22 का परिणाम घोषित किया है। वित्तीय वर्ष 2022 की अंतिम तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 142.3 प्रतिशत बढ़कर 606 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। बैंक ने वर्ष 2021 की चौथी तिमाही में 250 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। शुद्ध लाभ में वर्ष दर वर्ष आधार पर 57.60 प्रतिशत की उछाल आई है। यह वित्तीय वर्ष 2021 में 2160 करोड़ रुपए था जो वित्तीय वर्ष 2022 में बढ़कर 3405 रुपए हो गया है। वित्तीय वर्ष 2022 में परिचालन लाभ 9988 करोड़ रुपए रहा। एनआईआई में 35.77 प्रतिशत की वृद्धि आई है। यह वित्तीय वर्ष 2021 चौथी तिमाही में 2,936 करोड़ रुपए से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2022 की चौथी तिमाही में 3,986 करोड़ हो गयी। एनआईएम (ग्लोबल) वित्तीय आय वर्ष 22 की चौथी तिमाही में सुधरकर 2.58 प्रतिशत रहा जो मार्च 21 में 2.01 प्रतिशत था। रिटेल, कृषि एवं एमएसएमई (आरएएम) अग्रिमों में वर्ष-दर-वर्ष 15.70 प्रतिशत वृद्धि हुई है और अग्रिमों में उसकी हिस्सेदारी 54.97 प्रतिशत है। वैश्विक कारोबार, जो मार्च 21 में 10,37,549 करोड़ था, वह वर्ष-दर-वर्ष 4.56 प्रतिशत की वृद्धि के साथ बढ़कर मार्च 2022 में 10,84,910 करोड़ हो गया। वैश्विक जमाराशियां, वर्ष-दर-वर्ष 0.12 प्रतिशत की दर से बढ़ीं तथा 6,27,896 करोड़ के स्तर पर रहीं। वैश्विक अग्रिम वर्ष-दर-वर्ष 11.35 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 4,57,014 करोड़ रहे। घरेलू कासा जमाराशियों में वर्ष-दर-वर्ष 9.26 प्रतिशत की वृद्धि हुई तथा मार्च 2022 में 2,24,669 करोड़ से बढ़कर 2,45,464 करोड़ हो गईं।

# अयोध्या में श्रीराम एयरपोर्ट के लिए जमीन लेने पर जवाब-तलब

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अयोध्या में बनने वाले श्रीराम एयरपोर्ट के लिए डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विवि की जमीन बिना इजाजत लेने के मसले पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने केंद्र व राज्य सरकार समेत सभी सम्बंधित विभागों से जवाब तलब किया है। पीठ ने चार हफ्ते में जवाब देने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई इसके बाद होगी। जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय एवम जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की पीठ ने यह आदेश विवि के एक छात्र ओम प्रकाश सिंह की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर दिया है।

## अयोध्या प्रसाद की सुधरने लगी सेहत

# प्रधान ने परिवार को मुहैया कराया राशन

**मोहनलालगंज।** बलरामपुर अस्पताल में चल रहे इलाज के बाद अयोध्या प्रसाद की हालत सुधरने लगी है। उधर परिवार के सामने दो वक्त की रोटी के संकट को लेकर गुरुवार को प्रधान रीना सिंह ने अयोध्या प्रसाद के घर पहुंचकर राशन सामग्री और आर्थिक मदद मुहैया कराई। मोहनलालगंज के नन्दौली गांव निवासी अयोध्या प्रसाद के इलाज में परिवार की सारी गृहस्थी बिक चुकी है। पत्नी विमला घर का राशन तक बेंचकर इलाज में लगा चुकी है। तंगहाली में बीस दिन से अयोध्या प्रसाद का इलाज ठप था। बिस्तर पर पड़े बीमार अयोध्या की हालत लगातार बिगड़ती जा रही थी। परिवार की बेबसी को लेकर पायनियर में प्रकाशित खबर का संज्ञान लेकर सीएमओ के आदेश पर बीमार अयोध्या प्रसाद को बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां पांच दिन से चल रहे इलाज के बाद अब उसकी हालत में सुधार आने लगा है।

# पेज एक का शेष

## जन आकांक्षाओं...

व्यवस्था की गई है। लोक कल्याण संकल्प पत्र के अनुरूप किसानों को अगले पांच वर्षों में मुफ्त सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अंतर्गत नि:शुल्क सौर पैनल उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है। बजट में इसके तहत 15,000 से अधिक सोलर पैनल मुहैया कराने का प्रावधान किया गया है। प्रदेश में रोजगार सृजन के लिए हर परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी, रोजगार या स्वरोजगार के साथ जोड़ने के लिए सर्वेक्षण के कार्यक्रम को भी इस बजट में स्थान दिया है।

## जयंत चौधरी...

नामांकन भी कर दिया था। उत्तर प्रदेश की 403 सदस्ईय विधानसभा में सपा के 111 सदस्य हैं और वह अपने तीन उम्मीदवारों को आसानी से राज्यसभा भेज सकती है।

## डीएचएफएल के...

किया गया। विशेष अदालत ने इन्हें न्यायिक हिरासत में लेने का आदेश दिया। सीबीआई के विवेचक ने इसके बाद एक अर्जी पेश कर इन्हें 15 दिन के लिए पुलिस कस्टडी रिमांड में देने की मांग की। कहना था कि मुल्जिमों से यह जानकारी प्राप्त करना है कि यूपीपीसीएल द्वारा किसके जरिए डीएचएफएल में चार हजार 122 करोड़ 70 लाख का निवेश कराया गया।

## फर्जी एनकाउंटर...

जिसका अब तक कोई पता नहीं चला। अपीलार्थियों की ओर से दलील दी गई कि मारे गए लोगों में बलजीत सिंह उर्फ पप्पू, जसवंत सिंह उर्फ ब्लिजी, हरमिंदर सिंह उर्फ मिंटा तथा सुरजान सिंह उर्फ बिट्टू खालिस्तान लिब्रेशन फ्रंट के आतंकी थे। उन पर हत्या, डकैती, अपहरण व पुलिस पर हमले जैसे जघन्य अपराध के मामले दर्ज थे।

## देशभर में...

थीम के साथ मोदी सरकार के सत्ता में 8 साल पूरे होने का जश्न मनाएगी। केंद्रीय मंत्रियों को 30 मई से 15 जून तक पार्टी कार्यकर्ताओं और केंद्र सरकार की कई योजनाओं के लाभार्थियों से जुड़ने और फीडबैक लेने का काम सौंपा गया है। यह कार्यक्रम दो सप्ताह की अवधि के दौरान 140 संसदीय क्षेत्रों में आयोजित किया जा रहा है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को एक पखवाड़े तक चलने वाले अभियान का कार्यक्रम तैयार करने के लिए केंद्रीय मंत्रियों के साथ बैठक की थी।

## नीतीश कुमार...

हिस्से के तौर पर पिछले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले थे, तो पहल मेरी थी न कि नीतीश जी की। क्या इसका मतलब यह है कि मैं भाजपा के साथ गठबंधन के लिए तैयार हूं। हाल में राबडी देवी ने पटना स्थित आवास में आयोजित इफ्तार पार्टी आयोजित की थी जिसमें नीतीश कुमार अपने आवास से पैदल चलकर आए थे।

## यौनकर्मियों को...

नहीं होनी चाहिए या उन्हें किसी भी यौन गतिविधि के लिए मजबूर नहीं करना चाहिए। अदालत ने पुलिस को यह भी निर्देश दिया कि यौन अपराधों के शिकार यौनकर्मियों के साथ भेदभाव न करें और उन्हें तत्काल चिकित्सा-कानूनी देखभाल सहित हर सुविधा प्रदान करें। अदालत ने यह भी कहा कि भारतीय प्रेस परिषद से मीडिया के लिए उचित दिशा-निर्देश जारी करने का आग्रह किया जाना चाहिए ताकि गिरफ्तारी, छापे और बचाव अभियान के दौरान यौनकर्मियों की पहचान उजागर न हो, चाहे वे पीड़ित हों या आरोपी। उनके बारे में प्रकाशित न हों या ऐसी किसी भी तस्वीर का प्रसारण न करें जिसके परिणामस्वरूप उनकी पहचान का खुलासा हो। इसके अलावा, नई शुरू की गई धारा 354 सी, आईपीसी, जो दृश्यता को आपराधिक कृत्य बनाती है।

## ज्ञानवापी प्रकरण...

पर सुनवाई करने का फैसला करते हुए 26 मई की तारीख नियत की थी। इसके साथ ही अदालत ने ज्ञानवापी-श्रंगार गौरी परिसर में अदालत द्वारा नियुक्त आयोग की वीडियोग्राफी-सर्वे कार्यवाही पर आपत्ति दाखिल करने के लिए दोनों पक्षों को एक सप्ताह का समय दिया है।

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी तेलियानीं, फतेहपुर**

पत्रांक : 230/नीति आयोग/2022—23 दिनांक : 26.5.22

**अति अल्पकालीन निविदा 2022—23**

मुख्य विकास अधिकारी महोदय फतेहपुर के पत्र सं0 125/ज0नि0का0/नीति आयोग/मनरेगा/2022—23 दिनांक 25.05.2022 के क्रम मे विकास खण्ड तेलियानी फतेहपुर के अन्तर्गत वर्ष 2022—23 में नीति आयोग भारत सरकार द्वारा जनपद मे जल निकायों के कायाकल्प कराने का निर्णय लिया गया है जिसमे तालाबों की खुदाई का कार्य जे0सी0बी0 मशीन के द्वारा किया जायेगा जिसके अन्तर्गत जे0सी0बी0 से खुदाई के बाद मिट्टी का बन्धा बनाया जयेगा एवं लेवलिंग इत्यादि का भी कार्य कराया जायेगा जिसमे डीजल ड्राइवर एवं अन्य उक्त से सम्बन्धित खर्चे सामिल रहेगें। इस कार्य के लिये जे0सी0बी0 मशीन से कार्य कराने वाले ठेकेदारों को प्रति घन्टा की दर से/प्रति घन मी0 की दर से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 27.05.2022 से 03.06.2022 तक किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय से मु0 590/— रू0 मात्र नकद जमाकर प्राप्त किये जा सकते है। एवं 04.06.2022 को निविदा 3 बजे कमेटी के समक्ष खोली जायेगी जिसमे न्यूनतम दर वाले को स्वीकृत किया जायेगा।

**प्रस्तावित कार्य का विवरण निम्नवत् है :—**

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | कार्य का नाम स्थल विवरण | जमानत राशि | निविदा मूल्य +18%GST | खुदाई की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | |
| 1 | नीति आयोग भारत सरकार | नीति आयोग के अन्तर्गत चिन्हित तालाबों की खुदाई कार्य | 10000 | 590 | 15 days |

**नियम एवं शर्ते**

1. टेण्डरदाता कार्यस्थल का पूर्व में ही भली—भांति परीक्षण कर ले बाद में कोई तथ्य मान्य नहीं होगा।
2. न्यूनतम दरो वाली फर्म के ही टेण्डर/निविदा स्वीकार की जायेगी।
3. स्वीकृत निविदादाता को निविदा के साथ 100/— के स्टाम्प पेपर पर 1 रू0 रसीदी टिकट से हस्ताक्षर युक्त अनुबन्ध प्रस्तुत करना होगा।
4. जमानत की धनराशि मु0 10000.00रू0 एफ0डी0आर/टी0डी0आर/एन0एस0सी0/पोस्ट आफिस के द्वारा किये जा सकते है जो खण्ड विकास अधिकारी बहुआं के नाम अनुबन्धित होगी।
5. तालाब खुदाई करते समय नियम व शर्तो के विचलन करने पर टेण्डर निरस्त करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी को होगा।

खण्ड विकास अधिकारी
तेलियानी—फतेहपुर

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी बहुआं, फतेहपुर**

पत्रांक : 298/नीति आयोग/2022—23 दिनांक : 26.5.22

**अति अल्पकालीन निविदा 2022—23**

मुख्य विकास अधिकारी महोदय फतेहपुर के पत्र सं0 125/ज0नि0का0/नीति आयोग/मनरेगा/2022—23 दिनांक 25.05.2022 के क्रम मे विकास खण्ड बहुआं फतेहपुर के अन्तर्गत वर्ष 2022—23 में नीति आयोग भारत सरकार द्वारा जनपद मे जल निकायों के कायाकल्प कराने का निर्णय लिया गया है जिसमें तालाबों की खुदाई का कार्य जे0सी0बी0 मशीन के द्वारा किया जायेगा जिसके अन्तर्गत जे0सी0बी0 से खुदाई के बाद मिट्टी का बन्धा बनाया जायेगा एवं लेवलिंग इत्यादि का भी कार्य कराया जायेगा जिसमें डीजल ड्राइवर एवं अन्य उक्त से सम्बन्धित खर्चे सामिल रहेगें। इस कार्य के लिये जे0सी0बी0 मशीन से कार्य कराने वाले ठेकेदारों को प्रति घन्टा की दर से/प्रति घन मी0 की दर से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 27.05.2022 से 03.06.2022 तक किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय से मु0 590/— रू0 मात्र नकद जमाकर प्राप्त किये जा सकते है। एवं 04.06.2022 को निविदा 3 बजे कमेटी के समक्ष खोली जायेगी जिसमें न्यूनतम दर वाले को स्वीकृत किया जायेगा।

**प्रस्तावित कार्य का विवरण निम्नवत् है :—**

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | कार्य का नाम स्थल विवरण | जमानत राशि | निविदा मूल्य +18%GST | खुदाई की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | |
| 1 | नीति आयोग भारत सरकार | ग्राम पंचायत सुकेती दल्लू तालाब खुदाई | 10000 | 590 | 15 days |
| 2 | नीति आयोग भारत सरकार | ग्राम पंचायत गाजीपुर करबला तालाब खुदाई | 10000 | 590 | 15 days |
| 3 | नीति आयोग भारत सरकार | ग्राम पंचायत बवारा हरसन तालाब खुदाई | 10000 | 590 | 15 days |
| 4 | नीति आयोग भारत सरकार | ग्राम अयाह अयाह नयच्छा तालाब खुदाई | 10000 | 590 | 15 days |

**नियम एवं शर्ते**

1. टेण्डरदाता कार्यस्थल का पूर्व में ही भली—भांति परीक्षण कर ले बाद में कोई तथ्य मान्य नहीं होगा।
2. न्यूनतम दरो वाली फर्म के ही टेण्डर/निविदा स्वीकार की जायेगी।
3. स्वीकृत निविदादाता को निविदा के साथ 100/— के स्टाम्प पेपर पर 1 रू0 रसीदी टिकट से हस्ताक्षर युक्त अनुबन्ध प्रस्तुत करना होगा।
4. जमानत की धनराशि मु0 10000.00रू0 एफ0डी0आर/टी0डी0आर/एन0एस0सी0/पोस्ट आफिस के द्वारा किये जा सकते है जो खण्ड विकास अधिकारी बहुआं के नाम अनुबन्धित होगी।
5. तालाब खुदाई करते समय नियम व शर्तो के विचलन करने पर टेण्डर निरस्त करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी को होगा।

खण्ड विकास अधिकारी
बहुआं—फतेहपुर

**कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, (वि0यां0) नलकूप विंग, उ0प्र0 जल निगम (नगरीय) आर—16, नेहरू इन्क्लेव, गोमती नगर, लखनऊ (उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)**

पत्रांक 547/6901/विविध—3/(22)/21
दिनांक 23.05.2022

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

उ0प्र0 जल निगम, की ओर से जनपद कानपुर में सीवर लाइन डालने के कार्य हेतु निविदाओं की बिक्री दिनांक **01.06.2022 से 09.06.2022** तक कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाए, वि/यॉ0, नलकूप विंग, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) आर—16, नेहरू इन्क्लेव, गोमती नगर, लखनऊ एवं कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं, वि0/यॉ0 नलकूप विंग—द्वितीय, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) 4/308, विनीत खण्ड गोमती नगर, लखनऊ से की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1000.00 + 18% जी.एस.टी.(1000.00+180.00=1180.00) है। निविदा के कार्यो का विस्तृत विवरण जल निगम की वेबसाइट **www.upjn.org** से अथवा सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

**निविदा सूचना**— निविदा विक्रय की तिथि 01.06.2022 से 09.06.2022 **अपरान्ह** 3.00 बजे तक। निविदा डालने की तिथि : 10.06.2022 **अपरान्ह** 3.00 बजे तक। निविदा खोलने की तिथि — 11.06.2022 **पूर्वान्ह** 11.00 बजे।

# गल्फ के लोग चखेंगे रसीली लीची का स्वाद

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

- पूर्वांचल की सब्ज़ियां और फल अब विदेशों के माल में बिकेंगे
- प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी से गल्फ देशों में हाइपर मार्किट के लिए इसका पहला खेप भेजा गया
- 1.2 मैट्रिक टन भिंडी कुनरु और लीची का निर्यात हुआ




**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी से गल्फ देशों में हाइपर मार्किट के लिये 1.2 मैट्रिक टन भिंडी, कुनरु और लीची का पहला खेप गुरुवार को लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा से भेजा गया। कमिश्नर दीपक अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर इसे गल्फ देशों के लिए विधिवत रवाना किया।

कमिश्नर दीपक अग्रवाल ने बताया कि गल्फ देशों में यहां से निर्यात किये जा रहे सब्ज़िया और फलो से वाराणसी ही नहीं बल्कि पूर्वांचल के जनपदों के किसानों की आमदनी दोगुनी करने की दिशा में मिल का पत्थर साबित हो रहा है। पूर्वांचल की सब्ज़िया और फल अब विदेशों के माल में बिकेंगे। इसके लिए एपीडा ने लूलू ग्रुप के साथ वाराणसी के एफ़पीओज को जोड़ा है। उन्होंने बताया कि बाबतपुर के पास नवनिर्मित पैक हाउस शीघ्र ही तैयार हो जाएगा, इससे किसानों को अपने उत्पादों को दूसरे देशों में भेजे जाने हेतु अपेक्षित सहयोग मिलेगा। सामग्रियों के पैकेजिंग आदि में बेहतर सुविधा मिलेंगे। कमिश्नर दीपक अग्रवाल ने मौके पर मौजूद अधिकारियों एवं एफ़पीओज के लोगों को गल्फ एवं अन्य देशों में वहां की मांग के अनुरूप यहां से नियमित रूप से सब्जी एवं फलों को भेजे जाने की व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने बताया कि सब्जियों एवं फलों की दूसरी खेप भी शीघ्र ही यहां से रवाना की जाएगी। कमिश्नर ने मौके पर मौजूद किसानों एवं एफ़पीओ का उत्साह वर्धन करते हुए उत्पादों की गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों के मानकों के अनुरूप उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा की निदेशक, एपीडा के सीबी सिंह सहित किसान एवं एफ़पीओ प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# बांदा जेल से मुख्तार अंसारी की वीडियो कांफ्रेंसिंग से हुई पेशी

- सिविल जज सीनियर डिवीजन/एमपी/एमएलए की विशेष मजिस्ट्रेट श्वेता चौधरी के सामने हुई पेशी
- दो मामलों में अगली पेशी की तिथि 8 जून किया गया नियत

**मऊ।** सिविल जज सीनियर डिवीजन/एमपी/एमएलए की विशेष मजिस्ट्रेट श्वेता चौधरी ने मुख्तार अंसारी की वीडियो कान्फ्रेसिग के माध्यम से थाना दक्षिण टोला के फर्जी असलहा लाइसेन्स से सम्बन्धित मामले व सरायलखन्सी के विधायक निधि के दुरुपयोग मामले में वीडियो कान्फ्रेसिग द्वारा बांदा जेल से पेशी हुआ। पेशी के दौरान न्यायालय ने सरायलखन्सी के मामले में अगली पेशी पर बहस चार्ज हेतु व दक्षिणटोला के फर्जी असलहा दोनों मामलों में अगली पेशी की तिथि 8 जून की नियत किया।

अधिवक्ता दारोगा सिंह ने बताया कि मुख्तार अंसारी की पेशी वीडियो कान्फ्रेसिग से 11 बजे कराई गई। बांदा जेल अधीक्षक ने वीडियो कान्फ्रेसिग से लिंक होने पर सदर विधायक मुख्तार अंसारी को पेश किया। बताते चले कि अंसारी ने अपने लेटर पैड पर करीब आधा दर्जन लोगों को असलहा का लाइसेन्स देने की संस्तुति किया था। सभी के पते जांच में फर्जी पाए गए थे। इस मामले की तहरीर दक्षिण टोला थाना में दर्ज किया गया था। इस मामले में अंसारी सहित सभी आधा दर्जन लोगों को आरोपी बनाया गया था। जिसमें चार्ज शीट आ चुकी है। अधिवक्ता ने बताया कि इस मामले में अग्रिम कार्रवाई हेतु 8 जून की तारीख नियत की गई। वहीं सरायलखन्सी थाना क्षेत्र के सरवां मे स्थित बैजनाथ महाविद्यालय को मानक के विपरीत विधायक निधि से लाखो रूपया दिया गया था। इस मामले में भी कई लोग आरोपी है। अधिवक्ता द्वारा चार्ज पर बहस हेतु स्थगन प्रार्थना पत्र दिया गया। न्यायालय द्वारा इस मामले में सुनवाई हेतु 8 जून की तारीख नियत किया गया है।

अन्तर्राष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस कल

# रैली, क्विज व पोस्टर प्रतियोगिताओं के जरिये किया जायेगा जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**मासिक** धर्म के दौरान किशोरियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए 28 मई को 'अन्तराष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस' मनाया जायेगा। इस दिन जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा जिसमें उन्हें पीरियड्स के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के प्रति सचेत करने के साथ ही खुद को इंफेक्शन से दूर रहने के तौर-तरीकों से अवगत कराया जायेगा। रैलियों, क्विज व पोस्टर प्रतियोगिताओं के माध्यम से उन्हें माहवारी को लेकर मिथकों, गलतफहमियों को तोड़ने पर भी जोर दिया जायेगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संदीप चौधरी ने बताया कि प्रति वर्ष 28 मई को अन्तराष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी इस दिन राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत जिले में विभिन्न जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इसमें किशोरियों में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के लिए सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जायेगा। जिला महिला चिकित्सालय की डा. मधुलिका पाण्डेय ने बताया कि पीरियड्स के बारे में किशोरियां व महिलायें आज के दौर में भी बात करने में झिझकती हैं। इनमें अधिकांश को यह नहीं पता होता कि उन्हें मासिक धर्म के दौरान किन बातों का ध्यान रखना चाहिए । नतीजा होता है कि इस नासमझी में वह इस दौरान तमाम गंभीर बीमारियों को आमंत्रित कर लेती है। जिसका उनके स्वास्थ पर बुरा प्रभाव पड़ता है। आज भी बहुत सी महिलायें पीरियड्स में सेनेटरी नैपकिन का इस्तेमाल नहीं करती हैं। वे कपड़े का इस्तेमाल करती है यदि कपड़ा साफ़-सुथरा न हो या कपड़ा इस्तेमाल करने के बाद धुलकर उसे खुली हवा या धूप में सुखाने की बजाय छुपा कर सुखाती हैं तो इससे कपड़े में नमी बनी रहती है। पुन: ऐसे कपड़े का इस्तेमाल गंभीर संक्रमण को दावत देने के बराबर होता है। ऐसे में अन्तर्राष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस जैसे कार्यक्रम का आयोजन, इस दिशा में एक मजबूत कदम है। आयोजन से किशोरियों, महिलाओं को काफी लाभ होगा।

# शिक्षण में नवाचार बिना सार्थक परिणाम संभव नहीं: प्रो. जोशी

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**डीएवी** पीजी कॉलेज के समाजशास्त्र विभाग के तत्वावधान में गुरुवार को शोध एवं शिक्षण की नई प्रविधियों पर अकादमिक परिचर्चा का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता काशी हिंदू विश्वविद्यालय के सामाजिक विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रोफेसर अरविंद कुमार जोशी ने कहा कि आने वाले समय मे बदलते सामाजिक दायित्व के बीच शोध एवं शिक्षण की प्रविधियों में नवाचार की कोशिश के बिना सार्थक परिणाम प्राप्त नही हो सकेंगे। वर्तमान में सामाजिक संबंधों में परिवर्तन हो रहा है, ज्ञान के विभिन्न अनुशासन एक दूसरे से प्रभावित हो रहे है, ऐसे में शिक्षकों के समक्ष नए प्रकार की चुनौतियां सामने आ रही है। खासतौर से नए प्राध्यापकों को विशेष प्रकार की चुनौतियों के लिए तैयार रखना होगा।

विशिष्ट वक्ता राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर केशव मिश्रा ने कहा कि विद्यार्थियों में अध्धयन की रुचि बढ़ाने की दिशा में कार्य करना होगा, विषय को रुचिकर बनाने से लेकर अध्यापन शैली सबमे व्यापक बदलाव की आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागध्यक्ष प्रोफेसर विक्रमादित्य राय ने किया। स्वागत डॉ. सुषमा मिश्रा एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. जियाउद्दीन ने दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रोफेसर मधु सिसौदिया, प्रोफेसर अनूप कुमार मिश्रा, डॉ. समीर कुमार पाठक, डॉ. हसन बानो, डॉ. नेहा चौधरी सहित अन्य विभाग के प्राध्यापक उपस्थित रहे।

# शिक्षा जीवन में लाती है सकारात्मक बदलाव: राकेश प्रसाद

- कार्यकारी निदेशक ने बालिकाओं से रूबरू होकर बढ़ाया मनोबल




**बीजपुर/सोनभद्र।** कार्यकारी निदेशक सीएसआर आर एंड आर एल ए राकेश प्रसाद ने गुरुवार को एनटीपीसी रिहंद स्टेशन में दिल्ली से पहुँच कर बालिका सशक्तिकरण हेतु स्टेशन में चलाए जा रहे 23.05.2022 से 18.06.2022 तक अभियान की बालिकाओं से रूबरू होकर उनका मनोबल बढ़ाया। श्री प्रसाद ने अभियान में शामिल 120 बालिकाओं के आवास खान पान शिक्षा व्यवस्था आदि का गहनता से निरीक्षण कर के स्टेशन की व्यवस्था पर प्रसन्नता जताई।अपने सम्बोधन में श्री प्रसाद नें कहा कि एनटीपीसी परियोजना के आसपास गांव की बालिकाओं के उत्थान के प्रयासों के तहत कंपनी ने इस साल लगभग 35 प्रोजेक्ट लोकेशन्स पर इस पहल को बढ़ाने की योजना बनाई है। इसी कड़ी में एनटीपीसी ने इस अभियान के तहत देश भर की बालिकाओं को सशक्त बनाने के साथ ही उन्हें बुनियादी शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आत्मरक्षा हेतु जागरुक कर रहा है। इस पहल के माध्यम से एनटीपीसी ने खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में फैली रूढ़ीवादी अवधारणाओं को दूर करने और बालिका भ्रूण हत्या की समस्या को हल करने का प्रयास किया है। इससे बच्चों को अपनी प्रतिभा एवं क्षमता दर्शाने का मौका मिलेगा। उन्होनें आगे बताया कि मुझे यह जान कर खुशी हो रही है कि इस कार्यशाला में भाग लेने वाली 10 से 12 वर्ष के आयु वर्ग की 120 बालिकाओं में से सभी बालिकाएँ रिहंद परियोजना के आस पास के प्रभावित गावों के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली है। कार्यशाला में मिलने वाली सुविधाओं के विषय में उन्होनें आगे बताया कि कार्यशाला के दौरान उनके आवास भोजन की व्यवस्था के साथ साथ उन्हें बेसिक शिक्षा के अतिरिक्त योग क्राफ्ट और अन्य गतिविधियों जैसे नृत्य संगीत व्यक्तित्व विकास कौशल विकास से संबंधित प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। उन्होने बताया कि हमारा प्रयास है कि हम बालिका सशक्तीकरण मिशन के माध्यम से ग्रामीण परिवेश की बालिकाओं के सशक्तीकरण की दिशा में एक छोटा सा योगदान दे सकें। शिक्षा जीवन में सकारात्मक बदलाव लाती है। आज बालिकाओं को शिक्षित करने हेतु विभिन्न पहल किए जा रहे है जिससे बालिकाएँ शिक्षित हो कर अपने जीवन को रोशन कर रही हैं। आज हम किसी भी क्षेत्र में देखे महिलाए कदम से कदम मिला कर अपना निर्धारित कार्य समर्पणता से कर रही है। बालिका सशक्तिकरण मिशन, शिक्षा से रोशनी की ओर, एनटीपीसी की एक ऐसी ही पहल है। प्रस्थान के पूर्व श्री प्रसाद नें स्टेशन के उच्चाधिकारियों के साथ वृक्षारोपण भी किया।

## बजट प्रदेश के हर व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने में मील का पत्थर साबित होगा: अनुप्रिया पटेल

**मिर्जापुर।** अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने उत्तर प्रदेश विधानसभा में प्रस्तुत 6.15 लाख करोड़ के बजट की प्रशंसा करते हुए कहा है कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट प्रदेश के हर व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने में मील का पत्थर साबित होगा।

उत्तर प्रदेश की 24 करोड़ जनता के समग्र विकास को समर्पित 2022-23 का लोक कल्याणकारी बजट आज विधान सभा में प्रस्तुत किया गया। माण्प्रधानमंत्री जी के कुशल मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने में मील का पत्थर साबित होगा। यह बजट प्रदेश के हर गांव के विकास एवं सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# उत्तर प्रदेश को उन्नति के शिखर पर ले जाने वाला बजट है: आशीष पटेल

**मिर्जापुर।** उत्तर प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा, उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट व माप मंत्री आशीष पटेल ने कहा है कि यह बजट प्रदेश को उन्नति के शिखर पर ले जाने वाला बजट है। आशीष ने कहा, माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के समग्र विकास को समर्पित लोक कल्याणकारी बजट आज सदन में प्रस्तुत किया गया। आदरणीय प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से डबल इंजन की एनडी, सरकार उत्तर प्रदेश को उन्नति के शिखर पर ले जाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

2022-23 के इस 6.15 लाख करोड़ के बजट में युवाओं को रोजगार के लिए 10 हजार स्टार्टअप की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश के सभी जनपदों में खेलो इंडिया सेंटर्स स्थापित किए जाएंगे। बुजुर्गों के चेहरे पर खुशहाली लाने के लिए वृद्धावस्था पेंशन 500 रुपए से बढ़ाकर 1000 रुपए कर दिया गया है। अगले 5 सालों में 4 लाख युवाओं को नौकरियां देने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश के प्रत्येक नागरिकए युवा, किसान व महिला के चेहरे पर खुशहाली लाने में यह बजट महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अपना दल (एस) के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाल ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट आम जनता, किसान, महिलाओं व युवाओं का बजट है। बजट से मजदूरों, गरीबों व किसानों के चेहरे पर खुशियां आएंगी। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश पटेल व प्रदेश प्रवक्ता राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि वित्त मंत्री सुरेश खन्ना खन्ना द्वारा प्रस्तुत यह बजट प्रदेश में रोजगार लाने वाला बजट है। बजट में बुजुर्गों के लिए वृद्धावस्था पेंशन 500 रुपए से बढ़ाकर 1000 रुपए कर दिया गया हैए जो कि सराहनीय फैसला है। दिव्यांगों के भरण पोषण अनुदान की धनराशि 300 रुपए से बढ़ाकर 1000 रुपए करने का निर्णय प्रशंसनीय है।

# गला दबाकर बुजुर्ग महिला की हत्या लाखों का सामान उड़ा ले गए डकैत

संवाददाता। मऊ

- थाना सरायलखंसी क्षेत्र अंतर्गत हरपुर लोकईकापुरा गांव में हुई घटना

**थाना** सरायलखंसी क्षेत्र अंतर्गत हरपुर लोकईकापुरा गांव में गुरुवार की देर रात को एक 58 वर्षीय बुजुर्ग महिला की चोरों ने गला दबाकर हत्या कर दिया। साथ ही साथ घर में रखे मोबाइलए नगदीए आभूषण समेत लाखों रुपए का सामान चोरी करके फरार हो गए। मृत महिला का पुत्र भदोही जिला कारागार में सिपाही के पद पर तैनात है। उधर घटना की सूचना पाते ही काफी संख्या में पुलिस फोर्स एवं फोरेंसिक टीम के सदस्य मौके पर पहुंच गए। पुलिस टीम ने मृत महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस टीम हत्याकांड मामले में गहनता के साथ छानबीन में जुटी हुई हैए लेकिन अभी तक पुलिस टीम को कोई अहम सुराग हाथ नहीं लगा है। उधर पुलिस अधीक्षक सुशील घुले ने कहा कि पूरे घटना की जांच चल रही हैए जल्द ही पूरे मामले का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

भदोही जिला कारागार में सिपाही के पद पर तैनात सूर्य प्रकाश श्रीवास्तव का मकान हरपुर गांव से बाहर जेल रोड पर है। मकान में उसकी 58 वर्षीया मां गीता श्रीवास्तव अकेली रहती थी। सिपाही सूर्य प्रकाश अपनी पत्नी व बच्चों के साथ भदोही में रहते हैं। सुबह जब उसने मां के मोबाइल पर फोन किया तो रिसीव नहीं हुआ। इसके बाद वह भदोही से रवाना हो गया। दोपहर करीब 12 बजे जब वह घर पहुंचा तो काफी देर तक दरवाजा खुलवाने के बाद अंदर से आवाज नहीं आई। सिपाही पुत्र ने इसकी सूचना तत्काल जनपद के पुलिस उच्चाधिकारियों को दी। सूचना पाते ही काफी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई। पुलिस टीम के सदस्यों ने जब घर का दरवाजा खोला तो गीता देवी का शव कमरे में पड़ा हुआ मिला। उनका चेहरा कम्बल एवं तकिया से ढका हुआ था। साथ ही साथ घर में रखा उनका मोबाइल फोनए नगदीए आभूषण समेत लाखों रुपए का सामान भी गायब था। पुलिस टीम के अनुसार चोरों ने महिला की गला दबाकर हत्या करके चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस टीम महिला के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस टीम द्वारा काफी गहनता के साथ घर की जांच पड़ताल किया गयाए लेकिन हत्यारों का कोई विशेष सुराग नहीं मिल सका है। उधर पुलिस अधीक्षक सुशील घुले ने बताया कि पूरे घटना की गहनता के साथ जांच किया जा रहा हैए जल्द ही मामले का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने घोषित की जिले की कार्यकारिणी

**मुग़लसराय,चन्दौली।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की वर्चुअल बैठक महासभा के राष्ट्रीय मंत्री शैलेंद्र श्रीवास्तव के मंजुलता मार्ग स्थित आवास पर हुई। जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पदाधिकारियों का चयन किया गयाएइस अवसर पर नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवम शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्रीय मंत्री शैलेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि कायस्थों को हर क्षेत्र में भाग लेना चाहिएए इससे समाज के हर वर्ग में हमारी भागीदारी बढ़ेगी। जो कायस्थ सक्षम हो उन्हे जरूरतमंद लोगो की मदद करनी चाहिए। बैठक में कायस्थों की एकता एवम विकास पर जोर दिया गया। महासभा के सदस्यता अभियान पर बल दिया गया। जिलाध्यक्ष देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने कार्यकारिणी के पदासीन किए गए पदाधिकारी गण की घोषणा की। घोषित कार्यकारिणी में संरक्षक मंडल में, डावएसव सीव श्रीवास्तव, डाव आरव लाल श्रीवास्तव, आशुतोष सिन्हा, सी. लाल श्रीवास्तव। कार्यकारी जिला अध्यक्ष विक्रम श्रीवास्तव, ब. उपाध्यक्ष हरिओम शरण श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष विनोद कुमार श्रीवास्तव, राजू श्रीवास्तव सैय्यद राजा, सुनील श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव, रविशंकर श्रीवास्तव चंदौली कोषाध्यक्ष विकास श्रीवास्तव, महामंत्री अवधेश श्रीवास्तव, संगठन मंत्री गिरीश श्रीवास्तव, जिलामंत्री कृष्ण चंद्र श्रीवास्तव, वरुण श्रीवास्तव, मनोज कुमार श्रीवास्तव युवा प्रकोव ऋषभ श्रीवास्तव को सर्व सम्मति से नियुक्त किया गया। उक्त अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व प्रदेश चुनाव प्रभारी आरुणिचंद सिन्हा, राकेश श्रीवास्तव प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पदाधिकारी तथा प्रांतीय प्रतिनिधि गण सम्मिलित रहे।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर लगी पोषण पाठशाला

**मिर्जापुर।** बाल विकास विभाग की ओर से लोंगो को विभाग की सेवाओं, पोषण प्रबंधन, कुपोषण से बचाव के उपायए पोषण शिक्षा आदि के बारे में जागरूक करने के लिए गुरूवार को सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से पोषण पाठशाला आयोजित हुआ। इस पाठशाला में 36000 लोगों ने जुड़ने का कार्य किया। इस आशय की जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी वाणी वर्मा ने दी।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य थीम पानी नहींए केवल स्तनपान रखा गया है। पोषण पाठशाला में माहिलाओंए बच्चों व परिवार में होने वाले विभिन्न बीमारियों के बारे में जागरूक किया गया । इस पोषण पाठशाला में जनपद के 2668 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बेव लिंक के माध्यम से महिलायें जुड़ी। इसके अलावा पाठशाला में महिलाओं के परिवार सदस्यों ने भी जुड़कर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को दर्ज कराया। इसके साथ ही इस कार्यक्रम में आंगनगाड़ी कार्यकर्ताए मुख्य सेविका के अलावा सुपरवाइजर भी अपने.अपने केन्द्रों पर रहकर लिंक से जुड़ी रही। जिलाधिकारी कार्यालय स्थित एनआईसी सेन्टर में सीएमओ व बाल विकास परियोजना अधिकारी ने वीडियों के जरिये पाठशाला में भाग लिया। उन्होंने बताया कि पोषण पाठशाला में विभागीय अधिकारियों के अलावा विभिन्न विषयों के जानकारों ने थीम समेत विभिन्न मुद्दों के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा किया। इसके साथ ही कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी किया गया।शिशुओं में शीध्र स्तनपान व केवल स्तनपान उनके जीवन की रक्षा के लिए एक बूटी से कम नही है। लेकिन समाज में फैले हुए भ्रामक तथ्यों से यह सुनिश्चित नही हो पाता हैए यह बच्चों के स्वास्थ्य के लिए जानलेवा साबित होता है। इसलिए विभाग ने मई व जून माह में पानी नहींए केवल स्तनपान का अभियान चलाया है।

# यूपी गौरव अलंकरण सम्मान से अलंकृत किए गए 21 विशिष्टजन

- चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ. ओपी शर्मा और योग से विजय नावड़ हुए सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी




**लंका** स्थित होटल किंग्स बनारस में उत्तर प्रदेश पत्रकार परिषद के 16 वे वार्षिक समारोह के अवसर पर आयोजित सुरों की शाम व यू.पी.गौरव अलंकरण सम्मान समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसमें अपने-अपने क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान देने वाले 21 विभूतियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि राजभाषा सलाहकार सदस्य - गृह मंत्रालय भारत सरकार, विशिष्ट अतिथि साहित्यकार श्रीमती नूतन सिंह,समाजसेवी प्रमोद मिश्रा ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप-प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अध्यक्षता भारद्वाज एसोसिएट के निदेशक विक्रम भारद्वाज ने किया। अतिथियों का स्वागत पत्रकार परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश मिश्रा व संपादक, द ट्रू मिरर काली शंकर उपाध्याय ने पुष्प गुच्छ , अंगवस्त्रम, स्मृति चिन्ह व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुधीर सिंह ने कहा कि आज के दौर में पत्रकारिता समाज का प्रमुख अंग हैं। विशिष्ट अतिथि विक्रम भारद्वाज ने कहा कि पत्रकारों को अपनी भूमिका का निर्वहन बिना किसी दबाव के करना चाहिए। यू.पी.गौरव अलंकरण सम्मान से सम्मानित होने वालों में डॉ कैलाश सिंह विकास (पत्रकारिता), राजेश अग्रवाल (उधोग), चक्रवर्ती विजय नावड़ (योग ),डॉ एम. के.गुप्ता (चिकित्सा), अंकिता (वास्तु शास्त्र), प्रो ओम प्रकाश शर्मा (चिकित्सा), यश पवार (गिटार), राम नरेश नरेश (साहित्य), मोहिनी मिश्रा (संगीत), श्रीमती शिवानी सिंह (समाज सेवा), अंकिता वर्मा (चित्र लेखा), शशि कुमार (शिक्षा),चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव (समाजसेवा), चंदू अग्रवाल (फोटोग्राफी),डॉ मो.जफरूल्लाह (शिक्षा),लखन शर्मा पापे (संमाज सेवा), दिनमणि पांडेय(ज्योतिष) के लिए सम्मानित किया गया। संस्था का परिचय डॉ दशरथ पवार तथा संचालन चक्रवर्ती विजय नावड़ ने किया। अंत मे धन्यवाद ज्ञापन हास्य शिरोमणि डॉ चकाचौंध ज्ञानपुरी ने किया।

# सीएमओं ने किया औचक निरीक्षण अनुपस्थित मिलें डॉक्टर व अन्य कर्मी



**सोनभद्र।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 आर0एस0 ठाकुर ने अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भरहरी चोपन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण किया, तो यह तथ्य प्रकाश में आया कि डॉ0 मयुर मणि त्रिपाठी मेडिकल आफिसर का उपस्थिति पंजिका में 01 जनवरी, 2021 से नाम अंकित है, परन्तु जनवरी, 2021 से आज तक उनके द्वारा कोई हस्ताक्षर नहीं किया गया। इसी प्रकार सी0एच0ओ0 मनीष खरवार 17 मई, 2022 से लगातार अनुपस्थित चल रहे हैं। मुख्य चिकित्साधिकारी ने अनुपस्थित कर्मियों से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के लिए कहा। इस दौरान उन्होंने स्टाक रजिस्टर का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टाक रजिस्टर अपडेट नहीं पाया गया मुख्य चिकित्साधिकारी ने रजिस्टर को अपडेट करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया निरीक्षण के दौरान सत्य प्रकाश फार्मासिस्ट बुधवन्ती सहित सम्बन्धित उपस्थित मिले। इसी प्रकार मुख्य चिकित्साधिकारी ने ए0पी0एस0सी0 जुगैल का भी निरीक्षण किया। उपस्थिति पंजिका के निरीक्षण के दौरान सी0एच0ओ0 सरिता डॉ0 मुस्ताक होम्योपैथिक डॉ0 ओम प्रकाश अनुपस्थित पाये गये। मुख्य चिकित्साधिकारी ने सभी अनुपस्थित डॉक्टर व कर्मियों से स्पष्टीकरण प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया।

## चर्चा का विषय

### रेस्टोरेंटों में सेवा शुल्क

**सरकार** रेस्टोरेंटों के बिलों पर 'सेवा कर' या सेवा शुल्क लगाने के विवादास्पद विषय पर चर्चा करने जा रही है। टिप देने का अर्थ केवल वेटर को कुछ पैसा देना भर नहीं है। अतीत में इस पर वैचारिक संघर्ष हुए हैं। आज सरकारों ने इसे रेस्टोरेंट संचालकों पर डाल दिया है तथा इसे वेटरों के श्रम के खिलाफ ग्राहकों के अधिकार का मामला बना दिया है। 2 जून को उपभोक्ता मामलों का विभाग तथा नेशनल रेस्टोरेंट्स असोसियेशन आफ इंडिया इस विवादास्पद विषय पर विचार करेंगे कि क्या भारत में भोजनालय सेवा शुल्क प्राप्त करते हैं जिसे कानूनी शब्दावली में टिप कहा जा सकता है, भले ही यह स्वैच्छिक ही क्यों न हो। सवाल है कि क्या रेस्टोरेंट ग्राहकों को सेवा शुल्क के लिए 'मजबूर' करते हैं? कम से कम भोजनालयों के खिलाफ यही आरोप है। दूसरे, कहा जाता है कि सेवा शुल्क मनमाने तरीके से तय होता है। भोजनालयों पर ग्राहकों को सेवा कर की वैधता के बारे में भ्रमित करने का भी आरोप है। सेवा शुल्क ग्राहक तथा वेटर या सेवा करने वाले कर्मचारियों के बीच लेनदेन है। इसमें कर्मचारियों द्वारा ग्राहकों को सेवा देना तथा यदि वे प्रसन्न हों तो कर्मचारियों को टिप देना शामिल है। जब टिप को एक शुल्क के रूप में बिल का हिस्सा बना लिया जाता है तब इसे सेवा



शुल्क कहते हैं। रेस्टोरेंट इस लेनदेन में शामिल नहीं हैं, हालांकि वे व्यक्तिगत रूप से टिप के बजाय ग्राहकों से स्वैच्छिक सेवा शुल्क वसूलने में सहायता करते हैं। ऐसे में सवाल है कि वार्ता के लिए केवल रेस्टोरेंट संस्थानों को क्यों बुला रही है, कर्मचारी यूनियनों को नहीं? अनेक ग्राहक सेवा शुल्क से पूरी तरह अनभिज्ञ हैं और बहुत से लोग अब भी सेवा कर व सेवा शुल्क के बीच भ्रमित हैं। बहुत से लोगों को विश्वास नहीं है कि रेस्टोरेंट ने जीएसटी व अन्य टैक्स वसूलने से पहले सेवा शुल्क की गणना की गई है। रेस्टोरेंटों का तर्क है कि वे बिल तथा मेन्यू कार्ड पर सेवा शुल्क व जीएसटी दर्ज करने की अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं। सरकार अभी इस बारे में निश्चित नहीं है कि क्या सेवा शुल्क पर कर लगना चाहिए। वस्तु एवं सेवा कर के अनुसार सभी सेवायें कर योग्य हैं। क्या इसमें सेवा कर के अलावा सेवा शुल्क भी शामिल है?

सरकार द्वारा 2017 में जारी सेवा कर दिशानिर्देश केवल सलाह है और इसके समर्थन में कोई विधायन नहीं है। ग्राहक संरक्षण कानून, 2019 में टिपिंग या सेवा शुल्क का उल्लेख नहीं है। इस पृष्ठभूमि में देखने पर सवाल उठता है कि क्या 2 जून की बैठक रेस्टोरेंट मालिकों की संस्था को 'सलाह' देने के सिवा कुछ और प्राप्त कर सकती है? इसके साथ सवाल यह भी है कि वेटर कर्मचारियों के हितों की रक्षा कौन करेगा? टिप से वेटर की क्षमता स्पष्ट होती है। सर्वोत्तम वेटर को सर्वाधिक टिप मिलती है। वास्तव में वेटर ही भोजन व अन्य चीजों के साथ रेस्टोरेंट को लोकप्रिय बनाते हैं। दूसरी ओर सेवा शुल्क सभी वेटरों के लिए समान होता है। उनको एकत्रित शुल्क का समान हिस्सा मिलता है, भले ही उनकी क्षमता का स्तर कुछ भी हो। हालांकि, सभी वेटरों के लिए टिप अतिरिक्त आय है जो उनके जीवन में बड़ा परिवर्तन करती है। ऐसे मामले हो सकते हैं जहां सेवायोजक सेवा शुल्क का एक हिस्सा अपने पास रख लेते हों। ऐसे में कोई कानून क्यों नहीं बनाया जाता है जिससे वेटरों को दी जाने वाली टिप को वैध बनाया जाए क्योंकि सेवा शुल्क व्यवस्था बहुत जटिल है? यही असली मुद्दा है।

# पाकिस्तानी दमन से नाराज़ बलूच

बलूच सीपीईसी का विरोध कर रहे हैं क्योंकि यह बलूचिस्तान के बजाय पंजाब-केन्द्रित है। पाकिस्तानी दमन बढ़ने के साथ ही बलूचों में 'आजादी' की आग और भड़क रही है।



**निष्ठा कौशिकी**
(पंजाब विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर)



बलूचिस्तान पाकिस्तान का सबसे बड़ा कब्जे वाला प्रांत है जो देश के कुल भूमि क्षेत्र का लगभग 44 प्रतिशत है। 770 किलोमीटर की तटीय रेखा वाले बलूचिस्तान की सीमा ईरान व अफगानिस्तान से भी लगी है। दुनिया का लगभग 40 प्रतिशत तेल ग्वादर बंदरगाह से गुजरता है जो हर्मुज जलडमरूमध्य के निकट है। पाकिस्तान की एकीकृत राष्ट्रीयता का मुकाबला बलूचों, पख्तूनों व सिंधियों के नस्ली-राष्ट्रवाद से है जो पाकिस्तान बनने के बाद से अपने राजनीतिक व आर्थिक हाशियाकरण के खिलाफ संघर्ष कर रही हैं। पंजाब-केन्द्रित योजनाओं तथा चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा-सीपीईसी के अंतर्गत परियोजनाओं के क्रियान्वयन से राज्य तथा 'आजादी' की मांग करने वाले बलों के बीच टकराव और तेज हुआ है।

सीपीईसे से जुड़ी परियोजनाओं तथा अनेक अन्य विकास परियोजनाओं द्वारा ग्वादर बंदरगाह के अधिग्रहण तथा इनसे बलूच फर्मों, कामगारों व मछली पकड़ने वालों को बाहर करने के कारण बलूचिस्तान में पहले से मौजूद लोगों की विभाजनकारी भावनायें भड़की हैं। इसका कारण प्राकृतिक संसाधनों का दोहन भी है। इसके साथ ही ईस्टर्न रूट या चीनी परियोजनाओं को ग्वादर और कराची से जोड़ने वाला मार्ग पंजाब व सिंध के विकसित क्षेत्रों से गुजरता है तथा वह बलूचिस्तान के कई जिलों को बाहर छोड़ देता है। इस कारण बलूचिस्तान की मुख्यधारा पार्टियां पूरी परियोजना का विरोध कर रही हैं तथा उन्होंने अपने लिए 'संपूर्ण आजादी' की मांग की है। क्वेटा में शिया हजारा समुदाय से राजनीतिक भेदभाव भी एक मानवाधिकार मुद्दा है। सुन्नी कट्टरपंथी व नस्लवादी शिया हजारा लोगों को ईरान का जासूस समझते हैं। रावलपिंडी में भेदभाव की नीतियों के चलते शिया हजारा समुदाय का नरसंहार हो रहा है और उनको राष्ट्रीय मीडिया में स्थान नहीं मिल रहा है। इसके पहले पूर्वी पाकिस्तान या बांग्लादेश ही ऐसा एकमात्र क्षेत्र था जो संपूर्ण रूप से पाकिस्तान के अत्याचार से मुक्ति पाने में सफल हुआ।

आज विभिन्न बलूच विद्रोही समूहों ने एकजुट होकर बलूच नेशनल आर्मी-बीएनए या 'आजादी ब्रिगेड' का गठन किया है जिसमें बलूच रिपब्लिकन आर्मी-बीआरए, युनाइटेड बलूच आर्मी व बलूच राजी अजोई संगार-बीआरएएस शामिल हैं। इसके परिणामस्वरूप पाकिस्तान से अलग कर एक बलूच क्षेत्र की स्थापना हो सकती है। यदि रावलपिंडी के अत्याचार बढ़ते हैं तो बलूच ईरान, पाकिस्तान व अफगानिस्तान में सभी बलूचों को एकजुट कर 'ग्रेटर बलूचिस्तान' के लिए संघर्ष छेड़ सकते हैं। अनेक नाराज पाकिस्तानी समहों ने शारी बलूच द्वारा सीपीईसी व रावलपिंडी के विरोध के निर्णय का समर्थन किया है। ट्विटर जैसी सोशल मीडिया साइटों पर सिंधी अलगाववादियों ने शारी बलूच की वीरता की प्रशंसा की है। यह एक संकेत है कि बलूच लिबरेशन आर्मी भविष्य में अपना विस्तार कर सिंधी समूहों को भी उसमें शामिल कर सकती है। अब तक बलूच विद्रोही समूह विरोध के पुराने तरीके पर चल रहे थे जिसमें इम्प्रोवाइज़्ड विस्फोटक उपकरणों के साथ मारो व भागो जैसे विरोध शामिल हैं। शारी बलूच के आत्मघाती हमले ने हमलों की संवेदनशील प्रकृति को बढ़ावा दिया है। इस प्रकार के हमले तहरीके तालिबान पाकिस्तान-टीटीपी व अन्य समूह करते रहे हैं। टीटीपी का लक्ष्य अमीरात पाकिस्तान की स्थापना है जो अफगानिस्तान में तालिबान गतिविधि के समान है। टीटीपी मुख्यत: अफगानिस्तान-पाकिस्तान सीमा से अपनी भर्ती करती है और बीएलए के प्रति उसकी सहानुभूति है। लेकिन समस्या यह है कि टीटीपी का जुड़ाव अफगान तालिबान से है और उसे अलकायदा का समर्थन प्राप्त है। इस कारण टीटीपी की भूमिका बीएलए व पाकिस्तान बलों के बीच शतरंज जैसी हो सकती है। ऐसे में क्या यह संभव है कि टीटीपी का नेता नूर वली महसूद बलूच विद्रोहियों से मिल गया हो? अब तक टीटीपी पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम तथा बीएलए पाकिस्तान के दक्षिण में स्वतंत्र गतिविधियां करती रही हैं। लेकिन अब शायद ऐसा न हो। पाकिस्तानी दृष्टिकोण से अफगान तालिबान के कब्जे का अर्थ अमेरिका को बाहर धकेलने के साथ उसके सहयोगियों के लिए कुछ समस्यायें हो सकती हैं, हालांकि इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि तालिबान की क्षमतायें व महत्वाकांक्षायें रावलपिंडी के नेतृत्व से निकल कर स्वतंत्र गतिविधियां हो सकती हैं। तालिबान 'मंत्रियों' की ओर से ऐसे बयान आए हैं कि वे 'राष्ट्रीय' व क्षेत्रीय मामलों में स्वतंत्र भूमिका अदा करना चाहते हैं। इसके साथ ही तालिबान 9-11 के बाद वाली घटनाओं का बदला लेने के बारे में सोच सकते हैं जब पाकिस्तान ने तालिबान को चालाकी से कुचलने में अमेरिका के साथ था। ऐसे में अनुमान है कि तालिबान शायद टीटीपी के खिलाफ कार्रवाई धीमी कर उसे फिर से हथियार प्राप्त करने और उभरने का मौका दें। इसके अलावा वे बलूच विद्रोहियों से भी संबंध स्थापित कर सकते हैं।

2010 के दशकारंभ में तहरीके तालिबान बलूचिस्तान-टीटीबी भी टीटीपी की तरह उभरा था। टीटीबी पाकिस्तानी सुरक्षा बलों तथा कानून-व्यवस्था एजेंसियों से संघर्ष के साथ सभी विदेशियों को बलूचिस्तान से निकालना और पाकिस्तान को रणक्षेत्र बनाना चाहता था। इस संगठन ने स्वदेशी तथा अफगान-पख्तून कबीलाई मूल के विदेशियों की लड़ाकू इकाइयां बनाई थीं। लेकिन बलूच कट्टरपंथी के बजाय परंपरावादी हैं और इसलिए टीटीपी व बीएलए से उनका गठजोड़ बन सकता है। 'आजादी ब्रिगेड' में इस्लामिक स्टेट खुरासान-आईएसकेपी के लोग भी शामिल हो सकते हैं जिससे पाकिस्तान के हितों को और नुकसान पहुंचेगा। हालांकि, अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिक चले जाने के बाद पाकिस्तानी सैनिक अवस्थापना के खिलाफ हमलों की तीव्रता व उनकी संख्या बढ़ी है, पर अफगान तालिबान व हक्कानी नेटवर्क की मध्यस्थता से टीटीपी व पाकिस्तान के बीच युद्धविराम हमें 2020 की याद दिलाता है जब अलकायदा ने टीटीपी व विभिन्न समूहों के बीच विलय कराया था। टीटीपी के साथ विलय करने वालों में लश्करे झांगवी का एक समूह, हकीमुल्ला महसूद गुट, जमातुल अहरार तथा हिज्बुल अहरार का एक समूह शामिल था। इससे टीटीपी मजबूत हुआ था और उसकी स्थिति काबुल में तालिबान जैसी हो गई थी। रणनीतिक भिन्नताओं के बावजूद युद्धविराम से अनेक सवाल उठे हैं। हो सकता है कि रावलपिंडी बलूचिस्तान में एक और सुन्नी आतंकी समूह खड़ा करना चाहता हो जो पहले बलूच आंदोलन का दमन करे तथा बाद में ईरानी जुंदुल्ला संगठन पुनर्जीवित कर सिस्टान व बलूचिस्तान में अस्थिरता पैदा करे। पाकिस्तान 'विनाशकारी शक्तियों' का प्रयोग दूसरी जगह करना चाहता है। देखना होगा कि बीएलए टीटीपी के साथ मिल कर संघर्ष करता है या पाकिस्तान अंतत: अस्थिरता पैदा करने में सफल होता है। लेकिन क्षेत्र में हिंसा बढ़ने पर चीनी सीपीईसी अव्यवस्था का शिकार होगी।

ऐसे में यह सवाल महत्वपूर्ण है कि पाकिस्तान चीन के साथ भी वही खेल खेल रहा है जो उसने अफगानिस्तान में अमेरिका के साथ खेला था? बलूचिस्तान व ईरान में चीनी पैसा व ढांचा आकर्षित कर तथा ईरान को अलग-थलग कर वह अतिवादी समूहों को बलूच नागरिकों तथा ईरानी बलूचों के खिलाफ खड़ा करना चाहता है। क्या यह अमेरिका को भगाने की रणनीति जैसा नहीं है? हिंसा भड़कने पर चीनी परियोजनायें व चीनी नागरिक प्रभावित होंगे। ऐसे में क्या चीनी अपनी परियोजनायें उसी प्रकार छोड़ने पर मजबूर नहीं होंगे जिस प्रकार अमेरिका और नाटो को अफगानिस्तान में अपने हवाईअड्डे छोड़ने पड़े थे?

पाकिस्तान की विदेश व सुरक्षा नीति मुख्यत: भारत-विरोधी दिशा में चलती है। यदि जिहादी संगठनों की संख्या में भारी वृद्धि को इस दृष्टिकोण से देखा जाए तो इसका लक्ष्य किसी भी प्रकार की सहायता व शक्ति प्राप्त कर भारत को अस्थिर करना है। लेकिन जल्द ही इस्लामाबाद अपने यहां पैदा देशी आतंक का शिकार बनेगा और वह स्वयं अपनी कब्र खोदने वाला देश बन सकता है। जोसेफ नाय ने एक बार कहा था, 'महत्वपूर्ण नेता कभ्झी केवल अपने हित प्राप्ति की दिशा में नहीं चलते हैं, उनको अपनी जनता के हितों की भी चिन्ता होती है।' लेकिन इस्लामाबाद ने कभी ऐसा नेता नहीं पैदा किया। और ज्यादा अराजकता, आतंक, बाहरी कर्जों व महंगाई को देखते हुए यह अनुमान लगाना कठिन नहीं है कि जल्द ही 'आजाद बलूचिस्तान' का सपना सच होगा।

# रोजगार के आंकड़ों पर विवाद

**अश्विनी महाजन**
(दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर)



साल 2021-22 में मनरेगा नौकरी की मांग कम थी, जिसका अर्थ है कि जो लोग कोविड के बाद गांवों में चले गए, उन्हें शहरी क्षेत्रों में अपनी नौकरी वापस मिल गई। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) का कहना है कि हालांकि जीडीपी ने कोविड के बाद वापस उछाल पाया है, लेकिन इसका सबसे बड़ा प्रभाव रोजगार पर पड़ा है। 2019-20 में 40.89 करोड़ के मुकाबले साल 2021-22 में रोजगार केवल 40.18 करोड़ तक पहुंच गया। बेरोजगारी जो 2019-20 में 3.29 करोड़ थी, 2021-22 में 3.33 करोड़ तक पहुंची- केवल 4 लाख की वृद्धि। सीएमआईई का निष्कर्ष है कि हालांकि रोजगार में लगभग 7 मिलियन या 70 लाख की कमी हुई है, मगर बेरोजगारी में वृद्धि केवल 4 लाख है, जो संकेत करता है कि वे लोग जो इस अवधि में बेरोजगार हो गए थे, उन्होंने नौकरी की उम्मीद खो दी है और वे अब नौकरी की दौड़ से बाहर हो गए हैं। गौर तलब है कि कुछ समय के लिए, कुछ कारणों की वजह से, देश में रोजगार संबंधी डाटा एनएसएसओ द्वारा प्रकाशित किया गया है। यह स्वाभाविक है कि अधिकृत आंकड़ों की अनुपस्थिति में, सीएमआईई जैसे संस्थानों के आंकड़ों ने मीडिया में जगह हासिल की है। हालांकि, उनकी विश्वसनीयता प्रश्नों के घेरे में है।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) प्रत्येक वित्तीय वर्ष में प्रत्येक ग्रामीण बेरोजगार को कम से कम 100 दिनों के रोजगार की गारंटी देता है। इसलिए, जब लोग बेरोजगार होते हैं, तो वे मनरेगा के तहत 100 दिन का रोजगार पाने के हकदार होते हैं। ऐसे में अगर किसी व्यक्ति को कहीं भी आकस्मिक रोजगार मिल रहा हो और वह 100 या उससे कम दिनों तक बेरोजगार रहता है तो वह 'मनरेगा' के तहत रोजगार की तलाश कर सकता है।

इसका तार्किक अर्थ यह है कि अगर बेरोजगारी बढ़ती है तो मनरेगा की मांग भी बढ़ेगी। उदाहरण के लिए 2020-21 में शहरों में तालाबंदी और आर्थिक गतिविधियों में गिरावट के कारण रोजगार में कमी आई और लोग गांवों की ओर पलायन कर गए, तो उन दिनों 'मनरेगा' के लाभार्थियों की संख्या लॉकडाउन से पहले महज 5 करोड़ से बढ़कर 7 करोड़ हो गई।



दिलचस्प बात यह है कि जिस अवधि (2021-22) के लिए सीएमआईई-रिपोर्ट बेरोजगारी में वृद्धि की बात कर रही है, मनरेगा रोजगार की मांग वास्तव में पिछले वर्ष की तुलना में 6.55 प्रतिशत कम थी। यानी यह कहा जा सकता है कि कोरोना काल में गांवों में पलायन कर चुके लोगों को शहरी क्षेत्रों में वापस रोजगार मिल गया था. इसी क्रम में अप्रैल 2022 के आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि अप्रैल 2021 में 2.62 करोड़ लोगों ने 'मनरेगा' के तहत काम मांगा था, जबकि अप्रैल 2022 में मनरेगा के तहत 2.33 करोड़ लोगों ने ही काम मांगा था, यानी, 11.15 फीसदी की गिरावट। विश्लेषकों का मानना है कि मनरेगा के तहत रोजगार की मांग में गिरावट शहरी क्षेत्रों में रोजगार बढ़ने के कारण आई है। यह आंकड़ा सीएमआईई द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के बिल्कुल विपरीत है, जिसमें कहा गया है कि लोग रोजगार के अवसरों के नुकसान के कारण रोजगार की उम्मीद छोड़कर श्रम-बल से बाहर चले गए हैं। बेरोजगारी के बारे में अपना मनमाना मूल्यांकन देने के बजाय, सीएमआईई को किसी निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए मनरेगा के आंकड़ों पर ध्यान देना चाहिए था।

सीएमआईई की रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर 2022-23 में 7.5 फीसदी जीडीपी ग्रोथ हासिल कर भी ली जाए तो बेरोजगारी दर नीचे जाने के बजाय और बढ़ेगी। इसके लिए वे जीडीपी के संबंध में रोजगार उतार-चढ़ाव की बात करते हैं। लेकिन हमें यह समझना होगा कि अर्थव्यवस्था में कोविड के बाद की रिकवरी कोई सामान्य रिकवरी नहीं है। यह सुधार भारतीय अर्थव्यवस्था में कुछ मूलभूत परिवर्तनों के साथ है। अर्थव्यवस्था के तमाम संकेतक इन बदलावों की ओर इशारा कर रहे हैं।

गौरतलब है कि पिछले वित्त वर्ष (2021-22) की अंतिम तिमाही में जीएसटी संग्रह का मासिक औसत 1.42 लाख करोड़ था। इस वित्तीय वर्ष (अप्रैल 2022) के पहले महीने में 1.68 लाख करोड़ रुपये का अभूतपूर्व जीएसटी संग्रह निश्चित रूप से अर्थव्यवस्था में उछाल की ओर इशारा कर रहा है। मार्च 2022 में, 7.7 करोड़ ई-वे बिल बनाए गए, फरवरी 2022 में बनाए गए 6.8 करोड़ ई-वे बिल से 13 प्रतिशत अधिक। यह स्पष्ट रूप से अर्थव्यवस्था में तीव्र सुधार को दर्शाता है।

उल्लेखनीय है कि देश में सेमीकंडक्टर्स की कमी के कारण ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, टेलीकॉम समेत हमारे कई उद्योग प्रभावित हुए हैं। इसके बावजूद, बढ़ता जीएसटी राजस्व अर्थव्यवस्था में विनिर्माण में तेजी का संकेत दे रहा है। यह सच है कि इस अवधि के दौरान आयात में भी वृद्धि हुई है, जिससे जीएसटी का राजस्व बढ़ा है, लेकिन जहां जीएसटी का राजस्व 1.68 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, इस राजस्व में आयात जीएसटी का हिस्सा 36705 करोड़ रुपये है, जो कि मार्च 2021 के आयात जीएसटी से केवल 5608 करोड़ अधिक है। उल्लेखनीय है कि मार्च 2021 में आयात जीएसटी 31097 करोड़ रुपये था। इसका तात्पर्य यह है कि इस अवधि के दौरान घरेलू व्यवसायों में निश्चित रूप से वृद्धि हुई है, जिसके परिणामस्वरूप जीएसटी में यह भारी वृद्धि हुई है।

सरकार को जल्द ही एनएसएसओ के मजबूत आधिकारिक आंकड़े प्रकाशित करने चाहिए और देश में रोजगार की सही तस्वीर पेश करनी चाहिए।

## आप की बात

### मान का प्रशंसनीय कदम

**पंजाब** में आम आदमी पार्टी की सरकार ने टेंडर के बदले कमीशन मामले में स्वास्थ्य मंत्री के खिलाफ बर्खास्तगी का कदम उठा कर राजनीति में हलचल मचा दी है। इतना ही नहीं मंत्री के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की बात कह कर मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार को लेकर अपने इरादे भी साफ कर दिए। आज राजनीति में कमीशनखोरी को लेकर जिस प्रकार दुकानदारी चलती है उसे रोके जाने की जरूरत है। अब देखना यही है कि मान अपने इरादों में सफल होते हैं या दबाव की राजनीति चलती है। मंत्री की शिकायत पहुंचते ही उन्होंने अपने स्तर से इसकी जांच करवाई और मंत्री सिंगला का पक्ष जाना। मंत्री के गलती मानते ही उन्हें बर्खास्त कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई के आदेश दिए हैं। निश्चित रूप से पंजाब में हुई इस कार्रवाई का स्वागत किया जाना चाहिए। आज देश के राजनीतिज्ञों के इस तरह के मामले बहुत आम बात है। मुख्यमंत्री ने जिस प्रकार जनता के विश्वास पर खरा उतरने की कोशिश की है इसे नजीर मानकर देश के अन्य राज्यों को भी आगे आना चाहिए तभी भ्रष्टाचार मुक्त देश की कल्पना की जा सकती है।

**अमृतलाल मारू**, धार, म.प्र.

### क्वाड का संदेश

**खबरों** के मुताबिक चीन ताइवान पर हमले की तैयारी कर रहा है । दूसरी तरफचीन भारतीय सीमा पर बसाहट के साथ साथ एयरपोर्ट, सड़कों, टावरों का निर्माण कर रहा है। पूरा विश्व रूस यूक्रेन युद्ध की मार झेल रहा है । लेकिन चीन की दादागिरी व उसके तीखे तेवरों में कोई नरमी नहीं है । भारत समेत अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्र प्रमुखों ने क्वाड बैठक के माध्यम से कड़ा संदेश दिया है कि चीनी ताकत का जोर नहीं चलेगा । लेकिन देखने में आया है कि ऐसी चेतावनी के बावजूद ड्रेगन के कानों में जूं तक नहीं रेंगती है । ऐसी चेतावनियों को वह हवा में उड़ा देता है तथा मनमर्जी करता रहता है । अब इन सभी देशों को एकजुटता के साथ अपने कड़े संदेश को अमली जामा पहनाना होगा । चीन को यह एहसास कराया जाना होगा कि यह केवल संदेश नहीं है और इसे हल्के फुल्के में लेना उसके लिए भारी पड़ सकता है । क्वाड में अमेरिका ने सीधी चेतावनी दी है कि यदि चीन ने वैसा दु:साहस करने का प्रयास किया जैसा रूस ने यूक्रेन में किया है तो अमेरिका ताइवान में सैनिक हस्तक्षेप को मजबूर होगा। इस सम्मेलन से भारतीय विदेश नीति की विजय हुई है।

**हेमा हरि उपाध्याय**, खाचरोद उज्जैत्र

### समान नागरिक संहिता

**हमारे** देश के संविधान निर्माताओं ने अनुच्छेद 44 में यह भावना व्यक्त की थी कि देश के सभी नागरिकों के लिए एक जैसा कानून बनाना चाहिए जिसमें सरकार से अपेक्षा की गई कि वह पंथ, जाति, क्षेत्र, भाषा जैसे विभाजनकारी आधार की चिंता किए बिना सभी के लिए समान कानून बनाएगी। विडंबना है कि जब समान नागरिक संहिता की बात हुई तो प्रचार हुआ कि इससे अल्पसंख्यकों के मजहबी अधिकार छिन जाएंगे। जबकि यह ध्यान रखना चाहिए कि कोई भी कानून किसी मजहब के विरुद्ध हो तो वह कानून सुप्रीम कोर्ट में खारिज हो जाएगा। समान नागरिक संहिता लाने की घोषणा के साथ-साथ ही उसका विरोध शुरू हो गया है। विरोध में यही तर्क है कि यह संविधान-विरोधी है इसमें ज्यादातर विरोध मुस्लिम संगठनों का ही है जिससे लगता है कि इससे उन्हें बड़ा नुकसान होगा तब इस कानून को लाने से पहले इस पर हर धर्म में बहस करना बेहद जरूरी है ताकि उनकी भी इस विषय में आंखें खुल सके क्योंकि यह कानून तो सभी के लिए महत्वपूर्ण है और सभी के लिए लाभदायक भी है।

.- **राज,** शाजापुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**मुझे** पूर्ण विश्वास है कि भारत-अमेरिकी मैत्री लगातार सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ती रहेगी।

- **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**मैं** भारत-अमेरिकी साझीदारी को धरती पर निकटतम संबंध तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हूं।

- **जो बाइडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति





**हमें** पंजाब के सीएम भगवंत मान पर गर्व है जिन्होंने भ्रष्टाचार के आरोपी मंत्री को फौरन हटा दिया।

- **अरविंद केजरीवाल**
आप के राष्ट्रीय समन्वयक

प्रयागराज में ऑनर किलिंग का खुलासा

# युवती के पिता ने ही प्रेमी युगल पर चलाई थी गोली

पायनियर समाचार सेवा। नैनी, प्रयागराज

● युवक की हत्या में प्रयुक्त लाइसेंसी पिस्टल के साथ पिता गिरफ्तार

● दारागंज घाट पर हुआ युवक का अंतिम संस्कार, घायल युवती की हालत अभी भी गंभीर

**क्षेत्र** के चक हीरानन्द मोहल्ले में बुधवार की भोर प्रेमी युगल को गोली मारने की घटना का पुलिस ने बृहस्पतिवार को खुलासा कर दिया। गंभीर रूप से घायल लड़की के पिता ने ही दोनों को गोली मारी थी। पुलिस ने आरोपी पिता सुनील मिश्रा को लाइसेंसी पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर लिया। इस प्रकरण में मारे गए लड़के अर्णव सिंह के पिता सत्य प्रकाश सिंह ने सुनील मिश्रा और उसके दो बेटों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराई थी। मारे गए अर्णव सिंह का बुधवार की देर शाम दारागंज घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया।

मूलरूप से यमुनापार के घूरपुर थाना अंतर्गत काटी गांव निवासी सुनील मिश्रा रीवा राजमार्ग पर घूरपुर में ढाबा चलाता है। उसके तीन बच्चे हैं। वह परिवार के साथ नैनी कोतवाली क्षेत्र के चक हीरानंद मोहल्ले में डा मुरली मनोहर जोशी इंटर कॉलेज के समीप अपना मकान बना कर रहता है। उसकी बड़ी बेटी आयुषी मिश्रा 19 नैनी के एडीए कॉलोनी स्थित महर्षि विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में 12वीं कक्षा की छात्रा है। उसके साथ पीएसी कॉलोनी नैनी का रहने वाला अर्णव सिंह पुत्र सत्य प्रकाश सिंह भी पढ़ता था। 11वीं कक्षा में फेल होने की वजह से अर्णव एक क्लास आयुषी से पीछे हो गया था। पढ़ाई के दौरान ही दोनों में प्रेम प्रसंग शुरू हो गया था। स्कूल में कक्षाएं अलग होने की वजह से दोनों मिल नहीं पाते थे। इसलिए परिवार से छिप छिपा कर अर्णव आयुषी से मिला। मिलने के लिए उसके घर आया जाया करता था। सुनील मिश्रा के मुताबिक उन दोनों के प्रेम प्रसंग की भनक उसे लग गई थी। इसलिए मंगलवार की रात में वह अपने ढाबे से रात में 10 बजे ही घर पहुंच गया था। जबकि अमूमन वह 2रू30 से 3 बजे रात भर लौटता था। भोर में अर्णव सिंह आयुषी से मिलने उसके घर पहुंचा था। दोनों छत पर थे। पहले से योजना बना कर बैठे सुनील मिश्रा को जब आहट मिली तो वह अपनी लाइसेंसी पिस्टल लेकर छत पर पहुंच गया। वहां उसने अरुण और आयुषी दोनों को गोली मार दी। अचानक पिता को सामने देख सकपकाई आयुषी और अर्णव उससे दया की भीख मांगते रहे लेकिन क्रोध में पागल हुए सुनील सिंह ने बिना कुछ सोचे समझे दोनों पर फायर कर दिया। जिसमें अरुण सिंह की मौके पर मौत हो गई। आयुषी गंभीर रूप से घायल हो गई। शातिर सुनील ने खुद को बचाने के लिए अपनी लाइसेंसी पिस्टल बेटी के हाथ में थमा दी और वहां से नीचे आकर शोर शराबा करने लगा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लड़की लड़के को अस्पताल पहुंचाया। जहां अर्णव के मौत की पुष्टि डॉक्टरों ने की और आयुषी को गंभीरावस्था में स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत अभी भी क्रिटिकल बनी हुई है। सुनील की तरफसे थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर करने की तहरीर दी गई। जबकि अर्णव के पिता सत्य प्रकाश ने सुनील और उसके बेटे संस्कार व प्रशांत के खिलाफ नामजद तहरीर दी और आरोप लगाया कि उसके बेटे को बुला कर हत्या कर दी गई है। मृत युवक के पिता की तहरीर और मौके पर मिले साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने सुनील मिश्रा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पहले तो सुनील मिश्रा ने पुलिस को बरगलाने की कोशिश की लेकिन जब उसे कर्रा किया गया तो उसने सारा राज उगल दिया।




> **मौके** पर मिले सबूत और लड़के के पिता की एफआईआर के आधार पर पूछताछ की गई। जिससे सच सामने आ गया। आरोपी सुनील मिश्रा को पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया है।
>
> **सौरभ दिक्षित**
> **एसपी यमुनापार प्रयागराज।**

# तहसील परिसर में लगा अटल शीतल संयंत्र खराब



**अम्बेडकरनगर।** टाण्डा तहसील परिसल मेशीतल पेय जल की समस्या को देखते हुये अधिवक्ताओं की माँग पर सासंद डा0हरिओम पाण्डेय नेअधिशाषी अभियन्ता निर्माण खण्ड उ0प्र0जल निगम अम्बेडकर नगर द्वारा अटल शीतल पेय संयन्त्र का निर्माण करा कर दिनांक 28 फरवरी 2018 को अधिवक्ता संघ टाण्डा के अध्यक्ष मोहम्मद जावेद सिद्दीकी व महामन्त्री कमला प्रसाद यादव एव पंकज सिह उप जिलाधिकारी की उपस्थिती मेसासद डा0हरिओम पाण्डेय ने लोकापर्ण किया था जिससे जनता को शीतल जल सुगमता पूर्वकमिलने लगा इधर कुछ दिनो सै उक्त संयन्त्रखराब हो गया है जिससे अब जनता को उक्त संयन्त्र से शीतल जल नही मिल रहा है। उक्त समस्या पर पूर्व सासद प्रतिनिधि, भाजपा श्रम प्रकोष्ठ अवध प्रान्त के क्षेत्रीय सयोजक राम सूरत मौर्य नेउप जिलाधिकारी टाण्डा को पत्र लिख कर अबिलम्ब जनता को शीतल जल उपल्बध कराने हेतु उक्त संयन्त्र ठीक कराने की माँग किया है।

# अधिवक्ता कल्याण समिति चुनाव में विनोद श्रीवास्तव अध्यक्ष व सर्वेश पांडेय सचिव बने



**अम्बेडकरनगर।** बार एसोसिएशन से सम्बद्ध अधिवक्ता कल्याण समिति के चुनाव परिणाम जारी कर दिए गए है। अध्यक्ष पद पर पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष विनोद श्रीवास्तव व कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद पर सबसे ज्यादा मत पाकर विजयी होने वाले सर्वेश कुमार पाण्डेय सचिव निर्वाचित हुए।

बुधवार को अध्यक्ष व सचिव पद के लिए मतदान कचहरी के बार भवन में शुरू हुआ। गत दिनों निर्वाचित वरिष्ठ व कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्यो के साथ बार एसोसिएशन अध्यक्ष व सचिव सहित 11 मतदाताओं को वोट डालना था। अध्यक्ष व सचिव पद दो-दो प्रत्याशी होने से चुनाव काफी रोमांचक हो गया था। मतदान के उपरांत मतगणना शुरू हुई। अध्यक्ष पद पर विनोद श्रीवास्तव छत मत पाकर अपने प्रतिद्धंदी अनिल सिंह को एक मत से पराजित कर विजयी हुए। सचिव पद पर सर्वेश कुमार पाण्डेय छत मत पाकर विजयी घोषित हुए।

सुभाष चन्द्र यादव को पांच मत से संतोष करना पड़ा। बार एसोसिएशन के इतिहास में पहली बार कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य को अधिवक्ता कल्याण समिति का सचिव चुना गया। वह अभी तक सबसे कम उम्र के सचिव निर्वाचित हुए है। विजयी प्रत्याशियों ने अधिवक्ता साथियों से मिलकर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। अध्यक्ष इन्द्रमणि शुक्ला, सचिव विनोद पाण्डेय, अधिवक्ता कल्याण समिति के निवर्तमान अध्यक्ष ताराकांत त्रिपाठी व सचिव रवीन्द्र वर्मा, विशाल सिंह, सुधांशु पाण्डेय, बलवंत चतुर्वेदी, महबूब आलम, फतेहबहादुर सिंह, संतोष पाण्डेय, मनोज पाण्डेय, अरविन्द सिंह, सुनील श्रीवास्तव, ने खुशी व्यक्त किया।

# व्यापारियों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जायेगा निस्तारण

● मण्डलायुक्त संजय गोयल की अध्यक्षता में व्यापार मण्डल के प्रतिनिधियों के साथ सड़क सुरक्षा के सम्बंध में हुई बैठक

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज




**मण्डलायुक्त** संजय गोयल की अध्यक्षता में व्यापार मण्डल के प्रतिनिधियों के साथ सड़क सुरक्षा के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए उपायों अतिक्रमण पार्किंग अवैध वाहन स्टैण्ड वेण्डिंग जोन जाम से निपटने सहित अन्य विषयों पर व्यापारियों के सुझावों और शिकायतों को लेते हुए उनपर व्यापक चर्चा की गयी। बैठक में व्यापारियों द्वारा जाम की समस्या से निपटने के लिए सीएवी इण्टर कालेज के पास फूड जोन बनाने का सुझाव जीजीआईसी के पास पार्किंग स्थल बनाने का सुझाव राजापुर में सब्जी एवं फल की दुकानों को मण्डी में लगाने का सुझाव रोड पर खराब पड़े टेलीफोन व बिजली के खम्भे को हटाने का सुझाव सहित कई अन्य समस्यायें व सुझावों को व्यापारियों द्वारा बैठक में बताया गया। बैठक में व्यापारियों द्वारा उठायी गयी समस्यायें व उनके सुझावों पर मण्डलायुक्त संजय गोयल ने व्यापारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि बिना आपका पक्ष सुने एकतरफा कार्रवाई नहीं की जायेगी।

उन्होंने कहा कि यह शहर आपका है और आप लोगों को अपने शहर को अतिक्रमण जाम मुक्त एवं स्वच्छ बनाना है। यह कार्य बिना आपके सहयोग के सम्भव नहीं है। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र की अलग अलग समस्यायें हैं। व्यापार मण्डल की प्रमुख संस्थायें जिलाधिकारी को पत्र के माध्यम से अपना सुझाव दे सकते है। इससे हमें आपकी समस्याओं को समझने में आसानी होगी और उसका गुणवत्तापूर्ण समाधान किया जा सकता है। मण्डलायुक्त ने कहा कि जनपद में कई जगहों को चिन्हित कर वेण्डिंग जोन बनाये जाने का प्रस्ताव भेजा गया है। जाम की समस्या से निपटने के लिए ई रिक्शा व टैक्सी टैम्पो शहर में कहां कहां और कितनी संख्या में चलेगी। इसकी कार्ययोजना तैयार हो रही है। आने वाले दिनों में जाम की समस्या से व्यापारियों सहित अन्य लोगो को इसका लाभ मिलेगा। चैराहों को अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि अपने निर्धारित स्थान तक ही अपनी दुकानों को रखे। आगे बढ़ाकर सड़कों पर अतिक्रमण न करें। प्रशासन का सहयोग करें।

इस अवसर पर एडीजी प्रेम प्रकाश ने कहा कि हम सब की यह जिम्मेदारी है कि अपने शहर को स्वच्छ और अतिक्रमण मुक्त बनायें। प्रशासन की इस मुहिम में शहर के व्यापारियों को अपना पूरा सहयोग प्रदान करना है। चैराहों पर व्यापारियों द्वारा समिति नामित कर दी जाये। जो भी प्रशासनिक अधिकारी या अतिक्रमण दस्ता मौके पर जायें तो किसी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति न हो। बैठक में आईजी डा राकेश कुमार सिंह जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार नगर आयुक्त रवि रंजन पीडी, वीसी अरविंद कुमार चौहान उपस्थित रहे।

# पैमाइश करने गये लेखपाल को दबंगों ने पीटकर भगाया

**बसखारी, अम्बेडकरनगर।** टाण्डा तहसील अन्तर्गत एकडल्ला मे चकमार्ग की पैमाइश करने गये लेखपाल रवि किरन को क्षेत्र के दबंग सपा नेता कुलदीप वर्मा एव पांच अन्य ने मार पीटकर भगा दिया। हंसवर थाने में दबंग सपा नेता के खिलाफसरकारी कार्य में बाधा, मारपीट ,जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करना जैसे गम्भीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत हुआ। कुलदीप वर्मा द्वारा लेखपाल को जातिसूचक शब्दों के साथ मारने पीटने की घटना करने का विरोध करने पर लेखपाल के भाई शशिभूषण पुत्र विजेद्र कुमार को भी दबंग सपा नेता कुलदीप वर्मा एवं उनके समर्थकों ने जमकर मारा पीटा। किसी तरह वहां से जान बचाकर भागते हुए लेखपाल तहसील टाडा पहुंचा। जहां से अन्य लेखपालों के साथ हंसवर थाने पहुंचकर जान-माल की रक्षा की गुहार लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया। दबंगो द्वारा मारने पीटने से लेखपाल रवि किरन के कान सिर तथा अन्य स्थानों पर गम्भीर चोटें आयी। इस सम्बन्ध मे हंसवर थानाध्यक्ष विजय प्रताप तिवारी ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर लेखपाल को मेडिकल के लिए भेजा गया है।

## अनियंत्रित वाहन से एक की मौत, तीन घायल

**जलालपुर, अम्बेडकरनगर।** कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर बसखारी मार्ग पर अशरफपुर मजगवा गांव के पास अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली ने आटो में हुई टक्कर में एक युवक की मौत तीन गंभीर रूप से घायल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती एक को जिला अस्पताल रेफर किया गया घटना बीती रात लगभग 9 बजे के आसपास की है ऑटो सवार चार लोग शेखूपुर घर आ रहे थे तभी अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्रॉली ने ऑटो को टक्कर मार दी जिससे उसमें सवार मानसिंह संतोष विजेंद्र गब्बर गंभीर रूप से घायल हो गए मौजूद लोगों ने आनन-फानन में सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने गब्बर पुत्र महिपाल 32 वर्ष को मृत घोषित कर दिया वही मान सिंह पुत्र चौथी संतोष पुत्र शिवदास विजेंद्र पुत्र धूमर को गंभीर चोट आई थी चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद संतोष पुत्र शिवदास को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया जबकि मानसिंह व बिजेंद्र को प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है इस संबंध में कोतवाल अमित प्रताप सिंह ने बताया कि मृतक का शव का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है

## नौकरी दिलाने के लिए हड़प लिया पैसा, एसपी से शिकायत

**भीटी, अम्बेडकरनगर।** नौकरी दिलाने के बहाने पैसा हड़पने का मामला सामने आया है जिसमें पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर आरोपी के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। मामला भीटी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भीटी के मजरे भीखी दुबे का पूरा का है। पीड़ित प्रदीप कुमार पुत्र सुकई का आरोप है कि थाना क्षेत्र अंतर्गत तेरिया निवासी अमरनाथ पुत्र सोमई ने पीड़ित से एक लाख रुपये नौकरी दिलाने का झांसा देकर ले लिया। आरोपी ने लालच दिया था कि मेरे शुभचिंतक कई ऐसे व्यक्ति हैं जिससे आपको नौकरी मिल जाएगा यदि आपको नौकरी नहीं मिलती है तो उसके द्वारा पूरा पैसा वापस कर दिया जाएगा। पीड़ित का रिजल्ट आ गया परंतु आज तक नौकरी नहीं दिला सके। पीड़ित जब अपने रुपए की मांग किया तो हीला हवाली करते रहे और रुपए वापस नहीं किया।मजबूर होकर पीड़ित ने थानाध्यक्ष भीटी को एक लिखित शिकायत पत्र दिया तब थाना अध्यक्ष ने 25 हजार रुपये वापस कराया तथा शेष बची राशि को 16 अप्रैल को देने के लिए कहा था। विपक्षी से शेष बची धनराशि को पीड़ित ने मांग किया तो विपक्षी द्वारा रुपए देने से हीला हवाली कर रहा है थाने पर पीड़ित ने कई बार थाना अध्यक्ष से मिला परंतु अब उस पर थाना अध्यक्ष द्वारा कोई कार्यवाही नहीं कर रहे हैं और ना ही ध्यान दे रहे।

# कॉन्फ्रेंसिंग करते रहे प्रमुख सचिव और झपकी मारते रहे अधिकारी

संवाददाता। अम्बेडकरनगर



**प्रमुख** सचिव बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उत्तर प्रदेश शासन के अध्यक्षता में पानी नहीं केवल स्तनपान विषय पर वीडियो कांफ्रेंस का आयोजन समय 12 बजे दोपहर से 2 बजे के बीच किया गया जिसमें सभी जनपदों के एनआईसी पर जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार मिश्र, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, मुख्य सेविका एवं 15 लाभार्थियों ने उक्त लाइव टेलीकास्ट को एनआईसी में सुना। साथ ही सभी संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों पर वेबकास्ट के माध्यम से स्मार्टफोन द्वारा किया गया, जिसमें 2182 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग किया इस कार्यक्रम में आशा ,आशा संगिनी, गर्भवती/ धात्री माताओं को शामिल करते हुए कुल 34690 लाभार्थियों ने सीधे जुड़कर जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की मुख्य थीमष् पानी नहीं केवल स्तनपान एवं निरंतर स्तनपानष् विषय पर डॉ रेनू श्रीवास्तव, डॉ सलमान खान एवं डॉ मनोज कुमार सिंह ने विस्तृत प्रकाश डालते हुए यह बताया कि यदि हम समय पर स्तनपान प्रारंभ कर दें तथा 06 माह तक केवल स्तनपान कराएं तथा स्तनपान की निरंतरता जारी रखें तो 20: नवजात शिशुओं की मृत्यु को रोका जा सकता है।वीडियो कास्ट में निदेशक बाल विकास पुष्टाहार डॉक्टर सारिका मोहन ने बताया कि गर्मी के दृष्टिगत प्रसांगिक विषय होने के कारण इस माह का थीम ष्पानी नहीं केवल स्तनपान रखा गया तथा भविष्य में विषयगत बिंदुओं पर इसी प्रकार से ष्पोषण पाठशालाष् कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## योग से शरीर स्वास्थ्य व रोग मुक्त होता है: राम ललित तिवारी

**इन्दईपुर, अम्बेडकरनगर।** योगा करने से शरीर स्वास्थ्य एवं रोग मुक्त होता है तथा बच्चों को पढ़ने में एकाग्रता बढ़ती है एवं मन- मस्तिष्क स्वस्थ रहता है। बच्चों को योगा का प्रशिक्षण देते वक्त योगा के प्रशिक्षक राम ललित तिवारी ने यह बात कही। ग्रीष्मावकाश के दौरान समर कैम्प के अंतर्गत पंडित त्रिलोकीनाथ स्मारक इंटर कॉलेज हथिनाराज पिपरी के कक्षा 9-12 के सैकड़ों विद्यार्थियों को योग का कुशल प्रशिक्षक राम ललित तिवारी एवं सुनील कुमार की देखरेख में दिया गया। ज्ञातव्य है कि सूबे में पहलीबार ग्रीष्मावकाश के दौरान 21 मई से 28 मई तक समर कैम्प आयोजित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत सिलाई, योग, विद्यालयी क्रीड़ाओं, पाककला आदि विषयों से सम्बंधित विशेष कौशलों के विकास हेतु विद्यार्थियों को सिखाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार 24 मई को सिलाई कढ़ाई की ट्रेनिंग देते वक्त प्रशिक्षक ज्योति यादव एवं तारा देवी ने कहा कि सिलाई-कढ़ाई और अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी वस्तुओं का निर्माण कौशल विकास की बेहतरीन विधाओं में एक है,जोकि हस्तकौशल के साथ ही साथ धनार्जन में भी अत्यधिक सहायक होते है।

# राजेंद्र सिंह रज्जू भैया यूनिवर्सिटी के कुलसचिव और उप कुलसचिव को यूजीसी सीपीसी देने पर निर्णय ले सरकार

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रोफेसर राजेंद्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय प्रयागराज में कार्यरत कुलसचिव एवं उप कुलसचिव को यूजीसी के सेंट्रल पे कमीशन लागू कर पुनरीक्षित वेतनमान देने के मामले में प्रदेश सरकार को निर्णय लेने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश को निर्देश दिया है कि वह 6 सप्ताह के भीतर इस मामले में समानता पर विचार करते हुए निर्णय लें। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ ने उप कुलसचिव डा दीप्ति मिश्रा की याचिका पर दिया है। याची प्रोफेसर राजेंद्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय प्रयागराज में कार्यरत है। याचिका में मांग की गई थी कि याची को पुनरीक्षण वेतनमान यूजीसी छठा और सातवां सेंट्रल पे कमीशन सीपीसी के तहत एक जनवरी 2016 से दिया जाए। याची के अधिवक्ता के शरण का कहना था कि यूजीसी कि इस योजना का लाभ अन्य विश्वविद्यालयों को मिल रहा है। यहां तक की विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों के अन्य स्टाफको मिल रहा है। याची डा दीप्ति मिश्रा ने उप कुलसचिव पद हेतु राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत वेतनमान को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। याची का कहना था कि विश्वविद्यालय और विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सभी महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षक एवं पुस्तकालयाध्यक्ष को यूजीसी सीपीसी वेतन दिया जाता है। जबकि उनकी नियंत्रक निकाय विश्वविद्यालय के कुल सचिव एवं उप कुलसचिव को राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत उनसे न्यून वेतनमान प्रदान किया जाता है। राज्य सरकार ने इस याचिका का विरोध करते हुए कहा गया था कि डा दीप्ति मिश्रा को उनकी नियुक्ति के समय इस वेतनमान की जानकारी थी और अन्य विश्वविद्यालयों के कुल सचिव और उप कुल सचिव को यूजीसी वेतनमान इसलिए स्वीकृत किया गया है क्योंकि वह अलग एक्ट से संचालित है।

# मुक्ति का साधन है भागवत कथा: जगतगुरु रामदिनेशाचार्य



**अयोध्या।** श्रीमद् भागवत कथा श्रवण से जन्म जन्मांतर का पाप नष्ट हो जाता है। व्यक्ति का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। कलयुग में कथा सुनने मात्र से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है। अवध धाम के पूरा बाजार में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामदिनेशाचार्य महाराज ने बताई। महाराज जी ने बताया कि भगवान का वह वांग्मय स्वरूप है भागवत कथा जिससे जीव को मुक्ति प्राप्त होती है। परमात्मा के नाम से जुड़ कर जिन लोगों ने मुक्ति प्राप्त किया उसके साक्षी के रूप में महाराज परीक्षित है जिस दिव्य कथा का पान करके जीवन मुक्त हो गए। जीवन मुक्ति वही है जो संसार में रहते हुए भी संसार की भाषाओं में फंसता नहीं है और किस प्रकार संसार के भवसागर से निकलकर भगवत आराधना की ओर प्रेरित हो सकें।

जगतगुरु जी महाराज ने बताया इस कथा को ही भागवत कथा कहते है जहां ध्रुव और प्रहलाद जैसे छोटी अवस्था में भी भगवत प्राप्ति की लालसा जागृत होती है और प्राप्त भी होती है।श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने से व्यक्ति का सोया हुआ भाग्य जाग्रत हो जाता है। कथा कल्पवृक्ष के समान हैए जिससे सभी इच्छाओं की पूर्ति की जा सकती है। कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती हैए जब कथा को अपने दिनचर्या में शामिल करेंगे। भागवत कथा से मन का शुद्धिकरण होता है। इससे संशय दूर होता है और शांति व मुक्ति मिलती है। कथा की विश्राम बेला पर मुख्य यजमान ने श्रीमद् भागवत जी की आरती उतारी और भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर मुख्य यजमान श्री अखंड प्रताप सिंह रणजीत सिंह महेंद्र सिंह शिवेंद्र प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

# भाकपा ने कहा, बजट में छलावे के अलावा कुछ नहीं

**अयोध्या।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अयोध्या के सचिव मंडल ने योगी-2 सरकार के गुरुवार को विधानसभा में प्रस्तुत बजट को आंकड़ों की बाजीगरी बताया है, जिससे गांव,गरीब, किसान. मजदूर, युवा-छात्र और आम आदमी को भारी निराशा हाथ लगी है। विशालकाय घाटे का बजट आमजन को घाटे में धकेलने वाला है।

लग रहा था कि वित्त मंत्री चुनाव सभा में अपनी पार्टी के क्रिया-कलापों को गिनवा रहे हैं। केन्द्र और राज्य की योजनाओं में आबंटित धनराशि के आंकड़े प्रस्तुत कर दिये गये हैं, जिसकी दिशा है चंद पूंजीपति, ठेकेदारों और कमीशनखोरों को लाभ पहुंचाना। 6.15 लाख करोड़ के आंकड़े को जिस तरह प्रचारित किया जा रहा है, रुपये की निरंतर घटती कीमत के युग में वह भी छलाबे के अलाबा कुछ नहीं। किसानों को मुफ्त बिजली का वायदा पूरा नहीं किया गया। उनकी आय दोगुनी करना तो दूर उनकी कृषि लागत वापस आने तक की गारंटी नहीं है। जिन गरीबों को मुफ्त राशन और अन्य राहतें देने का ढिंढोरा पीटा जा रहा हैए उनकी गरीबी दूर करने का कोई प्लान नहीं है। बेरोजगार आज भी हाथ मल रहे हैं और उन्हें आगे भी हाथ मलते रहना है। आम और गरीब घरों के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की कोई मंशा इस बजट में दिखाई नहीं देती। उन्हें आगे भी शिक्षा माफिया के हाथों लूटना है। मेडिकल कालेज बनाने की बातें की जा रही है लेकिन जिन सरकारी अस्पतालों में गरीब लोग इलाज कराते हैं, उनमें पर्याप्त चिकित्सक, दवा, जांच, भर्ती और इलाज की हालत सुधारने और निजी इलाजियों की लूट से लोगों की रक्षा करने की व्यवस्था बजट में नहीं की गयी। गन्ने की बकाया विपुल राशि का भुगतान कब होगा, इसका खुलासा किया नहीं गया। कमरतोड़ महंगाई को नीचे लाने की कोई व्यवस्था नहीं की गयी है।

महिला सुरक्षा की बातें बढ़ चढ़ कर की जा रही हैं। आज स्थिति ये है कि महिलाएं तो सर्वाधिक पुलिस आतंक की शिकार हैं। इसी एक माह में पुलिस कार्यवाहियों में प्रदेश में एक दर्जन महिलाओं की हत्या हो चुकी है। कल की ही खबर है कि बागपत जनपद में पुलिस रेड से पीड़ित महिलाओं ने जहर पी लिया और उनमें से एक की मौत हो गयी। कानून व्यवस्था हथियार खरीदनेए अधिक बल भर्ती कर लेने से सुधरने वाली नहींए इसके लिये स्वयं नेताओं को अपना आचरण बदलना होगा और पुलिस. बलों का आचरण सुधारना होगा।

भाकपा राज्य काउंसिल सदस्य अशोक कुमार तिवारी ने दावा किया कि सड़कें, पुल, हाईवे, एयरपोर्ट ये सब उच्च मध्यम वर्ग और धनाढ्य वर्ग की विलासिता के लिये बनाये जा रहे हैं। सौ गोते लगा कर भी गरीब और साधारण नागरिक इस बजट में अपने लिये कुछ नहीं ढूंढ पा रहा है। विकास के कामों में भारी कमीशनखोरी के चलते और मुद्रास्फीति और महंगाई के छलांगें भरने के कारण बजट का व्यावहारिक आकार कहाँ जा कर गिरेगाए कहा नहीं जा सकता। कारपोरेट संचालित सरकार का बजट जैसा हो सकता हैए वैसा ही है यह बजट। भले ही ढिंढोरची इसे अद्वितीय और ऐतिहासिक बता रहे है।

कमलापुर का मामला

# थाने में ग्रामीण की मौत से भड़के परिजन, हंगामा

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर में** खाकी पर फिर गंभीर आरोप लगा है। मृतक के परिजनों का आरोप है कि थाना प्रभारी की धमकी से ग्रामीण की हार्ट अटैक से मौत हो गयी। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने शव का अंतिम संस्कार न करने का ऐलान कर सीतापुर-लखनऊ हाईवे जाम करने पहुंच गए। हालांकि पुलिस अधिकारियों की मुस्तैदी के चलते हाईवे जाम करने में वह नाकाम रहे। सीतापुर के थाना कमलापुर के थानाध्यक्ष पुष्पराज कुशवाहा पर धमकाने का आरोप मृतक रमेश यादव के बेटे अंकित ने लगाया है। मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी एनपी सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों द्वारा मारपीट करने और थाना पुलिस पर लगाए गए आरोपों की दो तहरीर दी गयी हैं जिस पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की जायेगी।



वीओ-थाना कमलापुर इलाके के जैतनपुर गांव में अवैध शराब बेंचे जाने से मामले की शुरूआत हुई। मृतक रमेश यादव के भतीजे पुनीत यादव का शराब लेने को लेकर अशोक से 24 मई को विवाद हो गया। बताते हैं कि पहले पुनीत शराब खरीदकर पी चुका था फिर उधार लेने पहुंचा था इसको लेकर मना करने पर विवाद हो गया। आरोप है कि अशोक और उनके साथियों ने पुनीत की पिटाई कर दी जिससे वह घायल हो गया। इसको लेकर रमेश यादव कमलापुर थाने रिपोर्ट लिखाने पहुंचे थे। मृतक रमेश यादव के पुत्र की माने तो उसके पिता को कमलापुर थानाध्यक्ष पुष्पराज कुशवाहा ने काफी देर बैठा लिया फिर धमकी देने लगे जिससे रमेश यादव को हार्ट अटैक हो गया। आनन-फानन अस्पताल ले जाया गया लेकिन तब तक उसकी जान जा चुकी थी। मृतक के बेटे अंकुर का आरोप है कि विवाद अवैध शराब को बेंचे जाने के कारण हुआ। रमेश यादव की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने गुरूवार को ऐलान कर दिया कि शव का अंतिम संस्कार तभी होगा जब थानाध्यक्ष और दोषी अशोक के खिलाफ कार्रवाई होगी। इसको लेकर ग्रामीण गांव से सीतापुर-लखनऊ हाईवे को जाम करने के लिए शव लेकर कमलापुर थाने के करीब पहुंच गए।



### हाइवे जाम कर ग्रामीणों ने किया उग्र प्रदर्शन

**हाईवे जाम** करने जा रहे ग्रामीणों की जैसे ही सूचना पुलिस तक पहुंची सबसे पहले सीओ सिधौली यादुवेन्द्र यादव पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और ग्रामीणों को समझाने लगे लेकिन ग्रामीण मानने को तैयार नहीं हुए। इसी बीच जिला मुख्यालय से अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी एनपी सिंह कई थानाध्यक्षों के साथ मौके पर पहुंच गए। मृतक के परिजनों से बातचीत की और भरोसा दिलाया कि जो भी तहरीर देंगे वह कार्रवाई करेंगे। इस मामले में दो तहरीर दी गयी हैं जिस पर अशोक, पिन्टू, रामचन्द्र, सुरेन्द्र के विरूद्ध धारा 307 के तहत मुकदमा दर्ज हो गया है।

# पैसों के लिए मुर्दे का इलाज

संवाददाता। सीतापुर

**उत्तर प्रदेश के** सीतापुर जनपद में धरती के भगवान कहे जाने वाले प्राइवेट नर्सिंग होम के डाक्टर का एक ऐसा हैरतअंगेज कारनामा सामने आया है जिसे सुनकर आपके पैरों तले जमीन खिसक जायेगी। जिस मरीज को सीएचसी में मृत घोषित किया गया उस मुर्दा का इलाज एक नर्सिंग होम में महज पैसों के कारण किया गया। परिजन तो यह आरोप लगा ही रहे हैं। सीएचसी जारी किया गया मृत सार्टिफिक्रेट और प्राइवेट नर्सिंग होम में हुए इलाज का बिल अपने आप में बड़ा प्रमाण है। बावजूद इसके सीएमओ डा. मधु गैरोला का कहना है कि अभी तक उन्हें कोई शिकायत ही नहीं मिली है शिकायत मिलती है तो वह जरूर कार्रवाई करेंगी। बताते चलें कि कोतवाली महमूदाबाद इलाके में गब्बर इज बैक की तर्ज पर मुर्दे का इलाज कर बिल वसूला गया है।

### अभी कोई नहीं मिली शिकायत-सीएमओ

**बिना नब्ज पकड़े मुर्दे को इंजेक्शन लगाकर इलाज किए जाने के मामले में सीएमओ डा. मधु गैरोला का कहना है कि अभी तक उनके पास कोई भी शिकायत नहीं पहुंची है जैसे ही शिकायत आयेगी वह कार्रवाई करेंगी।**

आरोप है कि ऐसा कृत्य एक नर्सिंग होम में किया गया है। दरअसल कोतवाली क्षेत्र के जाफरपुर गांव में रहने वाला 30 वर्षीय मनीष पुत्र विजय वर्मा उर्फ पप्पू बुधवार की दोपहर घर से बाहर लगे हैण्डपम्प में पानी पीने गया था।

इस हैण्डपम्प में विद्युत टुल्लू मोटर बंधा है जिसमें करंट उतर आने से चपेट में आया मनीष बुरी तरह झुलस गया। मनीष को परिजन सीएचसी महमूदाबाद लेकर गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सीएचसी से पुलिस को सूचना देने के साथ ही मनीष की मौत होने की पुष्टि करते हुए पर्चा भी परिजनों को दिया गया। अचानक जवान बेटे को खोने वाले पिता का मन यह मानने को तैयार नहीं हुआ कि उसका बेटा अब इस दुनिया में नही है और इसी उम्मीद में शायद वह इस दुनिया में नही है और इसी उम्मीद में शायद वह सिधौली मार्ग स्थित नर्सिंग होम मनीष के शव को लेकर चला गया। अब नर्सिंग होम का खेल देखिए रूपया ऐंठने के लिए मुर्दे का इलाज करना शुरू कर दिया और जब 2250 रूपए की दवाई तथा 1600 रूपए के चिकित्सीय फीस का बिल बनाकर परिजनों को थमा दिया तब यह बताया कि मनीष की मौत हो चुकी है। मृतक युवक का इलाज करने और फर्जी बिल बनाने का आरोप लगाते हुए परिजन अस्पताल के सामने हंगामा करने लगे। हालांकि लोगों ने किसी तरह परिजनों का शांत कराया और शव को अंतिम संस्कार के लिए गांव पहुंचाया। मृतक के पिता ने पूरे मामले की जानकारी दी।

# व्यापारियों के साथ अन्याय का मुंहतोड़ जवाब देगा संगठनःभगवती

संवाददाता। सीतापुर

**व्यापारी का** मान सम्मान सुरक्षा के साथ किसी को भी खिलवाड़ करने की अनुमति नही है, व्यापारी अपने साथ हर किसी को भी अन्याय का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है, यह बात संगठन के जिलाध्यक्ष भगवती गुप्ता ने ब्रजकिशोर मिन्टो देवी के सभागार में प्रेरणा दिवस के अवसर पर कही। श्री गुप्त ने कहा कि प्रदेष सरकार की यह भी मंशी है कि कोई भी गुण्डा माफिया व्यापारी का उत्पीडन न कर सके, व्यापारी भयमुक्त होकर वर्तमान में अपना कार्य कर रहा है। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए प्रान्तीय महासचिव श्री षोभित टण्डन ने कहा कि हर वर्ष 26 मई को स्व0 हरिष्चंन्द्र अग्रवाल जी की षहादत हमे संघर्श व अपने अधिकारों के लिए शहादत की प्रेरणा देते है। इस अवसर पर 21 सम्भ्रान्त व वरिश्ठ व्यापारियों को समाज के प्रति उनके




योगदान के लिए माल्यार्पण, अंगवस्त्र व प्रषस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से हरिप्रसाद वर्मा, विनोद गौतम, सोनू गुप्ता, प्रतीक जिन्दल, रितेष गुप्ता, कमलेष गिहार, हाजी शकील खान, जगदीष लोधी, बबलू चौधरी, सरदार कुलदीप सिंह, राजीव बाधवानी, राजकिषोर विष्वकर्मा, राहुल स्वर्णकार, सोनू गुप्ता, जीतू रस्तोगी, विपिन रस्तोगी, अंकुर राठौर, दिलीप कुमार, मो0 षमीम, मुर्तजा अली, रवी रस्तोगी, राजीव बाधवानी, अनिल गुप्ता, हाजी षकील, अजय कुमार, सहित अनेक व्यापारी बन्धु उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### जरूरतमंद के लिए जिलाध्यक्ष ने किया रक्तदान

**सीतापुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुसांगिक संगठन भारत तिब्बत सहयोग मंच के जिलाध्यक्ष प्रभात अग्निहोत्री ने किया जरूरतमंद महिला के लिए रक्तदान। ग्राम झरेखापुर की निवासी रोशनी की अचानक तबियत खराब होने के चलते जिला अस्पताल महिला वार्ड में भर्ती करवाया गया। खून की जांच होने पर पता चला की रोशनी के हीमोग्लोबिन की भरी कमी है इस वजह से उसकी हालत बिगड़ती जा रही है। इसी बीच किसी ने फेसबुक के माध्यम से रोशनी के लिए रक्तदान की अपील की। फेसबुक पर पोस्ट देखकर प्रभात ने जिला अस्पताल पहुंचकर रोशनी के लिए रक्तदान किया और हर संभव मदद का भरोसा दिया। प्रभात ने कहा की रक्तदान सभी को करना चाहिए ये मानव कल्याण का कार्य है। किसी को भी रक्त की कमी नहीं होने देंगे जरूरत पड़ने पर अपने साथियों से भी रक्तदान करवाएंगे।

### बाइक सवार सगे भाइयों की दुर्घटना में मौत

**बरेली।** खेत से वापस घर लौट रहे मोटरसाइकिल सवार सगे भाइयों को एक ट्रक ने टक्कर मार दी दोनों की मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शवो को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और ट्रक चालक के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी।सिरौली थाना क्षेत्र के गांव देवसास संग्रामपुर निवासी 30 वर्षीय रवेश पुत्र झम्मन लाल और उसके छोटे भाई गोवर्धन की बीती रात संग्रामपुर चौराहा के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि रवेश और गोवर्धन कल दिन में मोटरसाइकिल से अरदास पर स्थित अपने खेत पर गए थे जहां से शाम को वापस घर लौट रहे थे लेकिन घर से कुछ ही पहले संग्रामपुर चौराहा पर तेजी से आ रहे एक ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोगों ने टक्कर मारने वाले ट्रक और उसके चालक को पकड़कर दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल ले जाने की कोशिश की लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी उनके पास मिले मोबाइल फोन से दुर्घटना की सूचना के घरवालों को दी गई जो मौके पर पहुंचे और शवो की शिनाख्त कर ली जिन्हें पुलिस नें पोस्टमार्टम के लिए भेज कर ट्रक को कब्जे में ले लिया और उसके चालक को हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी रवेश की पत्नी का नाम ममता है वह एक बेटी का पिता था जबकि गोवर्धन की पत्नी कुसुम दो बच्चों की मां है।

### दुर्घटना में घायल ग्रामीण की जान गई

**बरेली।** बेटी के घर जाने के लिए साइकिल से अपने घर से निकले एक ग्रामीण को पीछे से आ रही मोटरसाइकिल की टक्कर मार दी वह गंभीर रूप से घायल हो गया इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा।शेरगढ़ थाने के गांव कस्बा पुर निवासी 60 वर्षीय जियालाल पुत्र जोरावर कि बीती रात इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में मौत हो गई उसे 20 मई को घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि जिया लाल की बेटी शेरगढ़ थाने के गांव जशनपुर में रहती है और वह अपनी बेटी चंद्र कली से मिलने के लिए साइकिल लेकर सुबह घर से निकला था लेकिन कुछ दूर चलने के बाद ही उसकी साइकिल को एक मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी जिससे साइकिल सवार जियालाल गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाली बाइक फरार हो गई लोगों ने दुर्घटना की सूचना जियालाल के घरवालों को जो मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गए जहां बीती रात उसने दम तोड़ दिया था उसकी पत्नी का नाम जमुना देवी है वह 6 बच्चों का पिता था शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### कन्हैया गुलाटी के खिलाफ एक और धोखाधड़ी का मामला आया सामने

**बरेली ।** कैनविज कंपनी के मालिक कन्हैया गुलाटी के खिलाफफतेहगंज पश्चिमी में एक और अमानत में खयानत और गाली गलौज का मामला दर्ज किया गया है। फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के ग्राम धनेटा के रहने वाले अक्षय कुमार पुत्र स्वर्गीय मुन्नालाल ने कन्हैया गुलाटी एजेंट विक्रम मौर्य और जगतपाल मौर्या के खिलाफधोखाधड़ी करके पैसा हड़प लेने और मांगने पर गाली गलौज करने का मुकदमा दर्ज कराया है। अक्षय कुमार ने बताया कि उससे 3 लाख 64 हजार 800 रुपए कन्हैया गुलाटी पर बकाया है जो कि उससे रुपया दुगना कराने के नाम पर लिया गया था। अक्षय कुमार ने बताया कि रुपए मांगने पर हमेशा उसे टालमटोल करते रहे उसका रुपए हड़प लिया और वापस नहीं किया। अक्षय कुमार ने इस बाबत थाना फतेहगंज पश्चिमी में धारा 406, 504 के तहत कन्हैया लाल गुलाटी कैनविज इंडस्ट्रीज के मालिक एजेंट विक्रम मौर्य और जगतपाल मौर्या के खिलाफदर्ज कराया है। सही कार्रवाई नहीं होने पर आज अक्षय कुमार ने एसएससी बरेली के समक्ष प्रस्तुत होकर निष्पक्ष कार्रवाई करने की मांग की है।

# पालीथिन को पूर्णतया प्रतिबंधित कराने की मांग



**लखीमपुर-खीरी।** नगर में फैली व्याप्त गंदगी को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता बृजेश मिश्रा ने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। बताते चलें कि जिले में ब्रजेश मिश्र सामाजिक कार्यकर्ता के नेतृत्व में मुहिम जागे त्यागे पालीथीन के अंतर्गत सिगल यूज पालीथीन जो उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रतिबंधित है। खुलेआम फैक्ट्रियां चल रही है। बाजारों में मिल रही है। जगह-जगह मिल रही है। जिलाधिकारी से वार्ता भी हुई ब्रजेश मिश्र ने जिलाधिकारी को बताया कि प्रधानमंत्री का संकल्प 2 अक्टूबर तक सिंगल यूज पालीथीन मुक्त भारत बनाना लेकिन कैसे बनेगा जब नगर में पूरी तरह से धड़ल्ले से गोदामों में भरी है। बाजारों में मिल रही है। निराश्रित गौवंश खाकर मर रहे हैं। लोग पालीथीन का कचरा जला रहे हैं। उप जिलाधिकारी को पत्र सौंपा गया। जल्द ही नहीं रूकी तो मुख्यमंत्री को अवगत कराया जायेगा कि प्रतिबंध के बावजूद कैसे मिल रही है। प्रधानमंत्री का संकल्प सिगल यूज पालीथीन मुक्त भारत कैसे बनेगा। ज्ञापन में सर्वेश शुक्ला, हर्ष गुप्ता, राहुल सिंह एडवोकेट, मनीष तिवारी, अनिल रस्तोगी, अनुज वर्मा, आकाश शर्मा आदि लोग सम्मिलित हुए।

# चंदन चौकी पहुंचीं आकांक्षा चीफ ने देखी संस्कृति

● **आकांक्षा अध्यक्ष ने किया सिलाई प्रशिक्षण का शुभारंभ**

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

डीएम की पत्नी व जिला आकांक्षा समिति के अध्यक्ष अल्पना सिंह जिले की सुदूरवर्ती थारू जनजाति क्षेत्र चंदन चौकी पहुंची, जहां उनके प्रथम आगमन पर जनजाति बाहुल्य क्षेत्र परसिया गांव में पारंपरिक वेशभूषा में थारू जनजाति की युवतियों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने क्षेत्र के रहन-सहन देख उनकी संस्कृति जानी।

भ्रमण के दौरान जिला आकांक्षा समिति के अध्यक्ष अल्पना सिंह ने समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित परंपरागत हस्तशिल्प उत्पादों को तैयार करते हुए देखा। उनके उत्पादों के विपणन हेतु जानकारी के साथ ही हस्तशिल्प निर्मित उत्पादों की सराहना की। परियोजना अधिकारी यूके सिंह ने आकांक्षा अध्यक्ष को थारू



जनजाति क्षेत्र की संस्कृतिए रहन.सहन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। एकीकृत जनजाति विकास परियोजना चंदन चौकी में आकांक्षा अध्यक्ष अल्पना सिंह ने सिलाई प्रशिक्षण का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने सिलाई का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली थारू जनजाति की बालिकाओं से बातचीत करके उनका परिचय जाना। इस दौरान उन्होंने परियोजना में संचालित योजनाओं की भी जानकारी प्राप्त की। इसके बाद अध्यक्ष अल्पना ने जनजाति विकास विभाग द्वारा संचालित विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का बौद्धिक स्तर एवं व्यवस्था की भी जानकारी ली। विद्यालय में प्रथम आगमन पर छात्र.छात्राओं ने अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया तथा समूह की महिलाओं को स्वावलंबीए आत्मनिर्भर करने हेतु अन्य योजनाओं पर भी वार्ता की। यथासंभव सहायता एवं प्रोत्साहित किए जाने हेतु आश्वस्त भी किया। इस दौरान परियोजना अधिकारी यूके सिंह, प्रभारी निरीक्षक चंदन चौकी मौजूद रहे।

# बच्चों ने लिए समर कैंप के मजे



**लखीमपुर-खीरी।** सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल में समर कैम्प का उत्साह जारी रहा। योग्याभ्यास द्वारा शारीरिक और मानसिक व्यायाम कर बच्चे जुम्बा में भी कसरत करते नजर आए। दिन की जोरदार शुरुआत के बाद बच्चे विभिन्न गतिविधियों में व्यस्त हो गए। स्कूल प्रबंधन समिति ने अंगीकरण संस्थान से आये बच्चो का जोरदार स्वागत किया और साथ में समर कैंप का आनंद लिया। स्कूल की ट्रस्टी प्रियंका गुप्ता से उपहार पा कर और स्वादिष्ट भोजन कर के अंगीकरण संस्थान के समस्त बच्चो और कर्मचारियों ने हृदय से सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल का धन्यवाद् कहा। स्कूल की ट्रस्टी प्रियंका गुप्ता ने कहा जयपुरिया स्कूल निरंतर साधन हीन बच्चोके लिए हर संभव सहायता प्रदान करता रहेगा। विद्यालय प्रबंधन सामाजिक कार्यों के लिए अग्रसर है और आगे भी ऐसे सद्कार्यो का आयोजन स्कूल समिति करती रहेगी। उधर बच्चों ने साहसिक गतिविधियों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रत्येक दिन की तरह सभी गतिविधियों में बच्चो ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।

# एप के माध्यम से मृत्यु दर में कमी लाने का होगा प्रयास :डा. धनीराम

● **अब आईआरएडी ऐप पर करनी होगी घायल व मृतकों की रिपोर्ट दर्ज**

● **जिला अस्पताल एमसीएच व ट्रामा सहित सभी सीएचसी प्रभारी और डाटा एंट्री ऑपरेटर को दिया गया प्रशिक्षण**

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**इंटीग्रेटेड रोड** एक्सीडेंट डेटाबेस (आईआरएडी) ऐप/वेब में रोड एक्सीडेंट से मरने व घायल होने वालों की सूचना अपडेट करने को लेकर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम सीएमओ आफिस सभागार में सीएमओ डा. शैलेंद्र भटनागर की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इस दौरान एसीएमओ डा. बीसी पंतए डिप्टी सीएमओ डा. धनीराम भार्गव व जिला महिला चिकित्सालय से वरिष्ठ चिकित्सक डा. ब्रजमोहन भी उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक और डाटा एंट्री ऑपरेटर सहित जिला पुरुष अस्पताल जिला महिला अस्पताल एमसीएच विंग और ट्रामा सेंटर के प्रभारी अधीक्षक और ऑपरेटर शामिल हुए।

इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डेटाबेस ऐप/वेब पर बोलते हुए सीएमओ डा. शैलेंद्र भटनागर ने कहा कि दुर्घटनाओं को लेकर जो डाटा ऑनलाइन इकट्ठा किया जा रहा हैए उसमें स्वास्थ्य विभाग काफी अहम रोल है। इसलिए जरूरी है कि इस काम को बेहद संजीदगी से किया जाए। किसी भी तरह की कोताही न की जाए। जिससे आने वाले समय में व्यवस्थाओं को और बेहतर किया जा सके। यह काम कोई नया नहीं है सिविल पुलिस ट्रैफिक पुलिस सहित आरटीओ द्वारा यह काम पहले ही किया जा रहा है लेकिन शासन द्वारा स्वास्थ्य विभाग को इससे जोड़ने के पीछे जो मकसद है उसे हमें सार्थक करना है।

इस दौरान डिप्टी सीएमओ डा. धनीराम भार्गव ने बताया कि आए रोज होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए केंद्र सरकार ने नई कवायद शुरू की है। भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने एनआईसी के साथ मिलकर एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटाबेस तैयार करने के लिए एक ऐपध्वेब विकसित किया है। आईआरएडी अपने जिले में होने वाली दुर्घटनाओं का विवरण दर्ज किया जाएगा।इसका अध्ययन आईआईटी मद्रास के विशेषज्ञ करेंगे। इस एप्लीकेशन के जरिए पुलिस सड़क दुर्घटनाओं को ऑन स्पॉट दर्ज कर रही है। परिवहन विभाग गाड़ियों का मोटर व्हीकल इंस्पेक्शन कर रहा है। हाईवे डिपार्टमेंट दुर्घटना स्थल की रोड डिटेल अपडेट करेंगे। चिकित्सा विभाग रोड एक्सीडेंट के घायलों की सूचना अपडेट करेगा।

उन्होंने बताया कि इसके लिए एनआईसी के रोल आउट मैनेजर अंशुल कुमार के द्वारा चिकित्सकों एवं कंप्यूटर ऑपरेटर को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों को बताया गया कि ऐप के प्रयोग से हादसों में होने वाले नुकसान को कम करने के साथ ही भविष्य में मार्ग दुर्घटनाओं में कमी आएगी। इसका उद्देश्य सड़क दुर्घटना के डेंजर जोन को चिन्हित कर घायल लोगों को गोल्डन आवर में जरूरी चिकित्सा सुविधा मुहैया कराकर मृत्यु दर के साथ ही दुर्घटना में कमी लाना है।

इस परियोजना के तहत स्वास्थ्य कर्मी दुर्घटना के घायलों को बेहतर इलाज देने का प्रयास करने के साथ घायलों की मेडिकल रिपोर्ट डिस्चार्ज समरी ड्रंक ड्राइव टेस्ट रिपोर्ट व पोस्टमार्टम रिपोर्ट अधिसूचना ऐप पर अपडेट कर पुलिस विभाग को ऑनलाइन सूचित करेंगे।

# ग्राम जोखीपुरवा में हुई हत्या का खुलासा

● **जमीन बनी थी घटना का कारण**

संवाददाता। निघासन-खीरी

**पुलिस अधीक्षक** के निर्देशन में जनपद स्तर पर चलाये जा रहे वारंटी, वाछिंत, संदिग्ध अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के दौरान क्षेत्राधिकारी सुबोध कुमार जायसवाल सर्किल निघासन के कुशल मार्गदर्शन में व प्रभारी निरीक्षक चन्द्रभान यादव प्रभारी कोतवाली निघासन के नेतृत्व में कोतवाली निघासन पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्तगण राजेश पुत्र बलभद्र, राम सहेली पत्नी तोताराम निवासीगण ग्राम जोखीपुरवा मजरा लुधौरी थाना निघासन खीरी को ग्राम जोखीपुरवा से 26 मई को समय 9:30 बजे गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तगण से पूछताछ पर जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि मृतक तेजराम निवासी जोखीपुरवा थाना निघासन खीरी अपनी जमीन अपने बेटे तोताराम की पहली पत्नी के लड़के मुनेश के नाम



करने की बार-बार बात करता था। जिसके कारण तोताराम की दूसरी पत्नी रामसहेली ने अपने करीबी सहअभियुक्त राजेश पुत्र बलभद्र निवासी जोखीपुरवा के साथ षडयंत्र करके 12.7.2021 को रात्रि के भोजन में जहर मिलाकर ससुर तेजराम की हत्या कर दी थी। मृतक की विषरा परीक्षण रिपोर्ट में जहर की पुष्टि हुई है तथा जहरीला भोजन रोटी खाने से मृतक के दो बकरी के बच्चे भी मर गये थे। दोनों अभियुक्तगण ने अपना अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। विवेचना से धारा 120बी/429 भादवि की बढ़ोत्तरी भी की गयी है। दोनों अभियुक्तगण को नियमानुसार न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार भेजा जा रहा है। गौरतलब है कि 17.9.2021 को वादी मुनेश कुमार पुत्र तोताराम निवासी ग्राम तेंदुआ थाना फूलबेहड़ खीरी द्वारा अपने बाबा तेजराम निवासी जोखीपुरवा थाना निघासन खीरी की हत्या हो जाने के सम्बन्ध में थाना निघासन में सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया था। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक चन्द्रभान यादव थाना निघासन, उप निरीक्षक अनिल कुमार राजपूत, सर्वेश मौर्य थाना निघासन, हेड कांस्टेबल विकास पवार, कांस्टेबल सूर्यप्रभाकर, कांस्टेबल सुमित कुमार, कांस्टेबल दिलदार खान व कांस्टेबल सुरेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

# कार्य बल में महिलाओं की संख्या उनकी क्षमता से बहुत कम : कोविंद

तिरुवनंतपुरम ( भाषा )

**भारत के** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने बृहस्पतिवार को कहा कि गहरे सामाजिक पूर्वाग्रहों के कारण कार्यबल में महिलाओं का अनुपात उनकी क्षमता के मुकाबले बहुत कम है और ऐसा पूरी दुनिया में है। संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की मांग के बीच राष्ट्रपति ने कहा कि देश के विभिन्न कार्यकारी निकायों में महिलाओं का और प्रतिनिधित्व होना चाहिए। राष्ट्रपति ने देश की स्वतंत्रता के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव समारोह के तहत यहां केरल विधानसभा में आयोजित राष्ट्रीय महिला विधायक सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर कहा कि 1857 के बाद से भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं ने अहम भूमिका निभाई है और ब्रितानी शासन के खिलाफ कई प्रदर्शन उनकी व्यापक भागीदारी के



कारण सफल हुए। कोविंद ने रानी लक्ष्मीबाई, कस्तूरबा गांधी और सरोजिनी नायडू समेत भारत के स्वतंत्रता संग्राम की कई महिला नेताओं के बलिदान एवं योगदान का जिक्र करते हुए कहा कि देश की आजादी के बाद से महिलाएं एक के बाद एक हर क्षेत्र में अवरोधकों को तोड़कर आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने जिक्र किया कि जब राष्ट्र के लिए एक संविधान का मसौदा तैयार करने लिए संविधान सभा एकत्र हुई थी, तो उसमें 15 महिला सदस्य थीं, जिनमें तीन केरल से थीं। कोविंद ने कहा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, गणित और प्रबंधन जैसे पारंपरिक रूप से पुरुष के गढ़ों में उनकी (महिलाओं की) संख्या बढ़ रही है। कोविंद ने कहा, हमें स्वीकार करना होगा कि वे गहरे सामाजिक पूर्वाग्रहों का शिकार हैं। कार्य बल में उनकी संख्या उनकी क्षमता से बहुत कम है। राजनीति में भी आपको और अधिक संख्या में चुनाव लड़ना और जीतना चाहिए। यह दुखद स्थिति निश्चित रूप से पूरी दुनिया में है। इस मामले को वैश्विक परिदृश्य में देखने से हमें यह एहसास करने में मदद मिलती है कि हमारे सामने मानसिकता को बदलने की चुनौती है- यह एक ऐसा काम है, जो कभी आसान नहीं रहा। कोविंद ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम ने भारत में लैंगिक समानता के लिए एक ठोस नींव रखी और तब से देश पहले ही एक लंबा सफर तय कर चुका है, लोगों की मानसिकता में कुछ बदलाव आया है और तीसरे लिंग एवं अन्य लैंगिक पहचानों समेत लैंगिक संवेदनशीलता भी बढ़ी है। उन्होंने कहा, हमारे आदर्शों और मूल्यों से प्रेरित होकर हम इन सात दशकों में और आगे बढ़े हैं और स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया है। मुझे लगता है कि इसे महिला सशक्तीकरण कहना गलत है, क्योंकि महिलाएं वैसे भी शक्तिशाली हैं। क्या हम यह नहीं कहते कि वे शक्ति का प्रतीक हैं। कोविंद ने कहा, यदि राजनीतिक प्रक्रिया में उनकी बेहतर भागीदारी किसी भी तरीके से सशक्तीकरण है, तो यह पूरे समाज का सशक्तीकरण है, क्योंकि आप सभी शासन में गुणवत्ता लाती हैं, आप महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करती हैं। इस कार्यक्रम में केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री पिनराई विजयन, राज्य विधानसभा के अध्यक्ष एम बी राजेश, राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता वी डी सतीसन, वाम सरकार के कई मंत्री और देश भर की महिला विधायक भी शामिल हुईं।

# पटियाला जेल में सिद्धू को मिलेगा जूस लैक्टोस मुक्त दूध, बादाम का विशेष भोजन

भाषा। चंडीगढ़

**पटियाला केन्द्रीय** कारागार में बंद कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू को मुंशी का काम दिया गया है और डॉक्टरों की सिफारिश पर उनके रोजाना के भोजन में नारियल पानी, जूस, लैक्टोस मुक्त दूध, बादाम और अन्य खास चीजें शामिल की गई हैं। सिद्धू के अनुरोध पर चिकित्सकों के एक बोर्ड ने कांग्रेस नेता के लिए विशेष आहार की सिफारिश की है। सिद्धू की चिकित्सा जांच पंजाब के पटियाला जिले के राजिन्दर अस्पताल में 23 मई को हुई थी। सिद्धू के विशेष आहार में तड़के एक कप रोजमेरी चाय या एक गिलास नारियल पानी, नाश्ते में एक कप लैक्टोज मुक्त दूध, एक बड़ा चम्मच अलसी, खरबूजे का बीचाचिया, पांच-छह बादाम, एक अखरोट और पीकैन नट शामिल हैं। नाश्ते और दोपहर के भोजन के बीच चिकित्सकों ने सिद्धू को एक गिलास जूस (चुकंदर, खीरा, तुलसी के पत्ते, आंवला, गाजर आदि) या तरबूज, खरबूजा, कीवी, अमरूद आदि किसी फल का जूस, या अंकुरित काला चना, हरा चना, खीरा टमाटर नींबू वोकाडो की सलाद देने की सिफारिश की है। चिकित्सकों ने दोपहर के भोजन में खीरा, मौसमी हरी सब्जी, ज्वार, सिंघाड़ा, रागी की एक रोटी देने की सिफारिश की है। शाम को कम वसा वाले दूध से बनी एक कप चाय और आधे नींबू के साथ 25 ग्राम पनीर या सोया पनीर देने को कहा है।चिकित्सकों ने रात के भोजन में सिद्धू को मिश्रित सब्जियां, दाल, का सूप या काले चने का सूप और एक कटोरी हरी सब्जी देने को कहा है। चिकित्सकों ने रात को सोने से पहले सिद्धू को एक कप कैमोमाइल चाय और गुनगुने पानी में एक चम्मच इसबगोल देने को कहा है। जेल के एक अधिकारी ने बताया कि क्रिकेट से राजनीति में आए 58 वर्षीय सिद्धू को मुंशी का काम सौंपा गया है और सुरक्षा कारणों से अपनी बैरक में रहते हुए यह काम करेंगे।

## ईडी ने कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के प्रमुख शिवकुमार के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल किया

**नई दिल्ली ( भाषा )।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष डी के शिवकुमार और अन्य लोगों के खिलाफ धन शोधन रोधी कानून के तहत आरोप पत्र दाखिल किया है। ईडी के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, अभियोजन पक्ष की ओर से यह आरोपपत्र दिल्ली की एक अदालत के समक्ष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज किया गया है। ईडी ने सितंबर 2018 में शिवकुमार और अन्य लोगों के खिलाफ धन शोधन का मामला दर्ज किया था। यह मामला कथित कर चोरी और हवाला सौदे को लेकर बेंगलुरु की एक अदालत में शिवकुमार और अन्य के खिलाफ दायर आयकर विभाग के आरोपपत्र पर आधारित था। आयकर विभाग ने शिवकुमार और उनके सहयोगी एस के शर्मा पर तीन अन्य आरोपियों की मदद से हवाला माध्यमों से नियमित रूप से बड़ी मात्रा में बेहिसाब नकदी का लेन-देन करने का आरोप लगाया है।

# परब एवं अन्य से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत कई स्थानों पर ईडी का छापा

- संघीय एजेंसी ने धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत एक ताजा मामला दर्ज किया

भाषा। नई दिल्ली, मुंबई

**प्रवर्तन निदेशालय** (ईडी) ने रत्नागिरि जिले के तटीय दापोली इलाके में भूमि सौदे में कथित अनियमितताओं और अन्य आरोपों को लेकर महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री अनिल परब एवं अन्य के खिलाफ धनशोधन मामले की जांच के तहत राज्य में बृहस्पतिवार को कई स्थानों पर छापे मारे। संघीय एजेंसी ने धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत एक ताजा मामला दर्ज किया है। मुंबई में परब के आधिकारिक आवास, दापोली और पुणे में संबंधित परिसरों समेत कम से कम सात परिसरों पर एजेंसी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) द्वारा मुहैया कराई गई सुरक्षा के साथ छापे मार रही है। ऐसा समझा जाता है कि छापेमारी के दौरान मंत्री अपने आवास पर मौजूद थे। तीन बार महाराष्ट्र विधान परिषद के सदस्य निर्वाचित परब (57) राज्य के परिवहन मंत्री हैं। उनके खिलाफ अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के कई आरोप लगाए गए हैं और ऐसा समझा जाता है कि निदेशालय का ताजा मामला इन्हीं आरोपों पर आधारित है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्वाई दापोली में 2017 में परब द्वारा एक करोड़ रुपए के प्रतिफल मूल्य पर एक भूखंड की खरीद संबंधी आरोपों से जुड़ी है। इस भूखंड को 2019 में पंजीकृत किया गया था। एजेंसी कुछ अन्य आरोपों की भी जांच कर रही है। आरोप है कि इस भूखंड को बाद में मुंबई के केबल ऑपरेटर सदानंद कदम को 2020 में 1.10 करोड़ रुपए के प्रतिफल मूल्य पर बेच दिया गया था। इस बीच, इसी जमीन पर 2017 से 2020 तक एक रिजॉर्ट बनाया गया। आयकर विभाग ने कदम और उप क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) बजरंग खरमाटे जैसे, परब के कुछ करीबी लोगों के खिलाफ मार्च में छापे मारे थे, जिसके बाद उसने मंत्री पर ए आरोप लगाए थे। महाराष्ट्र में शिवसेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और कांग्रेस के गठबंधन वाली महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार ने आरोप लगाया है कि केंद्रीय एजेंसियां केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार के कहने पर उनके दलों के नेताओं और परिवारों को निशाना बना रही हैं। भाजपा के नेताओं का कहना है कि एजेंसियां अपना काम स्वतंत्र रूप से और सबूतों के आधार पर कर रही हैं।

## डीआरआई ने कंटेनर से 56 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किया

**भुज ( भाषा )।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने गुजरात के कच्छ जिले में मुंद्रा बंदरगाह के पास एक कंटेनर से 56 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किया है। डीआरआई के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। जब्त किए गए मादक पदार्थ की कीमत के बारे में नहीं बताया गया है। अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर डीआरआई के अधिकारियों के एक दल ने कंटेनर की तलाशी ली जो कुछ समय पहले एक विदेशी देश से मुंद्रा बंदरगाह पर आया था और तब से पास के कंटेनर स्थल पर रखा हुआ था। उन्होंने अधिक विवरण दिए बिना कहा कि डीआरआई को 56 किलोग्राम कोकीन मिली जिसे आयातित वस्तुओं में छिपाकर रखा गया था। उल्लेखनीय है कि एक महीने पहले कच्छ में कांडला बंदरगाह के पास एक कंटेनर स्थल पर छापेमारी के बाद डीआरआई ने 1,300 करोड़ रुपए मूल्य की 260 किलोग्राम हेरोइन बरामद की थी।

# कांग्रेस, जद(एस) के बीच चुनावों के लिए कोई गठबंधन नहीं : सिद्धरमैया

कारवार ( कर्नाटक ) ( भाषा )

**कांग्रेस के** वरिष्ठ नेता सिद्धरमैया ने बृहस्पतिवार को स्पष्ट कहा कि राज्यसभा चुनाव या 2023 में होने वाले विधानसभा चुनावों में उनकी पार्टी का जनता दल (सेकुलर) के साथ कोई राजनीतिक संबंध नहीं बनेगा। गौरतलब है कि कर्नाटक में राज्यसभा की चार सीटों पर चुनाव होना है और तीनों बड़े दलों (कांग्रेस, भाजपा और जदएस) में से किसी के पास चौथी सीट जीतने के लिए पर्याप्त संख्या बल नहीं है। ऐसे में सिद्धरमैया का यह बयान बेहद महत्वपूर्ण हो गया है। कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता सिद्धरमैया ने यह भी स्पष्ट किया कि वह राष्ट्रीय राजनीति में कदम नहीं रखेंगे और अपना राजनीतिक करियर राज्य में ही सीमित रखेंगे।

एक सवाल के जवाब में सिद्धरमैया ने कहा, जद(एस) के साथ कोई संबंध (गठबंधन या सहमति) नहीं होगा... हम (कांग्रेस) जद(एस) के साथ कोई राजनीतिक संबंध नहीं जोड़ेंगे, चुनावों के दौरान कोई संबंध नहीं होगा और ना ही कोई अन्य राजनीतिक संबंध होगा। कर्नाटक में राज्यसभा की चार सीटों के लिए मतदान 10 जून को होना है। मौजूदा सांसदों निर्मला सीतारमण (केन्द्रीय वित्त मंत्री, भाजपा) और केसी राममूर्ति (भाजपा), जयराम रमेश (कांग्रेस) दिवंगत ऑस्कर फर्नांडिज (कांग्रेस) का कार्यकाल 30 जून को समाप्त होना है। चुनाव के लिए नामांकन पत्र 31 मई तक भरा जा सकेगा। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कर्नाटक में राज्यसभा चुनाव जीतने के लिए एक उम्मीदवार को 45 वोटों की जरूरत होगी और विधानसभा में मौजूदा संख्या बल के आधार पर भाजपा दो जबकि कांग्रेस एक सीट जीत सकती है। सूत्रों ने बताया कि जद(एस) भी एक सीट सकती है लेकिन इसके लिए उसे भाजपा या कांग्रेस का साथ चाहिए होगा। उन्होंने कहा कि ऐसे ही अगर कांग्रेस या भाजपा और एक सीट (चौथी सीट) जीतना चाहते हैं तो उन्हें जद(एस) का समर्थन चाहिए होगा। पार्टी सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस फिर से जयराम रमेश को अपना उम्मीदवार बना सकती है। एक सवाल के जवाब में पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कहा कि वह कर्नाटक में ही रहेंगे और राष्ट्रीय राजनीति में नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा, मैं कर्नाटक की राजनीति में ही रहूंगा और राज्य तथा उसकी जनता के लिए आवाज उठाता रहूंगा। गौरतलब है कि इससे पहले सिद्धरमैया ने कहा था कि 2023 का विधानसभा उनका अंतिम चुनाव होगा, हालांकि वह राजनीति में बने रहेंगे।

# झारखंड के पूर्व खेल मंत्री बंधु टिर्की के आवास पर सीबीआई ने मारा छापा

नई दिल्ली ( भाषा )

**केंद्रीय अन्वेषण** ब्यूरो (सीबीआई) ने रांची में 2011 में हुए 34वें राष्ट्रीय खेलों के लिए करोड़ों रुपए के खेल उपकरण की खरीद में कथित अनियमितताओं के संबंध में भाजपा की अगुवाई वाली तत्कालीन अर्जुन मुंडा सरकार में खेल मंत्री रहे बंधु टिर्की के आवास समेत 16 स्थानों पर बृहस्पतिवार को छापे मारे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सीबीआई ने टिर्की के अलावा जाने-माने वकील आर. के. आनंद के परिसरों में भी तलाशी ली। आनंद राष्ट्रीय राजधानी में राष्ट्रीय खेलों की आयोजन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष थे। टिर्की अब कांग्रेस की झारखंड इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष हैं। अधिकारियों ने बताया कि राज्य के पूर्व खेल निदेशक पी सी मिश्रा, झारखंड ओलम्पिक कमेटी के तत्कालीन कोषाध्यक्ष मधुकांत पाठक और आयोजन सचिव एच एम हाशमी के परिसरों की भी तलाशी ली जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अभियान के तौर पर रांची में सात स्थानों और धनबाद में पांच स्थानों पर छापे मारे जा रहे हैं। टिर्की को हाल में झारखंड की एक अदालत ने आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक धन अर्जित करने का दोषी ठहराया था और उनकी विधानसभा सदस्यता रद्द कर दी थी। टिर्की झारखंड विकास मोर्चा (प्रजातांत्रिक) के भारतीय जनता पार्टी में विलय से पहले पार्टी प्रमुख बाबूलाल मरांडी के विश्वासपात्र थे। वह मरांडी के विलय के फैसले से सहमत नहीं थे और 2019 में हुए विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस में शामिल हो गए। खेल उपकरणों की खरीद में कथित भ्रष्टाचार के मामले की जांच राज्य की भ्रष्टाचार-रोधी शाखा ने की और बाद में इस साल अप्रैल में झारखंड उच्च न्यायालय ने इसकी जांच सीबीआई को सौंप दी। मुख्य न्यायाधीश डॉ. रवि रंजन और न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ ने 2018 में सुशील कुमार सिंह की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया था। याचिका में राष्ट्रीय खेलों में कथित घोटाले की तेजी से जांच कराने का अनुरोध किया गया है। पीठ ने कहा कि एसीबी ने झारखंड सरकार द्वारा खेलों के आयोजन के एक दशक से अधिक समय बीत जाने के बाद भी अपनी जांच पूरी नहीं की है। सिंह ने अपनी याचिका में कहा था कि राज्य में राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी पर 28.38 करोड़ का खर्च होने का अनुमान लगाया गया था। उन्होंने दावा किया था कि राष्ट्रीय खेलों की आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने जनता का पैसा बर्बाद किया और उन्होंने खेल उपकरणों तथा सामान की ऊंची कीमतों का हवाला देकर धन का गबन किया था।



नागौन में भारी बारिश के कारण बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं जिसके चलत लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है

## क्विक न्यूज

### कॉलेज प्राचार्या की कुर्सी पर बैठे तृणमूल विधायक, खड़ा हुआ विवाद

**कोलकाता (भाषा)।** पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में एक महाविद्यालय की प्राचार्या की कुर्सी पर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के एक विधायक के बैठने की तस्वीरें सामने आने पर बृहस्पतिवार को विवाद खड़ा हो गया। विपक्षी दल भाजपा ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर सरकारी सहायता-प्राप्त शिक्षण संस्थानों की स्वायत्तता नष्ट करने का आरोप लगाया। शांतिपुर विधानसभा क्षेत्र के टीएमसी विधायक ब्रजकिशोर गोस्वामी ने संवाददाताओं से कहा कि प्राचार्या ने उनसे शांतिपुर कॉलेज के दौरे के वक्त उनकी सीट पर बैठने का अनुरोध किया था। प्राचार्या डॉ. चंद्रिमा भट्टाचार्य तस्वीर में विधायक के बगल में सोफे पर बैठी नजर आ रही है। गोस्वामी ने दावा किया कि उन्हे बदनाम करने के लिए किसी ने फोटो खीच ली और उसे सोशल मीडिया पर डाल दिया। इस पूरे घटनाक्रम पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा, यह तृणमूल कांग्रेस के शासन में पश्चिम बंगाल के शिक्षा क्षेत्र का सच्चा परिदृश्य है। यहां तक कि एक कॉलेज प्राचार्या को भी सत्तारूढ़ दल के विधायक के सामने सिर झुकाना पड़ता है।

### गाड़ी खाई में गिरी, सेना के जवान समेत नौ की मौत

**श्रीनगर ।** जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक कैब गहरी खाई मे गिर गई और इस वाहन में सवार सेना के एक जवान समेत नौ लोगों की मौत हो गई। अधिकारियो ने बृहस्पतिवार को बताया कि कैब करगिल से श्रीनगर जा रही थी लेकिन बुधवार देर रात ज़ोजिला पर यह सड़क पर फिसल गई और खाई में जा गिरी। उन्होंने बताया कि पुलिस, सेना और स्थानीय लोगो ने तलाश एवं बचाव अभियान शुरू किया और चार शवो को बरामद कर लिया तथा पांच अन्य घायलो को अस्पताल मे भर्ती कराया गया। अधिकारी ने बताया कि घायलो ने अस्पताल मे दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान पुंछ निवासी अज़हर इक्बाल (चालक), गुजरात के रहने वाले अंकित दिलीप, झारखंड निवासी गांधी मारमू और उसके पिता मंगल मरमू, पंजाब के रहने वाले रंजीत कुमार, जम्मू कश्मीर के कुलगाम निवासी मोहम्मद असलम पें, उत्तर प्रदेश के निवासी नायब सूबेदार नायक चंद, छत्तीसगढ़ निवासी दिलेश्वर सिधर और अन्य व्यक्ति सुनील लाल के तौर पर हुई है।

### अभिनेत्री केतकी चिताले की जमानत याचिका खारिज

**ठाणे (भाषा)।** जिले की एक मजिस्ट्रेट अदालत ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) सुप्रीमो शरद पवार के संबंध मे एक आपत्तिजनक पोस्ट सोशल मीडिया पर साझा करने के मामले मे जेल मे बंद मराठी फिल्म/टीवी अभिनेत्री केतकी चिताले की जमानत याचिका बृहस्पतिवार को खारिज कर दी। कलवा थाने मे भारतीय दंड संहिता की धाराओ 500 (मानहानि), 501 (आपत्तिजनक सामग्री का प्रकाशन या लेखन) और 153ए (धर्म, जाति आदि के आधार पर दो समूहो के बीच दुश्मनी फैलाना) मे मामला दर्ज होने के बाद चिताले को 15 मई को गिरफ्तार किया गया था। चिताले की पुलिस हिरासत अवधि 18 मई को समाप्त होने के बाद अदालत ने उन्हें एक जून तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### मुख्यमंत्री को विश्वविद्यालयों का कुलाधिपति बनाने को लेकर बंगाल विस में विधेयक पेश किया जाएगा

**कोलकाता ।** राज्यपाल के स्थान पर मुख्यमंत्री को राज्य सरकार द्वारा संचालित विश्वविद्यालयों का कुलाधिपति बनाने के लिए जल्द ही पश्चिम बंगाल विधानसभा मे एक विधेयक पेश किया जाएगा। राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य मंत्रिमंडल ने दिन मे प्रस्ताव को अपनी मंजूरी दे दी है। बसु ने कहा, राज्य मंत्रिमंडल ने राज्यपाल के स्थान पर मुख्यमंत्री को सभी राज्य संचालित विश्वविद्यालयों का कुलाधिपति बनाने के प्रस्ताव को आज अपनी मंजूरी दे दी है। इस प्रस्ताव को जल्द ही विधानसभा मे एक विधेयक के रूप मे पेश किया जाएगा।राज्यपाल वर्तमान मे राज्य द्वारा संचालित विश्वविद्यालयो के कुलाधिपति है।

### घृणा भाषण मामले में अदालत ने जॉर्ज को हिरासत में भेजा

**तिरुवनंतपुरम।** घृणा भाषण मामले मे जमानत रद्द होने के बाद गिरफ्तार वरिष्ठ नेता पी. सी. जार्ज को मजिस्ट्रेट अदालत ने बृहस्पतिवार को न्यायिक हिरासत मे जेल भेज दिया, लेकिन इसके कुछ ही घंटों बाद केरल उच्च न्यायालय ने राज्य से सवाल किया कि अगर पुलिस के पास उनके भाषणो की रिकॉर्डिंग है तो फिर उन्हे हिरासत मे रखने का क्या औचित्य है। जॉर्ज द्वारा दायर दो याचिकाओ पर सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार से उक्त सवाल किया। जॉर्ज ने पलारीवत्तोम थाने मे घृणा भाषण के संबंध मे दर्ज प्राथमिकी मे अग्रिम जमानत और तिरुवनंतपुरम के एक थाने मे दर्ज घृणा भाषण के मामले को रद्द करने का अनुरोध करते हुए दो याचिकाएं उच्च न्यायालय मे दाखिल की है। उच्च न्यायालय ने राज्य से सवाल किया कि अगर जांच एजेंसी के पास नेता के भाषण की रिकॉर्डिंग उपलब्ध है तो ऐसे मे उन्हे हिरासत मे रखने का क्या औचित्य है।

## जम्मू-कश्मीर में जनवरी से अभी तक 26 विदेशी आतंकवादी मारे गए

**श्रीनगर ( भाषा )।** जम्मू-कश्मीर में जनवरी से अभी तक सुरक्षा बलों ने लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े 26 विदेशी आतंकवादियों को मार गिराया है। कश्मीर जोन के पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार ने बृहस्पतिवार को बताया, इस साल अभी तक 26 विदेशी आतंकवादी मारे गए हैं। गौरतलब है कि आज कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने घुसपैठ के प्रयास को नाकाम करते हुए लश्कर के तीन आतंकवादियों को मार गिराया है। कुमार ने बताया कि इस साल मारे गए 26 विदेशी आतंकवादियों में से 14 मसूद अजहर के संगठन जैश से ताल्लुक रखते हैं जबकि बाकी 12 का ताल्लुक हाफिज मोहम्मद सईद के संगठन लश्कर से है। संघ शासित प्रदेश के बारामुल्ला जिले के करीरि में बुधवार को एक मुठभेड़ में जैश के तीन आतंकवादी मारे गए थे। वहीं, बांदीपोरा में 13 मई को हुई मुठभेड़ में लश्कर के दो आतंकवादी मारे गए थे।

# अब सेट पर सहज महसूस करती हूं : मानुषी छिल्लर

- हरियाणा में जन्मी और दिल्ली में पली-बढ़ी मानुषी बीस साल की उम्र में बनीं थीं मिस वर्ल्ड

भाषा। मुंबई



**मिस वर्ल्ड** मानुषी छिल्लर का कहना है कि अगर उनके परिवार ने उन्हें ऐतिहासिक कहानी पर आधारित फिल्म पृथ्वीराज करने के लिए राजी नहीं किया होता तो वह एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर रही होतीं।

हरियाणा में जन्मी और दिल्ली में पली-बढ़ी छिल्लर सोनीपत के बीपीएस महिला मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही थीं, और उसी दौरान वह 2017 में 20 साल की उम्र में मिस वर्ल्ड चुनी गईं। प्रतियोगिता जीतने के बाद छिल्लर को कई फिल्मों की पेशकश मिली लेकिन उन्होंने सभी पेशकश ठुकरा दी क्योंकि उन्हें लगता था कि अभिनय उनके बस की बात नहीं है। हालांकि, जब यशराज फिल्मस ने उन्हें अक्षय कुमार के साथ पृथ्वीराज में काम करने की पेशकश की तो उन्होंने इसे स्वीकार कर लिया। चन्द्रप्रकाश द्विवेदी के निर्देशन में बन रही यह फिल्म हिन्दू राजा पृथ्वीराज चौहान के जीवन की कहानी पर आधारित है और छिल्लर इसमें राजकुमारी संयोगिता की भूमिका में नजर आएंगी। छिल्लर ने कहा, मैं अभिनेत्री बनने के लिए कभी मुंबई नहीं आई। मैंने स्कूल में नाटकों में काम किया था, लेकिन मेरे सभी शौक... चित्रकारी और नृत्य... हमेशा से सिर्फ शौक ही थे, पेशा नहीं था। उन्होंने कहा, मुझे कुछ अवसर मिले। पृथ्वीराज से बहुत पहले मैं अपनी पहली फिल्म कर सकती थी, लेकिन उस वक्त मेरा पक्का इरादा था कि मुझे फिल्मों में नहीं जाना है, इसलिए मैंने उन पर विचार नहीं किया। पृथ्वीराज बहुत अच्छे वक्त पर मिली। अभिनेत्री का कहना है कि पृथ्वीराज फिल्म की पेशकश मिलने पर उन्हें पता था कि यह जीवन में एक बार मिलने वाला मौका है और प्रियजनों के कहने पर वह काम करने को तैयार हो गईं। छिल्लर ने कहा, जब आपको ऐसा मौका मिलता है तो फिर आप पीछे नहीं हट सकते। मेरे परिवार और मिस वर्ल्ड टीम सहित सभी लोगों ने मुझे अभिनय को मौका देने को कहा और मैं खुश हूं कि मैंने उनकी बात सुनी। अब मैं सेट पर अधिक सहज महसूस करती हूं।

# पथराव, राष्ट्र-विरोधी नारेबाजी के आरोप में 10 लोग गिरफ्तार

भाषा। श्रीनगर

**यहां मैसूमा** इलाके में पुलिस ने पथराव और राष्ट्र विरोधी नारेबाजी में शामिल होने के आरोप में 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिल्ली की एक अदालत के अलगाववादी नेता यासीन मलिक को सजा सुनाए जाने से पहले कुछ लोगों द्वारा पथराव और राष्ट्र विरोधी नारेबाजी की गई थी। दिल्ली की अदालत ने आतंकवाद के वित्त पोषण मामले में मलिक को बुधवार को उम्रकैद की सजा सुनाते हुए कहा कि इन अपराधों का मकसद भारत के विचार की आत्मा पर हमला करना और भारत संघ से जम्मू-कश्मीर को जबरदस्ती अलग करने का था।श्रीनगर पुलिस ने बृहस्पतिवार को ट्वीट किया, कल सजा सुनाए जाने से पहले मैसूमा में यासीन मलिक के आवास के बाहर राष्ट्र विरोधी नारेबाजी और पथराव के सिलसिले में अब तक 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कहा, अन्य सभी इलाकों में शांतिपूर्ण माहौल बना हुआ है। युवाओं से हिंसक गतिविधियों में लिप्त न होने का एक बार फिर अनुरोध किया जाता है। उसने कहा, इस घटना में शामिल अन्य लोगों की पहचान की जा रही है और उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मामला दर्ज किया गया है। पथराव करने और राष्ट्र विरोधी नारेबाजी करने के लिए लोगों को भड़काने वाले मुख्य आरोपी पर जन सुरक्षा कानून (पीएसए) के तहत मामला दर्ज किया गया जाएगा। शहर के कुछ इलाकों में बृहस्पतिवार को दुकानें बंद रही लेकिन यातायात सामान्य रहा। स्कूल भी खुले रहे जबकि सरकारी और निजी कार्यालयों में उपस्थिति सामान्य रही। अधिकारियों ने बताया कि घाटी में हालात सामान्य रहने पर बृहस्पतिवार तड़के मोबाइल सेवाएं भी बहाल की गई। मोबाइल पर इंटरनेट सेवाएं बुधवार शाम को बंद कर दी गई थी, जब अदालत ने मलिक को उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

# रूस ने प्रतिबंधों की आलोचना की

● खाद्य संकट की जिम्मेदारी दूसरों पर डालने की कोशिश

भाषा। कीव

**रूस ने यूक्रेन** में युद्ध को लेकर उसके खिलाफ प्रतिबंधों को हटाने के लिए बृहस्पतिवार को पश्चिम पर दबाव डाला, जबकि जंग के चलते लाखों टन अनाज और अन्य कृषि उत्पादों को दूसरे देशों को भेजने में कीव की अक्षमता के कारण बढ़ते खाद्य संकट का ठीकरा भी दूसरे देशों पर फोड़ने की कोशिश की। ब्रिटेन ने तुरंत ही मॉस्को पर दुनिया को फिरौती के लिए बंधक बनाने की कोशिश का आरोप लगाया और कहा कि प्रतिबंधों में कोई रियायत नहीं दी जाएगी। यूक्रेन गेहूं, मक्का और सूरजमुखी के तेल के दुनिया के सबसे बड़े निर्यातकों में से एक है, लेकिन युद्ध के दौरान रूस ने उसके बंदरगाहों की नाकेबंदी कर रखी है जिससे वह अपने उत्पादों को दूसरे देशों को नहीं भेज पा रहा। ऐसे में विश्व खाद्य आपूर्ति खतरे में पड़ गई है। उन बंदरगाहों में से कई में अब भी बड़ी मात्रा में बारूदी सुरंगें हैं। क्रेमलिन के प्रवक्ता दमित्री पेस्कोव ने इस संकट का ठीकरा पश्चिमी देशों पर फोड़ने की कोशिश की। उन्होंने पत्रकारों के साथ एक कॉन्फ्रेंस कॉल में कहा, हम पश्चिमी देशों पर कई गैरकानूनी कार्वाई करने का आरोप लगाते हैं, जिसके कारण नाकाबंदी हुई है। रूस खुद भी अनाज का बड़ा निर्यातक है और पेस्कोव ने कहा कि पश्चिमी देशों को गैरकानूनी फैसलों को रद्द करना चाहिए जिनकी वजह से जहाजों को भेजने और अनाज के निर्यात में बाधा आ रही है। रूस के इस बयान को जानबूझ कर यूक्रेनी नाकेबंदी के लिए पश्चिम को जिम्मेदार ठहराने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है जिसमें वह खुद के बचाव के लिए अपने अनाज का निर्यात न कर पाने की बात कर रहा है।

### हम पुतिन को यह युद्ध जीतने नहीं दे सकते हैं: जर्मन चांसलर

**दावोस।** जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज ने बृहस्पतिवार को कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को यूक्रेन में युद्ध जीतने नहीं दिया जा सकता। उन्होंने रूसी ईंधन पर किसी भी तरह की निर्भरता को समाप्त करने का भी आह्वान किया। स्विट्जरलैंड के दावोस शहर में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक 2022 के अंतिम दिन अपने विशेष संबोधन में शोल्ज ने कहा कि न केवल यूक्रेन की प्रतिष्ठा दांव पर है बल्कि एक ऐसी प्रणाली जो कानून के अधीन है, हिंसा पर प्रतिबंध लगाती है और स्वतंत्रता, सुरक्षा और समृद्धि की गारंटी देती है, वह भी दांव पर है। उन्होंने कहा, इस बहुध्रुवीय दुनिया में, बढ़ते प्रभाव वाले देश बहुत अधिक राजनीतिक भागीदारी की मांग कर रहे हैं। यह कोई खतरा नहीं है। हम सहयोग के नए रास्ते खोलेंगे। यूक्रेन के खिलाफ रूस की आक्रामकता का विरोध करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य स्पष्ट है – हम पुतिन को यह युद्ध जीतने नहीं दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्ष परिवर्तन, नवीनीकरण और पुनर्निर्माण के होंगे और वह यूरोप के बेहतर भविष्य की उम्मीद कर रहे हैं।

### सेना को मजबूत करने और यूक्रेन पर पकड़ बनाने के लिए रूस ने उठाए कदम

**कीव।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को दक्षिणी यूक्रेन के कुछ हिस्सों में निवासियों के लिए रूसी नागरिकता को तेजी से अमल में लाने के लिए आदेश जारी किया, जबकि मॉस्को में सांसदों ने विस्तारित रूसी सेना को मजबूत करने के लिए एक विधेयक पारित किया। खेरसॉन और जापोरिजिया क्षेत्र पर लागू होने वाले पुतिन के फरमान के बाद रूस की पूर्वी यूक्रेन के बीच स्थित क्षेत्र पर पकड़ मजबूत हो सकती है।



इस्लामाबाद में सरकार विरोधी रैली में भाग लेते पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थक

## सेनेगल के अस्पताल में आग लगने से 11 शिशुओं की मौत

एपी। डकार (एपी)

**सेनेगल में** एक अस्पताल की नवजात देखभाल ईकाई में आग लगने से 11 शिशुओं की मौत हो गई। राष्ट्रपति मैकी सॉल ने यह जानकारी दी। हादसे में केवल तीन शिशुओं को बचाया जा सका है। सॉल ने बुधवार देर रात ट्वीट किया, मैं उनकी माताओं और परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। डकार के मेयर डेम्बा डियोप ने बताया कि राजधानी से 120 किलोमीटर उत्तरपूर्व में स्थित तिवाउआने शहर में मामे अब्दुल अजीज डबाख अस्पताल में बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी। सेनेगल की मीडिया की खबर के मुताबिक, गृह मंत्री एंटोनी डिओमी ने ऐलान किया है कि अधिकारी अस्पताल में सुविधाओं की स्थिति और अन्य स्वास्थ्य देखभाल केंद्रों की जांच करेंगे। गौरतलब है कि उत्तरी सेनेगल में एक साल पहले एक अस्पताल में आग लगने से चार नवजात की मौत हो गई थी। इन मौतों ने पश्चिमी अफ्रीकी देश में मां और शिशुओं के स्वास्थ्य को लेकर चिंता पैदा कर दी है। इस क्षेत्र में सबसे अच्छे अस्पतालों में से कुछ अस्पताल सेनेगल में हैं।

### ट्विटर को भरना होगा 15 करोड़ डॉलर का जुर्माना

**वाशिंगटन (एपी)।** पिछले करीब छह साल की अवधि में उपयोगकर्ताओं के आंकड़े गोपनीय रखने में विफलता के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर 15 करोड़ डॉलर का जुर्माना अदा करेगा। साथ ही ट्विटर उपयोगकर्ताओं के आंकड़ों की सुरक्षा के लिए नए मानक भी तैयार करेगा। न्याय विभाग और संघीय व्यापार आयोग ने बुधवार को ट्विटर के साथ वाद निपटारे की घोषणा की। नियामकों का आरोप है कि ट्विटर ने उपयोगकर्ताओं को धोखे में रखते हुए 2011 के एफटीसी आदेश का उल्लंघन किया कि वह उनकी गैर-सार्वजनिक संपर्क जानकारी की गोपनीयता को सुरक्षित रखता है।

## डब्ल्यूईएफ की वार्षिक बैठक में छाया रहा भारत

भाषा। दावोस

**विश्व आर्थिक मंच** (डब्ल्यूईएफ) की बृहस्पतिवार को समाप्त हुई वार्षिक बैठक में भारत चर्चा का प्रमुख केंद्र बनकर उभरा और यहां जमा हुए नेताओं के बीच बातचीत का सबसे बड़ा विषय यूक्रेन में चल रहा युद्ध रहा। डब्ल्यूईएफ की वार्षिक बैठक के आयोजन स्थल पर प्रसिद्ध भारतीय लाउंज के साथ देश के छह राज्यों- कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और तमिलनाडु के पवेलियन थे। इनके अलावा एचसीएल, विप्रो और इंफोसिस समेत अनेक भारतीय कंपनियों के पवेलियन भी यहां थे। इन लाउंज में परोसा गया भोजन भी भारतीय और विदेशी नेताओं के बीच खूब पसंद किया गया। सम्मेलन में भारत से तीन मंत्रियों पीयूष गोयल, हरदीप सिंह पुरी और मनसुख मांडविया ने विभिन्न सत्रों में शिरकत की। इनके साथ ही कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी एस बोम्मई और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगनमोहन रेड्डी के साथ ही दूसरे कई राज्यों के नेताओं ने भी बैठक के सत्रों में भाग लिया। सम्मेलन में भारत से करीब 100 उद्योगपतियों ने भी भाग लिया। हालांकि इस बार कुछ बड़े चेहरे सम्मेलन में शामिल नहीं हुए जो नियमित रूप से भाग लेते रहे हैं। भारतीय नेताओं ने यहां ऊर्जा अंतरण, खाद्य और ईंधन संकट, स्वास्थ्य समानता, प्लास्टिक प्रदूषण और ताजा पेयजल संकट समेत अनेक प्रमुख विषयों पर चर्चा की। डब्ल्यूईएफ ने अलायंस ऑफ सीईओ क्लाइमेट एक्शन लीडर्स के भारतीय चैप्टर का भी उद्घाटन किया। अलायंस ऑफ सीईओ क्लाइमेट एक्शन लीडर्स इंडिया के सह-अध्यक्ष तथा रीन्यू पॉवर के अध्यक्ष और मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुमंत सिन्हा ने कहा, बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था के रूप में जलवायु परिवर्तन को कम करने में भारत की भूमिका महत्वपूर्ण है और भारतीय उद्योगों को देश के प्रयासों में तथा वैश्विक तापमान वृद्धि के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय प्रयासों में पूरा समर्थन देना चाहिए। डब्ल्यूईएफ के अनुसार एक न्यायोचित ऊर्जा अंतरण की व्यवस्था में 10 हजार अरब डॉलर से अधिक के वार्षिक व्यापार अवसर पैदा हो सकते हैं और दुनिया भर में 2030 तक 39.5 करोड़ रोजगार के अवसर पैदा हो सकते हैं। भारत में अकेले 5 करोड़ से अधिक नई नौकरियां पैदा हो सकती हैं 15 हजार अरब डॉलर का सृजन कर सकती हैं।

## पाक सुप्रीम कोर्ट ने इमरान खान के खिलाफ सरकार की अवमानना याचिका खारिज की

भाषा। इस्लामाबाद

पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने सरकार की वह याचिका बृहस्पतिवार को खारिज कर दी, जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के आजादी मार्च के संबंध में शीर्ष अदालत के दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने के लिए खान के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की मांग की गई थी। प्रधान न्यायाधीश उमर अता बंदियाल की अध्यक्षता वाली पांच-सदस्ईय पीठ ने सरकार की ओर से अटॉर्नी जनरल अश्तर औसाफ द्वारा दायर वह याचिका खारिज कर दी।

### पाकिस्तान नेशनल असेंबली ने ईवीएम के उपयोग पर रोक लगाने के लिए विधेयक पारित किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान नेशनल असेंबली ने बृहस्पतिवार को एक विधेयक पारित कर दिया जो देश में आई-वोटिंग के जरिए मतदान का अधिकार और ईवीएम के उपयोग के लिए पूर्ववर्ती इमरान खान सरकार द्वारा किए गए चुनाव सुधारों को निष्प्रभावी कर देगा। संसदीय कार्य मंत्री मुर्तजा जावेद अब्बासी ने निर्वाचन (संशोधन) विधेयक 2022 पेश किया जिसे निचले सदन ने बहुमत से पारित कर दिया। केवल ग्रांड डेमोक्रेटिक अलायंस (जीडीए) के सदस्यों ने इसका विरोध किया।

### ट्रंप की अपील खारिज, न्यूयॉर्क दीवानी जांच में देनी होगी गवाही

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को न्यूयॉर्क राज्य की दीवानी जांच में अपने व्यवसायिक व्यवहार के बारे में शपथ के तहत सवालों का जवाब देना ही होगा। राज्य की निचली अदालत के अपीलीय खंड में चार-न्यायाधीशों की पीठ ने मैनहट्टन के न्यायाधीश आर्थर एंगोरेन के 17 फरवरी के उस फैसले को बरकरार रखा, जिसमें ट्रंप और उनके दो सबसे बड़े बच्चों के लिए अटॉर्नी जनरल लेटिशिया जेम्स की जांच में गवाही देने के लिए समन जारी किया गया था।

## यूएई के एक रेस्तरां में विस्फोट, एक भारतीय व एक पाकिस्तानी की मौत

भाषा। दुबई

**संयुक्त अरब** अमीरात (यूएई) की राजधानी अबू धाबी में इस सप्ताह की शुरुआत में एक रेस्तरां में गैस सिलेंडर फटने से हुए विस्फोट में एक भारतीय नागरिक और एक पाकिस्तानी नागरिक की मौत हो गई। मीडिया की एक खबर में यह जानकारी सामने आई है। इस विस्फोट में 120 लोग घायल भी हुए थे, जिनमें 106 भारतीय नागरिक थे। यह विस्फोट सोमवार को दोपहर में अबू धाबी के एक रेस्तरां में हुआ, जिसमें कुल 120 लोग घायल हो गए। मारे गए दो लोगों में एक भारतीय और एक पाकिस्तानी नागरिक शामिल है। समाचार पत्र की खबर के मुताबिक, संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में एक रेस्तरां में गैस सिलेंडर विस्फोट में एक भारतीय और एक पाकिस्तानी नागरिक समेत दो लोगों की मौत हो गई और 106 भारतीयों सहित 120 लोग घायल हो गए।

## पार्टीगेट : जॉनसन पर अपनी ही पार्टी में इस्तीफे का बढ़ा दबाव

भाषा। लंदन

**पार्टीगेट जांच** में सरकार के भीतर नियमों को तोड़ने की संस्कृति उजागर होने के बाद आलोचना का सामना कर रहे प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन पर इस्तीफा देने का दबाव बृहस्पतिवार को तब और बढ़ गया जब उनकी अपनी कंजर्वेटिव पार्टी के कम से कम दो सांसदों ने सार्वजनिक रूप से उनसे पद छोड़ने की मांग की। जॉनसन कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान नियमों को तोड़कर डाउनिंग स्ट्रीट और कैबिनेट कार्यालय में की गई पार्टी की घटना से आगे बढ़ना चाहते हैं। उन्होंने शीर्ष लोकसेवक सू ग्रे द्वारा बुधवार को रिपोर्ट जारी करने के बाद एक बार फिर संसद में अपनी माफी दोहराई। हालांकि, उनकी इस माफी के बाद विपक्ष ने न केवल जॉनसन से इस्तीफे की मांग की बल्कि उनकी अपनी पार्टी में भी उनके खिलाफ आवाज उठने लगी है। और कई सदस्यों ने सार्वजनिक रूप से उनसे इस्तीफे की मांग की है। ऐसे ही सदस्यों में शामिल जुलियन स्टर्डी से बृहस्पतिवार को कंजर्वेटिव पार्टी के सांसद जॉन बैरन और डेविड सिम्मॉन्ड्स भी जुड़ गए। उन्होंने कहा कि अब नए नेतृत्व का समय आ गया है। इसके साथ ही सत्तारूढ़ पार्टी में जॉनसन का विरोध करने वाले सांसदों की संख्या 17 हो गई है।

### कृषि, आईटी व प्रसंस्करण क्षेत्रों में सहयोग के लिए पंजाब और ब्रिटेन में सहमति

**चंडीगढ।** पंजाब और ब्रिटेन ने कृषि, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), खाद्य प्रसंस्करण, उच्च शिक्षा, खेल, सार्वजनिक परिवहन और बायोमास जैसे क्षेत्रों मे सहयोग के लिए सहमति जताई है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि इन क्षेत्रों में आपसी सहमति का निर्णय पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और भारत मे ब्रिटेन के उच्चायुक्त एलेक्स एलिस के बीच हुई बैठक के दौरान लिया गया। बैठक के दौरान पंजाब और ब्रिटेन सरकार ने सहमति जताई कि इन क्षेत्रों में आपसी सहयोग के लिए अपार संभावनाएं है। मान ने कहा कि पंजाब के मेहनती लोगों ने इन क्षेत्रों में पहले से ही अपनी विशेष पहचान बनाई है। ब्रिटेन की उन्नत तकनीक इन क्षेत्रों में छिपी क्षमता को सामने लाने में मदद करेगी। राज्य मे ब्रिटन के निवेशकों का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सभी निवेशकों के लिए एकल खिड़की आधारित ऑनलाइन मंजूरी सुनिश्चित करेगी। इसके अलावा चंडीगढ़ से लंदन के हीथ्रो हवाईअड्डे के लिए सीधी उड़ान का का मुद्दा उठाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हवाई उड़ान पंजाब के लोगों के लिए पश्चिमी देशों तक पहुंच में एक सुविधा के रूप मे काम करेगी।

### भारती एयरटेल में हिस्सेदारी मित्तल परिवार को बेचेगी सिंगटेल

**नई दिल्ली।** सिंगापुर की दूरसंचार कंपनी सिंगटेल अपनी दो से चार प्रतिशत की हिस्सेदारी बेचने के लिए भारतीय एयरटेल के चेयरमैन सुनील मित्तल के साथ चर्चा कर रही है। इस घटनाक्रम से जुड़े सूत्र ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से एयरटेल में अपनी दो प्रतिशत हिस्सेदारी बेचकर सिंगटेल करीब 7,500 करोड़ रुपए जुटा सकती है। सूत्र ने अपनी पहचान नही बताने की शर्त पर कहा, सिंगटेल और मित्तल के बीच बातचीत चल रही है। सिंगटेल.....भारती एयरटेल में मित्तल को दो से चार प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने पर विचार कर रही है। हालांकि, सूत्र ने यह नही बताया कि यह सौदा भारती एयरटेल में होगा या भारती टेलीकॉम मे। इस संबंध में भारती एयरटेल को भेजे गए ई-मेल का कोई जवाब नही मिला। भारती एयरटेल में सिंगटेल की प्रभावी हिस्सेदारी 31.7 फीसदी है। मित्तल परिवार के स्वामित्व वाली कंपनी भारती टेलीकॉम में उसकी 49.44 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

## शेयर बाजारों में तीन दिन की गिरावट थमी

सेंसेक्स 503 अंक चढ़ा

भाषा। मुंबई







मासिक डेरिवेटिव अनुबंधों के निपटान के दिन निवेशकों की बैंक और सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में पिछले तीन दिन से जारी गिरावट का सिलसिला थम गया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 503.27 अंक यानी 0.94 प्रतिशत की बढ़त के साथ 54,252.53 अंक पर पहुंच गया। दिन में कारोबार के दौरान यह एक समय 596.96 अंक चढ़कर 54,346.22 तक पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 144.35 अंक यानी 0.90 प्रतिशत की मजबूती के साथ 16,170.15 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील का शेयर हाल में गिरने बाद सबसे अधिक 5.27 प्रतिशत चढ़ गया। साथ ही भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी, नेस्ले, विप्रो, टीसीएस और टेक महिंद्रा के शेयरों में भी लाभ रहा। वहीं, दूसरी तरफ सन फार्मा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, लार्सन एंड टुब्रो और डॉ. रेड्डीज के शेयर नुकसान में रहे। कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड के इक्विटी शोध (खुदरा) प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा, मुद्रास्फीतिक चिंताओं, विदेशी निवेशकों की लगातार निकासी और रूस-यूक्रेन संकट के कारण बाजारों में आगे भी बिकवाली जारी रह सकती है। हालांकि, उतार-चढ़ाव के बीच बाजार में बीच-बीच में मजबूती आ सकती है। इसके अलावा बीएसई का मिडकैप 1.44 प्रतिशत और स्मॉलकैप 0.78 प्रतिशत चढ़ गया। एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कंपोजिट लाभ के साथ बंद हुआ, जबकि दक्षिण कोरिया के कॉस्पी, हांगकांग का हैंगसेंग और जापान के निक्की में गिरावट आई। यूरोप के बाजार दोपहर के सत्र में बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे तथा अमेरिकी बाजार बुधवार को बढ़त लेकर बंद हुए थे।

## ओएनजीसी ने केजी ब्लॉक में विदेशी कंपनियों को हिस्सेदारी की पेशकश की

**नई दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) लिमिटेड ने केजी बेसिन में गहरे समुद्र वाली गैस खोज और उच्च-दाब, उच्च-तापमान वाले ब्लॉकों में विदेशी कंपनियों को हिस्सेदारी की पेशकश की है। ओएनजीसी को मुश्किल क्षेत्रों में उत्पादन के लिए वित्तीय और तकनीकी मदद की तलाश है, जिसके चलते यह पेशकश की गई है। ओएनजीसी ने दीन दयाल वेस्ट (डीडीडब्ल्यू) ब्लॉक के साथ ही केजी-डी5 ब्लॉक के क्लस्टर-3 में गहरे समुद्र में की गई खोजों के विकास में शामिल होने के लिए अपेक्षित तकनीकी विशेषज्ञता और वित्तीय क्षमता वाली बड़ी वैश्विक कंपनियों को आमंत्रित करते हुए एक शुरुआती निविदा निकाली है। कंपनी द्वारा जारी निविदा के मुताबिक, 16 जून तक अभिरुचि पत्र (ईओआई) आमंत्रित किए गए हैं। ओएनजीसी ने केजी-डी5 ब्लॉक में 2,850 मीटर (लगभग तीन किलोमीटर) की गहराई में गैस खोज की थी, जिसे यूडी-1 नाम दिया गया। इसके अलावा ओएनजीसी ने अगस्त 2017 में गुजरात सरकार की कंपनी जीएसपीसी से डीडीडब्ल्यू ब्लॉक में 80 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी थी। इसके लिए 7,738 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया। ओएनजीसी के पास यूडी खोज को विकसित करने के लिए जरूरी तकनीक विशेषज्ञता नहीं है। यह खोज तट से लगभग 150 किलोमीटर दूर है।

### जीएसटी रिटर्न दाखिल करने में देरी पर जून तक नहीं लगेगा विलंब शुल्क

**नई दिल्ली।** सरकार ने कंपोजिशन योजना के तहत पंजीकृत छोटे करदाताओं द्वारा वित्त वर्ष 2021-22 के लिए माल एवं सेवा कर (जीएसटी) रिटर्न भरने में देरी के लिए जून तक दो महीने के लिए विलंब शुल्क माफ कर दिया है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने बृहस्पतिवार एक अधिसूचना में कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 के लिए जीएसटीआर-4 दाखिल करने में देरी के लिए एक मई से 30 जून, 2022 तक विलंब शुल्क नहीं लगाया जाएगा। कंपोजिशन योजना के तहत पंजीकृत करदाताओं द्वारा जीएसटीआर-4 हर वर्ष दाखिल किया जाता है।

## भारत जी-20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था

भाषा। हैदराबाद



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत जी-20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा कि भारत ने स्टार्टअप के लिए अनुकूल माहौल उपलब्ध कराया है और कई अन्य उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने यहां इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) के स्नातक छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले साल देश ने रिकॉर्ड मात्रा में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश हासिल किया। मोदी ने कहा, आज, भारत जी-20 में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है। भारत इंटरनेट उपयोगकर्ताओं के मामले में दूसरे स्थान पर है। वैश्विक खुदरा सूचकांक में भारत दूसरे स्थान पर है। भारत में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप परिवेश है। ऐसी कई उपलब्धियां हैं। उन्होंने आगे कहा कि आज दुनिया देख रही है कि भारत का मतलब व्यापार है।और यह न केवल सरकार की उपलब्धि है, बल्कि युवाओं और आईएसबी जैसे संस्थानों के स्नातकों की भी उपलब्धि है। प्रधानमंत्री ने कहा कि रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म इस मंत्र ने देश के शासन को फिर से परिभाषित किया है। उन्होंने कहा कि भारत ने 100 से अधिक देशों को कोविड-19 का टीका भेजा है।

## जेट एयरवेज की समाधान प्रक्रिया को कर्मचारियों के संगठन ने एनसीएलएटी में चुनौती दी

भाषा। मुंबई

**विमानन कंपनी** जेट एयरवेज के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के संगठन ने बृहस्पतिवार को कहा कि एयरलाइन के लिए जालान-कालरॉक गठजोड़ की समाधान प्रक्रिया के खिलाफ उसने राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधीकरण (एनसीएलएटी) में अपील दायर की है। ब्रिटेन की कालरॉक कैपिटल और संयुक्त अरब अमीरात के उद्योगपति मुरारी लाल जालान के गठजोड़ की समाधान प्रक्रिया को अक्टूबर, 2020 में एयरलाइन के ऋणदाताओं की समिति (सीओसी) ने मंजूरी दी थी। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधीकरण (एनसीएलटी) की मुंबई पीठ ने भी समाधान प्रक्रिया को मंजूरी दी थी। पिछले सप्ताह ही नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने जेट एयरवेज के हवाई परिचालन प्रमाणन का पुन: सत्यापन करते हुए उसकी हवाई उड़ानों को फिर शुरू करने का रास्ता साफ कर दिया था। ऑल इंडिया जेट एयरवेज ऑफिसर्स एंड स्टाफ एसोसिएशन में अध्यक्ष किरण पावस्कर ने एक बयान में कहा, यह समाधान योजना पूर्ववर्ती जेट एयरवेज की महत्वपूर्ण परिसंपत्तियों, इसके कर्मचारियों के इस्तेमाल के बारे में कई परिकल्पनाओं पर आधारित है।

## तीसरे पक्ष के मोटर बीमा प्रीमियम में एक जून से होगी वृद्धि

भाषा। नई दिल्ली

**सड़क परिवहन** एवं राजमार्ग मंत्रालय ने एक जून से विभिन्न श्रेणियों के वाहनों के लिए तीसरे पक्ष के मोटर बीमा प्रीमियम में वृद्धि कर दी है। इसके साथ ही कारों एवं दोपहिया वाहनों की बीमा लागत भी बढ़ने की संभावना है। मंत्रालय द्वारा बुधवार को अधिसूचित संशोधित दरों के अनुसार, 1,000 सीसी की इंजन क्षमता वाली निजी कारों पर वर्ष 2019-20 के 2,072 रुपए की तुलना में अब 2,094 रुपए की दर से प्रीमियम लगेगा। इसी तरह, 1,000 सीसी और 1,500 सीसी के बीच इंजन क्षमता वाली निजी कारों पर 3,221 रुपए की तुलना में 3,416 रुपए की दरें लागू होंगी। जबकि 1,500 सीसी से अधिक क्षमता की कारों पर प्रीमियम 7,897 रुपए से घटकर 7,890 रुपए रह जाएगा।

## मूडीज ने 2022 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान घटाकर 8.8 प्रतिशत किया

भाषा। नई दिल्ली

**साख निर्धारण** करने वाली मूडीज इनवेस्टर्स सर्विस ने ऊंची महंगाई दर का हवाला देते हुए 2022 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 8.8 प्रतिशत कर दिया। इससे पहले इसके 9.1 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था। वर्ष 2022-23 के लिए वृहद वैश्विक परिदृश्य का अद्यतन करते हुए मूडीज ने कहा कि निर्यात, जीएसटी, माल ढुलाई जैसे आंकड़े बताते हैं कि दिसंबर, 2021 की तिमाही से वृद्धि ने गति पकड़ी है और यह इस साल पहले चार महीने जारी रही। हालांकि, कच्चे तेल, खाद्य और उर्वरक के दाम में तेजी से घरों की वित्तीय स्थिति और आने वाले महीनों में खर्च पर असर पड़ेगा। ऊर्जा और खाद्य मुद्रास्फीति को काबू में रखने के लिए, नीतिगत दर में वृद्धि से मांग में सुधार की गति धीमी पड़ेगी। हमने वर्ष 2022 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 8.8 प्रतिशत कर दिया है। इससे पहले, मार्च में इसके 9.1 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था। हालांकि, वर्ष 2023 के लिए आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 5.4 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है। कर्ज में अच्छी वृद्धि, बड़े स्तर पर निवेश की घोषणा और बजट में पूंजीगत व्यय पर आवंटन बढ़ाए जाने से निवेश में मजबूती आने का संकेत मिलता है।

## इस साल अब तक 1,237 एकड़ जमीन के 28 सौदे हुए : एनारॉक

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट बाजार में इस साल अब तक कम से कम 28 भूमि सौदे हुए हैं। इनमें सीधी खरीद और संयुक्त उद्यम शामिल हैं। संपत्ति परामर्श कंपनी एनारॉक ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। सलाहकार ने मुताबिक, कोविड बाद की दुनिया में डेवलपर्स और अन्य इकाइयों का भूमि अधिग्रहण का सिलसिला जारी है। एनारॉक ने बताया कि रियल एस्टेट परिसंपत्ति वर्गों में भविष्य के विकास के लिए, डेवलपर्स की देशभर में प्रमुख स्थलों की जमीन पर नजर है। एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा, 2021 की तुलना में 2021 की पहली छमाही में 14 सौदे हुए थे, जिनकी संख्या जनवरी, 2022 से अबतक बढ़कर दोगुना यानी 28 हो गई है। उन्होंने कहा कि ब्याज दर और संपत्ति की कीमतों में बढ़ोतरी के बावजूद आवास क्षेत्र की मांग मजबूत बनी हुई है। ऐसे में रियल एस्टेट कंपनियां आवास क्षेत्र के विकास पर विशेष ध्यान दे रही हैं।

आईआरसीटीसी की 18 दिवसीय रामायण यात्रा 21 जून से

# प्रभु श्रीराम के जीवन से जुड़े स्थलों के होंगे दर्शन

भाषा। लखनऊ





**भारतीय** रेलवे के उपक्रम आईआरसीटीसी के भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन 21 जून से 18 दिवसीय रामायण सर्किट यात्रा से शुरू हो रहा है, जिसके अंतर्गत नेपाल स्थित जनकपुर को भी पहली बार ट्रेन से जोड़ा जाएगा। भारत और नेपाल के दो पवित्र तीर्थ स्थलों अयोध्या एवं जनकपुर को जोड़ती हुई पहली पर्यटक ट्रेन चलाई जा रही है। यह ट्रेन स्वदेश दर्शन के अंतर्गत चिन्हित रामायण सर्किट पर प्रभु श्रीराम के जीवन से जुड़े स्थलों का पर्यटन कराएगी। नेपाल स्थित जनकपुर में राम जानकी मंदिर का भ्रमण भी ट्रेन टूर में शामिल होगा।

आईआरसीटीसी, लखनऊ के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा ने बुधवार को यहां संवाददाताओं से कहा,ै भारत गौरव पर्यटक ट्रेनै द्वारा श्री रामायण यात्रा के लिए बुकिंग की जा रही है। ट्रेन 21 जून को दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से रवाना होगी। भारत गौरव एसी पर्यटक ट्रेन, 21 जून को दिल्ली सफदरजंग रेलवे स्टेशन से 18 दिनों की यात्रा पर रवाना होगी। सिन्हा ने बताया, यह विशेष पर्यटक ट्रेन दिल्ली से 21 जून को रवाना होगी। यह पर्यटकों को प्रभु श्रीराम से जुड़े सभी महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों का भ्रमण व दर्शन कराएगी। यह दोनों देशों की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को और मजबूती प्रदान करेगी। यह ट्रेन 18 वें दिन दिल्ली वापस पहुंचेगी। इस दौरान ट्रेन द्वारा लगभग 8000 किलोमीटर की यात्रा पूरी की जाएगी। उन्होंने बताया, पूर्णतया वातानुकूलित पर्यटक ट्रेन में ऐसी तृतीय श्रेणी के 11 कोच होंगे। साथ ही आधुनिक किचन कार से यात्रियों को उनकी बर्थ पर ही शाकाहारी स्वादिष्ट भोजन परोसा जाएगा। ट्रेन में यात्रियों के मनोरंजन व यात्रा की जानकारी आदि प्रदान करने हेतु इन्फोटेन्मेंट सिस्टम भी लगाया गया है। स्वच्छ शौचालय के साथ ही सुरक्षा के लिए सुरक्षा गार्ड एवं सीसीटीवी कैमरे भी प्रत्एक कोच में उपलब्ध रहेंगे। भारत गौरव पर्यटक ट्रेन, भारत सरकार की पहलै देखो अपना देशै के अनुरूप, घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही है। आईआरसीटीसी ने टूर के बुकिंग प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए पेटीएम व रेज़रपे जैसी पेमेंट गेटवे फर्मों से करार किया है जिससे भुगतान डेबिटाक्रेडिट कार्ड के माध्यम से आसान किश्तों में भी किया जा सके। पहले आने वाले 50 प्रतिशत यात्रियों को यात्रा किराया में 5 प्रतिशत की छूट मिलेगी। आईआरसीटीसी ने इस 18 दिनों की यात्रा के लिए 62,370 रुपए प्रति व्यक्ति का शुल्क निर्धारित किया है।

## कुल्हाड़ी से वार कर पत्नी की हत्या की, हो गया गिरफ्तार

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में असोथर थाना क्षेत्र के सरवल गांव में एक व्यक्ति ने कुल्हाड़ी से हमलाकर 66 वर्षीया अपनी पत्नी की कथित रूप से हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) नीरज यादव ने बृहस्पतिवार को बताया कि सरवल गांव में बुधवार की तड़के करीब तीन बजे शिवबरन शर्मा (68) ने घर के दरवाजे के बाहर सो रही अपनी पत्नी ललिता (66) के ऊपर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ प्रहार कर उसकी हत्या कर दी और पुलिस के पहुंचने तक वह शव के पास बैठा रहा, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया ।उन्होंने बताया कि शिवबरन शर्मा के विरूद्ध उसके बड़े बेटे बबलू की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है एवं शव पोस्टमॉर्टम के लिए ले जाया गया है ।यादव ने बबलू के हवाले से बताया कि शिवबरन अपनी पत्नी के चरित्र पर शक करता था एवं कहीं आने-जाने पर वह उसका पीछा करता था। पुलिस के अनुसार यहां तक कि ललिता जब शौच के लिए जाए, तब भी वह साथ जाता था।

### दबिश के दौरान जहर खाने वाली मां-बेटी की भी मौत

**बागपत।** बागपत जिले के छपरौली क्षेत्र में पुलिस की दबिश के दौरान जहर खाने से आरोपी की मां और दूसरी बहन की भी मौत हो गई है। पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने बृहस्पतिवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि मंगलवार को छपरौली थाना क्षेत्र के बाछोड़ गांव में पुलिस की दबिश के दौरान जहर खाने वाली अनुराधा (49) और उसकी छोटी बेटी प्रीति (17) की भी मेरठ के अस्पताल में इलाज के दौरान बुधवार देर रात मौत हो गई। अनुराधा की बड़ी बेटी स्वाति (19) की भी बुधवार तड़के उपचार के दौरान मौत हो गई थी। जादौन ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर छपरौली थाने के दारोगा नरेश पाल समेत छह लोगों के खिलाफ उत्पीड़न और आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कर लिया है तथा उसकी जांच अपराध शाखा को सौंपी गई है। मालूम हो कि गत तीन मई को छपरौली गांव के एक ग्रामीण ने पुलिस में तहरीर दी थी कि उसकी पुत्री को गांव का ही प्रिन्स नामक युवक लेकर फरार हो गया था। इस मामले में पुलिस लड़के के घर लगातार दबिश दे रही थी।

## महिलाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अब मिलेगा मौका

**प्रयागराज।** पिछले तीस वर्षों से ज़ी टीवी भारत में रियलिटी टेलीविजन को नए नए रंग रूप देने में सबसे आगे रहा है। इस चैनल ने दर्शकों को अंताक्षरी सारेगामापा डांस इंडिया डांस और इंडियाज़ बेस्ट ड्रामेबाज़ जैसे घरेलू नॉन फिक्शन फॉर्मेट दिए। जो न सिर्फ बेहद पॉपुलर टैलेंट.बेस्ड रियलिटी फ्रेंचाइज़ी बन गए। इस साल की शुरुआत में जोर शोर से डीआईडी लिटिल मास्टर्स लॉन्च किया गया। डीआईडी सुपर मॉम्स के पिछले दो सीज़न्स को भी जबर्दस्त रिस्पॉन्स मिला था। जिसमें कुछ असाधारण टैलेंट सामने आए और सभी महिलाओं को सुपर मॉम्स बनने का एक बड़ा मौका दिया गया था। अब ज़ी टीवी एक बार फिर इस पॉपुलर नॉन फिक्शन शो का तीसरा संस्करण लेकर आ रहा है। डीआईडी सुपर मॉम्स का नया सीज़न जल्द जी टीवी पर शुरू हो रहा है। डीआईडी सुपर मॉम्स का ये सीज़न भी देश भर की महिलाओं को अपना टैलेंट दिखाने का सुनहरा मौका दे रहा है। यह सभी महिलाएं अपने परिवारों के सपोर्ट के साथ आप सभी का दिल जीतने के साथ साथ अपने सपने भी पूरे करेंगी और इस सोच को सामने लाएंगी कि अपनों का हाथ जिन भी कंधों पर है। इसी तर्ज पर लखनऊ की टैलेंटेड कंटेस्टेंट रिद्धि तिवारी को डीआईडी सुपर मॉम्स के सेट पर अपना खास हुनर दिखाने का मौका मिला है।

**लक्ष्य के साथ युवाओं को जोड़ना होगारू मयंक:**प्रयागराज। रस्क मीडिया के सहयोग से अपने नए टाइटल प्लेग्राउंड की जानकारी अमेज़ॉन मिनी टीवी ने दी। प्लेग्राउंड एक अनोखा गेमिंग रियलिटी शो है। जहां आने वाले गेमर्स को भारत के प्रमुख गेमिंग सुपर स्टार्स कैरी मिनाती ट्रिगर्ड इंसान मॉर्टल और स्काउट द्वारा मेंटर की जाएगी। इस शो का प्रीमियर तेईस मई को अमेज़ॉन शॉपिंग ऐप के अमेज़ॉन मिनी टीवी पर हुआ। जिसका पूरे भारत के दर्शक मुफ्त में आनंद ले सकते हैं। अमेज़ॅन एडवरटाइजिंग के हेड गिरीश प्रभु ने कहा भारत दुनिया के सबसे बड़े गेमिंग हब में से एक के रूप में उभरा है और हमें अमेज़ॅन मिनी टीवी पर अपने दर्शकों के लिए रस्क मीडिया द्वारा प्लेग्राउंड लाने में गर्व है।

सीएम योगी पर अभद्र टिप्पणी करने वाले किशोर को मिली सजा

## पंद्रह दिन साफ करेगा गौशाला



**बदायूँ।** उत्तर प्रदेश के बदायूं में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर अभद्र टिप्पणी करने वाले एक किशोर को किशोर न्याय बोर्ड ने 15 दिन गौशाला में सेवा करने तथा 15 दिन गांव के सार्वजनिक स्थल पर सफाई करने की सजा सुनाई है। आरोपी पक्ष के अधिवक्ता जवाहर सिंह यादव ने बताया कि जनपद के दहगांवा कस्बा के इस किशोर के मोबाइल से 18 जनवरी को योगी आदित्यनाथ का एक एडिट किया हुआ आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया था, जो बाद में व्हाट्सअप से भी साझा किया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्जकर जब जांच की तो उसने पाया कि यह कृत्य इस किशोर के मोबाइल से किया गया है। मुकदमे की सुनवाई के दौरान किशोर ने अपना जुर्म कबूल कर लिया और भविष्य में ऐसा दोबारा न करने का इरादा भी जताया। सहायक अभियोजन अधिकारी एवं बचाव पक्ष के वकील की दलीलें सुनने के बाद किशोर न्याय बोर्ड की न्यायाधीश आंचल अधाना और उसके सदस्य अरविंद गुप्ता एवं प्रमिला गुप्ता ने किशोर के भविष्य को ध्यान में रखते हुए बुधवार को अपने फैसले में कहा कि आरोपी किशोर 15 दिन गांव की गौशाला में गायों की सेवा करेगा तथा 15 दिन सार्वजनिक स्थान पर सफाई करेगा। बोर्ड का कहना था कि इस फैसले से बच्चे के अंदर सेवा भाव पैदा होगा, उसे सुधरने को पर्याप्त अवसर दिया गया है। यादव का कहना है कि बच्चे द्वारा मोबाइल पर कोई अभद्र पोस्ट कर दी गई थी जिसकी वजह से उसे यह सजा सुनाई गई लेकिन अदालत ने उसके बारे में जो फैसला सुनाया है वह काफी सराहनीय है। यादव ने बताया कि किशोर पर दस हजार रूपए का जुर्माना भी लगाया गया है जो किशोर के परिजनों द्वारा बृहस्पतिवार को राजकीय कोष में जमा कर दिया गया है ।हालांकि किशोर के परिजनों का कहना है कि मोबाइल कहीं अन्य जगह चार्जिंग के लिए लगा था, किसी अन्य व्यक्ति ने ऐसा किया, उनका बेटा बेकसूर है।


### भदोही के पूर्व विधायक के परिजनों की बैंक में जमा 1.28 करोड़ की रकम कुर्क

**भदोही।** भदोही जिला प्रशासन ने बृहस्पतिवार को ज्ञानपुर क्षेत्र के पूर्व विधायक और आपराधिक गिरोह के कथित सरगना विजय मिश्रा के परिजनों की एक बैंक में रखी एक करोड़ 28 लाख रुपए की रकम कुर्क कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी है। भदोही के पुलिस अधीक्षक डाक्टर अनिल कुमार ने बृहस्पतिवार को बताया कि पूर्व विधायक विजय मिश्रा ने अपने बेटे विष्णु मिश्रा, बहू रूपा मिश्रा और गिरोह के एक सक्रिय सदस्य गिरधारी प्रसाद पाठक के नाम से भदोही के एक बैंक में लालीरा बिल्डिकॉन प्राइवेट लिमिटेड और नव निर्माण इंफ्रा हाईट्स एन्ड मूवर्स प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनियों के मद में एक करोड़, अट्ठाइस लाख,अट्ठासी हज़ार नौ सौ रुपए जमा किए है। विजय मिश्रा गिरोहबंद अधिनियम सहित कई मामलों में आगरा जेल में बंद है। पुलिस अधीक्षक ने दावा किया कि यह पैसा संगठित अपराध के जरिए अर्जित किया गया है। कुमार ने बताया कि इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी को रिपोर्ट प्रेषित की गई थी और उनके आदेश के अनुपालन में गिरोहबंद अधिनियम की धारा 14 (1) के तहत यह धनराशि आज कुर्क कर ली गई है। उल्लेखनीय है कि विजय मिश्रा का बेटा विष्णु मिश्रा अगस्त 2020 से फरार है।

### अराजक तत्वों ने अंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त की

**महोबा।** महोबा जिले के पनवाड़ी कस्बे में अज्ञात अराजकतत्वों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त कर दी। इस संबंध में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। कुलपहाड़ क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक (सीओ) उमेशचन्द्र ने बताया कि बुधवार की रात अज्ञात अराजकतत्वों ने पनवाड़ी कस्बे के राठ रोड़ स्थित नेहरू मार्ग मेला मैदान में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। उन्होंने बताया कि बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के जिलाध्यक्ष गंगादीन और कुछ अन्य लोगों ने हंगामा कर विरोध जताने की कोशिश की, लेकिन उन्हें समझा-बुझाकर शांत कर दिया गया और गंगादीन की तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी गई है। गंगादीन ने आरोप लगाया कि बाबा साहब की प्रतिमा क्षतिग्रस्त कर कुछ अराजक तत्वों ने सामाजिक सौहाद्र बिगाड़ने की कोशिश की है। उन्होंने कहा, अराजकतत्वों की गिरफ्तारी और शीघ्र बाबा साहब की प्रतिमा दुरुस्त न किए जाने पर आंदोलन किया जाएगा।

## ताज परिसर में नमाज पढ़ते चार गिरफ्तार



**आगरा।** आगरा स्थित विश्व प्रसिद्ध ताजमहल परिसर में मौजूद ताज मस्जिद में कथित रूप से बिना अनुमति नमाज पढ़ने के आरोप में चार पर्यटकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि स्मारक के रखरखाव की जिम्मेदारी संभाल रहे भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने परिसर में केवल शुक्रवार को नमाज पढ़ने की अनुमति दी है। ताजगंज पुलिस थाने के निरीक्षक इंसपेक्टर भूपेंद्र बालियान ने बृहस्पतिवार को बताया कि घटना बुधवार शाम की है और गिरफ्तार चारों पर्यटकों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा-153 (दंगा भड़काने की मंशा से उकसाना)के तहत कार्वाई की गई है ।सूत्रों ने बताया कि परिसर की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल रहे सीआईएसएफ के जवानों ने बुधवार को ताजमहल परिसर स्थित ताज मस्जिद में जिन चार पर्यटकों को नमाज पढ़ते पकड़ा है, उनमें से तीन हैदराबाद के हैं जबकि एक प्रदेश के ही आजमगढ़ जिले का निवासी है। सीआईएसएफ ने चारों को ताजगंज थाने की पुलिस को सौंप दिया। एएसआई के अधीक्षण पुरातत्वविद राजकुमार पटेल ने बताया कि केवल शुक्रवार को ही ताजमहल परिसर में नमाज की अनुमति है। उन्होंने बताया कि नियमानुसार ताजमहल शुक्रवार को पर्यटकों के लिए बंद रहता है, लेकिन यहां स्थित मस्जिद में नमाज पढ2345ी वालों के लिए दोपहर दो बजे तक स्मारक को खोला जाता है। एएसआई के मुताबिक ताजमहल की मस्जिद में केवल शुक्रवार को ही नमाज की अनुमति है और वह भी ताजगंज के स्थानीय लोगों को। बालियान ने बताया कि चारों युवक पुलिस हिरासत में हैं, उनके खिलाफ कानूनी कार्वाई की जा रही है। वहीं, कुछ लोगों का कहना है कि ताज मस्जिद में नमाज पर रोक की जानकारी कुछ दिन पहले तक नहीं सुनी गई थी।

शाही ईदगाह मस्जिद

## सर्वे के लिए कोर्ट कमिश्नर नियुक्त करने की अर्जी का तेजी से निस्तारण का निर्देश

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा के अतिरिक्त जिला न्यायाधीश ने निचली अदालत को शाही ईदगाह मस्जिद का सर्वे करने और उसमें मंदिर के चिन्हों के दावों को सत्यापित करने के लिए कोर्ट कमिश्नर नियुक्त करने के अनुरोध वाली याचिका के शीघ्र निस्तारण करने का बृहस्पतिवार को निर्देश दिया ।याचिकाकर्ताओं ने तब पुनरीक्षण अर्जी के साथ अतिरिक्त जिला न्यायाधीश का रुख किया था जब 23 मई को दीवानी अदालत (सीनियर डिवीजन) की निचली अदालत ने शाही ईदगाह मस्जिद की प्रबंधन समिति और अन्य को उस अर्जी पर अपनी आपत्ति दायर करने को कहा जिसमें मस्जिद के सर्वे कराने का अनुरोध किया गया था। न्यायाधीश ने इसके साथ ही उक्त अर्जी पर सुनवाई के लिए एक जुलाई की तिथि तय की जब ग्रीष्मावकाश के बाद अदालतें फिर से खुलेंगी ।जिला सरकारी अधिवक्ता संजय गौड़ ने कहा, पुनरीक्षण अर्जी का निस्तारण निचली अदालत को इस निर्देश के साथ किया गया कि वह कोर्ट कमिश्नर मस्जिद भेजने के अनुरोध वाली अर्जी का निस्तारण अगली सुनवाई से दिन-प्रतिदिन आधार पर सुनवाई करके करें। याचिकाकर्ताओं के वकील राजेंद्र माहेश्वरी ने कहा, दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) की निचली अदालत को अतिरिक्त जिला न्यायाधीश संजय चौधरी (अपील और पुनरीक्षण के लिए प्रभारी जिला न्यायाधीश) द्वारा एडवोकेट कमिश्नर (मस्जिद में) भेजने से संबंधित अर्जी पर सुनवाई में देरी नहीं करने का निर्देश दिया गया है। अर्जी दिल्ली के जय भगवान गोयल और चार अन्य लोगों द्वारा प्रस्तुत की गई है। माहेश्वरी ने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने 23 मई को दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) ज्योति सिंह की अदालत में एक अर्जी दाखिल की थी, जिसमें यह दावा करते हुए शाही ईदगाह मस्जिद परिसर के सर्वे कराने के लिए एक एडवोकेट कमिश्नर भेजने का अनुरोध किया गया था कि मस्जिद में मंदिर के चिह्न मौजूद हैं।

### शिशु की अच्छी सेहत के लिए नींद जरूरी: अभिषेक

**प्रयागराज।** रात भर की अच्छी नींद शिशु की सेहत के लिए बहुत बढ़िया होती है और शिशु अगली सुबह प्रसन्न रहते हैं। शिशु को बिना दिक्कत लंबी नींद आए इसके लिए सही डायपर इस्तेमाल करना बहुत जरूरी है। बेबी केयर ब्रांड पैंपर्स ने अपने नई कैंपेन के तहत टीवी विज्ञापन पेश किया। जिसमें गायिका और हाल ही में मां बनीं श्रेया घोषाल नजर आती हैं। शिशु को सुलाने के लिए श्रेया घोषाल की लोरी और पैंपर्स के एंटी रैश तथा गीलेपन से बचाने वाले गुणों की मदद से शिशु को पूरी रात सुलाए रखना। प्रॉक्टर एंड गैम्बल में वाइस प्रेसिडेंट और बेबीकेयर बिजनेस के प्रमुख अभिषेक देसाई ने कहा वर्षों से माता पिता ने पैंपर्स में जो भरोसा दिखाया है। लियो बर्नेट के सीईओ और चीफ क्रिएटिव ऑफिसर दक्षिण एशिया राजदीपक दास ने कैंपेन फिल्म की बात करते हुए कहा पैंपर्स ने अपनी श्रेणी के सर्वश्रेष्ठ उत्पादों के जरिये हमेशा शिशु की सेहत और खुशी को सबसे ऊपर रखा है।

## फसल खराब हुई तो किसान ने फांसी लगाकर दी जान

**राठ**( हमीरपुर) मझगवां थाने के मल्हेटा गांव में मटर की फसल खराब होने पर एक अधेड़ किसान ने खेत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची मझगवां पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस के मुताबिक गांव के 56 वर्षीय अवधेश परिहार ने आज खेत में लगे नीम के पेड़ से रस्सी डाल फांसी लगा ली। जब खेतों में जानवर चराने पहुंचे चरवाहों ने किसान को पेड़ पर लटका देखा तो हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे स्वजनों ने शव को नीचे उतारा। तब तक किसान की मौत हो चुकी थी। मृतक के छोटे पुत्र कुलदीप ने बताया कि उसके पिता के पास करीब दो एकड़ जमीन थी। इस वर्ष उन्होने खेत में मटर की फसल बोई थी। बताया कि फसल खराब होने के चलते उसके पिता परेशान रहने लगे थे। आज सुबह उसके पिता पशुबाड़े में जानवरों को भूसा पानी करने के लिए गए थे। इसके बाद वह खेत में खड़ी फसल देखने के लिए चले गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

### बाइक में मारी टक्कर, महिला सहित मासूम घायल

**राठ**(हमीरपुर) भाई के साथ बाइक पर सवार होकर मायके जा रही महिला की बाइक में एक तेज रफ्तार बाइक में सवार तीन लोगों ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक में सवार महिला सहित उसका मासूम बालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल महिला ने कोतवाली में तहरीर दी है। चरखारी थाने के गौरहारी निवासी रेशमा पत्नी भूपेन्द्र ने बताया कि वह बीते 19 मई 2022 को अपने भाई शिवम के साथ बाइक में अपने डेढ़ माह के मासूम पुत्र के साथ बैठकर अपने मायके सैदपुर राठ जा रही थी। जैसे ही उसकी बाइक राठ कस्बे के बीएनवी इंटर कालेज के पास पहुंची। तभी पीछे से आ रहे शराब के नशे में धुत एक बाइक में सवार तीन लोगों ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे रेशमा सहित उसका डेढ़ माह का मासूम बच्चा बाइक से गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल मां बेटे को इलाज के लिये सीएचसी में भर्ती करा दिया है।

## संदिग्ध हालात में युवक की मौत, दरवाजे के बाहर मिला शव

**बरेली ।** एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई उसका शव आज सुबह घर के दरवाजे के बाहर पड़ा मिला मृतक के ससुरालियों ने उसके बड़े भाई पर हत्या का आरोप लगाया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रेम नगर थाना क्षेत्र के गांव सैदपुर गोटिया निवासी 25 वर्षीय कमल पुत्र रामशरण कश्यप की लाश आज सुबह उसके मकान के बाहर पाई गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि कमल का विवाह 5 मई को कैंट थाने के गांव बभीया निवासी राखी से हुआ था कमल ठेले पर फल और सब्जियां बेचने का काम करता था इसके अलावा वह हलवाईयों के साथ भी काम करता था मृतक के ससुरालियों ने कमल के बड़े भाई नीरज पर उसकी हत्या का आरोप लगाते हुए बताया कि कमल के विवाह में नीरज किसी भी कार्यक्रम में शामिल नहीं हुआ था और वह कमल के विवाह से नाराज था जिसके चलते विवाह के बाद से ही वह कमल से झगड़ा करने लगा था और पिछले 4 दिनों से भी रोजाना कमल से झगड़ा कर रहा था और उसकी पिटाई कर रहा था कल शाम को भी झगड़ा हुआ था और आज सुबह कमल की मा ने उसकी लाश को दरवाजे के बाहर देखा और पुलिस को सूचना दे दी घटना की सूचना मिलते ही कमल की पत्नी के मायके से ससुराल वापस लौट आई वहीं पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद बड़े भाई नीरज ने हत्या से इनकार पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

**आगरा में किशोरी से मौसेरे भाई ने किया दुष्कर्म:** आगरा। आगरा में मनसुखपुरा थानाक्षेत्र के एक गांव में एक किशोरी के साथ उसके ही मौसेरे भाई ने कथित रूप दुष्कर्म किया और उसके गर्भवती होने पर गोलियां खिलाकर उसका गर्भपात करा दिया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट एवं संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना के निरीक्षक गिरीश कुमार का कहना है कि आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उनके अनुसार किशोरी सात माह की गर्भवती थी तथा भ्रूण को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है एवं आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए दबिश दी जा रही है। किशोरी के पिता ने बताया कि उसकी 15 वर्षीय बेटी के साथ रिश्ते के मौसेरे भाई ने सात महीने पहले दुष्कर्म किया था तथा किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी थी। तहरीर के अनुसार धमकी से डरकर किशोरी ने किसी को कुछ नहीं बताया लेकिन वह गर्भवती हो गई।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**बरेली।** रात में ड्यूटी से घर वापस लौट रहे शराब फैक्ट्री के कर्मचारी की रास्ते में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कस्बा व थाना आंवला निवासी 25 वर्षीय अभिषेक पुत्र रवींश पाल सिंह की आज सुबह तड़के किला थाना क्षेत्र में ओवर ब्रिज पर हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि अभिषेक सीबीगंज थाना क्षेत्र के परसाखेड़ा स्थित सुपीरियर शराब फैक्ट्री में काम करता था और कल शाम को फैक्ट्री में ड्यूटी करने के लिए गया था रात में ड्यूटी करने के बाद आज सुबह वह मोटरसाइकिल से अपने घर वापस लौट रहा था लेकिन जब उसकी बाइक किला ओवर ब्रिज पर पहुंची तेजी से आ रहे ट्रक ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला ट्रक फरार हो गया स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल ले जाने की कोशिश की लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी मृतक के पास मिले मोबाइल फोन से दुर्घटना की सूचना उसके घर वालों को दी गई जो मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक की पत्नी का नाम लक्ष्मी देवी है।





वाराणसी में इन दिनों ज्ञानवापी मामले को लेकर गहमागहमी है, बृहस्पतिवार को सुनवाई के बाद हिंदू संगठनों के पक्ष के वकील बाहर आते हुए (ऊपर), वहीं मुस्लिमों का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिवक्ता रणनीति को लेकर मंथन करते हुए (नीचे)

### कानून के दायरे में लड़ाई लड़ेगी हिंदू महासभा: ऋषि

**लखनऊ।** अखिल भारत हिन्दू महासभा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने आज यहां किसान और व्यापार प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित स्वागत समारोह को सम्बोधित करते हुये कहा कि हिन्दू महासभा लक्ष्मण टीला के साथ प्रदेश के अन्य हिन्दू धार्मिक स्थलों को वास्तविक स्वरूप में लौटाने की लड़ाई कोर्ट और रोड दोनों रास्तों से लड़ाई लड़ेगी। इसके लिये पार्टी जल्द ही नई रणनीति तैयार करेगी, जिसके पहली प्राथमिकता न्यायालय की लड़ाई होगी। कुर्सी रोड स्थित हिन्दू महासभा के प्रदेश कार्यालय में किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अंकेश सिंह चौहान और व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल द्वारा स्वागत व अभिनन्दन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें श्रमिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष गोपी कृष्ण, युवा एवं छात्र प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर स्वागत एवं अभिनन्दन का आभार व्यक्त करत हुये हिन्दू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ने साफकहा कि हिन्दू महासभा पूरी कानून व्यवस्था का अनुपालन करते हुये शान्तिपूर्ण ढंग से लड़ाई में विश्वास रखती है।

# आत्मविश्वास से ओतप्रोत जोश के साथ उतरेगी विराट की आरसीबी

● दूसरे क्वालीफायर में सामना राजस्थान रॉयल्स से होगा

**भाषा।** अहमदाबाद





**पिछले मैच** में औसत गेंदबाजी प्रदर्शन को भुलाकर राजस्थान रॉयल्स को आईपीएल के दूसरे क्वालीफायर में शुक्रवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा जिसके हौसले पिछले मैच में मिली जीत के बाद बुलंद हैं। नाटकीय ढंग से किस्मत के सहारे प्लेऑफ में जगह बनाने के बाद आरसीबी ने एलिमिनेटर में लखनऊ सुपर जाइंट्स को हराया। पिछले चौदह वर्ष से खिताब का इंतजार कर रही टीम से अपेक्षाएं जबर्दस्त हैं और खिलाड़ी उन पर खरे उतरने के लिए बेताब भी हैं। दूसरी ओर रॉयल्स पहले क्वालीफायर में गुजरात टाइटंस से हार गई। कोलकाता में कुछ मैचों के बाद अब आईपीएल का कारवां गुजरात आ पहुंचा है। आरसीबी के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने लखनऊ पर मिली जीत के बाद आईपीएल वेबसाइट से कहा, अच्छी बात यह है कि एक दिन बाद हमें फिर खेलना है। अहमदाबाद में फिर खेलने को लेकर बेताब हैं। हम अपने प्रदर्शन से खुश हैं और काफी रोमांचित भी। उम्मीद है कि दो मैच और जीतकर जश्न मना सकेंगे। एलिमिनेटर में अपने कैरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले रजत पाटीदार इस लय को कायम रखना चाहेंगे। आईपीएल मेगा नीलामी में बिक नहीं सके पाटीदार वैकल्पिक खिलाड़ी के रूप में आरसीबी का हिस्सा बने और एक पारी ने उनकी तकदीर बदल दी। कोहली और कप्तान फाफ डु प्लेसी दोनों बड़े मैचों के खिलाड़ी हैं और पिछले मैचों में कम स्कोर के बाद अब बड़ी पारी खेलने को लालायित होंगे। आरसीबी के लिए फिनिशर की भूमिका निभा रहे दिनेश कार्तिक कुछ और रन अपने नाम करना चाहेंगे। विजई टीम में बदलाव की संभावना कम ही है। वानिंदु हसरंगा ने साहसी गेंदबाजी की तो आखिरी ओवरों में हर्षल पटेल का सानी नहीं है। मोहम्मद सिराज ने भी वापसी के बाद पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया। डैथ ओवरों में उम्दा गेंदबाजी की अपनी छवि के साथ जोश हेजलवुड ने न्याय किया और अब सटीक यॉर्कर के साथ उन्हें खेलना और मुश्किल हो गया है। आरसीबी के गेंदबाजों के सामने सबसे बड़ी चुनौती जोस बटलर और रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन के बल्लों पर अंकुश लगाने की है। दोनों ने गुजरात के खिलाफ रन बनाए लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। सैमसन अच्छी शुरूआत को बड़ी पारी में बदलना चाहेंगे। गेंदबाजों को पिछले मैच को भुलाकर नए सिरे से अच्छा प्रदर्शन करना होगा। आर अश्विन गुजरात के खिलाफ खराब फॉर्म में दिखे तो प्रसिद्ध कृष्णा ने आखिरी ओवर में डेविड मिलर को फुललैंग्थ गेंद डालने की गलती की।

## भारत के मुरली श्रीशंकर ने यूनान में लंबी कूद में स्वर्ण जीता

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत के लंबी** कूद के खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर ने यूनान में 12वीं अंतरराष्ट्रीय जंपिंग मीट में 8.31 मीटर की कूद लगाकर स्वर्ण पदक जीता। तोक्यो ओलंपिक खेल चुके श्रीशंकर के नाम 8 . 36 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। स्वीडन के टोबियास मोंटलेर ने 8 . 27 मीटर की कूद लगाकर रजत पदक जीता जबकि फ्रांस के जुलेस पोमेरी को कांस्य पदक मिला। सिर्फ शीर्ष तीन खिलाड़ी ही आठ मीटर से आगे निकल सके। श्रीशंकर ने यूनान के कालिथिया में 12वीं अंतरराष्ट्रीय जंपिंग मीट में 8 . 31 मीटर की कूद लगाई। ओलंपिक के बाद से पहली अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में भाग ले रहे श्रीशंकर ने कल अभ्यास में 7 . 88 और 7 . 71 मीटर की कूद लगाई थी। केरल के इस एथलीट ने सत्र की पहली इंडिया ओपन जंप्स मीट में 8 . 14 और 8 . 17 मीटर की कूद लगाई थी। उन्होंने कोझिकोड में फेडरेशन कप में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा।



## हार के बावजूद वेलोसिटी पहुंची फाइनल में

● ट्रेलब्लेजर्स से 16 रन हारी , किरण नवगिरे का अर्धशतक

**भाषा।** पुणे




**स्कोर- ट्रेलब्लेजर्स पारी :** मेघना का क्रास बो राणा 73,मंधाना का सिमरन बहादुर बो क्रास 01, रॉडिग्स का राणा बो खाका 66,मैथ्यूज का चांथाम बो सिमरन बहादुर 27,डंक्ले का यादव बो सिमरन बहादुर 19,घोष नाबाद 01,**अतिरिक्त :** 03,कुल : 20 ओवर में पांच विकेट पर 190 रन,**विकेट पतन** :1-13, 2-126, 3-157, 4-189, 5-190,**गेंदबाजी :** क्रास 3-0-27-1,दीप्ति 3-0-25-0, राणा 4-0-37-1, यादव 2-0-24-0, खाका 3-0-27-1, वर्मा 2-0-19-0, बहादुर 3-0-31-2

**वेलोसिटी पारी :** शेफाली पगबाधा बो गायकवाड़ 29, भाटिया बो सलमा खातून 19,नवगिरे स्ट घोष बो डंक्ले 69, वोलवार्ट का घोष बो पूनम यादव 17,दीप्ति का मंधाना बो गायकवाड़ 02,राणा का मंधाना बो रेणुका सिंह 11,राधा रन आउट 02, सिमरन बो मैथ्यूज 12,क्रास का रेड्डी बो पूनम यादव 06, चांथम नाबाद 03,**अतिरिक्त :** 04,**कुल** : 20 ओवर मे नौ विकेट पर 174 रन, **विकेट पतन** :1-36, 2-50, 3-105, 4-116, 5-144, 6-153, 7-155, 8-166, 9-174,**गेंदबाजी :** रेणुका सिंह 4-0-32-1, हेले मैथ्यूज 2-0-20-1, सलमा खातून 2-0-22-1, राजेश्वरी गायकवाड 4-0-44-2, अरुंधती रेड्डी 2-0-15-0, पूनम यादव 4-0-33-2, सोफिया डंक्ले 2-0-8-1।

**महाराष्ट्र की** आल राउंडर किरण नवगिरे (69 रन) के अर्धशतक की बदौलत वेलोसिटी ने गुरूवार को यहां महिला टी20 चैलेंज मुकाबले में गत चैम्पियन ट्रेलब्लेजर्स से 16 रन हारने के बावजूद बेहतर रन रेट से 28 मई को होने वाले फाइनल के लिए क्वालीफाई किया, जिसमें उसका सामना सुपरनोवाज से होगा। ट्रेलब्लेजर्स के लिए सलामी बल्लेबाज एस मेघना (73 रन) और जेमिमा रॉड्रिग्स (66 रन) के अर्धशतक भी टीम को फाइनल तक पहुंचाने के लिए काम नहीं आ सके। टीम ने दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 113 रन की साझेदारी से वेलोसिटी को जीत के लिए 191 रन का विशाल लक्ष्य दिया। वेलोसिटी किरण (34 गेंद, पांच चौके, पांच छक्के) के अर्धशतक के बावजूद नौ विकेट पर 174 रन ही बना सकी। पर टीम इस स्कोर से फाइनल में पहुंच गई क्योंकि उसे फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए कम से कम 159 रन बनाने की जरूरत थी। ट्रेलब्लेजर्स को फाइनल में जगह सुनिश्चित करने के लिए कम से कम 32 या उससे ज्यादा रन से जीत की दरकार थी लेकिन ऐसा नहीं हो सका। वेलोसिटी के लिए किरण के अलावा सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने 29 रन और लौरा वोलवार्ट ने 17 रन का योगदान दिया। ट्रेलब्लेजर्स के लिए राजेश्वरी गायकवाड़ और पूनम यादव ने दो दो विकेट अपने नाम किए जबकि रेणुका सिंह, हेली मैथ्यूज, सलमा खातून और सोफिया डंकले को एक एक विकेट मिला। वेलोसिटी ने भी तेज शुरूआत करते हुए तीन ओवर में 32 रन जड़ दिए थे। पर अगले दो ओवर में दो विकेट गंवा दिए। चौथे ओवर में यास्तिका भाटिया (19 रन, तीन चौके) और पांचवें ओवर में शेफाली वर्मा (15 गेंद, पांच चौके) के विकेट खो दिए। पांच ओवर में वेलोसिटी का स्कोर दो विकेट पर 50 रन था। किरण नवगिरे ने छठे ओवर में सलमा खातून पर दो छक्के और एक चौके से टीम के खाते में 18 रन जोड़े।

### हमने चौके छक्के लगाने की कोशिश की उन्होंने बेहतरीन गेंदबाजी की : राहुल

**कोलकाता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ आईपीएल एलिमिनेटर में मिली हार के बाद लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान के एल राहुल ने स्वीकार किया कि उनकी टीम को बीच के ओवरों में दो बड़े शॉट्स की जरूरत थी। राहुल ने कहा , बीच के ओवरों में दो बड़े शॉट खेलने से मैच की तस्वीर बदल सकती थी। अब देखने पर ऐसा ही लगता है। पावरप्ले के बाद सात ओवरों के दौरान राहुल एक ही चौका लगा सके जबकि वह इतने काबिल बल्लेबाज है कि दुनिया के किसी भी गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ सकते है।

### क्रिकेट आस्ट्रेलिया में राजनीति पर बरसे लैंगर

**पर्थ।** आस्ट्रेलियाई टीम के मुख्य कोच के पद से विवादित तरीके से रवानगी के बाद जस्टिन लैंगर ने देश के क्रिकेट बोर्ड में राजनीति की आलोचना करते हुए अंतरिम प्रमुख रिचर्ड फ्रेउडेनस्टेन को खास तौर पर लताड़ा है। फरवरी में लैंगर ने अनुबंध में छह महीने के विस्तार को स्वीकार करने से इनकार करते हुए मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दे दिया था। टी20 विश्व कप में खिताबी जीत और एशेज श्रृंखला जीतने के बाद उन्हें अनुबंध लंबी अवधि के लिए बढाए जाने की उम्मीद है।

### ओडिशा व किकस्टार्ट की जीत

**भुवनेश्वर।** स्पोर्ट्स ओडिशा ने गुरूवार को यहां हीरो इंडियन वुमैन्स लीग (आईडब्ल्यूएल) में माता रूकमणि एफसी को 7-0 से हराया और किकस्टार्ट एफसी ने इंडियन एरोज पर1-0 से जीत दर्ज की। स्पोर्ट्स ओडिशा के लिए दीपा नायक ने चार गोल दागे जबकि प्यारी खाखा ने गोल की हैट्रिक लगाई। इससे टीम ने तीन और अंक अपने खाते में जोड़े। किकस्टार्ट एफसी के लिए मार्गेट ने पहले हाफ के अंत में गोल दागा जो निर्णायक साबित हुआ।

### खिलाड़ियों ने चली बाजी

**लखनऊ।** यू पी चेस स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित मेकिंग दा ग्रैंड मास्टर्स ऑनलाइन प्रतियोगिता में अंडर 16 ओपन आयु वर्ग के तीसरे चक्र में पहले बोर्ड पर मेरठ के गोपाल कृष्ण माहेश्वरी और वाराणसी के प्रखर त्रिपाठी के मध्य गुइको पिआनो ओपनिंग से शुरुआत हुई मध्य खेल में गोपाल कृष्ण ने बेहेतरीन खेल दिखाते हुए बाजी पर अपनी पकड़ बना ली और 60 चालों में बाजी जीत कर पूरा अंक प्राप्त किया जबकि दूसरे बोर्ड पर वाराणसी की ऐशानी पाठक और बरेली के ओजस्व सक्सेना के बीच इंग्लिश ओपनिंग खेली गयी जिसमे ओजस्व ने किंग साइड पर जबरदस्त हमला करते हुए 30 चालों में ऐशानी को मात लगा कर पूरा अंक हासिल किया।

### गोकुलम केरला ने लगातार दूसरा हीरो आईडब्ल्यूएल खिताब जीता

**भुवनेश्वर।** गोकुलम केरला ने बुधवार को यहां हीरो इंडियन वुमैन्स लीग (आईडब्ल्यूएल) 2022 सत्र के अंतिम दिन सेतु एफसी पर 3-1 की जीत से लगातार दूसरी ट्राफी अपने नाम की। दोनों टीमों ने इस मैच से पहले लगातार 10-10 जीत दर्ज की थी जिससे खिताब हासिल करने के लिए यह मुकाबला अपने नाम करना जरूरी था।

## मैथ्यूज व चांदीमल का शतक



● श्रीलंका दूसरे टेस्ट में जीत के करीब

**भाषा।** ढाका

**एंजेलो मैथ्यूज** और दिनेश चांदीमल के शतक के बाद श्रीलंका ने दूसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन गुरुवार को यहां दूसरी पारी में बांग्लादेश का स्कोर चार विकेट पर 34 रन करके मैच और श्रृंखला जीतने की ओर कदम बढ़ाए। बांग्लादेश को पारी की हार टालने के लिए अब भी 107 रन की दरकार है जबकि उसके छह विकेट शेष हैं। दिन का खेल खत्म होने पर मुशफिकुर रहीम 14 जबकि लिटन दास एक रन बनाकर खेल रहे थे। पहली पारी में भी इन दोनों ने उस समय रिकॉर्ड 272 रन की साझेदारी की थी जब टीम 24 रन पर पांच विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। पहले टेस्ट में 199 रन बनाने वाले मैथ्यूज ने नाबाद 145 रन की पारी खेली जबकि चांदीमल ने 124 रन बनाए जिससे श्रीलंका ने पहली पारी में 506 रन बनाकर 141 रन की बढ़त हासिल की। बांग्लादेश ने पहली पारी में 365 रन बनाए थे। मैथ्यूज और चांदीमल ने छठे विकेट के लिए 199 रन जोड़कर श्रीलंका का पलड़ा भारी किया। बांग्लादेश की ओर से बाएं हाथ के स्पिनर शाकिब अल हसन ने 96 रन देकर पांच विकेट चटकाए। श्रीलंका के कप्तान दिमुथ करूणारत्ने (80), उनके सलामी जोड़ीदार ओशादा फर्नांडो (57) और धनंजय डिसिल्वा (58) ने भी मेहमान टीम की पहली पारी में अर्धशतक जड़े। श्रीलंका ने दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 282 रन से की। मैथ्यूज 58 जबकि चांदीमल 10 रन से आगे खेलने उतरे। मैथ्यूज को कल 37 रन पर जीवनदान मिला था। उन्होंने मोसादेक हुसैन की गेंद पर एक रन के साथ 274 गेंद में अपना 13वां टेस्ट शतक पूरा किया।

## आईबीए खिलाड़ी समिति की अध्यक्ष बनी लवलीना

**नई दिल्ली।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन को खिलाड़ी समिति का अध्यक्ष चुना गया और वोटिंग अधिकार के साथ निदेशक मंडल में शामिल किया गया है। आईबीए ने जानकारी दी। महिला विश्व चैंपियनशिप 2022 के दौरान हुए चुनाव में लवलीना को सर्वाधिक मत मिले। लवलीना ने विज्ञप्ति में कहा, आईबीए की खिलाड़ी समिति का अध्यक्ष चुने जाने पर मैं सम्मानित महसूस कर रही हूं, मैंने सदस्य बनने की उम्मीद की थी लेकिन कभी नहीं सोचा था कि मैं समिति की अध्यक्ष बनूंगी, इससे मुझे भारतीय मुक्केबाजी को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी, विशेषकर दुनिया की अन्य मुक्केबाजों के बीच महिला मुक्केबाजी का प्रचार करने में। यह मुक्केबाजी को बढ़ावा देने का मेरे पास बड़ा मौका है और मैंने सबसे पहले अन्य सदस्यों और दुनिया भर के मुक्केबाजों के साथ चर्चा करने की योजना बनाई है कि इस साल मुक्केबाजी में क्या करने की जरूरत है और इसके बाद समिति के निदेशक मंडल के सुझाव और शिकायतों पर गौर किया जाएगा।

## बेडोसा फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में

**भाषा।** पेरिस



**दुनिया की तीसरे** नंबर की खिलाड़ी पाउला बेडोसा गुरुवार को फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में जगह बनाने वाली शीर्ष 10 में शामिल पहली खिलाड़ी बनी। स्पेन की बेडोसा ने दो घंटे से अधिक चले दूसरे दौर के मुकाबले में स्लोवेनिया की 68वें नंबर की काजा जुवान को 7–5, 3–6, 6–2 से हराया। तीसरे सेट में बेडोसा ने अपनी पहली ही सर्विस गंवा दी थी लेकिन इसके बाद उन्होंने वापसी करते हुए लगातार चार गेम जीते और फिर मुकाबला अपने नाम किया। ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में बेडोसा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2021 फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाना है। बेडोसा तीसरे दौर में दुनिया की 29वें नंबर की खिलाड़ी रूस की वेरोनिका कुदेरमेतोवा से भिड़ेंगी। ड्रॉ के निचले हाफ में जगह बनाने वाली शीर्ष 10 में शामिल पांच महिला खिलाड़ी पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी हैं। बेडोसा शीर्ष हाफ में शामिल हैं जहां गुरुवार को दुनिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी कैरोलिना प्लिसकोवा को हार का सामना करना पड़ा। ग्यारहवीं वरीय अमेरिका की पेगुला ने केलिनिना को 6–1, 5–7, 6–4 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया।

### अलकाराज ने रामोस को हराया

**पेरिस।** उन्नीस वर्ष के कार्लोस अलकाराज ने मैच प्वाइंट बचाकर अपने से 15 वर्ष बड़े स्पेन के ही अलबर्ट रामोस विनोलास को हराकर फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। अपने संक्षिप्त कैरियर में नोवाक जोकोविच और रफेल नडाल जैसे धुरंधरों को एक ही क्लेकोर्ट टूर्नामेंट में हरा चुके अलकाराज ने 6–1, 6–7, 5–7, 7–6, 6–4 से जीत दर्ज की। अन्य मैचों में गत चैम्पियन नोवाक जोकोविच ओर 13 बार के चैम्पियन रफेल नडाल ने जीत दर्ज की। तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव भी अपना मुकाबला जीत गए। महिला वर्ग में अमेरिका ओपन चैम्पियन 19 वर्ष की एम्मा राडुकानू को एलियासैंड्रा सेस्नोविच ने 3– 6, 6–1, 6–1 से हराया। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता बेलिंडा बेंचिच ने 2019 अमेरिकी ओपन चैम्पियन बियांका आंद्रिस्कू को 6–2, 6–4 से हराया। अमेरिका की कोको गॉ, अमांडा एनिसिमोवा , सेबेस्टियन कोरडा और जॉन इसनेर भी अगले दौर में पहुंच गए। ग्रैंडस्लैम चैम्पियन कर्बर , अजारेंका और स्लोएने स्टीफेंस ने भी अपने मुकाबले जीते।

**कोरोना संक्रमित है : क्रेसिकोवा**

**पेरिस।** फ्रेंच ओपन चैम्पियन रही बारबोरा क्रेसिकोवा ने यह कहकर टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया कि वह कोरोना संक्रमित है।

### बोपन्ना–मिडेलकूप और सानिया–लूसी की जोड़ी जीती, रामकुमार हारे

**पेरिस।** भारत के रोहन बोपन्ना और सानिया मिर्जा ने गुरुवार को यहां अपने जोड़ीदारों के साथ मिलकर फ्रेंच ओपन की क्रमशः पुरूष और महिला युगल स्पर्धा में विपरीत अंदाज में जीत दर्ज की। बोपन्ना और नीदरलैंड के एम मिडेलकूप की जोड़ी आंद्रे गोलुबेव और फेब्रिस मार्टिन को सीधे सेटों में हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। इसके बाद सानिया ने चेक गणराज्य की लूसी ह्राडेका के साथ मिलकर शुरूआती दौर में इटली की जैस्मिन पाओलिनी और मार्टिना ट्रेविसान की जोड़ी पर तीन सेट में जीत दर्ज की। सोलहवी वरीयता प्राप्त बोपन्ना और मिडेलकूप ने दूसरे दौर का मुकाबला एक घंटे छह मिनट में 6-3, 6-4 से जीता। बोपन्ना 2011, 2016, 2018 और 2021 में फाइनल तक पहुंचे है। फिर सानिया और लूसी ने जैस्मिन और मार्टिना को एक घंटे 58 मिनट तक चले मुकाबले में 4-6, 6-2, 6-1 से हराया। रामकुमार रामनाथन और उनके अमेरिकी जोड़ीदार हंटर रीस को हालांकि पुरूष युगल के दूसरे दौर के मैच में हार का सामना करना पड़ा।

## कोहली ने पाटीदार की पारी को सराहा

● दबाव मे खेली गई सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक

**भाषा।** कोलकाता



भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने कहा कि आईपीएल एलिमिनेटर में बनाया गया रजत पाटीदार का मैच विजई शतक दबाव में खेली गई सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक था। इंदौर के पाटीदार ने 112 रन की नाबाद पारी खेली। कोहली ने पाटीदार के साथ मिलकर 66 रन जोड़े। उन्होंने आरसीबी के गेम डे में कहा, रजत पाटीदार की पारी दबाव में खेली गई सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक थी और मैंने कई ऐसी पारियां देखी हैं। इस मैच में उनकी स्ट्राइकिंग का स्तर शानदार था। उसे देखते रखिए।

### आईपीएल के लिए आरसीबी के बुलावे के बाद पाटीदार ने आगे बढ़ा दी अपनी शादी की तारीख

**इंदौर।** धाकड़ बल्लेबाज रजत पाटीदार को अगर आईपीएल के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) का बुलावा नही आया होता, तो वह नौ मई को शादी के बंधन में बंध चुके होते। लेकिन इस टी20 लीग मे खुद को साबित करने का सुनहरा अवसर मिलते ही उन्होंने अपनी शादी स्थगित करने मे देर नही की। रजत के पिता मनोहर पाटीदार ने इंदौर में बृहस्पतिवार को पीटीआई-भाषा को बताया, रजत की शादी रतलाम की एक युवती से नौ मई को होनी थी और इसके लिए हमने इंदौर मे एक होटल भी बुक कर लिया था। लेकिन आईपीएल मे खेलने के लिए उसे आरसीबी से आए बुलावे के बाद शादी की तारीख आगे बढ़ा दी गई। पाटीदार ने बताया कि उनका परिवार रजत की शादी के लिए जुलाई के शुभ मुहूर्त देख रहा है, लेकिन बारिश के मौसम के कारण विवाह समारोह पहले के मुकाबले सीमित स्वरूप मे आयोजित होना संभावित है।

## आईपीएल के नए सितारे रजत पाटीदार ने आठ साल की उम्र से थाम लिया था बल्ला

**इंदौर।** महज 54 गेंदो मे 12 चौको और सात छक्को के साथ नाबाद 112 रन, इंडियन प्रीमियर लीग के एलिमिनेटर मुकाबले मे अपनी इस धुआंधार पारी से आरसीबी को लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ अहम जीत दिलाने वाले धाकड़ बल्लेबाज रजत पाटीदार सुर्खियो मे है। उनके इंदौर निवासी परिवार का कहना है कि 28 वर्षीय क्रिकेटर की इस चमकीली कामयाबी की नींव मे खेल के प्रति बचपन से गहरा समर्पण और अनुशासन है। रजत के पिता मनोहर पाटीदार मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले इस शहर के व्यस्त महारानी रोड बाजार मे मोटरपंप का कारोबार करते है। उन्होंने बृहस्पतिवार को पीटीआई-भाषा को बताया, हमे उम्मीद थी कि रजत आईपीएल के एलिमिनेटर मुकाबले मे 50 रन तो बना ही लेगा। लेकिन उसने शतक के साथ नाबाद पारी खेलकर हमें सुखद अचंभे मे डाल दिया। आईपीएल मेगा नीलामी मे बिक नही सके रजत वैकल्पिक खिलाड़ी के रूप में आरसीबी का हिस्सा बने और बुधवार रात की पारी ने उनकी तकदीर बदल दी है। मध्यप्रदेश के दाएं हाथ के इस बल्लेबाज के पिता के मुताबिक उनके परिवार का क्रिकेट से जुड़ाव रजत के कारण ही हुआ। पाटीदार ने कहा, रजत बचपन से ही क्रिकेट का दीवाना था और खेल के प्रति उसका गहरा रुझान देखकर हमने उसे लगातार प्रोत्साहित किया। रजत केवल आठ साल की उम्र मे इंदौर के एक क्रिकेट क्लब से जुड़ गए थे और 10 साल के होते-होते अपनी उम्र से बड़े लड़को के साथ मैच खेलने लगे थे। स्कूल का समय छोड़ दिया जाए, तो घर से क्लब और क्लब से घर-बचपन मे हर मौसम मे रजत की यही दिनचर्या होती थी। उसके दोस्त-यार भी गिने-चुने ही रहे। वह बचपन से अनुशासन का पक्का है। क्रिकेट की व्यस्तताओ के चलते रजत केवल 12वी तक पढ़ सके।

## एक्सेलसन के साथ ट्रेनिंग करेंगे सेन, सिंधू को टॉप्स के अंतर्गत फिटनेस ट्रेनर ले जाने की मंजूरी

**नई दिल्ली।** विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन खेल मंत्रालय की मिशन ओलंपिक इकाई (एमओसी) से मंजूरी मिलने के बाद रविवार से दुबई में दुनिया के नंबर एक बैडमिंटन खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसन के साथ ट्रेनिंग करेंगे। आगामी बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों को देखते हुए ऐसा किया गया है। एमओसी ने साथ ही दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू की अपने फिटनेस ट्रेनर एम श्रीकांत मदापल्ली को टॉप्स के अंतर्गत टूर पर साथ ले जाने के अनुरोध को भी मंजूरी दे दी है। खेल मंत्रालय ने गुरूवार को एक बयान में इसकी जानकारी दी। अल्मोड़ा के 20 वर्षीय सेन उस भारतीय पुरूष टीम का हिस्सा थे जिसने इस महीने प्रतिष्ठित थॉमस कप जीता था और वह 28 जुलाई से आठ अगस्त तक होने वाले बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक के दावेदारों में शामिल हैं।

### खन्ना ने बत्रा के दावे को किया खारिज, कहा आईओए अध्यक्ष पद पर बने रहना अदालत की अवमानना

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ के सीनियर उपाध्यक्ष अनिल खन्ना ने बृहस्पतिवार को नरिंदर बत्रा के इस दावे को साफ तौर पर खारिज किया कि वह अभी भी आईओए के अध्यक्ष हैं। खन्ना ने कहा कि पद पर उनका बने रहना अदालत की अवमानना होगा। दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा हॉकी इंडिया में आजीवन सदस्य का पद खत्म किए जाने के बाद वरिष्ठ खेल प्रशासक बत्रा को आईओए अध्यक्ष पद से हटा दिया गया था। बत्रा ने हॉकी इंडिया के आजीवन सदस्य के रूप में ही 2017 में आईओए अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ा और जीता था। खन्ना अब अदालत के फैसले के बाद कार्यवाहक अध्यक्ष हैं। बत्रा ने कहा , मैने एफआईएच या आईओए अध्यक्ष पद का चुनाव ऐसे किसी पद पर रहने के कारण नहीं जीता जो माननीय उच्च न्यायालय ने खत्म कर दिया है। मैं अभी भी आईओए का अध्यक्ष हूं और ताजा चुनाव होने तक रहूंगा।

**कर्मचारी बनी रह सकती हैं नॉर्मन : सीओए**

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया को चलाने के लिए गठिन प्रशासको की समिति (सीओए) ने बृहस्पतिवार को कहा कि एलेना नॉर्मन के महासंघ के कर्मचारी के तौर पर काम करने में उन्हें कोई आपत्ति नही है लेकिन उसे प्रबंध समिति और कार्यकारी बोर्ड से अपना पद छोड़ना होगा। सीओए ने कहा कि जल्दी ही हॉकी इंडिया के रोजमर्रा के कामकाज को चलाने के लिए उचित व्यक्ति तलाशा जाएगा।

### चेसेबल मास्टर्स : लिरेन ने प्रज्ञानानंदा पर बढत बनाई

**चेन्नई।** दुनिया के नंबर दो खिलाड़ी डिंग लिरेन ने भारत के युवा ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा के खिलाफ मेल्टवाटर चैम्पियंस शतरंज टूर चेसेबल मास्टर्स आनलाइन टूर्नामेंट के फाइनल में पहले दिन 2.5–1.5 से बएत बना ली। पहला गेम हारने वाले 16 वर्ष के प्रज्ञानानंदा ने मजबूती से वापसी करके दूसरा गेम जीता। लिरेन ने हालांकि तीसरे गेम में फिर उसे हराया। इस मुकाबले से पहले प्रज्ञानानंदा ने अपने 11वीं कक्षा के इम्तिहान दिए थे। चौथे गेम में दोनों खिलाड़ियों ने 39 चालों के बाद ड्रॉ पर सहमति जताई। दूसरे दिन के मुकाबले से पहले लिरेन के पास एक अंक की बढत है।

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम नॉकआउट चरण में

● एशिया कप हाकी : इंडोनेशिया पर 16-0 की जीत के साथ क्वालीफाई

**भाषा।** जकार्ता



**भारत की** युवा पुरुष हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंतिम क्वार्टर में छह गोल के साथ गुरुवार को यहां इंडोनेशिया को 16–0 से हराकर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के सुपर चार चरण के लिए क्वालीफाई किया। इस जीत के साथ भारत ने टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में जगह बना ली जबकि पाकिस्तान विश्व कप में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो गया। भारत को नॉकआउट में जगह बनाने के लिए इंडोनेशिया को 15–0 या इससे बेहतर अंतर से हराना था और युवा खिलाड़ी दबाव में उम्मीद पर खरे उतरे। पूल ए में भारत और पाकिस्तान दोनों के चार अंक रहे और दोनों जापान से पीछे रहे। गत चैंपियन भारत ने हालांकि बेहतर गोल अंतर के कारण सुपर फोर में जगह बनाई। पाकिस्तान को दिन के एक अन्य मुकाबले में जापान के खिलाफ 2–3 से हार झेलनी पड़ी। इसके साथ ही पाकिस्तान की टीम ना सिर्फ टूर्नामेंट से बाहर हो गई बल्कि उसकी विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद भी टूट गई क्योंकि इस टूर्नामेंट से सिर्फ शीर्ष तीन टीम ही इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में जगह बना पाएंगी। मेजबान होने के नाते भारत इसी साल होने वाले विश्व कप में खेलेगा और इसलिए हॉकी इंडिया ने अनुभव हासिल करने के लिए युवा खिलाड़ियों को एशिया कप में भेजने का फैसला किया था। गत चैंपियन भारत के लिए दिपसान टिर्की ने पांच जबकि सुदेव बेलिमागा ने तीन गोल दागे। अनुभवी एसवी सुनील, पवन राजभर और कार्ति सेलवम ने दो–दो गोल किए जबकि उत्तम सिंह और नीलम संजीप सेस ने एक–एक गोल दागा। भारत ने मुकाबले की आक्रामक शुरुआत की। उत्तम सिंह को सातवें मिनट में गोल करने का मौका मिला लेकिन वह विरोधी गोलकीपर को पछाड़ने में नाकाम रहे। राजभर ने 10वें मिनट में भारत को बढ़त दिलाई और फिर टीम के पहले पेनल्टी कॉर्नर पर रिबाउंड पर गोल दागकर स्कोर 2–0 कर दिया। उत्तम ने इसके बाद भारत के लिए एक और गोल दागा जबकि 19वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को सुनील ने गोल में बदला। एक मिनट बाद भारत को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले जिसमें से दूसरे को नीलम संजीप ने गोल में बदलकर स्कोर 5–0 किया।

# ममेरे भाई व पति से प्रेम प्रसंग के शक में महिला ने की थी ग्रीशा की हत्या

## तीन गिरफ्तार

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**बीते** दिनों महिला की हत्या कर शव सड़क पर फेक दिया गया था। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा पंजीकृत किया था। गुरुवार को पुलिस ने एक महिला सहित तीन को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार महिला ने भाई व पति से प्रेम प्रसंग के शक में ग्रीशा की हत्या की थी। 16 मई 2022 को जनपद हरदोई के लोनार मनीपुर निवासी ग्रीशा सिंह पत्नी रनदीप सिंह का शव राजेपुर थानाक्षेत्र के गांव शेराखार को जाने वाले मार्ग पर शव बरामद हुआ था। मृतका के चचिया ससुर ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। थाना पुलिस लगातार घटना के अनावरण का प्रयास कर रही थी। गुरुवार को पुलिस ने थाना जहानगंज के न्यामतपुर ठाकुरान निवासी अभिषेक उर्फ गोलू पुत्र अमरपाल सिंह, नीतू उर्फ पूजा उर्फ आरजू, उर्फ सोनी पत्नी कृष्णा सिंह, दानमंडी जहानगंज निवासी चालक कार गौरव तिवारी पुत्र चन्द्र प्रकाश तिवारी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपित महिला नीतू सिंह ने बताया की उसके पति कृष्ण कुमार की बीते 10 वर्ष पूर्व उसे छोड़ दिया था। लिहाजा उसने राजकुमार निवासी कोलासोता से कोर्ट मैरिज कर ली थी। पति राजकुमार के मोबाइल पर अक्सर एक महिला का फोन और मैसेज आते थे। जिसे जब मैंने देखा तो राजकुमार ने बताया की फोन करने वाली महिला ग्रीशा सिंह है। उसका मायका भी कोलासोता में है। लेकिन विवाह हरदोई के लोनार मनीपुर में हुआ है। उसके पति की मौत हो गयी है। जिससे वह कभी-कभी उसके पास फोन कर लेती है। राजकुमार ने कहा की वह उससे अब बात नही करता। आरोपित नीतू सिंह ने पुलिस को बताया की 15 मई 2022 को उसके मामा का बेटा अभिषेक उर्फ गोलू एक महिला को लेकर उसके घर आया और कहा की महिला उसकी दोस्त है। इस लिए रात को नीतू के घर में रुकेंगे और सुबह गंगा नहाने के बाद घर लौट जायेंगे। जब यह जानकारी नीतू सिंह को हुई तो उसने समझ लिया की ग्रीशा का उसके पति राजकुमार और ममेरे भाई अभिषेक दोनों ने नजदीकी बनाये हुए है। जिस पर नीतू ने उसकी हत्या की योजना बना डाली। अभिषेक को दूसरे कमरें में सुला दिया। जिसके बाद वह ग्रीशा के सोनें का इंतजार करनें लगी। जब ग्रीशा देर रात गहरी नींद में सो गयी तो उसने कुटनी (मुगरी) से उसके चेहरे और सिर पर हमला कर दिया। जिससे उसकी ग्रीशा छटपटा कर नीचे गिर गयी। जिससे उसकी कुछ देर में ही मौत ही गयी। पुलिस के अनुसार ग्रीशा की चुनरी से उसका गला और अपनी चुनरी से उसका सिर और नाक बांध दी। सुबह जब अभिषेक ने ग्रीशा का शव देखा तो आरोपित नीतू सिंह ने उसे बताया की मृतका ग्रीशा उसके पति राजकुमार से भी सम्पर्क में थी और अब अभिषेक के साथ भी घूम रही थी। जिस कारण उसे रास्ते से हटा दिया। शाम को अभिषेक ने चालक गौरव को बुलाया और उसके शव को ठिकानें लगानें के लिए जा रहे थे लेकिन पुलिस के हूटर की आबाज सुनकर शव को राजेपुर थानाक्षेत्र के गांव शेराखार को जाने वाले मार्ग पर फेंक दिया और फरार हो गयै।

## नाबालिग से दुष्कर्म के प्रयास में सात साल की कैद

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में आठ साल पूर्व एक नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास करने के मामले में अनन्य पास्को कोर्ट फतेहपुर के न्यायाधीश मो0 अहमद खान ने आरोपी को 07 साल का सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले में कोर्ट ने दोषी को 10 हजार रुपये अर्थदंड देने का आदेश भी दिया है। अभियोजक एडीजीसी धर्मेंद्र उत्तम व देवेश श्रीवास्तव के मुताबिक खागा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने 2 जून 2014 को पुलिस को तहरीर सौंपकर बताया कि उसकी 15 वर्षीय नाबालिग बेटी गांव के बाहर स्थित जितेंद सिंह के आम के बाग गई थी। वहां पर पहले से मौजूद गांव का संतोष पुत्र मेवालाल ने बेटी को पकड़कर जबरन उसके साथ दुराचार करने का प्रयास किया। किसी तरह आरोपी के चंगुल से आजाद होकर रोती बिलखती किशोरी घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने इस मामले में आरोपी संतोष को गिरफ्तार कर कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। इस मामले में अभियोजक ने जिरह के दौरान पीड़िता सहित कुल छह गवाह कोर्ट में पेश किये। न्यायालय ने बचाव पक्ष व अभियोजन पक्ष के तर्कों को सुनने के बाद आरोपी संतोष दोषी करार देते हुए को सात साल का सश्रम कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अर्थदंड का आधा हिस्सा पीड़िता को देने का निर्देश दिया है।

# डंफर व ट्रक की सीधी टक्कर से तीन घंटे तक जाम रहा हाइवे

### ● गांधी इन्टर कालेज के सामने की है घटना

संवाददाता। घाटमपुर





**कानपुर** रोड पर स्थित गांधी इन्टर कालेज के सामने गुरुवार सुबह बिपरीत दिशा से आ रहे डफर व ट्रक की टक्कर में तीन घन्टे तक कानपुर -सागर राष्ट्रीय राजमार्ग जाम रहा करीब तीन घन्टे बाद पीएनसी के कर्मचारी क्रेन से ट्रकों को एक किनारे किया तब कहीं यातायात बहाल हुआ इस बीच कोतवाली या कस्बा चौकी पुलिस मौके पर नही पंहुची। बताया जाता है कि हमीरपुर से कानपुर की ओर मोरंग भरा डफर चौरोहे से आगे गांधी इन्टर कालेज के सामने पंहुचा कि तभी उसमें कोई यांत्रिक गड़बड़ी आ गयी और पिलर डिवाइडर को तोड़ता हुआ कानपुर से हमीरपुर की ओर जा रहे खाली ट्रक से जा भिड़ा, टक्कर इतनी जोरदार थी की दोनो ट्रको का अगला हिस्सा एक दूसरे में चिपक गया। और गिटटी मोरंग के ट्रको के अलावा हल्के-दुपहिया वाहनों की लाइन लग गयी, जाम से रोड वेज की बसों के अलावा प्राइवेट स्कूलों के वाहन भी फंसे रहे। हादसे के बाद दोनों ट्रको के चालक ट्रक छोड़ कर भाग गये।

## पना पीना पेट और स्वास्थ्य के लिए बेहतर लाभकारीः एसडीएम

**बिंदकी ( फतेहपुर )।** पना पीना पेट और स्वास्थ्य के लिए बेहतर और लाभकारी है। खासकर गर्मियों में सभी को पीना चाहिए। यह बात उप जिलाधिकारी अवधेश कुमार निगम ने नगर के रामलीला मैदान के समीप महिला व्यापार मंडल द्वारा पना वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक युग में लोग कोल्ड ड्रिंक या अन्य प्रकार के आधुनिक ठंडा पीने का काम करते हैं। जो सेहत के लिए नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कच्चे आम से बनाया गया पना लोग पुराने जमाने से पीते चले आ रहे हैं। यह स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है। इस मौके पर नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी निरूपा प्रताप ने कहा कि महिला व्यापार मंडल द्वारा समय-समय पर शरबत वितरण तथा पना वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है।

## ईपोषण पाठशाला का हुआ आयोजन

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** ई पोषण पाठशाला का आयोजन किया गया। जहाँ प्रोजेक्टर के माध्यम से गर्भवती व धात्री महिलाओं ने जानकारियां लीं। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा पोषण प्रबंधनए कुपोषण से बचाव के उपाय एवं पोषण शिक्षा आदि के संबंध में रसूलाबाद विकास खंड क्षेत्र के महेन्द्र नगर आँगनबाड़ी केन्द्र पर गुरुवार को दोपहर 12 से 2 बजे के मध्य प्रमुख सचिव बाल विकास विभाग एवं पुष्टाहार के निर्देशन में पोषण पाठशाला का आयोजन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा किया गया तथा विकास खंड में संचालित समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों पर इस कार्यक्रम का लाइव वेबकास्ट भी किया गया । आंगनवाडी के माध्यम से स्मार्टफोनव लैपटॉप के द्वारा जुड़कर केंद्र पर आए हुए लाभार्थियों को जानकारी प्राप्त कराई। आंगनवाड़ी केंद्र पर कार्यकत्रियों द्वारा पंजीकृत गर्भवती महिलाएं एधात्री माताऐं तथा उनके अभिभावक मौजूद रहे। बाल विकास परियोजना अधिकारी संजय रसूलाबाद कनौजिया ने बताया कि पोषण में 6 वर्ष तक के बच्चों का पोषण एस्तनपान एवं अन्य समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## मसेनी चौराहे से नेकपुर मार्ग पर चला बुलडोजर

**फर्रुखाबाद।** गुरुवार को भी जिला प्रशासन की कार्यवाही अतिक्रमण के खिलाफ जारी रही। शहर के मसेनी चौराहे से नेकपुर मार्ग पर सड़क के दोनों तरफ अतिक्रमण को हटाया गया। रसूखदारों को समय की संजीवनी दी गयी। जबकि गरीबों की बात सुनने में भी गुरेज किया गया। नगर मजिस्ट्रेट दीपाली भार्गव ने गुरुवार को भी अभियान का नेतृत्व किया। मसेनी चौराहे से भाजपा नेता मोहन अग्रवाल के कोल्ड तक अतिक्रमण चला। उस मार्ग पर बुलडोजर ने अपनी ताकत गरीबो के घरों पर भी दिखायी। पीएम आवास गिरानें में भी जरा देर नही लगायी। जिससे लोकतंत्र का चोला ओढ़ अपनी बात हक से रखनें का प्रयास किया उसके घर के भीतर फीता और दो फूट बढ़ गया। कई मकान ध्वस्त किये गये। किरन पत्नी अनिल का पीएम आवास पूरा बन भी नही पाया था कि सीएम का बुलडोजर उस पर गरज पड़ा। देखते हो देखते आवास का चेहरा ही बिगाड़ दिया। नेकपुर मसेनी मार्ग पर एसआर कोल्ड के सामने निवासी कृष्णा ठाकुर उर्फ मनीषा पत्नी जोगेंद्र सिंह के घर के सामने जब जेसीबी पंहुची तो कृष्णा ठाकुर अपने विराट रूप में आ गयीं। कृष्णा ने आरोप लगाया की यह थोड़ी ना होता है उसे पहले से समय नही दिया गया। अब एक दम से तोड़फोड़ नही होनें देंगे यह गलत है! शोर सराबा सुनकर नगर मजिस्ट्रेट दीपाली भार्गव आ गयीं। उन्हें लेखपाल गौरव ने बताया कि पहले ही उनके मकान की पैमाइश हो चुकी है। लिहाजा उसी आधार पर तोड़ा जा रहा है।

## क्विक न्यूज

### टूटी एचटी लाइन की चपेट में आकर युवक की मौत

**फतेहपुर।** बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरदौली में खेत जा रहे 28 वर्षीय युवक टूटकर नीचे पड़ी एचटी लाइन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार हरदौली गांव निवासी रामराज का पुत्र सुभाष अपने खेत जा रहा था। तभी विद्युत विभाग की लापरवाही से टूटकर नीचे पड़ी ग्यारह हजार विद्युत लाइन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के पिता रामराज का कहना है कि तीन दिनों से तार टूटकर नीचे पड़ा था। जिसकी जानकारी विद्युत विभाग को दी गई थी लेकिन तार को जोड़ा नहीं गया। जिसके चलते उसका पुत्र करंट की चपेट में आ जाने से इस दुनिया से चला गया। मृतक अपने पीछे पत्नी शिवकली, 9 वर्षीय पुत्री पल्लवी व 4 वर्षीय पुत्र बउवा छोड़ गया है।

### चक्कर खाकर गिरी आशाबहू की मौत

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** ड्यूटी से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जा रही आशा अचानक गश खाकर गिर पड़ी। जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों में चीख.पुकार मच गई। रसूलाबाद स्थित सीएचसी अस्पताल में उस वक्त हड़कम्प मच गया जब ए आशा संध्या 57 पत्नी अमूल्य जो अपनी पंचायत में सर्वे का कार्य कर रही थी तभी उसकी हालत बिगड़ने लगी। जिस पर उसका पुत्र अमृत मंडल अपनी माँ को 108 एम्बुलेंस पहाड़ीपुर से रसूलाबाद के लिए ले जा रहा था तो रास्ते मे ही महिला ने दम तोड़ दिया और अस्पताल परिषर के अंदर घुसते ही डॉक्टर अमित सक्सेना ने देखा तो उसे मृत घोषित कर दिया।

### पुराने विवाद के चलते दो पक्षों में मारपीट, आधा दर्जन घायल

**बिंदकी (फतेहपुर)।** पुराने विवाद के चलते दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। जिसमें दोनों पक्ष से कुल आधा दर्जन लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों का केस दर्ज कर जांच पडताल शुरू कर दी है। वहीं सभी घायलों का मेडिकल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के बरेठी गांव में पुराने विवाद के चलते दो पक्षों में गाली गलौज के बाद जमकर मारपीट हो गई। जिसमें 01 पद से राम मनोहर यादव उम्र 60 वर्ष पुत्र रघुराज, राम प्रताप यादव उम्र 65 वर्ष पुत्र रघुराज, करण उम्र 16 वर्ष पुत्र रामसेवक तथा रामसेवक उम्र 52 वर्ष पुत्र रघुराज घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष में विनोद यादव उम्र 35 वर्ष पुत्र रामकिशन यादव तथा नीरज उम्र 18 वर्ष पुत्र विजयपाल यादव घायल हो गए। मारपीट की घटना के बाद हडकंप मचा रहा। दोनों पक्ष के लोग पुलिस के पास पहुंचे पुलिस ने दोनों पक्षों का केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। वहीं सभी घायलों को मेडिकल के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। बताया जाता है कि पुराने विवाद के चलते दोनों पक्षों के बीच विवाद शुरू हुआ गाली गलौज के बाद जमकर मारपीट हो गई जिसमें आधा दर्जन लोग घायल हुए।

### सांड के हमले से वृद्धा की मौत

**फतेहपुर।** बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गुगौली में घर के बाहर बैठी 75 वर्षीय वृद्ध महिला को आवारा सांड़ ने मारकर बुरी तरह घायल कर दिया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल ला रहे थे तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार गुगौली गांव निवासी चंद्रशेखर पटेल की पत्नी विजय लक्ष्मी घर के बाहर बैठी थी। उसी दौरान घूमते हुए आवारा साड़ आ गया और घर के दरवाजे पर बैठी विजय लक्ष्मी के ऊपर हमला करके गंभीर रूप से घायल कर दिया। शोर-शराबा सुनकर पास-पड़ोस के लोगों ने किसी तरह सांड़ को वहां से भगाया और तत्काल सरकारी एबुलेंस के जरिए उपचार के लिए सदर अस्पताल ला रहे थे। तभी उसने दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### लोकनिर्माण विभाग मिनिस्ट्रियल का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश लोकनिर्माण विभाग मिनिस्टीरियल एशोसियेसन जनपद शाखा का अधिवेशन,निर्वाचन प्रांतीय खंड,लोकनिर्माण विभाग फतेहगढ़ के परिसर में संपन्न हुआ जिसमे जनपद अध्यक्ष सौरभ श्रीवास्तव,कार्यकारी अध्यक्ष मयंक दुबे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष योगेश कुमार, उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा, महामंत्री सुधाकर, संयुक्त मंत्री पवन कुमार कटियार , संगठन मंत्री रेखा, वित्त मंत्री प्रदीप कुमार, एडिटर गौरव कुमार निर्वाचित हुए । अधिवेशन का संचालन मंडल महामंत्री प्रीतम शर्मा द्वारा किया गया । नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण प्रांतीय अध्यक्ष पदम नाभ त्रिवेदी , प्रांतीय उपाध्यक्ष हेमंत गुर्जर , क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ओमेंद्र सिंह सचान एवम चुनाव अधिकारियो की उपस्थिति में कराया गया । नवनिर्वाचित अध्यक्ष सौरभ श्रीवास्तव ने लोकनिर्माण विभाग के सभी सदस्यों का कोटि कोटि आभार व्यक्त किया ।

### एएनएम की छात्रा सहित दो को लापता करने में पांच फंसे

**फर्रुखाबाद।** अलग-अलग मामलो में एएनएम की छात्रा सहित दो युवती गायब हो गयीं। एक को परिजनों ने तलाश कर लिया। पुलिस ने उनके परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया किया है। कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के एक गाँव निवासी 18 वर्षीय युवती बघार मेडिकल कालेज से एएनएम की पढाई कर रही थी। बीते 20 मई को सुबह लगभग 7 बजे वह मेडिकल कालेज जानें की कहकर घर से निकली। लेकिन वापस घर नही लौटी। जिसके बाद परिजनों नें उसकी तलाश तेज की। शाम तक जब नही लौटी तो खोजबीन के दौरान पता चला कि उनकी पुत्री को गायब करनें में शीतू, शीतू के भाई व मोना ठाकुर का हाथ है। लिहाजा पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। जाँच दारोगा शिशुपाल सिंह को दी गयी है। वहीं दूसरी घटना में कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के एकगाँव निवासी गायब 17 वर्षीय किशोरी के पिता ने मुकदमा दर्ज कराया। जिसमे कहा कि 24 मई को उसकी पुत्री नीव करोरी मन्दिर में दर्शन करनें गयी थी।लेकिन जब काफी समय बाद भी वापस नही लौटी तो उसकी खोजबीन की गयी। जब खोजबीन की तो पता चला कि मेरी पुत्री को हिमांशु यादव पुत्र चन्द्रपाल निवासी नीव करोरी, सुननानू यादव निवासी धनियनपुरवा गुरसहायगंज जनपद कन्नौज उसे अपने साथ बहला-फुसला कर ले गये। जब खोजबीन की दो पता चला की आरोपी उसकी पुत्री को दिल्ली ले गये। तलाश करनें पर किशोरी आनंद बिहार बस अड्डे पर पड़ी मिली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है। जाँच अवर निरीक्षक मोहित मिश्रा को दी गयी है।

### मोटर पार्टस की दुकान में लगी भीषण आग, लाखों का सामान राख

**फर्रुखाबाद।** बीती आधी रात को हाईटेंशन लाइन की चिंगारी से कार पार्ट्स की दुकान में आग लग गयी। जिससे हड़कंप मच गयी। चार दमकल की गाड़ियों ने मिलकर लगभग दो घंटे में आग पर काबू पाया। लेकिन दुकान में रखा लाखों रूपये का माल जलकर राख हो गया। कोतवाली मोहम्मदाबाद के ग्राम बारारिक निवासी पंकज दुबे नें शहर कोतवाली के ठंडी सड़क पर तीन मंजिल का भवन निर्माण कराया। जिस पर पहली मंजिल पर बाला जी मोटर्स के नाम से कार पार्ट्स की दुकान है। जबकि दूसरी मंजिल पर गोदाम है जिसमे पार्ट्स आदि सामान रखा जाता था। तीसरी मंजिल पर पंकज दुबे अपने परिवार के साथ रहते है। पंकज दुबे ने बताया कि बीती रात लगभग 11. 30 बजे घर के निकट लगे हाईटेंशन लाइन के पोल से शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी खिड़की से उनकी दूसरी मंजिल पर बनी गोदाम में जा गिरी।

# डीआई दफ्तर का पकड़ा गया बाबू तो नमूना मात्र यहां तो काम के बदले दाम की चल रही है परंपरा

संवाददाता। फतेहपुर

### ● विजिलेंस की रडार पर अभी और विभागों के भी हैं भ्रष्टाचारी

**फतेहपुर।** गत दिनों बिजिलेंस टीम ने बेसिक शिक्षा विभाग के डीआई दफ्तर में तैनात एक लिपिक को शिक्षक के एरियर भुगतान करने के बदले 12 हजार रूपये की घूस लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा तो इस तस्वीर में थोड़ी सनसनी पैदा कर दी। भ्रष्टाचारी थोड़ा सहमें जरूर लेकिन उनकी आदतों में सुधार नहीं है। पहले भी काम के बदले दाम की मंशा रखने वाले घूसखोरों को जिले में पकड़ा जा चुका है। यह वही महाशय भ्रष्ट लिपिक हैं जो शिक्षक से घूस का पैसा लेने के चक्कर में बराबर उसका उत्पीड़न कर रहे थे लेकिन सवाल एक और खड़ा होता है कि आखिर इन भ्रष्टाचारियों को यह अवसर देता कौन है। बात केवल बेसिक शिक्षा विभाग की नहीं है जिले के आधा दर्जन से अधिक ऐसे विभाग हैं जहां के लिपिक बिना पैसे के कोई काम ही नहीं करते। न देने वाले चक्कर काटते हैं। ऐसे विभागों के भ्रष्ट कर्मचारी भी अब विजिलेंस की रडार पर हैं। योगी सरकार भले ही जीरो टॉलरेंस की बात कर रही हो लेकिन हकीकत यह है कि सख्ती के नाम पर भ्रष्टाचारियों ने अपने घूस के दाम ही बढ़ा दिए हैं। अगर विभागों की बात की जाए तो बिजली, चिकित्सा, शिक्षा, आरटीओ, राजस्व, सिंचाई व लोक निर्माण विभाग सहित विकास विभाग के ऐसे प्रमुख दफ्तर हैं जहां लोगों को अपना काम कराने के लिए निर्धारित चौथ देनी पड़ती है। भ्रष्टाचार का ही नतीजा है कि विभागों के बाबुओं की लाइफस्टाइल अमीरजादों से कम नहीं है। बात अगर बेसिक शिक्षा की की जाए तो यहां डीआई दफ्तर में तैनात लिपिकों का तबादला हो जाने के बाद भी वह अपनी सेवाएं अपने संबंधित विकास खंड में न देकर मुख्यालय में ही देते हैं। नतीजतन अपने कामों के लिए शिक्षकों, कर्मचारियों को अपने विकास खंड से दूर मुख्यालय आना पड़ता है। बिना पैसे के काम नहीं हो रहे हैं तो इसके जिम्मेदार आखिर कौन लोग हैं। शिक्षक संगठन, अधिकारी या स्वयं वे शिक्षक जो अपने जायज कामों के लिए भी नाजायज तरीका अख्तियार करते हैं। किसी भी विभाग में संगठन संबंधित कर्मचारियों एवं शिक्षकों की समस्याओं के निदान को लेकर ही होता है। जिले के सभी विकास खंडों में शिक्षक संगठन हैं तो उनसे संबंधित अगुवाकार आखिर शिक्षकों की इन समस्याओं का निराकरण करने में अक्षम क्यों हैं।

## मार्ग दुर्घटना में बाइक सबार टेंट कर्मी की मौत साथी घायल

**फर्रुखाबाद।** बाइक से जा रहे टेंट कर्मीयों को अज्ञात वाहन नें टक्कर मारकर घायल कर दिया। उन्हें गंभीर हालत में सीएचसी लाया गया। जहाँ से दोनों को लोहिया अस्पताल भेजा गया। लोहिया से दोनों सैफई रिफर कर दिये गये। रास्ते में एक की मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के ग्राम धीरपुर निवासी 23 वर्षीय विकास कुमार पुत्र अरविन्द कुमार गाँव के ही रिंकू राठौर के टेंट की दुकान में काम करता था। उसके साथ में ही महमदपुर बड़ा कछपुरा निवासी अनिल कश्यप भी काम करता है। बीते दिन ग्राम इंदरपुर निवासी गिरेन्द्र यादव के घर टेंट लगाकर विकास और अनिल कश्यप के साथ बाइक से लौट रहे थे। बाग राठौरा के निकट किसी अज्ञात वाहन ने दोनों बाइक सबारों ने जोरदार टक्कर मार दी।

## भाजपा नेता की पिटाई करने वाले इंस्पेक्टर पर अफसर मेहरबान

**फतेहपुर।** थाने में भाजपा नेता के साथ पिटाई करने वाले इस्पेक्टर को एक बार फिर से मलाईदार थाने का चार्ज दे दिया गया लेकिन घटना के बाद इस इंस्पेक्टर के खिलाफ शुरू कराई गई जांच पड़ताल में लीपापोती कर दी गई और अब अफसर इस कदर मेहरबान हो गए कि उसे फिर से खाने का चार्ज दे दिया। जिससे भाजपा नेताओं में खलबली मच गई। भाजपा नेताओं ने इस पूरे मामले को शासन तक ले जाने का मन बनाया है।

इस मामले पर केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने जब इस मामले को संज्ञान में लिया था। तब जाकर कार्रवाई हुई थी साथ ही समाचार पत्रों में भी खबरें भी भाजपा नेता के साथ मारपीट के मामले की प्रकाशित हुई थी। बता दें कि पिछले दिनों सुल्तानपुर घोष के थानाध्यक्ष जयचंद भारती थे। इसी थाना क्षेत्र के अफाई गांव की प्रधान माधुरी सिंह के पति सन्तोष सिंह भाजपा अल्लीपुर मंडल के उपाध्यक्ष और गांव में हुई एक पंचायत के मामले पर थाने में पीड़ित का पक्ष रखने के लिए गए हुए थे तभी थाने में तैनात रहे थानेदार जयचंद भारती ने उनके साथ मारपीट की और गाली गलौज भी किया था। भाजपा मंडल उपाध्यक्ष जनप्रतिनिधि संतोष सिंह के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर प्रधान माधुरी सिंह ने अपने पति के साथ पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की थी और उसके बाद केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने भी इस मामले को गंभीरता से लिया था जिस पर पुलिस अधीक्षक ने जयचंद भारती को तत्काल प्रभाव से थाने से हटा दिया था और उसके बाद उन्हें न्यायालय सुरक्षा की ड्यूटी में तैनात कर दिया गया था। इस पूरे मामले की जांच क्षेत्राधिकारी को सौंपी गई फिलहाल जांच ठंडे बस्ते में चली गई लेकिन भाजपा नेता की पिटाई करने वाले इंस्पेक्टर को मलाईदार थाने का चार्ज मिल गया।

## निजी निवेदन पर ही गैर जनपद किया जाए कर्मचारियों का तबादला

**फर्रुखाबाद।** गुरुवार को राज्य कर्मचारी मिनिस्टीरियल एसोसिएशन इरिगेशन डिपार्टमेन्ट के प्रान्तीय नेत्रत्व के आवाहन पर बेबर रोड स्थित नलकूप कालोनी में धरना प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही जल शक्ति मंत्री को ज्ञापन भी प्रेषित किया गया।

संगठन के जिलाध्यक्ष सुधेश कुमार दुबे ने बताया कि उनका संगठन लगातार कर्मचारी हितों की मांग करता चला आ रहा है। लिहाजा उसके बाद भी मांगों पर गंभीरता से विचार नही होता। गुरुवार को धरना प्रदर्शन कर जल शक्ति मंत्री को आठ सूत्रीय समस्याओं का ज्ञापन प्रेषित किया। जिसमे प्रमुख रूप से यह मांगें रखी गयी। प्रोन्नति प्राप्त समस्त कर्मचारियों की पदस्थापना उसी जनपद में ही की जावे। प्रोन्नति प्राप्त कर्मचारियों के औपचारिक आदेश की तिथियों से वित्तीय लाभ कार्यरत खण्ड में ही दिये जावे। निजी अनुरोध को छोड़कर किसी भी कर्मचारियों का स्थानान्तरण जनपद से बाहर न किया जावें। लगा

3. चुनाव आचार सहिता से पूर्व किये गये प्रोन्नति आदेश के औपचारिक आदेश आपत्ति कर वापस किये जा रहे हैं। इस तथ्य की जाँच करा दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जावें। गत वर्ष किये गये स्थानान्तरण में बरती गयी अनियमितताओं की जाँच करायी जावें। ई-वर्क प्रणाली में लिपिक संवर्ग के कार्यों को यथावत् रखा जाये, लिपिक संवर्ग के कार्यों एवं उत्तरदायित्वयों में कटौती न की जावें। मा0 मुख्यमंत्री जी के संकल्प भ्रष्टाचार के विरूद्ध जीरोटालरेन्स के संकल्प को दृष्टिगत रखते हुये वित्तीय वर्ष 2021-22 में प्रदेश के जिन 03 खण्डों में सर्वाधिक भुगतान किया गया है उसकी उच्च स्तरीय जॉच करायी जावें। संगठन के सम्बन्ध में जाँच समिती की रिपोर्ट दिनॉक 22.03.2022 को विभाग को प्राप्त हो गयी। प्रमुख अभियन्ता (विभागाध्यक्ष) सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उ0प्र0 जाँच समिती की रिपोर्ट को स्वीकार करते हुये सुस्तुति सहित शासन को प्रेषित कर दी। रिपोर्ट पर अमल करते हुये श्री रामलाल यादव व अन्य के पैड को संज्ञान में नहीं लिया जाना चाहिये।

## जज और अधिवक्ता न्याय प्रशासन रथ के दो पहियेः डीजे

संवाददाता। कानपुर देहात



**न्यायाधीश** और अधिवक्ताए न्याय प्रशासन रूपी रथ के दो पहिये हैएइन्हें पृथक नहीं किया जा सकता है और इन दोनों में से किसी भी एक की कमी से न्याय प्रदान नहीं किया जा सकता हैएयह बात जनपद कानपुर देहात के नव नियुक्त जिला जज लाल चन्द्र गुप्ता ने उनसे एकीकृत बार एसोसिएशन अध्यक्ष सम्पत लाल यादव कानपुर देहात बार एसोसिएशन के संस्थापक महामन्त्री जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान मुलायम सिंह यादव पूर्व महामन्त्री जिला बार एसोसिएशन रमेश चन्द्र सिंह गौर उपाध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन एवम अनूप सिंह अधिवक्ता शिष्टमंडल द्वारा शिष्टाचार भेंट के दौरान कही।जिला जज ने कहाकि अधिवक्ता न्यायालय का अधिकारी है यदि उसे स्वयंएवादकारी या समाजहित में किसी प्रकार की समस्या आती है तो उसका समाधान वार्ता और लिखित पत्राचार से करने का प्रयास करना चाहिए न कि हड़ताल जैसे कठोर निर्णय से क्योंकि हड़ताल किसी समस्या के निदान का सही रास्ता नहीं हो सकता।उन्होंने कहाकि अधिवक्ता वर्ग हमारे देश में एक ऐसा संगठन हैएजो कि समाज में सम्मान जनक स्थिति गरिमा मय स्थिति प्राप्त किये हुए है इस स्थिति को बनाये रखने के अधिवक्ता सार्थक पहल के साथ काम करे तो इससे बेहतर अधिवक्ताओं की भूमिका नहीं हो सकती है।इस अवसर पर जिला जज लाल चन्द्र गुप्ता ने अधिवक्ताओं के शिस्ट मण्डल से समस्याओं के बारे में जानकारी कर उसका उनके स्तर की समस्याओं कार त्वरित निस्तारण करने तथा उच्च स्तर की समस्याओं का पत्राचार और उच्च न्यायालय स्तर पर समस्याओं को अपने स्तर से रख समाधान करने की बात कही साथ ही कहाकि कोई समस्या आने अधिवक्तागण उसे प्रथम अपर जिला जज सुनील कुमार यादव को भी अपनी समस्या बता सकते है।इस अवसर पर जिला जज ने अधिवक्ताओं की समाज के प्रति महत्वपूर्ण भूमिका बताते हुए कहाकि अधिवक्ता का प्राथमिक कर्तव्य संविधान के अनुसार.विधि का शासन समाज में बनाए रखने में अपना योगदान प्रदान करना होता है।अधिवक्ता वर्ग का यह कर्तव्य बन पड़ता है कि वह प्रत्येक व्यक्ति के विधिक अधिकारों की रक्षा करे।

# गरीबों पर अतिक्रमण की कार्रवाई,नहीं है कोई ठोस पैमाना



**संवाददाता।** डलमऊ रायबरेली

**गुरुवार को** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अतिक्रमण हटाने के आदेश के अनुपालन में तहसीलदार अभिनव पाठक व अधिषासी अधिकारी आरती श्रीवास्तव का कर्तव्यनिर्वाहन का बेजोड़ उदाहरण पेश करते हुए मुख्य चौराहे पर लोक निर्माण विभाग की भूमि को अवैध अतिक्रमणकारियों से मुक्त तो नही करा सके लेकिन लोक निर्माण विभाग के संदेश बोर्ड को उखाड़ कर स्वयं अपनी पीठ थपथपाने का कार्य बखूबी अंजाम दिया हालांकि सुगम यातायात के लिए सड़कों पर फुटपाथों को अतिक्रमण से मुक्त कराया जा रहा है। जिसमे सबसे अधिक अतिक्रमण सरकारी विभागों का है जिस की आड़ में व्यापारी अपनी रोजी रोटी की जुगत करते है इसमें अवैध और रसूखदारों पर रहम और गरीबों पर सितम ढाया जा रहा है। प्रशासन की कार्रवाई में दोहरा मानदंड अपनाने पर उंगलियां उठने लगी हैं।

## शौचालय बना सबसे अधिक अतिक्रमण का कारण

गुरुवार को भी डलमऊ प्रशासन का बुलडोजर अवैध अतिक्रमणकरियों के मंसूबों पर पानी फेरने के लिए निकला लेकिन जल्द ही अतिक्रमण पर पक्षपात पूर्ण रवैया नजर आने लगा जहां नगर पंचायत द्वारा शौचालय के बगल में एक गरीब दुकानदार की रोजी रोटी डलमऊ प्रशासन ने छीनते हुए उसे हटाने का तुगलकी फरमान जारी कर दिया दुकानदार उदास और हताश होकर तहसीलदार व अधिषासी अधिकारी के समक्ष हाथ जोड़कर खड़ा रहा परंतु अतिक्रमण हटाने से ज्यादा अधिकारियों के लिए पीछे की दुकान के लिए रास्ता साफ करना ज्यादा जरूरी था हालांकि बुधवार को भी बुलडोजर गरीबों पर चला उपजिलाधिकारी की हिदायत के बाद ब्लॉक की दुकानो पर अतिक्रमण पूर्ववत बना रहा.

## मुख्यमंत्री के आदेश पर भारी तहसीलदार की कार्रवाई

गुरुवार को अतिक्रमकरियों पर कार्यवाही करने की कड़ी में तहसीलदार अभिनव पाठक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों की अवज्ञा करते नजर आए जहां मुख्यमंत्री का स्पष्ट आदेश है कि श्अतिक्रमण के खिलाफ कार्यवाही में गरीब न हो प्रताड़ितश् जो प्रमुख अखबारों में छपी थी उसके अनुपालन में तहसीलदार व अधिषासी अधिकारी आरती श्रीवास्तव अनुपालन करना भूल गए या ये कहें तो अतिशयोक्ति नही होगी कि अतिक्रमकरियों पर अपना अलग ही नियम बना डाला

# तालाब की जमीन प्रशासन ने कराई अतिक्रमण से मुक्त



**गौरीगंज,अमेठी ।** कब्जेदारी को लेकर ग्रामीणों के बीच अक्सर मारपीट होती थी। जिसे प्रशासन ने ब ? ही शांत तरीके से पटाक्षेप कर दिया। प्रदेश में चल रही अमृत सरोवर तालाब हेतु चयनित भूमि का तहसील प्रशासन ने चिन्हांकन कर ग्रामीणों के चंगुल से अतिक्रमण मुक्त करा दिया है। विदित हो कि विकास खण्ड के पूरे इबादुल्ला खाखरदेई में प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में शुमार अमृत सरोवर तालाब योजना जिसका गाटा संख्या 319 रकबा 1.075 पर चयन हुआ है। उस पर ग्रामीणों ने अवैध रूप से पे ? आदि लगाकर कब्जा कर लिये थे। जिसके कब्जेदारी को लेकर अक्सर मारपीट भी होती थी। प्रधान द्वारा तालाब की खुदाई के लिये जब भी मजदूर भेजे जाते, तब ग्रामीण तरह तरह से अवरोध उत्पन्न करके कार्य को बंद करा देते थे। खण्ड विकास अधिकारी वीरेन्द्र वर्मा ने तालाब निर्माण में आ रही समस्या को तहसील प्रशासन को अवगत कराया। जिस पर उपजिलाधिकारी गौरीगंज ने नायब तहसीलदार आशुतोष पाण्डेय की देखरेख में राजस्व कर्मियों का दल पुलिस बल के साथ मौके पर भेजकर जमीन की पैमाइश कराई। तथा चौहद्दी चिन्हाकित कर तालाब के रकबे में कब्जा किये हुये कब्जाधारियों के चंगुल से जमीन को मुक्त कराया। जिससे अमृत सरोवर तालाब के निर्माण में आ रही बाधा दूर हो गयी। इस मौके पर ग्राम प्रधान गीता यादव, ब्लाक प्रमुख सदाशिव यादव, राजस्व निरीक्षक लालमणि पाण्डेय, राजस्व कर्मी वीरेन्द्र सरोज, मनीष सरोज, संतोष सरोज, चंदेन मिश्रा व पुलिस कर्मी अनिल कुमार वर्मा, अंकेश, विकुल कुमार आदि सहित क्षेत्र के सम्भ्रांत मौजूद रहे।

# सप्ताह भर से चरमराई विद्युत व्यवस्था

**संवाददाता।** मुसाफिरखाना, अमेठी

**बीते सप्ताह** भर से चरमराई विद्युत व्यवस्था बेपटरी होने से आम जनमानस की मुश्किलें बढ़ गई है । थौरी पावर हाउस से अड़नपुर फीडर के गांवों के लोगों ने प्रशासन से आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू रूप से करने के मांग की है । तेज आंधी के कारण टूटी लाइन भी नही दुरुस्त हो सकी है। मुसाफिरखाना विकास क्षेत्र अंतर्गत कोछित कोटवा नारा अ ?नपुर महेशपुर गंगेरवा मवई कादीपुर नेवादा शादीपुर सरैया सबल शाह सहित करीब दर्जन भर से अधिक गॉवों के विभिन्न मजरों को थौरी स्थित विद्युत उपकेंद्र से आपूर्ति की जाती है ।करीब सप्ताह भर से ग्रामीणों को रोस्टर के मुताबिक विद्युत आपूर्ति न होने के कारण खेती किसानी के कामों के साथ ही भीषण गर्मी की समस्या से दो चार होना पड़ रहा है ।इसके साथ ही तेज आंधी व तूफान के कारण लाइन में आई गड़बड़ी भी पूरी तरह से ठीक नही हो सकी है ।औसतन 24 घंटे में अधिकतम दो चार घंटे ही आपूर्ति हो पा रही है । बुधवार की शाम 08 ञ्30 से बिजली गुल हो गई ।फिर पूरी रात गायब ही रही ।किसान धान की बेरन डालने के लिए खेत मे पानी भरने के लिए रात रात जागकर बिजली का इंतजार करने को मजबूर हैं ।वही गर्मी के कारण शाम होते ही लोग अपने अपने आशियाने को बदलने लगते हैं ।जबकि खुले आसमान के नीचे सोने के कारण ग्रामीण मौसम जनित बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं ।ग्रामीणों के अनुसार विभागीय अधिकारी समस्या सुनने के लिए फोन तक नही रिसीव करते हैं ।

# भक्त की कठोर परीक्षा लेते हैं भगवान : शान्तनु जी महराज

**संवाददाता।** तिलोई, अमेठी



ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि को अंगवस्त्र भेंट करते कथावाचक



कथा का श्रवण करती महिलाएँ

**प्रदेश सरकार** के राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह के संरक्षकत्व में आरबीएस इण्टर कालेज तिलोई के प्रांगण में चल रही श्रीराम कथा के पांचवें दिन प्रख्यात श्रीराम कथा वाचक आचार्य शान्तनु जी महाराज ने कहा कि भगवान भक्त की कठोर परीक्षा लेते है लेकिन जो भक्त परीक्षा में पास हो जाता है उसे भवसागर से पार भी कर देते है ।कथा व्यास ने कहा कि भक्त नरसी के पास कुछ भी धन नही होने के कारण उनकी भक्ति की शक्ति से वह भात स्वयं भगवान श्री कृष्ण लाते हैं ढ्ढ सुलोचना बाई नानी बाई की पुत्री थी, नानी बाई नरसी जी की पुत्री थी और सुलोचना बाई का विवाह जब तय हुआ था तब नानी बाई के ससुराल वालों ने यह सोचा कि नरसी एक गरीब व्यक्ति है तो वह शादी के लिये भात नहीं भर पायेगा, उनको लगा कि अगर वह साधुओं की टोली को लेकर पहुंचे तो उनकी बहुत बदनामी हो जायेगी इसलिये उन्होंने एक बहुत लम्बी सूची भात के सामान की बनाई उस सूची में करोड़ों का सामान लिख दिया गया जिससे कि नरसी उस सूची को देखकर खुद ही न आये ।नरसी जी को निमंत्रण भेजा गया साथ ही मायरा भरने की सूची भी भेजी गई परन्तु नरसी के पास केवल एक चीज़ थी वह थी श्री कृष्ण की भक्ति, इसलिये वे उनपर भरोसा करते हुए अपने संतों की टोली के साथ सुलोचना बाई को आर्शिवाद देने के लिये वहां पहुंच गये, उन्हें आता देख नानी बाई के ससुराल वाले भड़क गये और उनका अपमान करने लगे, अपने इस अपमान से नरसी जी व्यथित हो गये और रोते हुए श्री कृष्ण को याद करने लगे, नानी बाई भी अपने पिता के इस अपमान को बर्दाश्त नहीं कर पाई और आत्महत्या करने दौड़ पड़ी परन्तु श्री कृष्ण ने नानी बाई को रोक दिया और उसे यह कहा कि कल वह स्वयं नरसी के साथ मायरा भरने के लिये आयेंगे ।आचार्य शांतनु जी महाराज ने सीताजी की विदाई का मार्मिक वर्णन करते हुए कहा की सीता की विदाई में पिता जनक ही नहीं सारे नर नारी और पशु पंक्षी तक रोने लगे। बेटी के लिया पिता सबसे महत्वपूर्ण होता है। पिता के ना रहने पर पिता की देहरी परायी हो जाती है। पिता बेटी का संबल होता है ।विदाई का मार्मिक वर्णन सुन श्रोताओं की आंखों से आंसुओं की धारा बह चली ।बाप बेटी का रिश्ता गंगा से भी पवित्र होता है ।आचार्य शान्तनु जी महाराज का माल्यार्पण कर राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह,ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मुन्ना सिंह,एडीएम अजीत प्रताप सिंह,गौरीगंज के ब्लाक प्रमुख उमेश सिंह व यजमान अंकिता सिंह, बबलू सिंह ने आरती पूजन किया ।इस मौके पर रानी उपासना सिंह,कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह, उत्कर्ष शरण सिंह,अखण्ड प्रताप सिंह,अमरजीत सिंह, मनीष सिंह,प्रमोद मिश्रा,धर्मेश मिश्रा, रामकिशोर त्रिबेदी,अवधेश त्रिपाठी,मुरारी लाल मिश्रा, संजय सिंह,वीरेन्द्र तिवारी,,प्रमोद कुमार ओझा, सुनील सिंह, प्रमोद त्रिपाठी,गुडडू सिंह, ध्रुवराज पासी,उपेन्द्र मिश्रा, आशीष नंदन त्रिपाठी सहित अन्य हजारों श्रोता मौजूद रहे।

# आने वाली बरसात में शायद फिर डूब जाएगा बछरावां



**बछरावां ।** रायबरेली एक तरफयोगी सरकार तालाबों और सुरक्षित चरागाह खाली कराने के आदेश अपने मातहत अधिकारियों को दे रहे हैं वहीं दूसरी तरफउनके आदेशों को उनके ही मातहत दरकिनार करके खाली करने के झूठे आंकड़े देकर इतिश्री कर रहे हैं। वही विगत कई वर्षों से बरसात में बछरावां नगर के दर्जनों मोहल्लो में कई फुट जलभराव हफ्तों तक रहता है। जिससे लोगों की गृहस्थी का सामान तहस-नहस हो जाता है वही बछरावां नगर में लोगों के अनुसार हर मोहल्ले में एक बड़ा तालाब होता था। बछरावां नगर में बरसात के दिनों में 12 गांव से अधिक का पानी विलीन तालाब से होकर समाधानेश्वर मंदिर के बगल के तालाब से होकर जल निकासी सैकड़ों वर्षो से चली आ रही थी लेकिन इन तालाबों के फटने से और नाले के ऊपर अवैध अतिक्रमण से जल निकासी पूरी तरीके से बाधित हो चुकी है। जिसका परिणाम बरसात के दिनों में बछरावां डूबता है और बछरावां की सड़कें तालाब का भी रूप ले लेती हैं कब जागेगा तहसील प्रशासन कब होगी इन तालाबों की पैमाइश और कब हटेगा इन तालाबों से अवैध अतिक्रमण अगर इसी तरह अवैध अतिक्रमण जारी रहा तो वह दिन दूर नहीं की बछरावां में जल निकासी पूरी तरीके से बंद हो जाएगी और घरों का पानी भी निकलना दूभर हो जाएगा क्या योगी बाबा का बुलडोजर इन पर भी कभी गरजेगा और इन तालाबों को पुन: अपने स्वरूप में लाया जाएगा। यह सवाल आम जनमानस कई वर्षों से लगातार करता चला आ रहा है। अब लोगों की आस जगी है कि योगी बाबा का बुलडोजर जरूर गरजेगा और भू माफियाओं का साम्राज्य खत्म होगा और जल निकासी से बछरावां डूबने से बचेगा।

# जागरूकता अभियान के साथ चला वाहन चेकिंग अभियान

**अमेठी ।** यातायात पुलिस जनपद अमेठी द्वारा सड़क सुरक्षा हेतु जागरुकता अभियान के दौरान ओवरस्पीड, ओवरलोड वाहन,सडक के किनारे अनाधिकृत खड़े वाहनों तथा गौरीगंज कस्बे में रेलवे स्टेशन, जामो तिराहा, सैंठा पुल के नीचे अठेहा रोड, ब्लॉक गौरीगंज के सामने सुल्तानपुर रोड, मुसाफिरखाना रोड, पर अनाधिकृत खड़े वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की गयी एवं दुर्घटना बाहुल्य ब्लैक स्पाट स्थानों पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया । सार्वजनिक स्थानों पर बैनर-पोस्टर लगवाते हुए, पम्पलेट व हैण्डबिल वितरित करते हुये जागरुक किया गया तथा सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों से सड़क पर अतिक्रमण न करने की अपील की गयी, एवं सड़क पर भवन निर्माण सामग्री डाल कर अतिक्रमण करने वाले लोगों का अतिक्रमण हटवाते हुए, ऐसा न करने की हिदायत दी गयी, साथ ही मोटरसाइकिल एवं चार पहिया वाहनों के विरूद्ध भी चेकिंग अभियान चलाया गया । अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 113 वाहनों का चालान करते हुए 1,25,500 रुपए जुर्माना योजित किया गया ।



यातायात नियमों की जानकारी देते हुए पुलिस

## क्विक न्यूज

### मारपीट में महिला समेत बुजुर्ग घायल, रिपोर्ट दर्ज

**लालगंज रायबरेली।** मामूली विवाद में मारपीट किये जाने की शिकायत कोतवाली पुलिस से की गई है। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर घायलो को इलाज के लिये सीएचसी भेजा है जानकारी के अनुसार पूरे जीत मजरे स्दीपुर गांव निवासी आलोक सिंह पुत्र ओमकार ने पुलिस को दिये गये शिकायती पत्र में बताया कि गांव के ही सूरज, अरूण व अनुराग जबरन उसके घर की ओर दरवाजा लगा रहे थे जिसका उसके नाना अमरपाल ने विरोध किया तो आरोपियों ने उनकी लाठी, डंडो व ईंटो से हमला कर घायल कर दिया। आलोक का आरोप है कि नाना को बचाने दौड़ी उसकी मामी सीमा को भी उक्त आरोपियों ने हमला कर घायल कर दिया। जिसके बाद पीड़ितो ने मामले की शिकायत डायल 112 को दी जिसके बाद सभी घायलो को सीएचसी पहुंचाया गया। पुलिस ने तीनो आरोपियो के खिलाफ मारपीट की धाराओ में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

**ऊंचाहार,रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के जमुनियाहार गाँव निवासी युवक ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया, हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। गाँव निवासी अखिलेश कुमार 30 वर्ष ने गुरुवार की दोपहर अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई, जानकारी होने पर परिजनों ने उसे सीएचसी पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज कुमार शुक्ल ने बताया कि जहरीला पदार्थ खाने के बाद युवक को सीएचसी लाया गया था जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल भेजा गया है।

### अज्ञान जीव का अध्ययन ही पूतना है : डा अनिल पांडेय व्यास

**अमेठी।** टीकर माफी में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिन कथा व्यास भागवत रत्न मानस राजहंस डॉक्टर अनिल पांडे व्यास जी ने कहा कि नंद बाबा जब तक गोकुल में भगवान की सेवा में रहे तब तक गोकुल में पूतना का प्रवेश नहीं हुआ जैसे ही नंद बाबा कंस की सेवा में चले गए गउऐ जंगल में चरने चली गई तभी गोकुल में पूतना ने प्रवेश किया। माने जीव जब भगवान को भूलकर मोहमाया प्रपंच में चला जाता है, तथा इंद्रिय विषयों के जंगल में आनंद लेने लगती हैं उसी समय जीव के जीवन में पूतना रूपी विपत्ति आती है। पूतना चतुर्दशी को आती है क्योंकि शरीर के 14 स्थानों पर पूतना आक्रमण करती है। पांच इंद्रियां पांच कर्मेंद्रियां, मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार। पूतना का अर्थ होता है पूत माने पवित्र ना माने नहीं अर्थात जो पवित्र नहीं है वही अपवित्र है। गीता में भगवान कहते हैं नहीं ज्ञानेंन सद्रुश पवित्र मिह विदते, नहीं कोऊ पावन ज्ञान समाना,सबसे ज्यादा पवित्र ज्ञान तो अपवित्र अज्ञान जीव का अध्ययन ही पूतना है। कथा कार्यक्रम में आयोजक मंडल के विनोद श्रीवास्तव प्रमोद श्रीवास्तव, अरविंद श्रीवास्तव ,संतोष श्रीवास्तव सुशील श्रीवास्तव डा शरद श्रीवास्तव ने आए हुए आगंतुकों का स्वागत किया। भागवत कथा व्यास के पंचम दिन मुख्य यजमान भगवंत किशोर लाल , कृष्णा श्रीवास्तव, अनिल भदौरिया संजय पांडेय, सहित भारी संख्या में श्रोताओं ने संगीत में कथा का आनंद उठाया।

### वाहन चलाते समय यातायात नियमों का करे पालनः डीएम

**रायबरेली।** जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव व पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने सड़क सुरक्षा माह जो कि विगत 19 मई से 18 जून 2022 तक आयोजित किया गया है। आयोजित सड़क सुरक्षा माह पर जनपद वासियों से अपील की है कि यातायात व सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करके अपनी तथा दूसरों की जीवन की रक्षा करें। सड़क सुरक्षा सम्बन्धी नियमों का स्वयं भी पालन करें तथा अन्य को भी पालन करना सुनिश्चत करे। सड़क सुरक्षा संबंधी अपनी जिम्मेदारी निभाएं, बीआईएस मार्क का हेलमेट प्रयोग व सीट बेल्ट लगाए, उल्टी दिशा में वाहन न चलाए, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करे, तेज गति से वाहन न चलाए, नशे की हालत मे वाहन न चलाए, निश्चित सवारी ही गाड़ी मे बैठाए, गलत ढ़ग से ओवरटेक न करे, दुर्घटना से देर भली आदि पर बोर्ड जनपद के विभिन्न स्थलो पर लगाएं ताकि लोग जागरूक हो तथा यातायात के नियमो का पालन करें। प्रति वर्ष बीमारियों से ज्यादा सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की मृत्यु हो जाती है। इस लिए यातायात के नियमों के प्रति जागरूक हो कर यातायात नियमों का पालन करें। यातायात नियमों की जानकारी बच्चों को अभी से दे दी जाए। बच्चें यातायात के नियमों की जानकारी अपने घर, परिजन व मित्रों सहित अपने-अपने क्षेत्रों के लोगों आदि को देने में ज्यादा सहायक होते है बच्चों की सभी जन आसानी से मानते है। उन्होंने कहा कि चलाये जा रहे सड़क सुरक्षा माह सरकार द्वारा जारी यातायात सम्बन्धित दिशा निर्देशों को स्वयं जाने तथा दूसरों को जानकारी दें। इसके अलावा यातायात व सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करके अपनी तथा दूसरों की जीवन की रक्षा करें।

### लोक निर्माण विभाग के मंत्री को पत्र लिखे जाने के बाद भी नहीं हुई कोई कार्रवाई

**बछरावां रायबरेली ।** बछरावां विकासखंड के मुबारकपुर सांपो ग्रामसभा में गांव का मुख्य मार्ग ग्राम सभा में केशन के दरवाजे से राजामऊ पस्तौर मार्ग लगभग 500 मीटर तथा प्राथमिक विद्यालय लकड़िया खेड़ा कलुईखेड़ा मार्ग दूरी लगभग 300 मीटर पूरी तरह ध्वस्त है। जिसकी जानकारी लगभग एक वर्ष पूर्व ग्राम प्रधान अनुज कुमार द्विवेदी ने तत्कालीन विधायक राम नरेश रावत को दी। यही नहीं पूर्व विधायक राम रमेश रावत ने उस समय के लोक निर्माण विभाग के मंत्री वर्तमान उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को पत्र भी लिखा लेकिन उसका नतीजा ढाक के तीन पात ही रहा। लेकिन सरकार दंभ भर्ती रही की सारी सड़कें गड्ढा मुक्त हो चुकी हैं। केवल कागजों पर ही कार्रवाई होती रही। जिम्मेदार अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ते रहे और सरकार की योजना को पलीता लगाते रहे। कब बनेगी गांव की मुख्य सड़क यह एक यक्ष प्रश्न बना हुआ है। अभी केवल हल्की-फुल्की बारिश हुई है इस बारिश में भी सड़कों पर बने गड्ढों में पानी भरा रहा जिससे आवागमन प्रभावित रहा। विधायक द्वारा कबीना मंत्री को पत्र लिखे जाने के बाद भी कार्यवाही ना होना यह साबित होता है की अधिकारी मनमानी रवैयै पर उतारा है वह अपने मन की केवल कर रहे हैं उन्हें आम जनमानस कि कोई चिंता नहीं है।

### महिला थाने के प्रयास से वैवाहिक जोड़ा पुनः साथ रहने को हुआ राजी

**अमेठी ।** पुलिस अधीक्षक अमेठी दिनेश सिंह के निर्देशन में पर्यवेक्षण में फ्रमिशन शक्तिफ्र नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के तहत आज दिनांक 26.05.2022 को उ0नि0 ममता रावत थानाध्यक्ष महिला थाना मय टीम द्वारा महिला थाना गौरीगंज में पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद के संबंध में समस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं को सुलझाते हुए पति-पत्नी को साथ रहने के लिए समझाया गया । जिसमें 01 वैवाहिक जोड़ा राजी खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गया तथा अमेठी पुलिस को धन्यवाद दिया । अमेठी पुलिस द्वारा उनको आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई ।

# एटीएम काटने वाला इनामी गिरफ्तार

**संवाददाता।** बरेली

**एटीएम काटने** वाले इनामी बदमाश को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया जबकि उसके 2 साथी पहले ही जेल जा चुके हैं पुलिस ने गिरफ्तार बदमाश के पास से घटना में प्रयुक्त तमंचा और कारतूस भी बरामद किए उसे जेल भेजा गया ।बदायूं के आलापुर थाना क्षेत्र के गांव ककराला निवासी 25000 के इनामी बदमाश और मध्य प्रदेश से 3000 के बदायूं के अलापुर थाने के गांव ककराला निवासी फिरासत उर्फ फसाहत को पुलिस ने आज आंवला थाना क्षेत्र में देवी की पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया तलाशी के दौरान उसके पास से एक तमंचा और दो कारतूस भी बरामद हुए पुलिस के अनुसार पिछले साल 13 जुलाई की रात को गिरफ्तार किया गया फिरासत अपने साथी बदायूं के ही अलापुर थाने के गांव ककराला निवासी अजहर अली व राम भरोसे के साथ भूमि विकास बैंक के पास स्थित एटीएम को गैस कटर से काट रहा था लेकिन इसी दौरान उप निरीक्षक प्रवीण कुमार गश्त करते हुए एटीएम के पास से गुजरे तो उन्होंने एटीएम में मौजूद लोगों को देखकर पूछताछ करने की कोशिश की लेकिन इसी दौरान फिरासत ने तमंचे से उनके ऊपर फायर कर दिया जिससे प्रवीण कुमार घायल हो गए घटना के बाद सभी बदमाश फरार हो गए सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल प्रवीण कुमार को अस्पताल में भर्ती कराया और रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी पुलिस ने अजर अली और राम भरोसे को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जबकि फिरासत लंबे समय से फरार चल रहा था आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना के बाद उसे देवी की पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा उसके पास से तलाशी के दौरान पुलिस ने तमंचा और दो कारतूस बरामद किए इसी तमंचे से उसने प्रवीण कुमार को गोली मारी थी पुलिस ने उसे जेल भेजा।

## करंट लगने से युवक की मौत

**बरेली ।** बिजली का तार ठीक कर रहा एक युवक करंट की चपेट में आ गया उसकी मौके पर ही मौत हो गई शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मीरगंज थाने के गांव शीशम खेड़ा निवासी 17 वर्षीय हमिद रजा पुत्र मोहम्मद जाहिद कि बीती रात अपने ही घर में बिजली का तार ठीक करते समय करंट लगने से मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि बीती रात हामिद रजा के घर की बिजली चली गई थी जबकि पूरे गांव में बिजली आ रही थी पता चलने पर हमिद रजा बिजली का तार ठीक करने लगा और इसी दौरान करंट की चपेट में आने से वह जमीन पर गिर पड़ा मौके पर पहुंचे घर वालों ने उसे तार से अलग किया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

## गणेश शंकर पांडे का शव लंदन से पहुंचा रायबरेली

**रायबरेली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्री गणेश शंकर पांडे जी का शव लंदन से रायबरेली पहुंचा तो उनके अंतिम दर्शन के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए रखा गया। जहां सभी वर्गों और दलों के लोगों ने पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उनकी शव यात्रा निकाली गई है। शहर से लेकर डलमऊ गंगा घाट तक जगह.जगह लोगों ने शव यात्रा को रोककर उनके अंतिम दर्शन किए और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। डलमऊ गंगा तट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया इसी के साथ वह पंचतत्व में विलीन हो गए। स्वर्गीय श्री पांडे के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए सांसद प्रतिनिधि श्री किशोरी लाल शर्मा जी ने कहा कि छात्र राजनीति से लेकर कांग्रेस की राजनीति तक का सफर तय करने के पीछे गणेश शंकर पांडे जी की लगन निष्ठा और वफादारी ही थी। उन्होंने कहा कि इनके निधन से कांग्रेस को अपूरणीय क्षति हुई है जिसकी भरपाई संभव नहीं है। कांग्रेस को बढ़ाने में इनके सुझाव और रणनीति का महत्वपूर्ण स्थान है जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। श्री शर्मा ने कहा कि पार्टी के प्रति वफादारी और उसे बढ़ाने के लिए जो संघर्ष स्वर्गीय गणेश शंकर पांडे जी द्वारा किया गया है।

# गांव वालों के साथ डीएम कार्यालय गेट के बाहर धरने पर बैठीं किन्नर कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष

**संवाददाता।** बरेली



**थाना विथरी** चौनपुर के गांव चंदपुर बिचपुरी में बरेली विकास प्राधिकरण द्वारा बड़ी संख्या में मकान तोड़े जाने के विरोध में आज किन्नर कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष सोनम चिश्ती किन्नर अपने किन्नरों और पीड़ितों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गई उन्होंने वीसी बीडीए की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा इन गरीबों के मकान तोड़े गए हैं उनको बे घर किया गया है और एक हमारी किन्नर हिना किन्नर का आश्रम भी तोड़ा गया है मैं उसका विरोध करती हूं माननीय मुख्यमंत्री जी का सख्त फरमान है किसी भी गरीब को बे घर न किया जाए उसके मकान न तोड़े जाएं लेकिन उसके बाद भी किन्नर समाज के साथ-साथ गरीबों के मकान भी तोड़े जार हे जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर बैठे कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष सोनम के बैठने से प्रशासनिक अधिकारियों के हाथ पैर फूल गए जिला अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी ए डी एम प्रशाशन, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव पांडे एसएसपी रोहित सिंह सजवान सीओ प्रथम श्वेता यादव इंस्पेक्टर कोतवाली हिमांशु निगम समेत पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने सोनम चिश्ती किन्नर को मनाने की कोशिश की लेकिन उन्होंने एक ना सुनी जिलाधिकारी ने बीसी वीडियो जोगिंदर सिंह को तत्काल कार्यालय बुलाया और मामले की जानकारी ली उन्होंने कहा कि सर्किट हाउस में बैठकर बातचीत की जाएगी लेकिन सोनम किन्नर ने उनकी एक न सुनी और जोगिंदर सिंह को यही धरना स्थल पर बुलाने के लिए कहा उन्होंने कहा कि जोगिंदर सिंह अहंकारी है मुख्यमंत्री के भी आदेश का पालन नहीं कर रहा है और गरीबों को बेघर कर रहा है किन्नरों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिंदाबाद के नारे लगाए उनके साथ धरने पर बैठे पीड़ितों ने भी अपना दर्द बयां किए कहा कि हमारी है हमारे बच्चे सड़क पर पड़े हैं और कोई भी व्यवस्था नहीं है उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि ने तो आते हैं लेकिन जनता की तरफ ध्यान नहीं देते हैं सोनम केंद्र ने कहा कि हम को जेल हो जाए चार्ज करें हम नहीं छोड़ेंगे वीसी को धरना स्थल पर ही आना होगा मालूम हो कि सोनम चिश्ती उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित किन्नर कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष है और सरकार का एक अंग होने के नाते उनके धरने पर बैठने से जिला के अधिकारियों की टेंशन बढ़ गई है बड़ी संख्या में पीड़ितों ने जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया जिलाधिकारी की एक न सुनी और किन्नरों की संख्या बढ़ने लगी ।

# ऐसे न जाने कितने गोलमाल एक में ही लग गए तीन साल

संवाददाता। बस्ती

● एक काम को दो तीन बार दिखा कर हुआ भुगतान ● संयुक्त विकास आयुक्त और मंडलीय प्राविधिक परीक्षक ने की जांच ● तत्कालीन प्रधान, प्रशासक, तकनीकी सहायक व सेक्रेटरी से होगी वसूली ● बनकटी ब्लॉक के ग्राम पंचायत पगार खास का मामला

**भ्रष्टाचार** का केंद्र बना बनकटी ब्लॉक को मनरेगा में पिछले कई सालों ने प्रधान, सेक्रेटरी, तकनीकी सहायक और प्रशासक ने लूट मचा रखी है। जिले का यह पहला ऐसा ब्लॉक हैं, जहां पर अब तक मनरेगा में सबसे अधिक घोटाले के मामले सामने आ चुके हैं, मनरेगा में सबसे अधिक धन खर्च करने वाले इस ब्लॉक का शायद ही कोई ऐसा ग्राम पंचायत हो जहां पर एक-एक साल में दो से तीन करोड़ खर्च करने के बाद भी वह ग्राम पंचायत विकास के मामले में आदर्श नहीं बन सका। मानो इस ब्लॉक में विकास की कम और भ्रटाचार की कार्ययोजना सबसे अधिक बनती है। यही वह ब्लॉक हैं, जहां की प्रमुखी पाने के लिए दो-दो बार कत्ल तक हो चुका है। वह भी असली नहीं बल्कि नकली ब्लॉक प्रमुखों के बीच। वैसे तो अन्य ब्लॉक के ग्राम पंचायतों में अभिलेखों के अभाव में सालों तक जांच पूरी नहीं हो पाती है, मगर जब भी जांच पूरी हुई हेराफेरी सामने आया। इसी क्रम में पगार खास का नाम आया है। इस गांव की जांच किसी तरह तीन साल पूरी हुई, वह भी जब गोरखपुर के संयुक्त विकास आयुक्त महेश नारायण पांडेय और इसी मंडल के प्राविधिक परीक्षक आरपी चौधरी ने की। भले ही इन्हें जांच पूरा करने में तीन साल लग गए, मगर इनकी जांच में चार लाख से अधिक का मामला पकड़ में आया। इसके लिए जांच टीम ने तत्कालीन प्रधान दिव्या यादव, तत्कालीन तकनीकी सहायक अरविंद पाठक, तत्कालीन ग्राम पंचायत सचिव घनश्याम और नामित प्रशासक एडीओ आईएसबी जगनरायन चौधरी से धन की वसूली की सिफारिश की है। जांच टीम ने जिन कार्यो में वसूली की सिफारिश की गई, उनमें संजय सिंह के घर से महेंद्र चौधरी के घर तक सीसी रोड एवं महेंद्र चौधरी के घर से निरंजन हरिजन के घर तक सीसी रोड निर्माण कुल वसूली तीन लाख 15 हजार 677 रुपया, अर्जुन के घर से लालबहादुर के खेत से इंटरलाकिगं सड़क तक सीसी रोड वसूली 36828 रुपया, सर्वजीत व नहरपुल से सूर्यमणि एवं गया के घर तक मिटटी खडंजा कार्य वसूली 15039 रुपया, ग्राम पंचायत पगाार खास के राजस्व ग्राम भैसवलिया में अंबेडकर पार्क का बाउंडीवाल निर्माण कार्य वसूली 41837 रुपया और श्रवण के घर से बौलिया तालाब तक नाली निर्माण कार्य वसूली 2108 सहित कुल सात परियोजनाओं में चार लाख नौ हजार 81 रुपये की वसूली करने की सिफारिश जांच टीम ने की है।

# डीएम ने सपरिवार फाइलेरिया दवा का किया सेवन, किया अपील

संवाददाता। संतकबीरनगर



**फाइलेरिया** उन्मूलन के लिए चल रहे मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) अभियान के दौरान जिले के अधिकारियों व कर्मचारियों को फाइलेरिया की दवा खिलाने के लिए बनाई गयी टीम सुबह जिलाधिकारी आवास पर पहुंची। टीम के लोगों ने जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल के साथ ही परिवार के अन्य लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने कहा कि फाइलेरिया एक लाइलाज रोग है। यह जीवन को कष्टकारी बना देता है, इसलिए सभी लोगों को फाइलेरिया से बचाव के लिए खिलाई जा रही दवा को जरुर खाना चाहिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 इन्द्र विजय विश्वकर्मा तथा अपर मुख्य चिकित्सा धिकारी वेक्टर बार्न डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम डॉ0 वी पी पाण्डेय के निर्देश पर एएनएम पूर्णिमा भारती अपनी टीम की आशा कार्यकर्ता अजमापुर, अनीता देवी के साथ डीएम आवास पहुंची तथा जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, उनके पति तथा दोनों बेटियों व परिवार में मौजूद अन्य सदस्यों को भी फाइलेरिया की दवा खिलाई। इसके साथ ही मुख्य विकास अधिकारी एस एन श्रीवास्तव ने भी फाइलेरिया की दवा खाई। जिला मलेरिया अधिकारी राम सिंह ने बताया कि जिला मुख्यालय पर स्थित कार्यालयों में दवा खिलाने के लिए दो टीम का गठन किया गया है। यह टीम अधिकांश स्थानों पर फाइलेरिया की दवा खिला रही है। अब तक अधिकांश कार्यालयों में दवा खिलाई जा चुकी है। जिले में 17 लाख लोगों में से तकरीबन 12 लाख लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाई जा चुकी है।

## विधायक मेंहदावल अनिल ने बजट को बताया ऐतिहासिक



विधायक मेंहदावल अनिल त्रिपाठी

संवाददाता। संतकबीरनगर

**मेहदावल** विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी ने कहा कि सरकार का ऐतिहासिक बजट रहा। ऐसा 37 वर्षों के बाद हुआ है जब किसी पार्टी को लगातार दो बार प्रदेश की जनता ने सरकार बनाने के लिये चुना हो। हमने प्रदेश में कानून का राज कायम किया माफिआओं, गुडो और दंगाईयों के आतंक से जनसामान्य को राहत दिलाई प्रदेश में उद्योग धन्धों को बढ़ावा दिया गया, आधुनिक तकनीकों के प्रयोग को शासन-प्रशासन और सामान्य जन के मध्य बढ़ावा दिया गया, अवस्थापना सुविधाओं में अभूतपूर्व विस्तार हुआ। हमने प्रदेश में कानून का राज कायम किया, स्वास्थ्य, शिक्षा क्षेत्र में बहुत काम किया गया, पीएम और सीएम के मार्गदर्शन में विकास हुआ, कोरोना काल में सरकार जनता के साथ खड़ी रही, किसानों को गन्ना मूल्य का भुगतान किया गया। प्रदेश में राशन की नेशनल पोर्टिबिल्टी लागू है, देश मे विशाल खाद्यान्न वितरण अभियान जारी है, 15 करोड़ लोगों को प्रदेश में राशन दिया जा रहा है। विधायक अनिल तिवारी ने कहा कि जनता ने हमें सेवा का मौका दिया है। उसे पूरी निष्ठा के साथ करते रहेगे।

# अब रंग लाएगी ये जंग!

संवाददाता। बस्ती

● क्षेत्र पंचायत अध्यक्षों ने बैठक कर जताई तीखी नाराजगी

● क्षेत्र पंचायतों के मनरेगा कार्ययोजना को ब्लॉकों पर भेजने की अपील

● नियमानुसार विचार किया जाएगाः सीडीओ

**मनरेगा** कार्ययोजना को ब्लॉकों पर न भेजने को लेकर ब्लॉक प्रमुखों ने नाराजगी जताई हैं। बैठक कर कहा कि अनावश्यक रुप से क्षेत्र पंचायतों के अधिकारों का हनन किया जा रहा है। ब्लॉक प्रमुख संघ एवं रामनगर के ब्लॉक प्रमुख यशकांत सिंह का कहना है, कि जब नियम है, कि जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत और ग्राम पंचायते मनरेगा के तहत कार्ययोजना बनाकर कार्य करवा सकती है, तो क्यों कि उनकी कार्ययोजना को ब्लॉकों पर भेजा जा रहा है, जबकि चेत्र पंचायतों के मनरेगा की कार्ययोजना की मंजूरी जिला पंचायत के बोर्ड पर मिल चुकी है। ग्राम पंचायत और जिला पंचायत तो धड़ल्ले से मनरेगा में काम करवा रहा हैं, मगर क्षेत्र पंचायतें हाथ पर हाथ धरी बैठी है। बरसात का दिन आने वाला है, और अभी तक एक भी क्षेत्र पंचायत की ओर से मनरेगा के तहत एक भी कार्य नहीं किया, सारे कार्य ग्राम पंचायतें करवा रही है। जबकि अन्य कई जनपदों में क्षेत्र पंचायतें मनरेगा से कार्य करवा रही है। इसे लेकर एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह ने कुशीनगर के लिए आवाज भी बुलंद कर चुके है। वहीं सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति ने कहा कि नियमानुसार विचार किया जाएगा। डीसी मनरेगा कमलेश सोनी ने बताया कि इस पर काम हो रहा है, कुछ प्रपत्र कों पूरा करना है। माना जा रहा है, कि इस बार क्षेत्र पंचायतों के मनरेगा की कार्ययोजना को ब्लॉकों को न भेजने के पीछे कुछ प्रधानों के द्वारा यह शिकायत करने के बाद की क्षेत्र पंचायत ने भी वहीं कार्ययोजना बनाई है, जिसे ग्राम पंचायत कार्य योजना बनाकर कार्य करवा चुकी है। इसे लेकर सल्टौआ और रामनगर के प्रधानों की शिकायत पर कार्ययोजना को ब्लॉकों को नहीं भेजा जा रहा है, इसके लिए सारे बीडीओ से परीक्षण करने को कहा गया कि वह देख ले कि कहीं ग्राम पंचायत और क्षेत्र पंचायतों की कार्ययोजना में डुप्लीकेसी तो नहीं हो रही है। बता दें कि ग्राम पंचायतें मनरेगा के तहत सिर्फअपने ही ग्राम पंचायत के भीतर कार्य करवा सकती है, और क्षेत्र पंचायत दो अधिक से अधिक गांवों के लोगों को लाभ पहुंचाने वाली कार्य योजना बनाकर उसपर कार्य कर सकती है। लाइन डिपार्टमेंट को भी मनरेगा में प्रस्ताव देने का अधिकार है। बहरहाल क्षेत्र पंचायतें इसे लेकर काफी परेशान हैं, उनकी समझ में नहीं आ रहा है, कि आखिर उनकी कार्ययोजना को ब्लॉकों को क्यों नहीं भेजा जा रहा है। इसे लेकर अनावश्यक रुप से राजनीति शुरु होने वाली है। ब्लॉक प्रमुखों का कहना हैं, कि अगर समय रहते क्षेत्र पंचायतें मनरेगा से कार्य करवा लेती तो उसका लाभ क्षेत्र पंचायत के लोगों को मिल सकता है। बैठक में अनिल दूबे, अभिषेक कुमार और रामकुमार सहित बनकटी ब्लॉक का कामकाज देखने वाले रघुनाथ सिंह मौजूद रहे।

### निर्वाचित ब्लॉक प्रमुखों के बैठक के बाद बढ़ी हलचल

डीएम और सीडीओ की पहल पर बुधवार को विकास भवन में हुई निर्वाचित ब्लॉक प्रमुखों के बैठक के बाद नकली प्रमुखों में हलचल मची हुई हैं, उन्हें डर है कि कहीं आने वाले दिनों में उन्हें बैठकों में जाने से प्रतिबंधित न कर दिया जाए, ऐसा हुआ तो उनकी शानोशौकत का क्या होगा? वैसे सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति ने इसी बहाने नकली ब्लॉक प्रमुखों को स्पष्ट संदेश दे दिया है, और कहा भी सरकारी कामकाज में निर्वाचित जनप्रतिनिधि का होना आवश्यक है। अब देखना है, कि इसके बाद यह लोग क्या करते हैं? क्या यह लोग निर्वाचित महिलाओं और पुरुषों को उनका अधिकार देंगे या फिर नहीं? वैसे प्रशासन के इस पहल की खूब चर्चा हो रही है, और कहा जा रहा है, कि यही फारमूला जिला पंचायत की बैठक में भी अपनाना चाहिए। सूचना के बावजूद जिस तरह गौर, बनकटी, सल्टौआ और कप्तानगंज की निर्वाचित महिला प्रमुखों को बैठक में जाने से रोका गया, या फिर वे खुद नहीं आई? से पता चलता है, कि नकली ब्लॉक प्रमुख आसानी से ब्लॉक का राजपाट छोड़ने वाले नहीं है। कुछ लोगों का तो यहां तक कहना है, कि अगर इसके बाद भी नकली प्रमुख लोग नहीं जागेंगे तो यह माना जाएगा कि ऐसे लोग महिलाओं के अधिकार के विरोधी है।

# दो कारें टकराई, उठने लगा आग का गोला

संवाददाता। बस्ती



जलती कार पायनियर

**डुमरियागंज** मार्ग पर सोनहा थाना क्षेत्र के मंडप गांव के निकट सामने से आ रही दो कार आपस में टकरा कर पलट गई, दुर्घटना में दो घायल हो गए। कारों की टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक कार में आग लग गई। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानपुर भेजवाया है। गुरुवार दोपहर को सोनहा थाना क्षेत्र के सिहारी सरदहा निवासी शिवलाल 27 वर्षीय पुत्र मंगरु भानपुर से कार में सीएनजी भरवा कर वापस लौट रहे थे, मंडप गांव के निकट पहुंचे ही थे कि उनके सामने से आ रही कार की टक्कर हो गई और उनकी कार टकराने के बाद अनियंत्रित होकर पलट गई, टक्कर के बाद सीएनजी कार में आग भी लग गई। शीशा तोड़कर चालक को बाहर निकाला गया। मौके पर मौजूद लोगों ने इस बात की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से सीएनजी कार के चालक तो शीशा तोड़कर घायलावस्था में बाहर निकाला। दुर्घटना में दूसरी कार में सवार गीता देवी 70 वर्षीय पत्नी बालकृष्ण निवासी थाना बढ़नी जनपद सिद्धार्थनगर भी घायल हो गई। पुलिस द्वारा दोनों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानपुर पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सीएनजी कार के चालक शिवलाल की हालत को गंभीर देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

# अनियमितता में एक्सईएन, एसडीओ और जेई निलंबित

संवाददात। बस्ती

● हवैली खास में 27 बिजली के पोल और लाइन बिछाने का मामला ● पूर्वांचल विधुत वितरण निगम के एमडी अतुल निगम ने की कार्रवाई ● प्रारंभिक जांच में तीनों पाए गए दोषीः चीफइंजीनियर

**पूर्वांचल** विधुत वितरण निगम के एमडी अतुल निगम ने गुरुवार को जिले के तीन बिजली विभाग के इंजीनियरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। अनियमितता के आरोप में एक्सईएन प्रथम संतोष कुमार, एसडीओ मनोज यादव एवं जेई कृष्ण मोहन को निलंबित कर दिया। इसकी पुष्टि करते हुए चीफ इंजीनियर एमके अग्रवाल ने बताया कि हवेलिया में 27 पोल की अवैध निर्माण हुआ, प्रारभिक जांच में इसके लिए तीनों को दोषी पाया गया, जिसके आधार पर तीनों को सस्पेंड कर दिया गया। बताया इस मामले में तीनों इजीनियरों का संल्पिता प्राथमि तौर पा पाई गई। उन्होंने यह भी बताया कि लाइन कोई बिल्डर भी बनवा सकता, लाइन विभाग भी खींच सकता और लाइन प्राइवेट भी खींच सकते हैं, इसका खुलासा व्यापक जांच के बाद होगा।

मामला दो से तीन माह पहले का बताया जा रहा है। हुआ यह कि हवेलियाखास में 27 पोल लग गया, लाइन भी बिछ गई, टासंफारमर भी लग गया, और एलटी और एचटी की लाइन भी दौड़ दी गई। बताया जाता है, कि यह सब चोरी छिपे एक प्राप्टी डीलर को लाभ पहुंचाने के लिए किया गया, ताकि उसकी जमीन मंहगी बिक सके। यह भी बताया जा रहा है, कि लाइन बिछाने से लेकर टासंफारमर लगाने तक नियमों का पालन नहीं किया गया। कुछ दिन पहले जब इसका खुलासा हुआ तो रातों रात पोल उखाड़ लिए गए, लाइन उतरवा ली गई टांसफारमर हटवा दिया गया। आज भी लोगों के गले से यह नहीं उतर रहा है, कि इतना बड़ा काम हो गया, और विभाग को जानकारी तक नहीं हो पाई। बहरहाल इन तीनों अधिकारी कितने दोषी है, इसका पता तो जांच के बाद ही चल सकेगा। हां यह जरुर है, कि इतनी बड़ी कार्रवाई जिले में इससे पहले नहीं हुई। हालही में एक जेई को विजिलेंस की टीम ने घूस लेते रंगे हाथ पकड़ा था। लगता है, कि धीरे-धीरे इस विभाग में भी भ्रष्टाचार घुस गया, यही कारण है, इसका प्राइवेटाइजेशन की मांग हो रही है। वहीं पर आम लोगों का कहना है, कि अगर कोई आम उपभोक्ता दो किलोवाट का कनेक्शन लेने जाता है, तो उसे इतना पापड़ बेलने पड़ता है, कि वह परेशान हो जाता है, और वहीं पर अनियमित रुप से 27 पोल की लाइन तक बिछ जाती है।

## बाइक की टक्कर से मासूम बच्ची की मौके पर हुई मौत

**श्रावस्ती, मल्हीपुर।** थाना मल्हीपुर के जमुनहा बहराइच मार्ग पर हरिहरपुर गांव के निकट काली माता मंदिर के पास एक अनियंत्रित बाइक ने सड़क के किनारे पटरी पर चल रही एक मासूम बच्ची को टक्कर मार दी जिससे मौके पर ही बच्ची की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया । थाना मल्हीपुर क्षेत्र के ग्राम हरिहरपूर की 4 वर्षीय शांता कुमारी गुरुवार को जमुनहा बहराइच मार्ग के किनारे पटरियों के रास्ते कही जा रही थी। इस दौरान बदला चौरहे की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर उसे टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के तुरंत बाद परिजनों ने इसकी सूचना मल्हीपुर पुलिस को दीए सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया । पुलिस ने बाइक चालक तुलसीराम ग्राम खावां कला को अपने साथ थाना मलहीपुर लाकर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई है।

## कैंप में विद्युत विभाग ने वसूले छह लाख

**श्रावस्ती, इकौना।** विद्युत विभाग ने विकास खण्ड इकौना के बीरपुर में कैंप लगाकर 6 लाख एक हजार बकाया रुपये वसूल किये साथ ही बकाया जमा न करने वाले 18 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिये । उपखंड अधिकारी रूद्र प्रताप ने बताया कि वीरपुर मे कैम्प लगाकर 160 उपभोक्ताओं से छ लाख एक हजार रुपये बकाया वसूली की गयी है व बकाया जमा करने मे लापरवाही करने वाले 18 विधुत उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिये गये है साथ ही 3 उपभोक्ताओं के खराब मीटर बदले गये है।

# एचआरपीजी कालेज में मिशन शक्ति विशेष अभियान पर हुई गोष्ठी

संवाददाता। संतकबीरनगर




सम्बोधित करती शिक्षका पायनियर

**महिलाओं** एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति विशेष अभियान के अंतर्गत हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय खलीलाबाद, में महिला सुरक्षा प्रकोष्ठ द्वारा विश्व थायराइड दिवस पर व्याख्यान एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ0 आशा मिश्रा (जीव विज्ञान विभाग) ने थायराइड के कारण एवं निवारण के उपाय बताते हुए अपने खाद्य पदार्थों में बींस, चुकंदर, स्ट्रॉबेरी, दालें, रेशे वाली सब्जियां, ब्राउन ब्रेड, सूखे मेवे, अखरोट, तीसी इत्यादि को शामिल करने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ0 ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि अपनी दिनचर्या में कुछ विशिष्ट योग जैसे भुजंगासन, हलासन, धनुरासन को शामिल करके भी थायराइड को नियंत्रित किया जा सकता है। इस दौरान पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें पीहू अग्रहरी बीए प्रथम वर्ष प्रथम स्थान पर पलक अग्रहरी बीए प्रथम वर्ष द्वितीय स्थान पर एवं निधि यादव बीए तृतीय वर्ष तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती कंचन लता पांडेय ने किया। उक्त कार्यक्रम में महिला सुरक्षा प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ0 संध्या राय, श्रीमती अंजनी मिश्रा, डॉ0 दर्शना शाही, प्रिया अग्रहरि, श्रीमती शिल्पी सिंह, सुश्री सीमा सिंह, शिवांगी सिंह, प्रीति गुप्ता, अंकिता राय, शोएबा खातून इत्यादि शिक्षिकाओं समेत कई छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।

# 25 हजार का इनामिया वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा जनपद में अपराध के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के0सी0 गोस्वामी व क्षेत्राधिकारी नगर अतुल कुमार चौबे के नेतृत्व में थाना सिरसिया पुलिस टीम ने मु0अ0सं0 28ध्2021 धारा 304 भादवि थाना सिरसिया से संबंधित वांछित 25 हजार का पुरस्कार घोषित अभियुक्त कमलेश कुमार कोरी पुत्र अनंतराम कोरी निवासी अतरपरी दाखिला सर्राबोझी थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती को मुखबिर की सूचना पर विभूतिनाथ मंदिर गेट के पास से गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त अभियुक्त द 15 माह पूर्व अपनी पत्नी की हत्या करके फरार हो गया था तथा मुंबई व लुधियाना में छिप कर रह रहा था। 21 जुलाई 2021 को अभियुक्त के विरुद्ध कुर्की की कार्यवाही की गई। तत्पश्चात अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु 25 हजार रुपए का पुरस्कार घोषित किया गया था। गुरुवार को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की उक्त मुकदमे से संबंधित अभियुक्त अपने बच्चों से मिलने घर वापस आया है इस सूचना पर थाना सिरसिया पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त कमलेश कुमार कोरी को विभूति नाथ गेट के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

## रमेश चन्द्र यादव को पुनः आप ने बनाया जिलाध्यक्ष

**संतकबीरनगर।** आम आदमी पार्टी, उत्तर प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व ने आगामी लोकसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए उत्तर प्रदेश में 26 जिलों के जिलाध्यक्षों की घोषणा कर दिया। आम आदमी पार्टी ने पुनः रमेश चंद्र यादव पर भरोसा जताते हुए उनको जिलाध्यक्ष बनाया, जिसपर रमेश चंद्र यादव ने शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए जिले के सभी कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया और कहा कि हम सबके मेहनत से पुनः कीर्तिमान स्थापित करेगा और उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर आम आदमी पार्टी का कब्जा होगा।

# जिकृअ ने किसानों को किया जागरूक

संवाददाता। संतकबीरनगर



जिला कृषि अधिकारी पी0सी0 विश्वकर्मा।

**जिलाधिकारी** श्रीमती दिव्या मित्तल के निर्देश के क्रम में जिला कृषि रक्षा अधिकारी पी.सी. विश्वकर्मा ने जनपद के सभी किसान भाइयों को बताया है कि रबी फसल की कटाई पूर्ण कर ली गयी है। जिसके क्रम में ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई माह मई-जून में करना आवश्यक होता है, जिससे मृदा की संरचना में सुधार होता है तथा भूमि की जल धारण क्षमता बढ़ जाती है। उन्होंने बताया कि ग्रीष्म कालीन गहरी जुताई से मृदा मे उपस्थित कीट पतंगे एवं इनकी अपरिपक्व अवस्था तथा खर पतवार भी नष्ट हो जाते हैं, जिससे लागत में कमी व उत्पादन में वृद्धि होती है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने जनपद के किसानो को बताया है कि खरीफमे धान की नर्सरी डालने से पूर्व बीज शोधन/भूमि शोधन अवश्य कर लें। उन्होंने बताया कि इसके लिये जीवाणु झुलसा/जीवाणुधारी रोग/फाल्स स्मट रोग के नियंत्रण हेतु 25 किग्रा बीज के लिये 4 ग्राम स्ट्रेप्टोसाक्लिन या 40 ग्राम प्लान्टोमाइसीन या 75 ग्राम थीरम या 50 ग्राम कार्बेण्डाजिम 50 प्रति डब्लूपी को 8-10 लीटर पानी में भिगोकर दूसरे दिन छाया में सुखाकर नर्सरी डालें। बीज शोधन हेतु ट्राइकोडर्मा की 100 ग्राम मात्रा 25 किग्रा बीज की दर से प्रयोग किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि भूमि शोधन की प्रक्रिया हेतु भूमि जनित कीट/रोगों के नियंत्रण हेतु ट्राइकोडर्मा/ब्यूबैरिया वैसियाना बायोपेस्टीसाइड की 2.5 से 3 किग्रा मात्रा अथवा क्लोरोपाइरीफास 20 प्रति ई.सी. 2.5 से 3 लीटर मात्र प्रति हेक्टेयर की दर से प्रयोग करना चाहिये। इससे बीज एवं भूमि जनित रोगों से बचाव होता है एवं बीज का जमाव प्रतिशत भी बढ़ जाता है। उन्होंने किसान भइयों से अनुरोध किया है कि अपनी फसल में लगने वाले रोग/कीट का विवरण सहभागी फसल निगरानी एवं निदान प्रणाली (पी.सी.एस.आर.एस.) के नम्बर 9452257111, 9452247111 पर व्हाट्सएप करें, जिसे 24 से 48 घण्टे में निदान किया जायेग।

## मार्ग दुर्घटना में घायल दम्पत्ति, बच्चों को पुलिस ने भेजवाया अस्पताल

**संतकबीरनगर।** भीम पुत्र रामअजय निवासी सुगापंखी थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद अपने पत्नी व बच्चे के साथ भीटीरावत जनपद गोरखपुर से घर वापस आ रहे थे कि चौकी मगहर अन्तर्गत स्थित ग्राम सेमरा के पास नेशनल हाइवे पर अचानक नील गाय से टक्कर हो जाने के कारण गंभीररूप से घायल हो गये। सूचना मिलने पर प्रभारी चौकी मगहर बलराम पाण्डेय अपने हमराहियों सहित तत्काल पहुंचकर घायल व्यक्ति व उसके परिवार को ईलाज हेतु एम्बुलेंस 108 से जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। पुलिस की इस सराहनीय कार्य की वहां उपस्थित लोगों द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

## नशे में धुत अपने ही सगे पर चलाई गोली, मची अफरातफरी

**विक्रमजोत/बस्ती।** छावनी थाना क्षेत्र के मुड़ेरीपुर गांव में बीती रात शराब के नशे में धुत युवक ने बात ही बात में अपने पटीदार के ऊपर गोली चला दी। बंदूक से निकली गोली पटीदार को न लग कर उसके बगल सोए 12 वर्षीय बालक अंकित को लग गई। रात के अंधेरे मे चली गोली बालक के हाथ व जांघ को चीरती हुए निकल गई। घटना के बाद गाँव मे अफरातफरी मच गयी आनन-फानन में परिजन बालक को लेकर सीएचसी विक्रमजोत पहुचे। वहां से उसे जिला अस्पताल अयोध्या पहुंचाया गया।

जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने बच्चे को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। सूत्रों की माने तो युवक अनुज कुमार सिंह पुत्र रामकेश का दो दिन पहले गाँव निवासी रफीक पुत्र अहमद के साथ पचपेडवा गाँव मे नौटंकी देखने के दौरान विवाद हो गया था और बुधवार को उसे मारने के लिए तमंचा लेकर घूम रहा था। देर रात घर लौटा तो घर के पास स्थित अपने पटीदार अनिल सिंह पुत्र पतिराज से बातचीत होने लगी और बात ही बात में तमंचे से गोली चल गई।

# 'सिंकदरपुर' के बजाए कर दिया 'छरदही' का निस्तारण

**बस्ती।** वैसे यह पहली बार नही हुआ, जब शिकायत किसी की होती है, और निस्तारण किसी और का आनलाइन कर दिया जाता है। अन्य अधिकारियों की तरह कुदरहा के बीडीओ ने भी किया। 10 मई को अदीप कुमार नामक व्यक्ति ने कुदरहा ब्लॉक के ग्राम पंचायत सिंकंदरपुर में कराए गए अनियमित कार्यो की शिकायत सीएम के पोर्टल पर आनलाइन किया। शिकायत में प्रथम खाते से पांच परियोजनाओं का नाम बदल-बदलकर कई बार भुगतान हो गया। पोर्टल पर इसके लिए बीडीओ कुदरहा को निस्तारित अधिकारी बनाया गया। शिकायतकर्त्ता का कहना है, कि एक दिन लखनउ से शिकायत के निस्तारण से संतुष्ट और अंस्तुष्ट जानने के लिए फोन आया। इस पर अदीप ने कहा कि जब जांच ही नहीं हुई तो संतुष्ट और असंतुष्ट का सवाल ही पैदा नहीं होता, तब उधर से बताया कि स्टेटस में तो निस्तारित करना बताया गया, और कहा कि निस्तारित होने की जानकारी पोर्टल पर मिल जाएगी। इस पर जब शिकायतकर्त्ता ने पोर्टल पर देखा तो वह दंग रह गया कि बीडीओ की ओर से सिंकदरपुर का निस्तारण करने के बजाए छरदही गांव के शिकायत का निस्तारण कर दिया। जिसमें रिपोर्ट लगाया गया कि गंगाराम दूबे पुत्र अम्बिका दूबे निवासी छरदही ने ऐ शिकायत की जिसमें ग्राम पंचायत छरदही में सीसी रोड लगभग 10 फीट जलजमाव होने के कारण रास्ता अवरुद्ध होने तथा इसे साफ-सफाई कराए जाने की बात कही गई। इसकी स्थलीय जांच करवाई गई, जांच में पाया गया किलगभग 75 मीटर सीसी रोड/नाली पर ग्राम वासियों के द्वारा मिटटी डाल दिया गया, जिससे वहां पर बगल से पानी भरा हुआ है। सम्पर्क मार्ग अवरुद्ध है। शिकायतकर्त्ता की ओर से मिटटी हटाए जाने की मांग की गई है। रिपोर्ट में बीडीओ ने लिखा कि अगर उक्त मिटटी ब्लॉक के द्वारा हटवाया गया तो विवाद उत्पन्न होने की संभावना है, इस लिए ऐसी दशा में एसडीएम सदर और पुलिस विभाग से कार्रवाई अपेक्षित है। शिकायतकर्त्ता के असंतोष जताने पर बीडीओ के स्थान पर उपायुक्त मनरेगा को जांच अधिकारी बनाए जाने की जानकारी पोर्टल पर दी गई।

# अवैध खनन के खेल में माहिर बांदा!

संवाददाता। बांदा

**जनपद** में अवैध खनन का खुला खेल चल रहा है। यहां अवैध खनन में माहिर माफिया बखूबी अपने अभियान को अंजाम दे रहे हैं। उत्तर प्रदेश के बांदा का ऐसी बीमारी ऐसा रोग जिसमें क्या छोटे क्या बड़े सारे लिप्त नजर आते हैं नियमों की धज्जियां उड़ाना बड़ी ही आम बात हो हम बात कर रहे हैं बांदा की एक ऐसी खदान की जहां पर लगातार खनन तो हो रहा है पर उस खनन को अगर सरकार और एनजीटी की नियमावली के कसौटी में कसा जाएगा तो यह पट्टा अवैध माना जाएगा। ये तस्वीर शायद यही बयां कर रही हैं। यह तस्वीर जियो टैगिंग लोकेशन के साथ की हैं साफसाफ देख सकते हैं कि हेवी वेट पोकलेड मशीन नदी के बीच में पहुंचकर खनन कर रही है। तस्वीर में यह भी साफ है कि बीच जलधारा तक पहुंचने के लिए नदी में पट्टा धारक ने अवैध रूप से नदी को रोक करके एक लंबा पुल बनाया है अगर ग्रामीणों की बात मानी जाए तो जहां यह खनन हो रहा है यह आवंटित खनन पट्टा क्षेत्र से बाहर है। यह खदान है बांदा शहर से महज 5 किलोमीटर दूर भवानी पुरवा और भवानी पुरवा में खंड संचालक ने पहले ही क्षमता से ज्यादा माल निकाल करके ओवरलोड और छत् ट्रकों के माध्यम से बाहर भेज दिया है और जब आवंटित खंड में खनिज खत्म हो गया है तो यह बढ़ चला आगे की ओर और फिलहाल जो खनन हो रहा है। यह पट्टा क्षेत्र से दूर दुरेड़ी के क्षेत्र में हो रहा है स्थानीय लोगों ने बताया है कि यह खनन पट्टा क्षेत्र से 100 मीटर दूर हो रहा है। यह भी सत्य है कि पट्टा धारक ने स्वयं एग्रीमेंट में लिखा हुआ है कि हम सूर्यास्त के बाद खनन नहीं करेंगे यदि खनन करते हैं तो यह हमारी खदान अबैध मानी जाएगी एनजीटी के नियमावली के तहत जबकी खनन पट्टा धारक रात्रि में ही ज्यादा से ज्यादा खनन करता है बिजली जीव जंतु नदी में पूर्णता नष्ट हो रहे हैं केन नदी की मुख्य जलधारा को भी रुके हुए हैं भारी



पोकलैंड मशीनों से खनन हो रहा है 40 फीट गहरे गड्ढे कर दिए गए जो कि एनजीटी नियम के अनुसार 3 फीट से ज्यादा गहरा गड्ढा नहीं किया जा सकता पूरी बालू नदी से निकाली जारही है। सबसे बड़ा भीषण संकट बांदा नगर में छा गया पेयजल संकट के चलते लगभग 2ण् 50लाख जनसंख्या त्राहिमाम कर रही है इसका सबसे बड़ा करण अबैध सैंड माइनिंगए ओबर लोडिंगए यही हल मरौली 3नंबर खदान की है यहाँ पर तो 120फिट के गहरे .गहरे तालाब खोद डाला जो की एक तरफ तो जल संकट के गांव के बस शिंदे बैलगाड़ी से मिलो दूर से पानी लाने ले जाने का काम कर रहे हैं वही मोरोली खंड 3 खदान संचालकों द्वारा नदियों के बीच में मोरम निकाली जा रही है और नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रहे हैं आपको बताते चलें कि जिलाधिकारी बांदा समय.समय पर खदानों में छापा डलवा ते रहते हैं और नियमावली को दुरुस्त करने की पूर्ण कोशिश करते हैं लेकिन खनन माफिया इतना ज्यादा दबंग हो गया है कि वह किसी की बात सुनने को तैयार नहीं है खनन माफिया द्वारा दो दर्जन पोकलैंड लगाकर केन नदी का सीना चीरा जा रहा है मोरम निकाली जा रही है जलीय जीव जंतुओं के बराबर हत्या हो रही है क्योंकि इसमें भारी भरकम पोकलेंड की दर्जनों मशीनें150 फीट.150फीट का भारी भरकम तालाब हो गया है। सवाल यह उठता है कि केन नदी की अविरल धारा को क्या बालू माफिया रोक सकता है क्या बालू माफिया बालू के साथ पानी भी लोड कर सकता है क्याघ् यदि हां तो एनजीटी के नियम कहां जाएंगेद्य बुंदेलखंड में भीषण पेयजल संकट का सामना कर रहे लोग नदी के पानी से भी महरूम हो रहे हैंद्य लोग नदी का पानी भी बालू माफिया बालू के साथ लिए जा रहे हैंद्य इस खदान के संचालक और मैनेजर एनआर निकालने में विश्वास करते हैं अर्थात ट्रकों का कोई रमन्ना नहीं करता है बगैर रबन्ने के निकाले जाते हैं जिससे राजस्व का लाखों का चूना लग रहा है इनके धर्म कांटे सीसी फुटेज सब बेकार है क्योंकि उसमें भी इनके पास बचने का तमाम रास्ते हैं कभी भी कांटे पर ट्रक चलता नहीं है।

## पूजा के नाम पर कोटेदार ने ग्रामीणों से मशीन में अंगूठा लगवा डकार लिया राशन

● **दो सदस्यीय जांच समिति ने जाकर की जांच,ग्रामीणों ने दिये लिखित बयान**

संवाददाता। हमीरपुर

**विकासखंड** सुमेरपुर के सुरौलीबुजुर्ग के मजरा बड़ा कछार गांव में कोटेदार ने पूजा के लिये अन्नदान के नाम पर राशन देने से पहले मशीन में अंगूठा लगवाकर सैकड़ों लोगों का राशन कोटेदार डकार गया। जिला पूर्ति अधिकारी रामजतन यादव के आदेश पर गुरुवार को पूर्ति निरीक्षक गिरजाशंकर व क्षेत्रीय खाद् निरीक्षक ने मामले की जांच की। जिसमें सभी ग्रामीणों ने कहा कि उनके साथ राशन वितरण के नाम पर धोखाधड़ी की गई है। पिछले दिनों गांव का कोटेदार



महिला से पूछतांछ करते जांच अधिकारी

गंगादीन निषाद ग्राम बड़ा कछार ने फरवरी माह में गेंहू, चावल व अन्न राशन देने के नाम पर 80 प्रतिशत कार्ड धारकों से घर घर जाकर मशीन में अंगूठा लगवा लिया और राशन नहीं दिया। यहां तक कि अप्रैल, मई का भी राशन नहीं दिया गया। जिस पर कार्डधारक अशर्फीलाल, देवीदीन, शिवपूजन, रीता, चंद्रपाल, पवन कुमार, राजू, दीपक, अरुण, राजबहादुर, नरेंद्रपाल, रंजीत, रमेश, शिवमोहन, अवधेश, रामभजन, रामगोपाल आदि ग्रामीणों ने गांव पहुंचे जांच अधिकारी को बताया कि कोटेदार ने रजिस्टर में फर्जी हस्ताक्षर व मशीन में घर घर जाकर अंगूठा लगवा लिया था। लेकिन राशन नही दिया। हालांकि ग्राम सभा की बैठक में बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना जायसवाल ने भी इस मामले की पुष्टि करते हुए डीएसओ को पत्र लिखा था। जिसके बाद खंड विकास अधिकारी सुमेरपुर ने भी डीएसओ को पत्र लिखकर कोटेदार के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए दुकान निलंबित करने की संस्तुति की थी।

जिले में इस प्रकार का पहला मामला है जो कि कोटेदार ने ग्रामीणों के साथ खुलेआम धोखाधड़ी की है। गुरुवार को जांच करने पहुंची टीम ने ग्रामीणों के बयान दर्ज किए हैं। इस दौरान ग्राम प्रधान रामप्यारी व प्रतिनिधि रामफूल निषाद भी मौजूद रहे। इस मामले में जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जांच टीम की रिपोर्ट आने के बाद संबंधित कोटेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## क्विक न्यूज

### दो शोहदों ने की छेड़खानी,पुलिस में रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा( हमीरपुर )।** कुरारा थाना क्षेत्र के भटपुराजलाला गाँव निवासी ग्रामीण ने गांव से हमीरपुर जाते समय कुरारा बस स्टैंड में पुत्री के साथ छेड़छाड़ की। पीडित की मां ने दोनों के खिलाफछेड़खानी करने का मुकदमा दर्ज कराया है। गांव के गंगा चरण निषाद ने पुलिस को बताया कि 16 मई को मेरी पुत्री घर से अपनी बड़ी बहन मनीषा के पास हमीरपुर जाने के लिए निकली थी। तभी कुरारा बस स्टैंड पर वाहन का इंतजार करते समय गांव निवासी राजू खंगार अपने एक साथी के साथ वहाँ आया तथा मेरी पुत्री की फोटो खींचने लगा जब उसने मना किया तो उसका हाथ पकड़ कर पास में बने सरकारी खाद बीज की गोदाम के पास ले गया तथा वहां पर उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा। तथा बुरी नीयत से छेड़खानी की जब पुत्री ने शोर मचाया तो वह धमकी देकर मौके से अपने साथी के साथ भाग गया। आज पुलिस ने पीडित की तहरीर पर छेड़खानी सहित 8 पास्को एक्ट के तहत राजू खंगार व एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफमुकदमा दर्ज किया गया है।

### डंफर और पिकअप की भिड़ंत में पिकअप चालक की मौत

**राठ( हमीरपुर )।** उरई मार्ग स्थित चुरहा गांव के पास एक तेज रफ्तार डंफर व पिकअप की जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में पिकअप चालक की घटना स्थल पर ही दर्दनाम मौत हो गई। जबकि भिड़ंत के बाद डम्फर चालक डम्फर छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पिकअप में फंसे चालक के शव को कटर की मदद से केबिन काट कर बाहर निकाला। जनपद जालौन के कस्बा कोंच के कांशीराम कालोनी निवासी 23 वर्षीय निक्की पुत्र श्यामबाबू पिकअप गाड़ी चालक है। आज दोपहर को वह पिकअप लेकर उरई से राठ आ रहा था। जैसे ही उसकी पिकअप चुरहा गांव के पास पहुंची। तभी राठ की ओर से जा रहे तेज रफ्तार डम्फर व पिकअप की आमने सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में पिकअप गाड़ी के परखच्चे उड़ गये और पिकअप चालक निक्की की मौत हो गई। डम्फर चालक अपना डम्फर छोड़कर मौके से भाग खड़ा हुआ। इस घटना में पिकअप चालक का शव केबिन में फंसा रह गया। डम्फर व पिकअप की भिड़ंत देख वहां मौजूद राहगीरों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे चिकासी एसओ हेमंत कुमार मिश्रा ने गैस कटर की मदद से शव को पिकअप गाड़ी से बाहर निकाला। चिकासी थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक के जेब में पड़े कागजात से उसकी पहचान कर उसके स्वजनों को सूचना दे दी गई है। स्वजनों के आने पर ही शव का पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

### मुफ्त खरीदारी और ऑफर भी

**कानपुर।** आईटीसी के सनफीस्ट यिप्पी का विश्वास हमेशा से अपने उपभोक्ताओं के लिये अलग हटकर और मजेदार प्रोमोज बनाने में रहा है। इस साल ब्राण्ड ने एक अन्य रोमांचक प्रोमो. यिप्पी! लूट माल ऑफर को लॉन्च किया है। एक ब्रांड के तौर पर यथास्थिति को हमेशा चुनौती देने वाले और बेहतर तरीकाष् खोजने में आगे रहने वाले सनफीस्ट यिप्पी! ने इस साल अपने मशहूर लूट माल कैम्पेन को डिजिटल अवतार में लेकर आने की संभावना देखी और फ्लिपकार्ट के साथ गठबंधन किया। इस गठबंधन वाली अनूठी पहल के तहत इसमें भाग लेने वालों को फ्लिपकार्ट ऐप वेबसाइट पर खरीदारी के लिये 1 लाख रूपये तक के मुफ्त वाउचर्स मिल सकते हैं। इस प्रोमो के बारे में आईटीसी के प्रवक्ता ने कहा सनफीस्ट यिप्पी ने हमेशा अपने उपभोक्ताओं को पैसा वसूल उत्पाद देने की कोशिश की है।

### सरकारी अस्पतालों से जनता का उठा भरोसाः विधायक अनिल प्रधान

**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी के सदर विधायक अनिल प्रधान ने कहा कि विधानसभा प्रक्रिया एवं कार्य संचालन की नियमावली के तहत जिला अस्पताल समेत सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में लचर स्वास्थ्य सेवाओं व स्वास्थ्य व्यवस्था धडाम होने की बाबत विधानसभा में सवाल उठाया है। गुरुवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने बताया कि जिले के स्वास्थ्य, सड़क, पानी, बिजली समेत कई जनहित के मुद्दे विधानसभा में रखे गये हैं। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल रेफर सेंटर बन गया है। प्रसव को लाई गई प्रसूताओं को एवं हादसे में घायलों को रेफर कर दिया जाता है। सीएमओ के भ्रष्टाचार के बढावा देने व स्टाफकी लापरवाही से प्रसूता व बच्चों की मृत्यु होती है। हाल के दिनों में प्रभारी मंत्री ने मृत महिला को फल बंटवा दिये थे। सीएमओ को फोन हमेशा एक कर्मचारी उठाते हैं। जिला अस्पताल में हड्डी आपरेशन की कोई व्यवस्था नहीं है। प्रसव के आपरेशन भी बहुत कम संख्या में होते हैं। मरीजों को सभी दवायें नहीं मिल रही हैं। सीएमओ ट्रांसफर पोस्टिंग में भ्रष्टाचार कर रहे हैं। सीएमओ की अगुवाई में स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है। आये दिन इलाज के अभाव में लोगों की मृत्यु हो रही है। सदर विधायक अनिल प्रधान ने कहा कि स्टाफकी कमी का बहाना बनाकर जिला अस्पताल समेत सभी स्वास्थ्य केन्द्रों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में कई मदों के फर्जी बाउचर लगाकर भुगतान कराया जा रहा है। एम्बुलेंस सेवा 102 और 108 समय पर पीड़ितों को नहीं मिल रही है।

### चेकिंग अभियान में दो लोग बिजली चोरी करते पकड़े

**जालौन ( उरई )।** बिजली चोरी रोकने के लिए चलाए जा रहे चेकिंग अभियान में बिजली विभाग की टीम ने दो लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा। दोनों व्यक्तियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई गई है। एसडीओ विद्युत कौशलेंद्र सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता मीटर कुसुमलता, टीजीटू नरेंद्र सोलंकी, राहुल साहू, बबलू याज्ञिक आदि की टीम ने बिजली चोरी रोकने के लिए नगर के विभिन्न मोहल्लों में सघन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान टीम ने बिल जमा न होने पर मीटर निकालने के बाद भी वसीम को डायरेक्ट केबिल डालकर बिजली चोरी करते हुए पकड़ा। जिनके खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई गई। इसके साथ ही टीम ने प्रहलाद सिंह जिनकी वर्ष 2020 में बिजली चोरी में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी दोबारा से कटिया डालकर बिजली चोरी करते हुए पकड़ लिया। एसडीओ कौशलेंद्र सिंह ने बताया कि प्रहलाद के खिलाफदूसरी बार रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

## कतिपय व्यक्तियों से भूखंडों का क्रय करने से बचें लोग

**उरई ( जालौन )।** सचिव, उरई विकास प्राधिकरण उरई ने बताया कि उरई विकास प्राधिकरण, उरई के क्षेत्र अंतर्गत कतिपय व्यक्तियों द्वारा उरई विकास प्राधिकरण, उरई से बगैर तलपट मानचित्र स्वीकृत कराये एवं महायोजना में प्रस्तावित भू-उपयोग के विपरीत अनाधिकृत रूप से भूखण्डों का विक्रय किया जा रहा है। जिससे उप्र नगर योजना एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा-14 एवं 15 का उल्लंघन हो रहा है। अत: जनमानस से अपील है कि ऐसे कतिपय व्यक्तियों से किसी भी भवन निर्माण हेतु भूखण्ड क्रय न करें। महायोजना में प्रस्तावित भू-उपयोग के विपरीत भूखण्डों पर मानचित्र स्वीकृत नहीं किये जायेगे तथा बिना मानचित्र स्वीकृत कराये निर्माण कार्य किया जाता है तो उनके विरूद्ध नियम संगत कार्यवाही की जायेगी। जिससे आपको असुविधा होगी।

## डीएम पहुंचे गए बीएसए दफ्तर, नदारद मिले अफसर-कर्मी

संवाददाता। बांदा

**जिला** अधिकारी अनुराग पटेल द्वारा बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान विभागों में विभिन्न प्रकार की खामियां पाई गई अधिकारियों और कर्मचारियों की गैरमौजूदगी को लेकर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए गैर मौजूद कर्मचारियों का 1 दिन का वेतन काटने के साथ स्पष्टीकरण भी मांगा। जिलाधिकारी अनुराग पटेल इन दिनों भ्रष्ट व लापरवाह अधिकारी व कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त मोड में हैं अब उन अधिकारियों व कर्मचारियों की खैर नहीं जो अपना कार्यों का निर्वहन जिम्मे दारी पूर्वक नहीं करते आम लोग अपनी समस्याओं को लेकर विभागों के चक्कर लगाते रहते हैं और और विभाग के लापरवाह कर्मचारियों द्वारा उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता ऐसे लापरवाह और गैर जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारियों के विरुद्ध जिला







### लगाई फटकार और वेतन काटने के दिए निर्देश

अधिकारी ने अभियान चलाया है इसी के चलते आज बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय व जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय का निरीक्षण किया गया जिलाधिकारी की पहुंचते ही हड़कंप मच गया बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अंदर से लेकर बाहर तक गंदगी का अंबार लगा हुआ था और कई कर्मचारी भी अनुपस्थित थे जिनके विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 1 दिन का वेतन काटने के साथ स्पष्टीकरण मांगा गया और 3 दिन के अंदर कार्यालय में अभियान चलाकर साफ सफाई की व्यवस्था की जाए और कार्यालय में अभिलेखों का भी रख रखाव दुरुस्त किया जाए। जब जिलाधिकारी द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय का निरीक्षण किया तो वहां की स्थिति बद से बदतर नजर आई गंदगी का अंबार लगा हुआ था कार्यालय में कमरों के ताले खुलवाए गए जिसमें कई सामग्री मिली हरमोनियम सिलाई मशीन टेप रिकॉर्डर पुरानी प्रेस लकड़ी की अलमारी कबाड़ के रूप में पड़े हुए मिले जिलाधिकारी द्वारा कार्यालय में अत्यधिक गंदगी एवं कार्यालय के कमरों में अस्त.व्यस्त पड़े हुए सामान पर सख्त नाराजगी व्यक्त की और जिला विद्यालय निरीक्षक का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोक दिया गया और आदेश दिया गया कि जितने भी समान पुराने पड़े हुए हैं उन्हें समिति गठित करते हुए नीलामी की कार्यवाही की जाए और कार्यालय की सफाई की व्यवस्था जल्द से जल्द कराया जाए।

## दूल्हे को आया चक्कर, दुल्हन ने किया शादी से इंकार

**चित्रकूट।** राजापुर थाना क्षेत्र के महुआ गांव में अहिरवार समाज की बारात महोबा जिले के कुलपहाड से आई थी। जयमाला के बाद दूल्हे को चक्कर आने पर दुल्हन के शादी से इंकार पर दोनों पक्षों ने राजापुर थाने में तहरीर दी है। समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्षों का जमावडा थाने में लगा रहा। गुरुवार को महुआ गांव के कामता प्रसाद अहिरवार ने बताया कि 24 मई को कुलपहाड महोबा से पुत्री सावित्री देवी की बारात रात 11 बजे आई थी। जयमाला के बाद दूल्हा पुष्पेन्द्र अहिरवार पुत्र बलराम के चक्कर आने पर बाराती व घराती दोनों मिलकर इलाज करा रहे थे कि दुल्हन सावित्री देवी ने स्टेज पर ही शादी से मना कर दिया। दुल्हन के पिता कामता प्रसाद व मां रंची देवी ने कहा कि शादी में दो से तीन लाख रुपया खर्च हो गया है। वर पक्ष से रुपये वापसी की मांग कर रहे हैं। दुल्हन सावित्री देवी ने कहा कि दूल्हे को मिर्गी आती है। वह शादी नहीं करेगी।

## बुंदेलखंड एक्सप्रेस का नाम बदलने पर जताया आक्रोश, ज्ञापन सौंपा

संवाददाता। मौदहा (हमीरपुर)

**रेल मंडल** झांसी की बैठक में बुंदेलखंड एक्सप्रेस के नाम परिवर्तन के प्रस्ताव से आक्रोशित बुंदेलखंड नवनिर्माण सेना के पदाधिकारियों ने रेल मंत्रालय भारत सरकार के नाम उपजिलधिकारी को ज्ञापन सौपा है। रेल मंत्रालय द्वारा बुंदेलखंड एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन धर्म नगरी काशी से ग्वालियर के बीच किया जाना तय हुआ है जिसके मध्य लगभग 16 स्टेशन बुंदेलखंड क्षेत्र से आते हैं वही कुछ दिन पूर्व झांसी रेल मंडल के सांसदों की बैठक में भिंड की सांसद संध्या सुमन के द्वारा बुंदेलखंड एक्सप्रेस ट्रेन के नाम परिवर्तन कर पीताम्बरा एक्सप्रेस किए जाने का प्रस्ताव दिया गया था जिसके चलते संपूर्ण बुंदेलखंड सहित नवनिर्माण सेना में इस नाम परिवर्तन प्रक्रिया के प्रस्ताव को लेकर भारी आक्रोश व्याप्त



एसडीएम को ज्ञापन सौपते संगठन के सदस्य पायनियर

है इसी से आक्रोशित बुंदेलखंड नवनिर्माण सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय तिवारी की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने रेल मंत्रालय भारत सरकार के नाम उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए बुंदेलखंड एक्सप्रेस का नाम परिवर्तन के प्रस्ताव को खारिज करते हुए उसे पूर्ववत रखने की मांग की है।ज्ञापन देने में आत्माराम त्रिपाठी, शैलेंद्र वर्मा, दीपेंद्र प्रकाश शुक्ला, सौरभ तिवारी, रमेश यादव सहित समस्त बुंदेलखंड नव निर्माण सेना भारत के सदस्य एवं तमाम बुंदेलखंडी मौजूद रहे।

## अतिक्रमण पर फिर चला प्रशासन का बुल्डोजर

**कोंच ( जालौन )।** प्रशासन का बुलडोजर गुरुवार को भी खूब गरजा और नदीगांव रोड पर सड़क किनारे दोनों ओर तमाम कच्चा पक्का अतिक्रमण जमींदोज कर दिया गया।एसडीएम कृष्ण कुमार सिंह और सीओ शाहिदा नसरीन ने कहा कि पहले मुख्य मार्ग की सफाई की जायेगी इसके बाद गली कूचों में सफाई अभियान चलाया जाएगा। प्रदेश शासन के निर्देशों के अनुपालन में स्थानीय प्रशासन द्वारा बीते सोमवार से शुरू किया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान गुरुवार को भी जारी रहा जिसमें अतिक्रमणकारियों पर प्रशासन का बुल्डोजर एक बार फिर गरजा। एसडीएम कृष्ण कुमार सिंह, सीओ शाहिदा नसरीन, कोतवाल बलिराज शाही,जेई लोक निर्माण विभाग जितेंद्र राठौर, सफाई निरीक्षक हरीशंकर निरंजन की उपस्थिति में पालिका कर्मियों ने मारकंडेयश्वर तिराहे से नदीगांव रोड पर सड़क किनारे दोनों ओर किए गए कच्चे पक्के अतिक्रमण को सख्ती के साथ बुल्डोजर से पूरी तरह जमींदोज कर दिया।

## विधानसभा में सीवर की बदहाली की गूंज

**कोंच( जालौन )।** कोंच नगर के लिए अभिशाप बनी सीवर की बदहाली की गूंज यूपी की विधानसभा में सुनाई दी। माधौगढ़-कोंच के भाजपा विधायक मूलचंद्र निरंजन ने राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान जहां शासन द्वारा विधानसभा क्षेत्र में कराए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए सरकार के प्रति आभार जताया, वहीं कोंच में बदहाल सीवर व्यवस्था की तस्वीर पटल पर रखते हुए इसके पुनर्गठन की जरूरत बताई।

राज्यपाल के अभिभाषण पर सरकार का पक्ष रखते हुए विधायक मूलचंद्र ने अपने विधानसभा क्षेत्र की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि स्टेट हाइवे पास है बस निर्माण कार्य शुरू कराया जाए।स्टेट हाइवे एट-कोंच-बंगरा-माधौगढ व जगम्मनपुर से होकर भीकेपुर हाइवे से जुड़ेगा जिससे कोंच क्षेत्र के लोगों को भी फायदा होगा। उन्होंने बताया कि पंचनद बैराज की फाइल मुख्यमंत्री स्तर से पूरी हो गई है, जल्द ही शिलान्यास व निर्माण कार्य आरंभ किया जाए। इसके अलावा सबसे अहम् कोंच की सीवर का मुद्दा भी जोरशोर से विधानसभा में गूंजा। हालांकि दशकों से कोंच की सीवर लाइन यहां के बाशिंदों के लिए भारी सरदर्दी का वायस बनी हुई है और नागरिकों की मांगों पर जनप्रतिनिधि समय समय पर इसके पुनरुद्धार के लिए विभागीय अभियंताओं से प्रस्ताव बनवा कर शासन को भेजते रहे हैं लेकिन उन प्रस्तावों को मंजूरी अब तक नहीं मिल सकी है। इसकी साफ सफाई के नाम पर लाखों रुपए खर्च किए जाते रहे हैं लेकिन नतीजा सिफर से आगे नहीं बढ पाया और खर्च हुआ सरकारी धन एक तरह से पानी में डूब गया। जनप्रतिनिधि भी यह बात जानते हैं कि बिना पुनर्गठन के सीवर की समस्या का समाधान संभव नहीं है।

## शिक्षणेत्तर गतिविधियां अंदर की छिपी प्रतिभा को उभारने का काम करती हैं

संवाददाता। कोंच(जालौन)

**'दर्पण** जन कल्याण समिति' की एक माह चलने वाली बाल रंगकर्मी नाट्य प्रशिक्षण कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर सीओ शाहिदा नसरीन ने कहा कि जिस प्रकार शिक्षा बच्चों के भबिष्य को संवारने का काम करती है ठीक उसी प्रकार शिक्षणेत्तर गतिविधियां उसके अंदर की छिपी प्रतिभा को उभारने का काम करती हैं। उन्होंने दर्पण के इस प्रयास की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि इससे बच्चों के व्यक्तित्व में निखार आएगा। ऐसे प्रशिक्षण बाकई प्रतिभाओं को उचित मंच प्रदान करा कर आगे बढ़ने का अवसर देते हैं। नगर की प्रमुख समाजसेवी और सांस्कृतिक संस्था 'दर्पण जन कल्याण समिति' ने गुरुवार से एक माह चलने वाली नि:शुल्क नाट्य प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ कमला नेहरू बालिका इंटर कॉलिज में किया जिसका उद्घाटन सीओ शाहिदा नसरीन ने फीता काटकर किया। सीओ ने बच्चों को यातायात के नियम समझाए और कहा कि इनका पालन करने के साथ साथ घर के बड़ों को भी इसके लिए प्रेरित करें। अध्यक्षता प्रधानाचार्या कुंती निरंजन ने की। संस्था के प्रबंधक डॉ. मृदुल दांतरे ने कहा कि दर्पण का प्रयास बच्चों के अभिनय की उड़ान को पंख देना है ताकि वे जीवन के हर क्षेत्र में कामयाबी के पायदान तय कर सकें। मुख्य प्रशिक्षक संतोष दीक्षित उरई ने कहा,बच्चों के गुणों को निखारने का सशक्त माध्यम अभिनय है। प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चों की अभिरुचियों के अनुरूप उन्हें दक्ष करने का प्रयास किया जाता है। संयोजक अमन सक्सेना ने बताया कि इस कार्यशाला में बच्चों को लेखन, नाटक, कोरियोग्राफी, आर्ट, एंकरिंग, भाषण आदि बिधाओं में प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए करीब सैकड़ा भर बच्चों ने पंजीकरण कराया है।

## योग शिविर की तैयारियों को लेकर डीआरआई में हुआ मंथन

● **आजादी के अमृत महोत्सव पर चित्रकूट क्षेत्र के 75 स्थानों पर होगा योगाभ्यास**

संवाददाता। चित्रकूट

**स्वामी** विवेकानंद जी के विचार थे कि भारत को तभी नए सिरे से मजबूत किया जा सकता है, जब व्यक्तित्व निर्माण में योग को नियमित रूप से जोड़ा जाए। योग के माध्यम से एक व्यक्ति को समाज से जोड़ने की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। योग एक आध्यात्मिक प्रक्रिया है। जिसमें शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा को एक साथ लाने का काम होता है। विगत 8 वर्षों से 21 जून को पूरा विश्व योग दिवस के रूप में मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के अथक प्रयासों से योग को विश्व मंच पर पहुंचाने का कार्य हुआ है। इस दृष्टि से दीनदयाल शोध संस्थान के सहयोग से चित्रकूट के सभी मठ-मंदिरों, शैक्षिक एवं सामाजिक संस्थाओं के कार्यकर्ता एक साथ सामूहिक रूप से



मिलकर 21 जून को योग क्रियाऐं करते हैं। उसके पूर्व नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के कई केंद्रों पर योग का अभ्यास किया जाता है। हर वर्ष सभी संस्थाओं के सामूहिक विचार-विमर्श से अलग-अलग स्थानों पर योग क्रिया की जाती रही हैं। चित्रकूट नगर की सभी प्रमुख संस्थाओं और मठ मंदिरों के प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ सामाजिक कार्यकर्ताओं की बैठक बुधवार को उद्यमिताा विद्यापीठ के डॉ. राम मनोहर लोहिया सभागार में संपन्न हुई। बैठक में कामदगिरि प्रमुख द्वार से महंत मदन गोपाल दास जी महाराज, दिगंबर अखाड़ा के महंत दिव्य जीवन दास जी महाराज, रामायण कुटी से महंत राम हृदय दास जी महाराज, एवं महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय से कुलपति प्रोफेसर भरत मिश्रा, जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ योगेश चंद्र दुबे, दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन, सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट जानकीकुंड से डॉ. ऋषि वोहरा, नयागांव थाना प्रभारी सुधांशु तिवारी सहित चित्रकूट क्षेत्र के गणमान्य नागरिक व सामाजिक कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन ने कहा कि राष्ट्रऋषि भारत रत्न नानाजी देशमुख आजीवन स्वास्थ्य की दिशा में योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा पर विशेष जोर देते थे। उनका मानना था कि योग वह किया है, जिसे अपनाकर व्यक्ति जीवन भर निरोगी रह सकता है। इसी दृष्टि से नानाजी ने आरोग्यधाम में अलग से योग प्रकल्प तैयार किया है, और उसी क्रम में योगाभ्यास का यह आयोजन ज्यादा से ज्यादा स्थानों पर हो सके, इसके लिए सभी के सार्थक प्रयास इस दिशा में अपेक्षित हैं। महात्मा गांधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर भरत मिश्रा ने कहा कि योग हमारे अच्छे स्वास्थ्य का प्रमुख घटक है इसलिए यह हमारी नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनना ही चाहिए। जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ योगेश चंद्र दुबे ने कहा कि योग वर्षभर चलने वाली गतिविधि है। योग की क्रियाएं आजीवन स्वास्थ्य संवर्धन की दिशा में नियमित चलना चाहिए।योग शिविरों की जानकारी देते हुए दीनदयाल शोध संस्थान के कार्यकर्ता एवं गुरुकुल संकुल के प्रभारी संतोष मिश्र ने बताया कि पिछले वर्ष चित्रकूट नगर में 51 केंद्रों पर योग शिविर लगाए गए थे, इस वर्ष पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है इसीलिए स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ पर चित्रकूट क्षेत्र के 75 स्थानों पर योग शिविर लगाने की योजना बनी है। इसके लिए 10 जून से 12 जून तक आरोग्यधाम के योग सदन में तीन दिवसीय योग शिविर लगाया जाएगा, जिसमें 75 स्थानों के लिए योग क्रिया कराने हेतु प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा।